RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 28
लखनऊ, शनिवार, 14 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




मानसिक स्वास्थ्य के लिए अमिताभ का सराहनीय योगदान
विविध-12

www.dailypioneer.com

# राजाराम की अगवानी पर जगमग हुई अयोध्या

**कमलेश श्रीवास्तव।** अयोध्या

● सरयू के 24 घाट करीब छह लाख दीयों से हुए रोशन, बना नया कीर्तिमान



**भगवान** श्रीराम की नगरी अयोध्या में शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में भव्य दीपोत्सव की शुरुआत हुई। शुक्रवार को दोपहर बाद हेलीकाप्टर से यहां पहुंचने के बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने भगवान राम की पूजा की। राम राज्याभिषेक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मां सरयू की आरती की और 5 लाख 84 हजार 572 दीप जलाकर विश्व रिकॉर्ड के साथ दीपोत्सव का शुभारंभ किया।

उसके बाद सरयू तट पर पुष्पक विमान (हेलीकाप्टर) से उतरने पर भगवान राम, देवी सीता और लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले कलाकारों का स्वागत किया। इससे पहले शुक्रवार को एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि देश और दुनिया के करोड़ो हिंदुओं के आराध्य प्रभु श्रीराम की अयोध्या, वैश्विक पटल पर उत्तर प्रदेश की नई पहचान बनेगी। श्री राम की नगरी को सजाने, संवारने के लिए बीते पौने चार साल से जिस नियोजित ढंग से योगी आदित्यनाथ सरकार कोशिश कर रही है, उससे आने वाले समय में यह न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मानचित्र पर अंकित होगा, बल्कि औद्योगिक और आर्थिक उन्नति का नया मानक भी बनेगा। उन्होंने बताया कि श्री राम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण शुरू हो जाने के बाद अब यहां पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं को देखते हुए योगी सरकार नीतिगत प्रयास कर रही है। सबकुछ ठीक रहा तो गंगा की तर्ज पर यहां भी सरयू नदी में छोटे जहाज यानी क्रूज चलते नजर आएंगे। प्रवक्ता के मुताबिक राम नगरी अयोध्या को तिरूपति जैसा शहर बनाने की योजना पर काम चल रहा है। कनेक्टिविटी विकास की जरूरत के लिहाज से यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा विकसित किया किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घोषणा कर चुके हैं कि अयोध्या में सरयू नदी के किनारे भगवान राम की 251 मीटर की लंबी मूर्ति बनेगी। इसके लिए जगह भी चिन्हित कर ली गई है।

श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए पांच सितारा होटल बनाए जाएंगे। प्रभु श्री राम की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा, वैदिक और आधुनिक सिटी के समन्वित मॉडल के रूप में नव्य अयोध्या के अलावा और भी बहुत कुछ होगा। कुछ काम हो रहे हैं और कई पाइपलाइन में हैं। प्रवक्ता ने बताया कि (शेष पेज 9)

## प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से पूरा हुआ राममंदिर का संकल्प: योगी

● अयोध्या को दुनिया का सबसे खूबसूरत शहर बनाना चाहते हैं मोदी, बहुत जल्द रामनगरी में स्थापित होगा मेडिकल कॉलेज और मां कौशल्या के नाम पर महिलाओं और बच्चों के लिए सदन



**संवाददाता।** अयोध्या

**जब** भी मैं अयोध्या आता था और अयोध्या के विकास की बात करता था विस्तार की बात करता था उस समय अयोध्या के संत और लोग हमसे एक ही बात करते थे कि आप विकास की बात विस्तार की बात मत करो पहले यह बताओ कि अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण कब होगा। भारत के लाल देश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 500 वर्षों के संघर्ष के बाद 9 नवंबर 2019 को हमें वह शुभ अवसर प्राप्त हुआ जब मंदिर के पक्ष में निर्णय आया और (शेष पेज 9)

# सेना की कार्रवाई में पाक के आठ जवान ढेर, मिट्टी में मिले बंकर

**मोहित कंडारी।** जम्मू

● मरने वालों में तीन कमांडो, गोला-बारूद व ईंधन डिपो समेत कई आतंकी लांच पैड हुए नेस्तनाबूद

● पाक गोलाबारी में भारतीय सेना के चार जवान शहीद, तीन नागरिकों ने भी गंवाई जान

एलओसी पर सीमा पार से फायरिंग



**पाकिस्तान** को उसी के अंदाज में जवाब देते हुए भारतीय सेना ने शुक्रवार को अपनी तगड़ी जवाबी कार्रवाई में 7-8 पाक सैनिकों को मार गिराया। इससे पहले सीमा पार से अलग अलग सेक्टरों को निशाना बना की गई भारी गोलाबारी में चार भारतीय सैनिक शहीद हो गए तथा तीन नागरिकों ने भी जान गंवाई और सात गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

भारतीय सेना की कार्रवाई में उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा तथा बारामूला जिलों के उरी और केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे इलाकों में गोला बारूद और ईंधन के ठिकानों समेत पाकिस्तान के कई ढांचे नेस्तानाबूद हो गए। भारतीय सेना द्वारा एलओसी के उस पार ट्रैक किए गए रेडियो इंटरसेप्टर से पता चला है कि पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के स्पेशल सर्विस ग्रुप के दो से तीन कमांडो भी मारे गए। पाकिस्तानी गोलाबारी में बीएसएफ के एक अधिकारी समेत चार भारतीय सैनिक शहीद हो गए जबकि तीन नागरिकों ने भी जान गंवाई और सात अन्य जख्मी हो गए। पाकिस्तानी सेना को भारी हथियारों से लैस घुसपैठियों को भारतीय सीमा में धकेलन की उसकी कोशिश को रोकने के लिए इस इलाके में स्थित कुछ लांचिंग पैड को भी ध्वस्त कर दिया गया।

पिछले साल की तुलना में जब संघर्ष विराम उल्लंघन की 3233 घटनाएं हुई थी, इस साल अभी तक पाकिस्ताी सेना ने 4,052 बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। इसमें से 128 उल्लंघन की घटनाएं नवंबर तथा 394 अक्टूबर 2020 में हुईं थी। श्रीनगर स्थित रक्षा प्रवक्ता कर्नल राजेश कालिया ने एक लिखित बयान में कहा कि पाकिस्तान ने मोर्टार तथा अन्य हथियारों का इस्तेमाल किया और उत्तरी कश्मीर के उरी तथा केरल सेक्टर में कई नागरिक ठिकानों को जानबूझकर निशाना बनाया। भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाबी कार्रवाई की जिससे कुछ मौतें हुई और एलओसी पर पाकिस्तानी सेना के कई बुनियादी ढांचों को धवस्त कर दिया गया।

उसके गोला बारूद के कई ठिकानों, ईंधन भंडारण केंद्र तथा कई लांच पैड नेस्तनाबूद हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने एलओसी पर दावार, केरन, उरी और नौगाम समेत कई सेक्टरों में बगैर किसी उकसावे के फायरिंग शुरू कर दी। कर्नल ने बताया कि कार्रवाई में भारतीय सेना के तीन जवान शहीद हो गए तथा तीन सैनिक घायल हो गए। उन्होंने कहा देश उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन करता है। हाजी पीर सेक्टर में उत्तराखंड निवासी एक बीएसएफ सबइंसपेक्टर भी कार्रवाई में शहीद हो गया। एक अलग बयान में बीएसएफ के प्रवक्ता ने कहा '39 साल के एसआई राकेश डोभाल बारामूला में एलओसी पर बल की आर्टिलिरी बैटरी में तैनात थे। कार्रवाई के दौरान सिर में चोट लगने से उनकी मौत हो गई।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कांस्टेबल वासु राजा को हाथ और गाल पर छर्रों से चोट आई है। वे भी इसी अग्रिम ठिकाने पर तैनात थे। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मोर्टार चलाए जाने से भारत की ओर कई घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। उरी स्थित कमालकोट सेक्टर में दो नागरिकों की मौत हो गई तथा हाजी पीर सेक्टर (शेष पेज 9)

## एसपी मणीलाल पाटीदार के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की नोटिस जारी

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

● अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**क्रेशर** व्यापारी की हत्या में वांछित महोबा के निलंबित एसपी मणीलाल पाटीदार की अग्रिम जमानत अर्जी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज गौरव शर्मा ने इसके साथ ही पाटीदार के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही के लिए नोटिस भी जारी करने का आदेश दिया है। उन्होंने यह आदेश इस मामले के विवेचक व प्रयागराज के एसपी क्राइम अविनाश मिश्रा की अर्जी पर दिया है। बीते 15 अक्टूबर को विशेष अदालत ने पाटीदार के साथ ही इस मामले के अन्य मुल्जिम व कबरई के बर्खास्त थानाध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला तथा सिपाही अरुण कुमार यादव के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया था। जबकि इस मामले के दो अन्य मुल्जिम सुरेश सोनी व ब्रह्म दत्त तिवारी न्यायिक हिरासत में निरुद्ध हैं। 11 सिंतबर 2020 को इस मामले की नामजद एफआईआर मृतक इंद्रकांत त्रिपाठी के भाई रविकांत त्रिपाठी ने महोबा के थाना कबरई में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक मुल्जिमान क्रेशर व्यापारी इंद्रकांत से प्रति माह छह लाख रुपए की अवैध वसूली करते थे। लॉकडाउन में वसूली नहीं देने पर इंद्रकांत को धमकी दी गई। बाद में उनकी हत्या हो गई।

## बिहार में नेता चुनने के लिए राजग की कल होगी बैठक

**पीएनएस/भाषा।** पटना

**राष्ट्रीय** जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायक दल की संयुक्त बैठक रविवार को होगी जिसमें नीतीश कुमार को गठबंधन का नेता चुना जाएगा। राजग की बैठक में शुक्रवार को यह निर्णय किया गया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर राजग की अनौचारिक बैठक हुई जिसमें गठबंधन के चार घटक दलों भाजपा, जदयू, हम, वीआईपी के नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने संवाददाताओं से कहा, रविवार 15 नवंबर को साढ़े बारह बजे बैठक शुरू होगी और इसमें आगे निर्णय किया जाएगा। कुमार ने कहा, इन औपचारिकताओं को नई सरकार के गठन (शेष पेज 9)

### नीतीश कुमार ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा



**पटना।** बिहार के राज्यपाल फागू चौहान ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी मंत्रिपरिषद के त्यागपत्र को स्वीकृति प्रदान करते हुए अगली मंत्रिपरिषद के गठन तक उन्हें पद पर (कार्यवाहक मुख्यमंत्री) बने रहने को कहा। राज्यपाल सचिवालय के बयान से यह जानकारी मिली है। इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजभवन जाकर राज्यपाल फागू चौहान को अपना इस्तीफा सौंप दिया। राजभवन सचिवालय के बयान के (शेष पेज 9)

## सीमा पर सैनिकों के साथ दिवाली मनाएंगे पीएम

● राजस्था और गुजरात के कुछ अग्रिम ठिकानों का कर सकते हैं दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शनिवार को सीमा पर सैनिकों के साथ दीपावली मनाएंगे। वे सेना का हौसला बढ़ाने के लिए राजस्थान और गुजरात में कुछ अग्रिम ठिकानों पर जा सकते हैं।

वर्ष 2014 में बतौर प्रधानमंत्री पदभार संभालने के बाद से वे सैनिकों के साथ दीपावनी मनाने की परंपरा को जारी रखे हुए हैं। सूत्रों ने यहां शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री के साथ इस बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और सेना प्रमुख एमएम नरवणे भी जाएंगे। इस बीच, नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने शुक्रवार को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अंदमान और निकोबार द्वीपसमूह पर नौसैनिकों के साथ दिवाली मनाई। मई में चीन के साथ गतिरोध उत्पन्न होने और 15 जून को हुई हिंसक झड़प के बाद हालात बिगड़ने के बाद नौसेना से अपनी ऑपरेशन तैयारी बढ़ा दी है।

नौसेना के जंगी बेड़ों ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अंदमान और निकोबार द्वीप समूह के पास महत्वपूर्ण मलक्का खाड़ी में गश्त और बढ़ा दी है। भारत का यह कदम चीन को संदेश था कि जरूरत पड़ने भारत उसके लिए मलक्का की खाड़ी का रास्ता बंद कर सकता है। चीन की 70 (शेष पेज 9)

### सूचना

**दीपावली के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 14-15 नवंबर 2020 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 17 नवंबर 2020 को प्रकाशित होगा।**

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 43,443 | ↑ | 85 | |
| निफ्टी | 12,719 | ↑ | 29 | |
| सोना | 50,425 | ↑ | 241 | /10g |
| चांदी | 62,542 | ↑ | 161 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### गुपकर घोषणापत्र गठबंधन में शामिल हुई कांग्रेस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस समिति (जेकेपीसीसी), शुक्रवार को गुपकर घोषणापत्र गठबंधन (पीजीएडी) में शामिल हो गई। यहां गुपकर में स्थित महबूबा मुफ्ती के 'फेयरव्यू' आवास पर हुई गठबंधन की बैठक में कांग्रेस के दो नेता शामिल हुए। पीडीपी अध्यक्ष मुफ्ती, गठबंधन की उपाध्यक्ष हैं और नेशनल कांफ्रेस के फारूक अब्दुल्ला इसके अध्यक्ष हैं।

## बंथरा में जहरीली शराब पीने से तीन की मौत

**संवाददाता।** सरोजनीनगर

**बंथरा** थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोगों की हालत गंभीर बनी हुई। क्षेत्र में घटना की जानकारी फैलते ही कई गांवों के ग्रामीण इकट्ठा हो गये और आबकारी विभाग व स्थानीय पुलिस पर अवैध शराब बेचने वालों के साथ सांठ-गांठ का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया और बनी-मोहान मार्ग जाम कर दिया। हंगामा कर रहे ग्रामीण पुलिस व आबकारी विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने के साथ ही मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिये जाने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की खबर मिलते ही बंथरा के साथ सरोजनीनगर व कृष्णानगर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंचकर रोड खुलवाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण नहीं माने। सरोजनीनगर एसडीएम और एडीएम पूर्वी ने किसी तरह आश्वासन देकर रोड जाम समाप्त कराया।

(विस्तृत पेज 3)

# दिल्ली-वाराणसी बुलेट ट्रेन से जुड़ेगा जेवर एयरपोर्ट

**रिंकू यादव।** नोएडा



● हवाई अड्डे की बिल्डिंग में बनाया जाएगा स्टेशन, मास्टर प्लान का मसौदा नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन से किया गया साझा

**जेवर** में बनने वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दिल्ली वाराणसी बुलेट ट्रेन से जोड़ा जाएगा। बुलेट ट्रेन का एक स्टेशन नोएडा में और दूसरा जेवर एयरपोर्ट के पास होगा। इस रूट पर गौतमबुद्ध नगर ऐसा अकेला जिला होगा, जिसमें दो स्टेशन बनाए जाएंगे। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग में बुलेट ट्रेन का स्टेशन बनाने की योजना है।

इसके लिए नियाल नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एयरपोर्ट के मास्टर प्लान का ड्राफ्ट नेशनल हाई स्पीड रेल कारपोरेशन से साझा किया है। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट की विकासकर्ता कंपनी भी चाहती है कि बुलेट ट्रेन का स्टेशन एयरपोर्ट के टर्मिनल संख्या एक में ही बनाया जाए। ऐसी व्यवस्था दुनियाभर के कई नए हवाई अड्डों में है।हालांकि, अंतिम निर्णय बुलेट ट्रेन विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर में होगा। आपको बता दें कि जेवर एयरपोर्ट के विकास के लिए 7 अक्टूबर को नियाल और विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के बीच कंसेशन एग्रीमेंट हो चुका है। अब कंपनी को अपना मास्टर प्लान सौंपना है। अब जेवर एयरपोर्ट की दिल्ली व अन्य शहरों से कनेक्टिविटी को लेकर कवायद चल रही है। बुलेट ट्रेन के दिल्ली-वाराणसी कॉरिडोर से जेवर एयरपोर्ट को जोड़ा जाना है। इस कॉरिडोर में नोएडा व जेवर में स्टेशन बनाने की योजना है। नेशनल हाईस्पीड रेल कारपोरेशन दिल्ली-वाराणसी कॉरिडोर के लिए डीपीआर तैयार करा रहा है। जेवर एयरपोर्ट की विकासकर्ता कंपनी चाहती है कि बुलेट ट्रेन का स्टेशन टर्मिनल-1 बिल्डिंग में बनाया जाए। इसके लिए कवायद तेज हो गई है। गौतमबुद्ध नगर जिले में बुलेट ट्रेन के दो स्टेशन प्रस्तावित हैं। पहला नोएडा व दूसरा स्टेशन जेवर क्षेत्र में प्रस्तावित किया गया है। जेवर वाले स्टेशन को टर्मिनल-1 की बिल्डिंग में बनाया जाना है। इसके लिए नेशनल हाईस्पीड रेल कारपोरेशन जेवर एयरपोर्ट का मास्टर प्लान मांगा था। नियाल ने मास्टर प्लान का ड्राफ्ट कारपोरेशन के साथ साझा कर दिया है। अब उम्मीद है कि टर्मिनल बिल्डिंग में ही स्टेशन बन जाएगा। बुलेट ट्रेन से जेवर एयरपोर्ट को बहुत फायदा मिलेगा।

दिल्ली के सराय काले खां रेलवे स्टेशन से मात्र 20 मिनट में यात्री जेवर एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। नियाल का प्रयास है कि कनेक्टिविटी के ऐसे उपाय किए जाएं जिसमें कम से कम समय में यात्री दिल्ली से जेवर पहुंच सकें। एयरपोर्ट की विकासकर्ता कंपनी को 7 दिसंबर तक मास्टर प्लान जमा करना है। लेकिन उम्मीद है कि दिवाली बाद मास्टर प्लान नियाल को सौंप देगी। मास्टर प्लान के सभी तकनीकी पहलू जांचने के बाद नियाल इसे प्रदेश की परियोजना निगरानी एवं क्रियान्वयन समिति को भेजेगी ताकि स्वीकृति मिल सके। स्वीकृति मिलने के बाद इस पर आगे की कार्रवाई की जा सके।

## दिसंबर तक भारत को मिल जाएगी कोवीशील्ड की 10 करोड़ खुराक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दुनिया** में वैक्सीन बनाने वाली सबसे बड़ी दवा कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) दिसंबर तक कोवीशील्ड वैक्सीन के 10 करोड़ डोज तैयार कर लेगी। एसआईआई के प्रमुख अदार पूनावाला ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। हाल ही में उन्होंने कहा था कि इस वैक्सीन के चार करोड़ डोज तैयार कर लिए गए हैं। ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनिका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने अपनी इस वैक्सीन के प्रोडक्शन और ट्रायल के लिए पुणे के सीरम इंस्टीट्यूट से करार किया है। पूनावाला ने कहा कि अगर अंतिम फेज के डेटा से पता चलता है कि वैक्सीन वायरस से बचाव में कारगर है तो कंपनी सरकार से वैक्सीन के इस्तेमाल की आपातकालीन (शेष पेज 9)

### डब्ल्यूएचओ भारत में पारंपरिक दवाइयों के वैश्विक केंद्र की करेगा स्थापना

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह भारत में पारंपरिक दवाओं के लिए एक वैश्विक केंद्र की स्थापना करेगा, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास जताया कि जिस तरह देश दुनिया की फार्मेसी के तौर पर उभरा है, वैसे ही डब्ल्यूएचओ का संस्थान वैश्विक स्वास्थ्य का केंद्र बनेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने पांचवें आयुर्वेद दिवस के अवसर आयोजित कार्यक्रम में एक वीडियो संदेश में डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक तेद्रोस अधानोम गेब्रेसस ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से उक्त घोषणा की। इसी (शेष पेज 9)

# दीपावली से लेकर छठ तक ज्यादा चौकसी बरतें: सीएम

**कोरोना पर टीम-11 की बैठक**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 के दृष्टिगत पर्व और त्योहारों में पूरी सावधानी बरतने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि दीपावली से लेकर छठ पर्व तक व्यापक सावधानी बरतने की आवश्यकता है क्योंकि इन पर्व में लोग आपस में भेंट करते हैं। छठ पर्व सामूहिक रूप से सम्पन्न किया जाता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड 19 से बचाव के सम्बन्ध में जागरूकता प्रसार के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का भी उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जनपद लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी तथा मेरठ में कोविड 19 की रिकवरी दर को बेहतर करने के लिए उपचार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड 19 की मेडिकल टेस्टिंग का कार्य पूरी गति से संचालित किया जाए। उन्होंने सर्विलान्स व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू रखने के निर्देश भी दिये हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग त्योहारों के मद्देनजर पूरी सतर्कता बरतें। मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, पीएचसी तथा सीएचसी स्तर पर इमरजेंसी व्यवस्था को सक्रिय और प्रभावी बनाकर रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली के बाद प्रत्येक जनपद में लोन मेले आयोजित किये जाएं। इन कार्यक्रमों से जनप्रतिनिधियों को जोड़ा जाए। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों के छात्र छात्राओं को जाड़ा बढ़ने से पूर्व स्वेटर वितरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वेटर की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि समय से सभी छात्र छात्राओं को स्वेटर उपलब्ध करा दिये जाएं। इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी की टंकियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस सम्बन्ध में एक सप्ताह के दौरान सभी आवश्यक प्रबन्ध कर लिये जाएं। उन्होंने खाद्य विभागए सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग को धान क्रय केन्द्रों की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को एमएसपी का लाभ सुनिश्चित कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन और सेवायोजन के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएं। इस सम्बन्ध में एक कार्ययोजना तैयार कर उसे लागू किया जाए। उन्होंने दीपावली एवं छठ पर्व के बाद मनरेगा के तहत तालाबों के पुनरुद्धार कार्य को प्रारम्भ किये जाने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अनेक एक्सप्रेस वे निर्माणाधीन हैं। इन एक्सप्रेस वे के किनारे औद्योगिक तथा व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की कार्यवाही प्राथमिकता से की जाए। इससे यह एक्सप्रेस वे राज्य को देश का सबसे प्रोग्रेसिव स्टेट बनाने में महत्वपूर्ण योगदान करेंगे। उन्होंने विंध्य क्षेत्र में हर घर नल योजना के तहत पेयजल स्कीम के शुभारम्भ के लिए तेजी से सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे तथा सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# धर्म की विजय का उत्सव है दीपावली: योगी

● भारतीय संस्कृति के जीवन मूल्यों का संवाहक है दिवाली: राज्यपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**राज्यपाल** आनंदी बेनपटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रकाश पर्व दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुख समृद्धि की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली अन्धकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य एवं अधर्म पर धर्म की विजय का उत्सव है। यह कपट व कटुता पर सरलता व सद्भाव की विजय का भी द्योतक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली पर्व का आयोजन तब से होता आ रहा है, जब लंका विजय एवं 14 वर्ष के वनवास के पश्चात भगवान श्रीराम, माता सीता और अपने अनुज लक्ष्मण के साथ अयोध्या पहुंचे थे। उनके आगमन पर अयोध्यावासियों ने हर्षोल्लास से अमावस की काली रात को दीपकों के प्रकाश से आलोकित कर दिया। प्रकाश पर्व दीपावली उसी परम्परा को जीवन्त करता है।

राज्य सरकार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में दीपावली के आयोजन की प्राचीन और गौरवशाली परम्परा को दीपोत्सव के आयोजन के माध्यम से पुनर्प्रतिष्ठित कर सम्पूर्ण विश्व समुदाय को अयोध्या की महिमा से परिचित कराने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने दीपावली के अवसर पर समस्त अनुष्ठानों में कोविड.19 के प्रोटोकॉल तथा सोशल डिस्टेसिंग का पूर्ण पालन करने की अपील की है। वहीं राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि वैभव और प्रकाश का प्रतीक पर्व दीपावली भारतीय संस्कृति के जीवन मूल्यों का संवाहक है, जो हमें अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा है कि यह दीपावली पर्व समाज में सम्पन्नता एवं समृद्धि लाये ताकि आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो सके।आनंदीबेन पटेल ने प्रदेशवासियों के स्वस्थ एवं निरोगमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि सभी लोग कोरोना महामारी के परिप्रेक्ष्य में सावधान और सतर्क रहेंए भीड़भाड़ से बचें तथा सामाजिक दूरी के साथ मास्क का प्रयोग करते हुए दीपावली पर्व का आनन्द लें। राज्यपाल दीपावली पर्व पर राजभवन में शनिवार को पूर्वान्ह 10 बजे से 12 बजे तक गणमान्य नागरिकों तथा वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट करेंगी।

# पीएसी जवानों को मिला प्रोन्नति का दिवाली तोहफा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आज पीएसी के 10 कर्मियों को सम्मान स्वरूप प्रोन्नति आदेश प्रदान किये। इन कर्मियों में कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल पद पर प्रोन्नत 6 कर्मी तथा हेड कांस्टेबल से प्लाटून कमाण्डर पद पर पदोन्नत 4 कर्मी सम्मिलित हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस बल में कुल 6,107 पुलिस एवं पीएसी कर्मियों को पदोन्नत किया गया है। पीएसी के 5,042 कर्मी मुख्य आरक्षी तथा 717 प्लाटून कमाण्डर के पद पर पदोन्नत किये गये हैं। इसके अलावा अन्य संवर्ग में 348 पदोन्नतियां की गयी हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उन्होंने पुलिस व पीएसी कर्मियों की पदोन्नति के लिए गृह विभाग सहित सम्बन्धित संगठनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य के पुलिस बल के मनोबल व व्यावसायिक दक्षता को पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ बनाये रखने के लिए समयबद्ध ढंग से कार्यवाही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजकीय कर्मी को उसकी योग्यता और क्षमता के अनुरूप शासकीय व्यवस्था के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएसी कर्मियों को एक संवर्ग से दूसरे संवर्ग में ले जाने के दृष्टिगत उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पीएसी कर्मियों की पदोन्नति से वर्ष से लम्बित समस्या का समाधान हो गया है। सभी पदोन्नत कर्मियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में प्रमोशन की कार्यवाही सम्पन्न की गयी है। पुलिस बल भी प्रदेश की जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूरी अपनी क्षमता व दक्षता के साथ कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में वर्तमान सरकार के आने के बाद पीएसी की समाप्त कम्पनियों को पुनर्स्थापित किया गया है। आवश्यक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है। सभी पीएसी कम्पनियां अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आपदा नियंत्रण के लिए प्रदेश के अपने बल के रूप में एसडीआरएफ का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाये रखने में पुलिस बल की बड़ी भूमिका है। पुलिस बल के योगदान के मद्देनजर उन्हें आवश्यक सुविधाएं भी सुलभ होनी चाहिए। वर्तमान राज्य सरकार द्वारा पुलिसकर्मियों के लिए अवस्थापना सुविधाएं यथा बैरक, आवासीय सुविधाएं आदि स्थापित की जा रही हैं। इस कार्य में बजट को बाधक नहीं बनने दिया जा रहा है। अधिकतर थानेए पुलिस लाइन अथवा पुलिस बल के ठहरने के स्थलों पर आवासीय सुविधा के लिए गुणवत्तापूर्ण बैरक या तो बन चुके हैं अथवा बनाये जा रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश के पुलिस बल व पीएसी ने राज्य में कानून व्यवस्था व सुरक्षा का बेहतर वातावरण बनाया है। प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए शहीद होने वाले पुलिस जवानों के आश्रितों को अनुग्रह राशि प्रदान करने एवं आश्रितों के सेवायोजन के लिए समयबद्ध व्यवस्था बनायी गयी है। शहीद जवानों के परिवार को दी जाने वाली अनुग्रह राशि में वृद्धि भी की गयी है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि सुरक्षा और प्रशासनिक कार्य को आगे बढ़ाने में पुलिस बल की बड़ी भूमिका है। पुलिस बल को आधुनिक बनाने और अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुलिस बल की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील हैं। उनके मार्गदर्शन में वर्ष 2017 से अब तक पुलिस बल में हजारों की संख्या में नियुक्तियां और पदोन्नतियां की गयी हैं।

**सभी जिलों में अब तक 62470 बदमाशों का डाटा फीड:** लखनऊ। शस्त्र लाइसेंस बनवाने में धांधली रोकने और बड़े बदमाशों पर निगाह रखने के लिए अब तक प्रदेश के सभी जनपदों ने 465893 शस्त्र लाइसेंस का डाटा और 62470 हिस्ट्रीशीटर बदमाशों का डाटा फीड हो चुका है। अगस्त 2020 में प्रहरी बीट पुलिसिंग एप लांच हुआ था। पुलिस मुख्यालय ने सभी जनपदों की पुलिस को इस एप में शस्त्र लाइसेंस और हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की जानकारी फीड करने के निर्देश दिए थे। डाटा फीडिंग में कानपुर पुलिस प्रदेश में दूसरे स्थान पर है और प्रयागराज नंबर वन पोजीशन पर है, जबकि उन्नाव लखनऊ समेत 5 जनपदों को फिसड्डी घोषित किया गया है।




# देश के इतिहास में पहली बार भयंकर मंदी आने का अंदेशा: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि किसान और नौजवान भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते गहरी मायूसी में है। इनकी दीवाली काली हो गई है। इतने बुरे हालात इनके कभी नहीं रहे। अखिलेश ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार भयंकर मंदी आने का अंदेशा है। वर्ल्ड इकोनामी फोरम के ताजा सर्वे के अनुसार देश में अगले 12 महीनों में 57 फीसदी लोगों की नौकरियां जाने की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि नौजवानों का भविष्य भी अंधकार में है। प्रदेश में भाजपा राज के अंत के गिनेचुने महीने रह गए हैं। अब तक न तो कहीं निवेश आया और न ही उद्योगों के लगने से रोजगार बढ़े। लॉकडाउन के दौरान बचे खुचे उद्योग भी बंद हो गए। कल कारखानों में छंटनी हो गई। सरकार के तमाम दावे गीले पटाखो की तरह फुस्स हो गए हैं। गरीब की कहीं सुनवाई नहीं है।

# सीएम ने हुनरमंदों को दी ताउम्र न भूलने वाली सौगात

● आवास पर मिलने पहुंचे कलाकारों से न सिर्फ मुख्यमंत्री ने उनके उत्पाद खरीदे बल्कि उपहार देने के साथ मुंह भी मीठा कराया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**माटी** कला के हुनरमंदों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि इस बार उनकी दीपावली जिंदगी की सबसे यादगार दीपावली होने वाली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माटी कला के हुनरमंदों को दीपावली का ऐसा तोहफा दिया है जिसे वह जिंदगी भर नहीं भूल सकेंगे।

दरअसल, हुआ यूं कि खादी भवन में माटी कला मेले का आज आखिरी दिन होने के कारण कुछ कलाकार मुख्यमंत्री से मिलने सुबह उनके आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री को उपहार देने के लिए कलाकारों ने मेले में बचे अपने कुछ उत्पादों को भी साथ लिया था लेकिन जब उनकी मुलाकात सीएम से हुई और उन्होंने मुख्यमंत्री को उपहार दिखाए तो सीएम ने उनसे बचे हुए माटी कला के करीब तीस हजार के उत्पाद खरीद लिए। मुख्यमंत्री के इस अपनेपन से कलाकारों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री आवास से वापस जाते वक्त मुख्यमंत्री ने सभी को मिठाई खिलाई और उपहार भी दिए। सीएम से मिलने आजमगढ़ के घुरहूराम प्रजापति, गोरखपुर के राम मिलन प्रजापति, गोरखपुर के हीरालाल प्रजापति, बाराबंकी के शिवकुमार सहित नौ कलाकार गए थे। गोरखपुर जिले के जंगल एकला नंबर दो बुढऊ टोला निवासी हरिओम प्रजापति ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हमसे पहले मेले के बारे में पूरी जानकारी ली, फिर हमारी परेशानियों के बारे में पूछा। मेला हमारी उम्मीद से 10 गुना ज्यादा अच्छा है। किसी कलाकार की यहां से जाने की इच्छा नहीं है। हम चाहते हैं हर साल और बड़े पैमाने पर इस मेले का आयोजन हो। माटी कला के हुनरमंदों ने बताया कि पहली बार उन्हें अपने कारोबार में ऐसी कमाई हुई है। दम तोड़ रहे परंपरागत उद्योगों को सरकार ने फिर से जीवंत कर दिया है। ओडीओपी के इन उत्पादों की देश भर में डिमांड है। मुख्यमंत्री ने खुद ही लोगों से दीपावली पर अपील की थी कि इस बार अपनों को ओडीओपी का यादगार तोहफा दें। मुख्यमंत्री इस बार राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित नामचीन लोगों को ओडीओपी गिफ्ट हैंपर भेज रहे हैं। मुख्यमंत्री की मंशा है कि लोग इस गिफ्ट बास्केट के जरिये यूपी के ओडीओपी उत्पादों की खासियत से वाकिफ हों।




# दस दिन में बिके 50 लाख रुपए के उत्पाद

● प्रदर्शनी का माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष ने किया समापन, हुनरमंदों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डालीबाग** स्थित खादी भवन में बीते 10 दिनों से लगी माटीकला प्रदर्शनी का शुक्रवार को माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष धर्मवीर प्रजापति द्वारा समापन कर दिया गया। माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि इस प्रदर्शन के दौरान लगभग 50 लाख रुपए की बिक्री हुई है। डालीबाग लखनऊ स्थित खादी भवन के प्रांगण में उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा 4 से 13 नवम्बर तक आयोजित माटीकला मेला-2020 का शुक्रवार को समापन हो गया। दीपावली के शुभ अवसर पर मेले में 40 से अधिक स्टाल लगाये गये जिसमें प्रदेश के मिर्जापुर, कुशीनगर, आजमगढ़, बाराबंकी, बलिया, वाराणसी, उन्नाव, पीलीभीत, लखनऊ, अयोध्या, कानपुर, गोरखपुर, बुलन्दशहर एवं प्रयागराज जनपद से आये शिल्पकारों द्वारा प्रदर्शनी में अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री की गई। इस अवसर पर माटीकला मेले में अपने हुनर का क्रियात्मक प्रदर्शन करने वाले शिल्पकारों तथा विभिन्न जनपदों से मेले में प्रतिभाग करने वाले कुम्हारों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

माटीकला मेले के समापन की औपचारिक घोषणा माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष डॉ धर्मवीर प्रजापति द्वारा की गई। दीपावली के शुभ अवसर पर उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार स्वदेशी अपनाने और लोगों को स्वरोजगार प्रदान करने की दिशा में प्रयासरत है। इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य पारम्परिक कला से जुड़े कुशल कारीगरों एवं शिल्पकारों को मंच प्रदान करना है। इससे न सिर्फ उनकी कला को प्रोत्साहन मिलता है। भविष्य में इस तरह के आयोजन जनपद एवं मण्डल स्तर पर भी कराये जाने के प्रयास किये जायेंगे। अपर मुख्य सचिव महाप्रबन्धक माटीकला बोर्ड डा नवनीत सहगल ने दीपावली के शुभ अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि पारम्परिक कला से जुड़े कारीगरों एवं शिल्पकारों को इस तरह के मंच प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

**सूचना**

मैं मंजीत पाल सिंह पुत्र स्व.श्री सुरेन्द्र सिंह निवास सी–2 सिन्दू नगर लखनऊ, अपनी पत्नी श्रीमती सुरमिन्दर कौर, सपरिवार सन् 2005 से अलग रहता हूँ मैं व मेरी पत्नी इकरार करते हैं कि हमारा अपनी माँ श्रीमती गुरबचन कौर, पत्नी स्व0 श्री सुरेन्द्र सिंह निवास : सी–18 सिन्दू नगर भाई नवराज सिंह, भाभी माला व उसके बच्चे सहज, गगी के साथ किसी प्रकार का उचित या अनुचित कार्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं है।

**सार्वजनिक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, लखनऊ के निर्देशानुसार एल.आई.सी.एच.एफ.एल. एरिया आफिस शाहनजफ रोड, लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं0 422/एनेक्जर–ई एल.आई.सी.एच.एफ.एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि ईश्वरदीन पुत्र स्व0 भग्गा के पक्ष मे श्रवण कुमार स्वयं व बहैसियत मुख्तारेआम मिनजानिब पवन कुमार व शिव कुमार व श्रीमती विमला द्वारा नि पादित विक्रय पत्र दिनांक–05.11.2008 जो कार्यालय उपनिबन्धक प्रथम लखनऊ मे बही सं0–1, जिल्द सं0–9519, पृ ठ सं0–129/162, क्रमांक–12191 पर पंजीकृत है जो भूखण्ड सं0–5 खसरा सं0–1508 का मि0, रकबा 105.947 वर्गमीटर स्थित–ग्राम–बिजनौर, परगना– बिजनौर, जिला–लखनऊ के सम्बन्ध में है, वर्तमान स्वामी दुर्गेश कुमार सिंह पुत्र लालजी सिंह से खो गयी है तथा उनके अधिपत्य मे नहीं है। चूंकि दुर्गेश कुमार सिंह पुत्र लालजी सिंह द्वारा एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में गृह ऋण के लिये आवेदन किया है तथा उक्त ऋण हेतु उक्त भूखण्ड/भवन के सम्बन्ध मे उक्त मूल विक्रय विक्रय पत्र दिनांक–05.11.2008 को बन्धक किया जाना है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त मूल विक्रय पत्र दिनांक–05.11.2008 उससे सम्बन्धित सम्पत्ति हेतु कोई दावा करना हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों की अवधि के अन्दर अपना दावा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उक्त अवधि पूर्ण हो जाने पर यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति समस्त भारों विवादों व दायित्वों से मुक्त है तथा बन्धकर्ता तथा सम्पत्ति बन्धकदार के विरुद्ध कोई भी दावा व आपत्ति शून्य व अप्रभावी होगी।

**Mahendra Mohan Mishra, Advocate**
Chamber : Shop No.4 & 5, Ground Floor,
Krishna Tower, Near CMO Office, Kaiserbagh, Lucknow
Mob : 9415426914, 9559985554




सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# जहरीली शराब पीने से तीन की मौत

## मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश, पांच की हालत गंभीर, ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया हंगामा

**संवाददाता।** सरोजनीनगर

**बंथरा** थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोगों की हालत गंभीर बनी हुई। क्षेत्र में घटना की जानकारी फैलते ही कई गांवों के ग्रामीण इकठ्ठा हो गये और आबकारी विभाग व स्थानीय पुलिस पर अवैध शराब बेचने वालों के साथ सांठ-गांठ का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया और बनी-मोहान मार्ग जाम कर दिया। हंगामा कर रहे ग्रामीण पुलिस व आबकारी विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने के साथ ही मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिये जाने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की खबर मिलते ही बंथरा के साथ सरोजनीनगर व कृष्णानगर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंचकर रोड खुलवाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण नहीं माने। सरोजनीनगर एसडीएम और एडीएम पूर्वी ने किसी तरह आश्वासन देकर रोड जाम समाप्त कराया। घटना के बाद पुलिस ने कोटेदार ननकऊ के घर छापेमारी की, जहां से पुलिस को काफी मात्रा में अवैध शराब भी बरामद हुई। हालांकि पुलिस ने शराब बरामद होने से इनकार किया है। वहीं इस मामले में पुलिस ने कोटेदार ननकऊ के अलावा लतीफ नगर सरकारी देशी शराब ठेके के सेल्समैन मानवेंद्र सिंह को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। उधर इस घटना को लेकर जिलाधिकारी ने भी मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं।

थाना क्षेत्र के लतीफनगर में रहने वाला राजकुमार उर्फ राजू रावत (38) मजदूरी करता था। राज कुमार की पत्नी रेशमा का आरोप है कि गांव में ही रहने वाले कोटेदार नन्हकऊ शराब बेचता है और राज कुमार ने भी गुरुवार की शाम ननकऊ के घर से शराब खरीदी और वहीं से पीकर आया। खाना खाने के कुछ देर राजकुमार के पेट में अचानक तेज दर्द उठा और साथ ही उसके हाथ पैर ऐंठने लगे। रेशमा ने बताया कि जब तक वह उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने का इंतजाम करती, तब तक रात करीब तीन बजे राजकुमार ने घर में ही दम तोड़ दी। इसी प्रकार लतीफनगर से कुछ दूर पर ही रसूलपुर गांव निवासी सुंदर लाल रावत (39) मजदूरी करता था। आरोप है कि सुंदरलाल ने भी कोटेदार ननकऊ के घर से बुधवार शाम शराब खरीद कर पी थी। घर पहुंचते ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। बाद में परिजनों ने आसपास चिकित्सकों को दिखाया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। जिसके बाद वह उन्नाव के मोहान स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां गुरुवार शाम उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। आरोप है कि यहीं का निवासी मोहम्मद अनीस उर्फ अक्षय (28) बताशे बनाकर बेचने का काम करता था। आरोप है कि उसने भी ननकऊ के घर से गुरुवार शाम शराब खरीदकर पी। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। उसे पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, लेकिन मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान रात के समय उसकी मौत हो गई। इसके अलावा यहीं से खरीद कर शराब पीने से सुंदर लाल के बड़े भाई कन्हैयालाल (40), रसूलपुर गांव में रिश्तेदारी में आया उन्नाव के मोहान निवासी हाफिज (30), लतीफनगर निवासी मनोज कोरी (35), उमेश और कमला रावत की भी हालत गंभीर बनी हुई है। इन चारों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।


मो. अनीस


राज कुमार


सुंदर लाल

### मृतकों के परिजनों को 30-30 हजार की मदद व विधवा पेंशन देने की घोषणा

इस घटना से नाराज मृतक राजकुमार उर्फराजू रावत के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर अपने घर के सामने ही बनी-मोहान रोड पर जाम लगा दिया। पीड़ित परिजनों ने मुआवजे की भी मांग की। सूचना पाकर पहुंचे एडीएम सिटी पूर्वी केपी सिंह ने उन्हें सरकारी मदद का आश्वासन देकर किसी तरह रोड जाम समाप्त कराया। वहीं इस मामले में मौके पर पहुंचे सरोजनीनगर एसडीएम सूर्यकांत त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित परिवारों को 30-30 हजार रुपये की आर्थिक मदद और मृतकों की पत्नियों को विधवा पेंशन के अलावा खेती के लिए जमीन का आवंटन भी किया जाएगा। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे सांसद कौशल किशोर ने तीनों मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जब तक तीनों परिवारों के बच्चे बालिग नहीं होते, तब तक प्रत्येक परिवार को पांच 5-5 हजार रुपये सरकार की ओर से प्रत्येक माह दिलाया जाएगा।

# तीसरी मंजिल से गिरे दंपति, पति की मौत, पत्नी घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ठाकुरगंज** थाना क्षेत्र के चाणक्यपुरी एकता नगर में अपनी पत्नी को कुसुम दो बेटे शशांक श्रीवास्तव शिशिर श्रीवास्तव व एक बेटी के साथ रहने वाले सुधांशु श्रीवास्तव का 35 वर्षीय पुत्र शशांक श्रीवास्तव अमूल दूध डेयरी में रूट मैनेजर की पोस्ट पर कार्यरत था। सुधांशु श्रीवास्तव के मकान में तीसरी मंजिल का निर्माण हो रहा था जहां गुरुवार की रात तीसरी मंजिल पर बनाई गई नई छत का मजदूर ढोला खोल रहे थे। नवनिर्मित छत के छज्जे पर शशांक श्रीवास्तव अपनी 33 वर्षीय पत्नी दीप्ति श्रीवास्तव के साथ खड़ा हुआ था तभी अचानक तीसरी मंजिल पर बना नया छज्जा भरभरा कर गिरा और शशांक श्रीवास्तव और उनकी पत्नी तृप्ति श्रीवास्तव तीसरी मंजिल से सीधे नीचे गली में आकर गिर गए । गंभीर रूप से घायल शशांक और तृप्ति को तत्काल ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां शशांक श्रीवास्तव की मौत हो गई और उनकी पत्नी तृप्ति श्रीवास्तव की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# शहीद पथ पर बस ने कार में मारी टक्कर, चार की मौत

## एनडीआरएफ की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला

**लखनऊ।** राजधानी के पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित शहीद पथ के पास शुक्रवार शाम सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गईएजबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल। हादसा तेज रफ्तार निजी बस के कार में टक्कर मारने से हुआ था। हादसे के दौरान कार आगे चल रही ट्रक और पीछे से आ रही बस के बीच में दब गई। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने एनडीआरएफ की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हालांकि तब तक महिला समेत चार लोग दम तोड़ चुके थे।

बाराबंकी के देवा निवासी राज नारायण कार से अपनी बेटी अंजलि, परिचित मनोज की पत्नी मोहम्मदपुर खाला निवासी पूनम और दो अन्य लोगों के साथ दवा लेने लखनऊ आए थे। शहीद पथ के पास वह कार से घर वापस जा रहे थे। कार के आगे एक ट्रक चल रहा था जबकि पीछे डबल डेकर बस आरजे18 पीबी 2100 जा रही थी। इसी बीच ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। यह देख कार चालक ने भी गाड़ी रोकी, इसी बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए और कार सवार ट्रक और बस के बीच में दब गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को कार से निकालने का प्रयास किया लेकिन सभी बुरी तरह से गाड़ी में फंसे हुए थे। इसके बाद एनडीआरएफ को मदद के लिए बुलाया गया। एक के बाद एक करके पांचों घायलों को करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद गाड़ी से निकाला जा सका। इस बीच राजनारायण, अंजलि, माया देवी व रामदुलारी की मौत हो गई ।

### बस ने बाइक में मारी टक्कर, एक की जान गई

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम एक तेज रफ्तार बस ने बाइक में ठोकर मार दी। इस दौरान बाइक पर सवार मां बेटा जहां गंभीर रुप से घायल हो गये जबकि चालक की चाची की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर वाहन छोडकर भाग रहे चालक व परिचालक को राहगीरो ने दौड़ा कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। बंथरा के हमीरपुर निवासी महादेव अपनी मां फूला देवी व चाची रानी देवी के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान कानपुर की तरफ से आ रही रोडवेज की बस ने उसकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। इस सड़क मे जहां रानी देवी की मौके पर ही मौत हो गई वहीं छोटेलाल व फूला देवी गंभीर रूप से घायल हो गये।

# एलयू के स्थापना दिवस पर वचुअर्ल रूप में शामिल होंगे पीएम मोदी

**लखनऊ (पीएनएस)।** शताब्दी वर्ष में आगामी 25 नवम्बर को लखनऊ विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस में वर्चुअल तौर पर पीएम नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। स्थापना दिवस के मौके पर पीएम शाम 5.30 बजे स्थापना दिवस समारोह में मौजूद सभी शिक्षकों, एलुमिनाई व अतिथियों को संबोधित करेंगे। स्थापना दिवस समारोह के मंच पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के भी शामिल होने की संभावना है। इस दौरान एलयू प्रशासन अपना क्वाइन, स्टैम्प आदि भी लांच करेगा। शताब्दी सामारोह में आयोजित होने वाला दीक्षांत समारोह इस बार खास होगा। दीक्षांत समारोह में छात्र व छात्राएं परंपरागत वेशभूषा में नजर आ सकते हैं। छात्र जहां पगड़ी और कुर्ता पायजामा में और छात्राएं साड़ी में नजर आ सकती हैं। परंपरागत तौर पर पहने जाने वाली हैट इसका भाग नहीं होगी। कोरोना को देखते हुए राज्यपाल केवल 15 पदक ही वितरित करेंगी। बाकि पदक विभागवार बांटे जाएंगे। दीक्षांत समारोह में सबसे अधिक भारतीय परंपराओं पर ध्यान केंद्रित रहेगा। जिसे देखते हुए छात्र व छात्राओं को भारतीय परिधानों में देखा जा सकता है।

# राजधानी में 301, सूबे में मिले कोरोना के 2153 नए केस


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सूबे में** शुक्रवार को कोरोना वायरस के 2153 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 301 केस सामने आए हैं। सूबे में 23095 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3176 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7327 मरीजों की और राजधानी में 930 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 500, 275 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2005 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 475180 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज कानपुर में 79, प्रयागराज में 97, गाजियाबाद में 171, नोयडा में 134, गोरखपुर में 22, नोएडा में 214, वाराणसी में 86, मेरठ में 204, बरेली में 35, मुरादाबाद में सात, अलीगढ़ में 34, झांसी में 27, सहारनपुर में 20, आगरा में 85 , अयोध्या में 32, बाराबंकी में 17, बलिया में 33, लखीमपुर खीरी में 13, शाहजहांपुर में 13, देवरिया में 16, मुजफ्फरनगर में 35, जौनपुर में 15, महाराजगंज में 14, आजमगढ़ में 19, कुशीनगर में 16, हरदोई में 19, मथुरा में 59, रामपुर में 2, इटावा में 32, बुलंदशहर में 62, बस्ती में 13, गोंडा में 66, प्रतापगढ़ में 19, गाजीपुर में 6, सीतापुर में 18, रायबरेली में 56, सुल्तानपुर में 22, उन्नाव में 6, फर्रुखाबाद में 17, सोनभद्र में 16, चंदौली में 10, अमरोहा में 3, सिद्धार्थनगर में 3, पीलीभीत में 3, बहराइच में 5, बिजनौर में 6, हापुड़ में 19, बदायूं में 6, मैनपुरी में 15, फतेहपुर में 19, फिरोजाबाद में 17, कोरोना वायरस के मरीज पाए गए हैं।









# नगर निगम का पहला म्यूनिसिपल बांड जारी

## ● बांबे स्टॉक एक्सचेंज में हुआ सूचीबद्ध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



बांड जारी होने के अवसर पर मौजूद नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन व अधिकारी गण

**लखनऊ:** नगर निगम ने शुक्रवार को अपना पहला 200 करोड़ का म्यूनिसिपल बॉड जारी किया। यह एतिहासिक कार्य नगर विकास मंत्री की मौजूदगी में हुआ। म्यूनिसिपल बॉड को बॉबे स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया गया है। शुक्रवार को नगर निगम के प्रथम यूनिसिपल बांड को जारी किया गया। नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन की मौजूदगी में नगर निगम का यह म्यूनिसिपल बांड बांबे स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हुआ है। यह बांड व्यापार योग्य है। आज की कुल बिडिंग 21 है, जो 450 करोड़ का है। सौ करोड़ धनांक तथा सौ करोड़ ग्रीन शू विकल्प के साथ 4.5 गुना अधिक सब्सक्राइब्ड हुआ है। दस वर्ष के लिए 8.5 प्रतिशत के कूपन दर पर बंद हुआ है जो एक रिकार्ड है। बांड जारी करने के दौरान नगर विकास मंत्री के साथ प्रमुख सचिव दीपक कुमार, प्रमुख सचव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी मौजूद रहे। यह नगर निगम के लिए एतिहासिक मौका है, जो उत्तर प्रदेश का पहला निकाय है, जहां बांड जारी किया गया है।

**गाजियाबाद सहित दूसरे निकाय के भी जारी होंगे बांड**

नगर निगम के इस बांड इश्यू को इंडिया रेटिंग्स द्वारा एए और ब्रिकवर्क्स रेटिंग्स द्वारा एए दर्ज किया गया है। अमृत योजना के तहत एक जलापूर्ति परियोजना एवं नगर निगम के आवास परियोजना के तहत इस बांड का निवेश प्रस्तावित है। बांड द्वारा नगर निगम के बंधन का कार्यकाल 10 वर्ष का है। 4 एटीआरपी के साथ बांड औ चौथे वर्ष से दसवे वर्ष तक 7 समान वार्षिक भुगतान में होने वाले मूल्य चुकाएंगे। प्रदेश सरकार इसके साथ ही गाजियाबाद के साथ आगरा, वाराणसी और कानपुर नगर निगम के भी बांड जारी करेगी।

# मोहनलालगंज तहसील को मिला आईएसओ सर्टिफिकेट

## ● सेवाओं की जवाबदेही और आमजन को सहूलियत देने पर मिला गौरव



**मोहनलालगंज।** सेवाओं पर जवाबदेही तय करके आमजन को सहूलियत देने को लेकर मोहनलालगंज तहसील प्रशासन की कोशिशों को अन्तर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) ने सराहा है। संगठन ने राजस्व विभाग और जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन व जनशिकायतों के समयबद्ध समाधान को लेकर मोहनलालगंज तहसील को आईएसओ सर्टिफिकेट जारी किया है। जिला प्रशासन ने दीपावली के मौके पर यह उपलब्धि हासिल करने के लिए तहसीलदार निखिल शुक्ल और एसडीएम विकास सिंह को बधाई देकर इसे दूसरों के लिए अनुकरणीय बताया है। मोहनलालगंज तहसील में अभिलेखों के रखरखाव से लेकर फरियादियों के बैठने तक की बेहतर व्यवस्था है। इसके अलावा नायब तहसीलदार से लेकर एसडीएम तक की कोर्ट को भी मानकों के अनुसार बनाया गया है।

राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकरण प्रबन्धन और लैण्ड रेकॉर्ड के रखरखाव व उनके डिजिटाइजेशन कार्य में भी तहसील का प्रदर्शन बेहद संतोषजनक है। जिसे लेकर मोहनलालगंज तहसील को राजधानी की चौथी आईएसओ सर्टीफाइड तहसील का गौरव प्रदान किया गया है। तहसीलदार निखिल शुक्ल और एसडीएम विकास सिंह की टीम इससे पहले मलिहाबाद तहसील को भी आईएसओ सर्टिफिकेट दिला चुकी है।

## अनाथ बच्चों के साथ मनाई दीपावली



**लखनऊ।** राजधानी की पौलोमी पाविनी शुक्ला ने प्राग नारायण मार्ग स्थित राजकीय अनाथालय में अनाथ बच्चों के साथ दीपावली मनाई। इस अवसर पर उनके साथ उनके पति प्रशांत शर्मा, आईएएस भी उपस्थित थे। इन्होंने अनाथ बच्चों के बीच मिठाई, बिस्कुट, चॉकलेट आदि के साथ ही स्वेटर, पजामे आदि गर्म कपड़े भी वितरित किए। पौलोमी पाविनी शुक्ला तथा उनके पति प्रशांत शर्मा कई वर्षों से सभी त्यौहार अनाथालयों में जा कर अनाथ बच्चों के साथ मनाते हैं। कुछ दिन पूर्व महानवमी के उपलक्ष्य पर भी इन्होंने अपने घर पर कन्या खिलाने की जगह अनाथालय जा कर 100 लड़कियों को कन्या भोज कराया था।

## लोहिया संस्थान के डॉ. एके त्रिपाठी बहाल

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक पद से विरत चल रहे डॉक्टर एके त्रिपाठी को पुनः पद स्थापित कर दिया है। डॉ त्रिपाठी को कोविड एवं नॉन कोविड मरीजों के प्रबंधन में शिथिलता व लापरवाही प्रकरण में 5 माह पूर्व निदेशक पद से प्रकरण की जांच होने तक पद से हटाने के आदेश दिये गये थे।

## इंस्पेक्टर ने किया आईजी का पत्र लेने से इंकार

**लखनऊ।** इंस्पेक्टर हजरतगंज ने आईजी नागरिक सुरक्षा अमिताभ ठाकुर द्वारा भेजे गए एक सरकारी पत्र को लेने से मना कर दिया, जिसके बाद अमिताभ ने इस संबंध में पुलिस कमिश्नर सुजीत पाण्डेय से कार्रवाई की मांग की है, आईजी अमिताभ ठाकुर ने कतिपय व्यक्तियों द्वारा उनके विरुद्ध लगातार कई शिकायती पत्र दिए जाने तथा सीनियर अफसरों द्वारा की गयी जांच में वे शिकयतें गलत तथा निराधार पाए जाने के संबंध में इंस्पेक्टर हजरतगंज को सरकारी पत्र प्रेषित किया। बताया जाता है कि इंस्पेक्टर अंजनी पांडेय ने लिफाफा खोल कर पत्र को पढ़ा और पढ़कर उसे वापस कर दिया एवं पत्र रिसीव करने से मना कर दिया, इंस्पेक्टर के इस कृत्य को अनुचित और आपत्तिजनक बताते हुए आईजी अमिताभ ठाकुर ने पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय को इस संबंध में जांच करा कर कार्रवाई किये जाने की बात कही है।

## गुडम्बा में युवक ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** गुडम्बा इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से कोई सुसाइड नोट न मिलने के कारण आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज डित है और घटना की जांच कर रही है। इन्सपेक्टर गुडम्बा रीतेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मोहम्मदपुर निवासी शुभम कुमार संगम एम एडवरटाइजिंग एजेंसी में डिज़ाइनर का कार्य करता था। गुरुवार की रात शुभम ने कमरे में पंखे और दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। डॉक्टरों के काउंसलिंग के बाद परिवारीजनों ने मृतक के नेत्रदान कर दो लोगों के अंधकार जीवन में रोशनी भरी है।

## दुकान में लगी आग, युवक की जलकर मौत

**लखनऊ।** मड़ियांव में द्विवेदी पैकर्स एवं मूवर्स की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार देर रात आग लगने से दुकान में सो रहे युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व दमकल विभाग ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर विपिन कुमार सिंह ने बताया कि सीतापुर रोड खदरी के पास भास्कर द्विवेदी की द्विवेदी पैकर्स एवं मूवर्स के नाम से ट्रांसपोर्ट की दुकान है। दुकान के पास में फल का ठेला लगाने वाले कसरैला सीतापुर निवासी 38 वर्षीय दिनेश जायसवाल गुरुवार की रात दुकान में सो रहा था। दुकान में धुंआ निकलता देख पुलिस व दमकल विभाग की सूचना दी गई। मौके पर पहुंच दमकल की गाड़ियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक दुकान जलकर खाक हो गई। दुकान का शटर तोड़कर दुकान में दाखिल हुई पुलिस को दुकान के दिनेश जायसवाल का शव मिला।

## नेशनल लेविल प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा को गोल्ड मैडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की कक्षा-4 की मेधावी छात्रा अन्वेषा पाराधर ने नेशनल लेविल इण्टर-स्कूल ऑनलाइन कम्पटीशन ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड-2020 में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के 1500 से अधिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें इस प्रतिभाशाली छात्रा ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल अर्जित किया।

## पालीटेक्निक काउंसिलिंग में सातवें चरण के परिणाम 16 नवम्बर तक

**लखनऊ।** पॉलिटेक्निक में रिक्त सीटों पर दाखिले को लेकर चल रही ऑनलाइन काउंसिलिंग के सातवें चरण के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के समाप्त होने के बाद अब 13 से 15 नवंबर के बीच ऑनलाइन च्वाइस लॉक शुरू होगा। नोडल केंद्रों के बजाय अभ्यर्थियों को सीधे संस्थान में दस्तावेजों की जांच करानी होगी। वहीं 16 नवंबर को परिणाम घोषित किये जाएंगे। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव एसके वैश्य ने बताया कि 16 नवंबर को परीक्षा काउंसलिंग का परिणाम घोषित होगा। 16 से 18 नवंबर तक अभ्यर्थी नोडल केंद्रों के बजाय संस्थान में जाएंगे। 19 नवंबर को दोपहर दो बजे तक फीस जमा करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को अपनी लॉगिन आइडी से ही शुल्क जमा करना अनिवार्य है।

## खबर लिखने पर मिली धमकी, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में एक क्षेत्रीय सवांददाता को खबर लिखना महंगा पड़ गया। खबर छपने पर मुकदमे में नामित बेखौफ दबंग ने पुलिस चौकी में घुसकर क्षेत्रीय रिपोर्टर के संग अभद्रता करते हुए शाम तक अंजाम भुगत लेने की धमकी देने लगा। एसीपी के निर्देश पर स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कोतवाली प्रभारी पीजीआई के मुताबिक एक निजी समाचार पत्र का क्षेत्रीय सवांददाता अतुल तिवारी पुत्र शिवपूजन तिवारी निवासी सेक्टर 6 केशव पार्क सरस्वतीपुरम थाना पीजीआई ने क्षेत्र में रहने वाले एक युवक शैलेंद्र मिश्रा पर दो दिन पूर्व चौकी में घुसकर अभद्र व्यवहार करने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की है।

# सुनील गुर्जर का तीन दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर

## पशुधन घोटाला मामला

विधि संवाददाता। लखनऊ



**पशुपालन** विभाग में हुए करोड़ों के घोटाला मामले में निरुद्ध मुल्जिम सुनील गुर्जर को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने तीन दिन के लिए पुलिस की कस्टडी में सौंपने का आदेश दिया है। सुनील गुर्जर की कस्टडी रिमांड की यह अवधि 16 नवंबर की सुबह 10 बजे से शुरू होकर 19 नवंबर की सुबह 10 बजे समाप्त होगी। विशेष जज संदीप गुप्ता ने यह आदेश इस मामले के विवेचक व सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह की अर्जी पर दिया है।

विवेचक का कहना था कि बीते आठ नवंबर को मुल्जिम को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया गया था। मुल्जिम न्यायिक हिरासत में जेल में निरुद्ध है। इसने अन्य मुल्जिमों के साथ साजिश करके करीब छह करोड़ का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी व ठगी की है। लिहाजा इससे अन्य मुल्जिमों की जानकारी, मामले से जुड़े साक्ष्यों का संकलन तथा विस्तृत पूछताछ भी करना है। इसलिए इसका पांच दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर किया जाए। इस अर्जी पर सुनवाई के दौरान मुल्जिम सुनील गुर्जर भी जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग जेल से अदालत में मौजूद था।

13 जून 2020 को इस मामले की एफआईआर इंदौर के एक व्यापारी मंजीत सिंह भाटिया उर्फ रिंकू ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। इस मामले में 10 मुल्जिमों में सुनील गुर्जर को भी नामजद किया गया था। मुल्जिमों पर कूटरचित दस्तोवजों व छद्म नाम से गेहूं, आटा, शक्कर व दाल आदि की सप्लाई का ठेका दिलवाने के नाम पर नौ करोड़ 72 लाख 12 हजार रुपए की ठगी करने का इल्जाम है।

# विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगने वाला गिरफ्तार

## ● एसटीएफने मध्यप्रदेश के रतलाम से दबोचा, लोगों को बंधक बनाकर उनके परिजनों से हवाला के माध्यम से करता था वसूली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने सोशल मीडिया फेसबुक, मैसेन्जर, व्हाट्सअप आदि के माध्यम से ठगी कर यूएसएए कनाडा आदि देशों में नौकरी दिलाने के नाम पर बन्धक बनाकर हवाला के माध्यम से अवैध वसूली करने वाले गिरोह के 50 हजार रुपए के इनामी अपराधी राजेश कुमार उर्फ संतोष दूबे को मध्य प्रदेश के जिला रतलाम से गिरफ्तार किया है।

इस गिरोह द्वारा नरोडा ,अहमदाबाद, गुजरात के कुछ लोगों को 22 नवंबर को 2019 को जनपद वाराणसी के कैण्ट थानान्तर्गत बुलाकर बन्धक बनाते हुए 20 लाख रुपए अवैध रूप से हवाला के माध्यम से नई दिल्ली में वसूला गया था। इस संबंध में जनपद वाराणसी के थाना कैण्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था । गिरोह के सरगना आजमगढ़ निवासी राजवीर यादव, नेपाल निवासी कपिल उर्फ भाष्कर उर्फ भाटिया तथा कोलकता निवासी पवन गांधी को एसटीएफ द्वारा पहले गिरफ्तार किया जा चुका है । उक्त मुकदमें में राजेश कुमार उर्फ संतोष वांछित चल रहा था। राजेश कुमार उर्फ संतोष को गिरफ्तार कर स्थानीय न्यायालय से ट्रांजिट रिमाण्ड पर वाराणसी लाया गया। अभियुक्त से पूछताछ में पता चला कि इन लोगों का एक संगठित गिरोह है, जिसका सरगना राजवीर सिंह यादव है । यह गिरोह दो भागों में बटकर अपराध को अंजाम देता है पहले भाग को पवन गांधी संचालित करता है। पवन गांधी सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, फेसबुक मैसेन्जर, व्हाट्सअप आदि पर फर्जी आईडी से यूएसए, कनाडा में जॉब दिलाने का विज्ञापन पोस्ट करता है । यह विज्ञापन विशेषकर बंगलादेश, नेपाल एवं गुजरात के लोगों के लिये निकाला जाता है और इसी विज्ञापन में सम्पर्क करने के लिए अपना एक मोबाइल नंबर भी दिया जाता है । इस नंबर पर बातचीत एवं व्हाट्सअप चैट किया जाता है । यह कार्य एक से दो माह तक चलता है । जब यह बात तय हो जाती है कि कोई व्यक्ति यूएसए ,कनाडा जाने के लिए तैयार हो गया है तो उसी समय इच्छुक व्यक्ति को बताया जाता है कि नौकरी मिलने के तुरन्त बाद हवाला के माध्यम से एक व्यक्ति को 15 से 20 लाख रुपए तक देना पड़ेगा। अग्रिम धनराशि के रूप में कुछ नहीं लगेगा। इस पर संबंधित व्यक्ति तुरन्त विश्वास कर लेता है और उसके परिवारीजन भी तैयार हो जाते हैं। तब संबंधित व्यक्ति को वाराणसी या अन्य ठिकानों पर बुलाया जाता है और जब संबंधित व्यक्ति पहुंच जाता है तो इन्हें होटल में ठहराया जाता है और यहां से गैंग के दूसरे भाग का काम शुरू हो जाता है। इसका नेतृत्व राजवीर सिंह यादव करता है। राजवीर सिंह यादव अपने गैंग के सदस्यों जिसमें उक्त राजेश कुमार उर्फ संतोष, कपिल उर्फ भाटिया उर्फ भाष्कर आदि शामिल हैं के माध्यम से उक्त होटल व व्यक्ति की निगरानी कराता है कि कहीं पुलिस पीछे तो नहीं लगी है।

## सभी रोगों के निवारण का सबसे सस्ता और सुलभ मार्ग है योग चिकित्साः ठकराल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा महर्षि धनवन्तरि के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर धनवन्तरि जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कोविड.19 के सन्दर्भ स्वास्थ्य संरक्षण विषय पर व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व निदेशक आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाएं डॉ केके ठकराल ने वर्तमान आपदा को देखते हुए योग चिकित्सा के माध्यम से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया। मृत्युंजय त्रिपाठी, चिकित्सक मध्वार्पण आयुर्वेदिक संस्थान गोरखपुर, डॉ नागेन्द्र दीक्षित, चिकित्सक आयुर्वेदिक चिकित्सालय सहादतगंज, लखनऊ, सुनीलदत्त तिवारी, योग प्रशिक्षक, योग वेलनेस सेण्टर, सुल्तानपुर और अंजलि शुक्ला, योग शिक्षिका ने योग चिकित्सा के माध्यम से जटिल रोगों के नियन्त्रण और बचाव पर प्रकाश डाला। संस्थान के अध्यक्ष डॉ वाचस्पति मिश्र ने सभी आगन्तुकों, वक्ताओं, प्रतिभागियों और श्रोत्राओं का स्वागत और आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।


**LIC**
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

**भारतीय जीवन बीमा निगम**
मण्डल कार्यालय, "जीवन प्रकाश" 30, हजरतगंज, लखनऊ- 226001
दूरभाष : 0522-2616420, फैक्स : 2624855 तार : बीमामण्डल
ई-मेल : engg.lucknow@licindia.com

**पूर्व योग्यता सूचना**

**लखनऊ डिवीज़न के विभिन्न कार्यालयों में ऑनलाईन यू0पी0एस0 के रख–रखाव के लिए वार्षिक प्रस्ताव पर वेन्डरों को सूचीबद्ध करने हेतु**

भारतीय जीवन बीमा निगम, उत्तर प्रदेश के उत्तर मध्य क्षेत्र के मण्डल कार्यालय, लखनऊ के अन्तर्गत विभिन्न कार्यालयों में स्थापित ऑनलाईन यू0पी0एस0 के "समग्र वार्षिक" रख–रखाव के लिए वेन्डरों के नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित करने का प्रस्ताव रखता है, निर्धारित नामांकन फार्म पर आवेदन करें।

निम्नलिखित मानदण्डों को पूरा करने वाली योग्य इच्छुक फर्म जिन्हें बैंकों, केन्द्रीय व राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्य करने का अनुभव हो एवं सीपीडब्ल्यूडी या केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा जारी वैध नामांकन/प्रमाणपत्र रखते हों एवं जिनका सर्विस सेन्टर लखनऊ में हो, वे निर्धारित नामांकन पत्र पर आवेदन कर सकते हैं।

| काम का विवरण | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | मिन बैंक सॉलवेन्सी (रू0 लाख में) | पिछले 2 वर्ष का वार्षिक टर्नओवर (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|
| ए | बी | सी | डी |
| मण्डल कार्यालय लखनऊ के अन्तर्गत विभिन्न कार्यालयों में स्थापित ऑनलाईन यू0पी0एस0 का व्यापक वार्षिक रख–रखाव (AMC) हेतु | 2.50 | 1.25 | 2.50 |

अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय अंतर्गत अभियांत्रिकी विभाग में नामांकन फॉर्म **17.11.2020** से **05.12.2020** के बीच कार्यालीन समयावधि के दौरान प्राप्त किये जा सकते हैं, या हमारी वेबसाइट **www.licindia.in** से **"निविदा"** नामांकन फॉर्म डाउनलोड किए जा सकते हैं।

किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी डिमांड ड्राफ्ट 1000.00 (non refundable) जोकि भा.जी.बी. निगम के पक्ष में लखनऊ में देय हो, नामांकन आवेदन फॉर्म विधिवत भरा हुआ हो, जोकि नामांकन शुल्क के साथ और पात्रता मानदंड को पूरा करने के दस्तावेजों सहित संलग्न हो। वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक के कार्यालय में दिनांक **11.12.2020** तक या उससे पहले ऊपर दिए गए पते पर **समय 15.00 बजे तक** पहुँच जाना चाहिए। नामांकन शुल्क के बिना प्राप्त नामांकन फॉर्म निरस्त कर दिए जायेंगे। डाक सहित किसी भी देरी के कारण नामांकन फार्म स्वीकार नहीं किया जाएगें। जो एजेंसियां पहले से ही हमारे कार्यालय में सूचीबद्ध हैं, वे भी नामांकन के लिए नए सिरे से आवेदन कर सकती हैं।

**वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक**


## दीपावली में इमरजेंसी के लिए आनकाल रहेंगे डॉक्टर

**लखनऊ।** प्रकाश पर्व पर अनहोनी की आशंका से निपटने के लिए राजधानी के सभी अस्पताल तैयार हो गए हैं। अस्पतालों की इमरजेंसी के साथ ही डाक्टरों और स्टाफ की भी ड्यूटी बढ़ा दी गई है। वही अन्य डाक्टरों को आनकाल रहने के निर्देश दिए गए हैं। बलरामपुर व सिविल अस्पताल की इमरजेंसी और बर्न यूनिट में 70 बेड तैयार हैं। केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर और प्लास्टिक सर्जरी विभाग में 40 बेड आरक्षित किए गए हैं। इनमें आग से झुलसे या बिजली के करंट लगने से घायलों को भर्ती किया जाएगा। अधिकारियों ने इमरजेंसी की व्यवस्थाओं को चाक चौबंद कर दिया है। डॉक्टरों की ड्यूटी लगा दी गई है। जीवनरक्षक दवाओं डॉक्टरों की टीम अलर्ट रहेगी। आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में हैं। केजीएमयू के सीएमएस डॉ एसएन शंखवार ने बताया कि हड्डी रोग विशेषज्ञ, त्वचा और प्लॉस्टिक सर्जन की ड्यूटी लगाई गई है।

# लविव और इस्कान के बीच अनुबन्ध

## ● 30 घंटे का भगवद् गीता प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम होगा उपलब्ध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**इस्कॉन** यूथ फोरम और लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के बीच शुक्रवार को एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और इस्कॉन युवा मंच के उपाध्यक्ष सद्भुजा गौर दास ने डीन एकेडमिक्स प्रो अरविंद मोहन, रजिस्ट्रार डॉ विनोद कुमार सिंह, प्रीचर मधु स्मिता दास, और इस्कॉन युवा मंच के प्रतिनिधि राकेश राय की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

अनुबंध के अनुसार इस्कॉन युवा मंच लखनऊ विश्वविद्यालय में भगवद गीता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के 30 घंटे प्रदान करेगा और विश्वविद्यालय परिसर में पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए वातावरण प्रदान करेगा, साथ ही जब भी आवश्यक हो ऑनलाइन सहायता प्रदान करेगा। समझौता ज्ञापन यह सुनिश्चित करेगा कि दो संगठन पूरे समाज के नैतिक उत्थान के उद्देश्य से अपने छात्रों की मानसिक भलाई और आध्यात्मिक जागृति की दिशा में काम करें। प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि विश्वविद्यालय को इस पाठ्यक्रम और ऐसी आध्यात्मिक क्रांति का हिस्सा बनने का गर्व है।

## पीएम के खेलो इंडिया-फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देगा एलयू

**लखनऊ।** लखनऊ यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स एसोसिएशन के चेयरमैन पद का पदभार ग्रहण करने के बाद प्रो. राम मिलन ने अपनी प्राथमिकता गिनाईं। उन्होंने कहा कि पीएम के खेलो इंडिया फिट मूवमेंट को विश्वविद्यालय बढ़ावा देगा। उनकी कोशिश होगी कि खेल में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से खेल कूद की गतिविधियों में भाग लेते हुए यहाँ के छात्र ओलम्पिक में अपनी जगह बनाए। प्रो राम मिलन यादव ने कहा कि एथलेटिक्स एसोसिएशन की तरफ से छात्रों के साथ शिक्षकों को भी खेल से जोड़ने की कोशिश करेंगे। जिससे पीएम के स्वस्थ इंडिया के संकल्प को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द एथलेटिक्स एसोसिएशन की तरफसे अपना एलुमिनाई एसोसिएशन बनाया जाएगा।


**SBC EXPORTS LIMITED**
CIN: U18100UP2011PLC043209
Regd. Off.: HOUSE NO.-20, LOHIYA TALAB, CHOTI BASAHI P.O.: VINDHYACHAL MIRZAPUR UP 231307 IN
Corp.Off.: 49/95 SITE-IV SAHIBABAD INDUSTRIAL AREA GHAZIABAD UTTAR PRADESH-201010
Tel: 0120-2895246, Email: info@sbcexportslimited.com, Website: www.sbcexportslimited.com

**EXTRACT OF FINANCIAL RESULTS FOR THE HALF YEAR ENDED 30TH SEPT, 2020**
(Rs. In lacs except per share data)

| Sl. No. | Particulars | Half year ended 30/09/2020 | Half year ended 30/09/2019 | Year eneded 31/03/2020 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations | 5260.21 | 4979.84 | 10035.33 |
| 2 | Net Profit /(loss) for the period (before tax and exceptional items) | 94.19 | 120.32 | 193.78 |
| 3 | Net Profit /(loss) for the period before tax (after exceptional items) | 94.19 | 120.32 | 193.78 |
| 4 | Net Profit /(loss) for the period after tax | 94.19 | 102.54 | 127.52 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and Other comprehensive Income (after tax)] | 94.19 | 102.54 | 127.52 |
| 6 | Equity Share Capital (Paid Up) | 1058.20 | 1058.20 | 1058.20 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | 1099.63 | 980.46 | 1005.44 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each)(for continued and discontinued operations) a) Basic : b) Diluted: | 1.04<br>1.04 | 1.13<br>1.13 | 1.30<br>1.30 |

Note :
The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial results filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Half Yearly Financial Results are available on the Company's website and on the stock exchange website i.e. www.bseindia.com.

For and on behalf of the Board of Directors
For SBC Exports Ltd.
Sd/-
Deepika Gupta
Whole Time Director

Place: Sahibabad
Date : 13.11.2020


# एक लाख दीपों से रौशन हुआ गोमती का तट



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● डिप्टी सीएम ने किया गोमय दीपोत्सव का शुभारंभ

**गोमती** नदी के झूलेलाल वाटिका सहित तट एक लाख दीपों से जगमगा उठे। गोमय दीपोत्सव का शुभारंभ डिप्टी सीएम द्वारा किया गया। महापौर की अध्यक्षता में हो रहे दीपोत्सव की आरती मंत्रोच्चार के डिप्टी सीएम, नगर विकास मंत्री ने की। शुक्रवार को शहर दीपों से जगमगा उठा।

नगर निगम द्वारा भारत के अत्यंत महत्वपूर्ण और सुख व समृद्धि के प्रमुख पर्व दीपावली पर गोमय दीपोत्सव का आयोजन झूलेलाल वाटिका में किया गया। उप मुख्यमंत्री डां दिनेश शर्मा ने दीपोत्सव का शुभारंभ किया। इसके साथ गोमांस मैया की आरती मंत्रोच्चार के साथ डिप्टी सीएम, नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, मेयर संयुक्ता भाटिया ने किया। दीपोत्सव के इस कार्यक्रम में नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन की गायों के गोबर से बने एक लाख दीप प्रज्जवलित किये गए।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य दीपावली के त्यौहार को पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने का संदेश देना है। गौरतलब है कि नगर निगम लखनऊ द्वारा कान्हा उपवन में रखी गयी गायों के गोबर का पुर्नपयोग करके दीपों का निर्माण कराया गया। यह दीप पर्यावरण के लिए पूर्ण रूप से प्राकृतिक एवं प्रदूषण रहित है और दीपावली में इनके प्रयोग से वर्तमान वातावरण को सुरक्षित रखने में अत्यंत सहायता मिलती है।


**कॉन्टीनेन्टल केमिकल्स लिमिटेड**
सीआईएन : एल24123यूपी1984पीएलसी014111
पंजीकृत कार्यालय : ए–7, सेक्टर–VII, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश
फोन : 91–120–2423316 ई–मेल : info@continentalsoft.com, nkc@continentalsoft.com, वेब : www.continentalchemicalsltd.com

**30 सितम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**
(रू. लाख में, सिवाय ईपीएस)

| | विवरण | तिमाही समाप्त 30–09–2020 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30–06–2020 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30–09–2019 (अलेखापरीक्षित) | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30–09–2020 | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30–09–2019 | वर्ष समाप्त 31–03–2020 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से आय | 17.85 | 19.91 | 33.69 | 37.76 | 62.43 | 119.12 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 1.38 | 2.35 | 8.14 | 34.03 | 12.45 | 15.85 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 1.38 | 2.35 | 8.14 | 3.73 | 12.45 | 15.85 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 2.72 | 1.20 | 3.11 | 3.92 | 7.44 | 7.80 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 2.87 | 1.01 | 3.12 | 3.88 | 7.43 | 8.13 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 224.90 | 224.90 | 99.90 | 224.90 | 99.90 | 224.90 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर जैसाकि पिछले वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | | | | | | 133.27 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रू. 10/– प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों के लिए) मूल : तनुकृत : | 0.12<br>0.12 | 0.06<br>0.06 | 0.31<br>0.31 | 0.17<br>0.17 | 0.74<br>0.74 | 0.49<br>0.49 |

नोट्स :
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए थे और तदुपरांत निदेशक मंडल द्वारा 12–11–2020 को सम्पन्न इसकी बैठक में अभिलेखबद्ध किए गए हैं।
2. पूर्व अवधि के आंकड़े, जहां आवश्यक है, उनको चालू अवधि के आंकड़ों के साथ तुलनीय बनाने के लिए पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं।
3. कम्पनी ने सम्पत्ति, प्लांट एवं इक्विपमेंट, निवेशों, माल, व्यापार प्राप्यों इत्यादि की वहन लागत पर अभी तक फैल रही कोविड–19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न होने के संभावित प्रभावों पर विचार किया है। इस प्रयोजन हेतु, कम्पनी ने वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि तक सूचना के आंतरिक और बाह्य स्रोतों पर ध्यान दिया है, जिनमें क्रेडिट रिपोर्ट्स तथा संबंधित जानकारी, आर्थिक पूर्वानुमान, कुछ निवेशों के बाजार मूल्य इत्यादि शामिल हैं। चालू पूर्वानुमानों के आधार पर, कम्पनी इन वहन मूल्यों पर किसी महत्वपूर्ण प्रभाव की आशा नहीं है। कम्पनी के वित्तीय परिणामों पर कोविड–19 का प्रभाव वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि को पूर्वानुमानित प्रभाव से भिन्न हो सकता है।
4. ये परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अधीन निर्धारित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 और यथासंभव, अन्य मान्य लेखांकन पद्धतियों एवं नीतियों के अनुसार तैयार किए गए हैं।
5. कम्पनी केवल एक खण्ड में प्रचालन करती है।

बोर्ड के लिए तथा उसकी ओर से
हस्ता./–
नरेश कुमार चिब्बा
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00376963

स्थान : नोएडा
तिथि : 12–11–2020

# शिलान्यास के बाद भव्य रूप से मनाया गया दीपोत्सव

संवाददाता। अयोध्या

● भगवान का किया गया राज्याभिषेक

● 500 वर्षों के बाद पहली बार भगवान श्री राम लला के दरबार में जलेंगे 11000 दीप

500 वर्षों और शताब्दियों संघर्ष के बाद योगी सरकार के चौथे दीपोत्सव और राम मंदिर शिलान्यास के बाद पहला द्वित्व उत्सव बहुत ही भव्य रुप से मनाया जा रहा है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल रामलला का दर्शन पूजन कर दीप प्रज्वलित किया और जैसे ही भगवान श्री राम का पुष्पक विमान अयोध्या की धरती पर पहुंचा पूरा भूमंडल जय श्री राम के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगियों के साथ भगवान श्री राम की अगवानी की और भरत शत्रुघ्न प्रभु श्री राम माता जानकी भ्राता लक्ष्मण और भक्त सम्राट हनुमान जी की अगवानी करके अयोध्या राजधानी ला रहे थे उसी समय पूरे आसमान से पुष्प वर्षा होने लगी ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो त्रेता युग साक्षात अयोध्या नगरी में विराजमान हो गया हो। राज्यपाल मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ अयोध्या के जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्रीधराचार्य जी महाराज ए जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेव आचार्य जी महाराज ए जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री दिनेशाचार्य जी महाराज ए महंत सुरेश दास महंत कमल नयन दास राम वल्लभा कुंज वेदांती मंदिर के अधिकारी राजकुमार दास जी महाराज महंत भरत दास जी महाराज महंत महंत रामदास जी महाराज महामंडलेश्वर गिरीश दास जी महाराज स्थानीय सांसद लल्लू सिंह विधायक वेद गुप्ता विधायक रामचंद्र यादव सहित सभी ने भगवान का पूजन अर्चन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भगवान श्री राम के चरणों और संतो के चरणों में वंदना करते हुए कहा कि हमें मंदिर आंदोलन के संघर्षों में सहयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ इसलिए आज जब भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बन रहा है हमें बहुत खुशी है। श्री मौर्य ने कहा जब से केंद्र में मोदी जी की सरकार आई है देश की तरक्की और विकास का रास्ता खुल गया है। इसमें शोषित पीड़ित गरीब और वंचित लोगों की सरकार काम कर रही है। 500 वर्षों के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि भगवान श्री राम लला के दरबार में 11000 दीप जलाए जा रहे हैं और वहां भी दीपोत्सव मनाया जा रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा भाजपा की सरकार हमेशा वंचितों के लिए काम करती है क्योंकि हमारे आराध्य प्रभु श्री राम शोषित पीड़ित और वंचितों को लेकर के दुष्टों का संहार किया और राम राज्य की स्थापना की। आज उत्तर प्रदेश की योगी सरकार गुंडों माफियाओं बुलडोजर चला रही है और शोषित पीड़ित वंचित के लिए कार्य कर रही है। योगी और मोदी जी मिल कर के देश में राम राज्य की स्थापना का कार्य कर रहे है। प्रदेश के संस्कृति मंत्री नीलकंठ तिवारी में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद विकास की गंगा बह रही है।








## दीपोत्सव पर साकेत महाविद्यालय से निकाली गई झांकियां

● झांकियों को देखकर मंत्रमुग्ध हुए लोग भगवान श्री राम के जन्म से लेकर राजा अभिषेक तक की दिखा अलौकिक दृश्य





**अयोध्या।** भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में शुक्रवार को निकली भव्य झांकियां दिव्य दीपोत्सव को यादगार बना रही हैं। साकेत महाविद्यालय से झांकियां निकलने के साथ चौथे दीपोत्सव का मनोहारी आगाज हुआ। रामकथा पर केंद्रित झांकियां श्रीराम के जन्म से लेकर उनके राज्याभिषेक की कहानी बयां कर रही थी। रथ की शक्ल में ऐसी 11 झांकियों के बीच देश के विभिन्न प्रांतों से आए चुनिंदा लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से भी समा बांध रहे थे। यह झांकी शोभा यात्रा की शक्ल में करीब तीन किलोमीटर का सफर तय कर राम कथा पार्क पहुंचेंगी। लोक नृत्य की 20 टीमें झांकियों के साथ नृत्य कर रही है। दीपोत्सव में आज राम की नगरी राममय हुई है।पिछले साल की तरह इस वर्ष भी साकेत महाविद्यालय से 11 दिव्य.भव्य रथ पर राम राज्याभिषेक यात्रा निकाली गईए जो कि विभिन्न मार्गों से होते हुए रामकथा पार्क पहुंचेगी। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित विदेशी मेहमान राम राज्याभिषेक यात्रा का स्वागत करेंगे। जिला सूचना अधिकारी मुरलीधर सिंह ने बताया कि 11 रथों पर राम की गाथा पर आधारित 11 प्रसंगों का अंकन किया जा रहा है। बताया कि नारद मोहए रामजन्म से लेकरए राम वनगमनए केवट प्रसंगए रामविवाह प्रस्तावए धनुषयज्ञए अशोक वाटिकाए ताड़का वधए सीता हरणए लक्ष्मण शक्तिए राम.रावण युद्ध सहित राम राज्याभिषेक की भव्य झांकी आकर्षण का केंद्र होंगी।इसके अतिरिक्त शासन द्वारा थ्री डी झांकियों का भी निर्माण कराया जा रहा है जिसके जरिए सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों के प्रति आम लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही राम कथा के प्रसंगों की भी थ्री डी प्रस्तुति भक्तों को मंत्रमुग्ध करेगी।

## 551000 दीपों से जगमगाए अयोध्या के घाट



**अयोध्या।** शाम को 6 बजते ही अयोध्या का पूरा घाट 551000 दीपों से जगमग आने लगा सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने घी के दीपक जला कर के दीपोत्सव का शुभारंभ किया उसके बाद 8000 वालों ने 551000 दीपों को जलाकर के पूरे घाटों को रोशनी से सराबोर कर दिया। ऐसा लग रहा था स्वर्ग अयोध्या नगरी हो गई है और अपने आराध्य भगवान श्री राम जब 14 वर्ष वनवास काट के अयोध्या लौटे तो पलक पावडे बिछा करके और दीपो को जलाकर के उनकी अगवानी के लिए तैयार हो गए। यह अनुपम छटा देखते ही बनती थी।

## क्विक न्यूज

### सीएम कल करेंगे लोकार्पण

**गोरखपुर।** केंद्रीय औषधी एवं सगंध पौधा संस्थान (सी मैप), भारत सरकार, लखनऊ एवं महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र, गोरखपुर तथा श्री गोरखनाथ मंदिर, के सहयोग से मंदिर में अर्पित फूलों से निर्मित अगरबत्ती 'श्री गोरखनाथ आशीर्वाद' का लोकार्पण मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 15 नवंबर को पूर्वाहन 11 बजे गोरखनाथ मंदिर स्थित हिंदू सेवाश्रम में किया जाएगा। यह जानकारी गोरखनाथ मंदिर के कार्यालय सचिव द्वारिका तिवारी ने दी है। उन्होंने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति, उपजाति परियोजना के अंतर्गत 5 कृषकों को गेहूं के बीज का वितरण मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर यू. पी. सिंह (उपाध्यक्ष), महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र चौक माफी, डॉ. जी. एन. सिंह (तकनीकी सलाहकार) मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश , डॉ. प्रमोद कुमार त्रिवेदी (निदेशक सी मैप) लखनऊ, डॉ. रमेश कुमार श्रीवास्तव (वरिष्ठ वैज्ञानिक) सीमैप, लखनऊ उपस्थित रहेंगे।

### आज आयेंगे सीएम

**गोरखपुर।** प्राप्त सूचना के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 14 नवम्बर को प्रातः 9.55 बजे जनपद में आगमन होगा। मुख्यमंत्री 10 से 11 बजे तक वन टांगिया ग्राम जंगल तिनकोनिया न.-3 में ग्राम के निवासियों के साथ दीपावली पर्व के कार्यक्रम में भाग लेने के उपरान्त 11.20 बजे गोरखनाथ मंदिर आयेंगे।

### जीएम रेलवे ने दी बधाई

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी ने रेल कर्मचारियों तथा रेल उपयोगकर्त्ताओं को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। इस अवसर पर महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने रेल यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान गाड़ियों में विस्फोटक एवं ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें। गाड़ियों की छतों एवं पावदान पर लटक कर यात्रा न करें। स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखने में रेलवे प्रशासन को सहयोग करें। श्री त्रिपाठी ने यात्रियों से गाड़ियों एवं स्टेशन परिसर में कोविड-19 से बचाव हेतु सरकार द्वारा जारी सुरक्षा मानकों का भी पालन करने की अपील की है।

### एसपी के नेतृत्व में नगर में हुआ पैदल गश्त

**अम्बेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा आगामी त्योहार धनतेरस/दीपावली/कालीपूजा/गोवर्धन पूजा आदि के दौरान शान्ति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक अकबरपुर के साथ अकबरपुर के पटेल नगर तिराहा से तहसील तिराहा शहजादपुर मार्केट व शहजादपुर सर्राफा मार्केट आदि क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी प्वाइंट्स पर तैनात पुलिस बल को चेक किया गया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

### यूपी -112 का नौ दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण सम्पन्न

**अम्बेडकरनगर।** जिला प्रशिक्षण इकाई में चल रहे 09 दिवसीय यूपी-112 के रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा पुलिस कर्मियों को आम जनमानस से अच्छा व्यवहार करने, न्यूनतम रिस्पांस टाइम में घटना स्थल पर पहुंचने आदि के संबन्ध में आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए। प्रभारी यूपी 112 के द्वारा दो पहिया व चार पहिया पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया इस अवसर पर प्रभारी यूपी 112 व अन्य अधि0/कर्म0 मौजूद रहे ।

### एसपी ने वृद्धा आश्रम में बांटा मिठाई व फल

**अम्बेडकरनगर।** दीपावली के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा सपरिवार प्रभावती चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक शरद यादव के साथ दहीरपुर वृद्धाआश्रम अकबरपुर पहुंचकर कपड़े, मिठाई, फल व मनोरजंन के लिये टेलीवीजन (एलईडी) प्रदान किया गया। इसके अलावा शहजादपुर में समाज के पिछड़े पायदान पर खड़े झुग्गी झोपड़ी व बस्ती में रह रहे गरीब परिवार के गोंद लिये गये 26 बच्चों को मिठाई, कपड़े, फल, भेंट किये गये। इस अवसर पर प्रभावती चेरिटेबल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष मो0 जावेद राइन, मो0 इरफान, मो0 कुरैसी, शशांक यादव, सोनू राइन संरक्षक सुजात अली ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अमित कुमार यादव मौजूद रहे।

## डीएम ने धान क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**खरीफ** विपणन वर्ष 2020 -21 में मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत जनपद में किसानों के धान ऋय करने हेतु संचालित ऋय केंद्रों पर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रा0 कृषि ऋण सहकारी समिति लिमिटेड, सदरपुर केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी विजय तिवारी अनुपस्थित पाए गए। केंद्र प्रभारी के जगह उनके बुआ का लड़का मौके पर उपस्थित पाया गया। मौके पर लेखपाल स्वामीनाथ यादव उपस्थित थे। केंद्र का नोडल अधिकारी उप जिलाधिकारी टांडा अभिषेक पाठक को बनाया गया है। इस केंद्र पर कृषक रामपुर जागीर का दो ट्राली धान तौल हेतु खड़ी थी, कृषक रामचंद्र वर्मा का लगभग 45 कुंटल धान की तौल की प्रक्रिया किया जा रहा था। शाहजहां खातून का 10 कुंटल धान का तौल किया जा चुका था। निरीक्षण में पाया गया कि इस केंद्र से अनुबंध शंकर फूड प्रोडक्ट मिल द्वारा लगभग 400 कुंटल धान का उठाव किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा रजिस्टर के अवलोकन में पाया गया कि ऑनलाइन प्रक्रिया के बाद रजिस्टर पंजिका में कृषकों का फोन नंबर नोट नहीं किया गया है।

## मोबाइल छीनने वाले बाइक सवार गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

● पांच मोबाइल व एक बिना नंबर की बाइक बरामद रिपोर्ट दर्ज भेजा जेल

● जनपद में साइकिल सवार लोगों से बाइक छीनने वाला गिरोह है सक्रिय

**हनुमतनगर, अयोध्या।** पूराकलंदर पुलिस ने साइकिल सवार राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले बाइकर्स गैंग के दो लोगों को गिरफ्तार किया जिनके पास से पांच मोबाइल और एक बिना नंबर की टीवीएस बाइक बरामद की जिनके विरुद्ध लूट की रिपोर्ट दर्ज करते हुए शुक्रवार को चालान किया जिन्हें अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जनपद में इस समय सड़क से चल रहे साइकिल सवार युवकों से बाइक सवार उचक्के मोबाइल छीनने वाले गिरोह सक्रिय हैं कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के गुन्धौर गांव निवासी शिवपूजन यादव साइकिल से अपने घर जा रहे थे जैसे पुराकलन्दर थाना क्षेत्र के डाभासेमर गांव के पास पहुंचे वैसे बाइक से आ रहे दो लोगों ने चलते में ही मोबाइल छीन कर फरार हो गए जिसकी शिकायत शिवपूजन यादव ने जाकर पूरा कलंदर थाने पर की जिसको पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल घेराबंदी की पूराकलन्दर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, एसएसआई राजेश कुमार सरोज, दरोगा विनय कुमार, कन्हैया यादव, सिपाही प्रफुल्ल कुमार, अनूप पाण्डेय की टीम ने बिहारीपुर मोड़ के पास से बिना नंबर की बाइक पर जा रहे दो लोगों को रोका लेकिन वह भागने लगे जिस पर पुलिस ने उन्हें दौड़ा कर पकड़ा और जब उनकी तलाशी ली तो उनक पास से पांच मोबाइल बरामद हुआ जिन्हें पकड़कर थाना पर ले आए। पुलिस ने पीड़ित शिवपूजन यादव पुत्र सत्रोहन यादव निवासी गुन्धौर कोतवाली बीकापुर की तहरीर पर अतुल कुमार गुप्ता पुत्र रामपाल गुप्ता निवासी मोइया कपूरपुर बेगमगंज थाना पुराकलंदर रामनगर खोजनपुर कोतवाली नगर तथा अमन कुमार निषाद पुत्र शिव कुमार निषाद निवासी नरोत्तमपुर कोतवाली बीकापुर पता मौदहा दक्षिण कोतवाली नगर के विरुद्ध धारा 392, 411 के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की। पूराकलंदर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा लूटेरों का शुक्रवार को चालान कर दिया गया जिन्हें अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## फलक का अनावरण कर किया कंट्रोल रूम का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**पूर्वोत्तर** रेलवे के महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी ने परिचालन विभाग,गोरखपुर में नवस्थापित विडियो सर्विलांस सिस्टम (वी.एस.एस.) कन्ट्रोल रूम का उद्घाटन फलक का अनावरण कर किया। समारोह में अपर महाप्रबन्धक अमित कुमार अग्रवाल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर एस.के.पाण्डेय, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक अमिताभ ओझा, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक अनिल कुमार सिंह, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेसुब अतुल कुमार श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक एस.सी.प्रसाद, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ए.के.पाण्डेय, मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेसुब डा. एस.के.सैनी, मुख्य संरक्षा अधिकारी एस.एन.शाह, मुख्य संचार इंजीनियर पी.के.राय, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन नुरूद्दीन, महाप्रबन्धक के सचिव डी.के.खरे, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह, रेल टेल के महाप्रबन्धक दीपू श्याम सहित रेलवे एवं रेलटेल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने विडियो सर्विलांस सिस्टम (वी.एस.एस.) की कार्यपद्धति को देखने के उपरान्त इसमें सिस्टम इम्प्रूवमेंट के लिये अनेक व्यवहारिक सुझाव दिया। रेल टेल के अधिकारियों ने महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी के सुझावों को अत्यन्त महत्वपूर्ण बताते हुये इन्हें वी.एस.एस. में समाहित करने का आश्वासन दिया। महाप्रबन्धक ने कहा कि इससे क्राइम नियंत्रण में तथा जहरखुरानी की घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि रेल यात्रियों एवं सम्पत्ति की सुरक्षा तथा अवांछनीय घटनाओं पर नजर रखने में अत्यन्त कारगर वी.एस.एस. का रेलवे स्टेशनों पर प्रावधान रेल कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड(रेल टेल) द्वारा समस्त भारतीय रेल के 6124 स्टेशनों/स्थलों पर किया जा रहा है। प्रथम चरण में भारतीय रेल पर 300 से अधिक वी.एस.एस. स्थापित किये गये हैं। पूर्वोत्तर रेलवे पर प्रथम चरण में वी.एस.एस. की शुरूआत 12 स्टेशनों पर की गई है।


## नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर

### दीपावली के शुभ अवसर पर

अपने नागरिकों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती है।

नगर पालिका बोर्ड के कार्यकाल की उपलब्धियां

**प्रगति के आयाम**

1. **स्वच्छ भारत मिशन** के अन्तर्गत दिये गये दिशा-निर्देश के क्रम में समस्त सड़कों, गलियों की सफाई सुनिश्चित कर दैनिक कूड़े का निस्तारण तथा चूने का छिड़काव कराया जा रहा है, लक्ष्य के सापेक्ष 1600 व्यक्तिगत शौचालयों का लाभ नगर वासियों को दिलाया गया।
2. नगर के 500 मीटर की दूरी पर एक-एक सामुदायिक शौचालय, महिलाओं हेतु पिंक शौचालय, तथा सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है।
3. शाहकुलीपुर में शारदा कैनाल रोड पर पालिका की भूमि पर एमआरएफ सेन्टर(कूड़े का निस्पादन) का निर्माण कार्य कराने हेतु प्रस्तावित।
4. पुलिस चौकी में महिला चेन्जरूम व वाशरूम का निर्माण कार्य कराया गया।
5. नगर के मुख्य चौराहों पर फौव्वारों का निर्माण कार्य।
6. नगर की विभिन्न छतिग्रस्त मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर इण्टरलाकिंग/सीसी रोड में परिवर्तित करना।
7. नगर के छतिग्रस्त नालों को पक्का कराकर जल निकासी में सुधार करना।
8. पेयजल व्यवस्था में पाइप लाइन विस्तार करते हुए जल संयोजन में वृद्धि करना।
9. प्रतिमाह नियमित अन्तराल पर, कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नगर को कई बार कीट-नाशक दवाओं से छिड़काव कर सेनेटाइज कराया जा रहा है। नगर के प्रत्येक वार्ड में फागिंग कराई जा रही है।
10. 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से 152 लाख में 111 लाख के निर्माण कार्य व 02 अद्द मिनी ट्यूबवेल स्थापना कार्यवाही प्रगति पर।
11. सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु मजाशाह चौराहे पर वीडीयोवाल लगवाई गयी है।

**नागरिकों से अपेक्षायें**

1. पॉलीथीन का प्रयोग दण्डनीय अपराध है। इसका प्रयोग कदापि न करें।
2. गृहकर, जलकर व जलमूल्य व विविध लाईसेन्स शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें।
3. शुष्क शौचालय का निर्माण व उपयोग दण्डनीय अपराध है। खुले मे शौच करना दण्डनीय अपराध है।
4. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें, तथा नल की टोंटी खोली न छोड़ें।
5. सड़कों पर इधर - उधर कूडा न फेंकें। **"स्वच्छ भारत मिशन"** के अन्तर्गत नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें तथा डोर-टू-डोर कूडे वाले पालिका सफाई कर्मी को ही अलग अलग गीला-सूखा कूड़ा दे।
6. आप हमें सहयोग देंगें हम आपको समुचित नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु वचनबद्ध हैं।
7. साबुन व पानी से दिन में कई बार कम से कम 20 सेकेण्ड तक हाथ धोए या एल्कोहल युक्त सैनेटाइजर का प्रयोग करें।
8. बाहर निकलने पर मास्क/रूमाल/गमछा आदि का प्रयोग करें। हाथ न मिलायें, नमस्ते करें।
9. बुखार, खांसी, जुखाम आने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
10. सार्वजनिक स्थलों पर एक दूसरे से कम से कम 02 गज अर्थात सोसल डिस्टेंसिंग का पालन करें एवं वस्तुओं को अनावश्यक छूने से बचें।
11. योगासन प्राणायम करें अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ायें।

नगर आपका है, इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने हेतु अपना अमूल्य सुझाव मुझे सदैव देते रहे, जिससे नगर पालिका बेहतर सेवा नागरिक मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर सके।

आपकी सेवा में सदैव तत्पर आपका अपना

(एच०एन० उपाध्याय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद लहरपुर

सम्मानित सभासदगण

(मो0 जासमीर अंसारी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद लहरपुर

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 14 नवंबर, 2020



# बढ़ी सरकार की निगरानी

## डिजिटल मीडिया पर नज़र

**अब** ओटीटी प्लेटफार्म और डिजिटल मीडिया सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की समीक्षा के अंतर्गत आ गए हैं। अब तक इस क्षेत्र पर सरकार की नजर नहीं थी। अब मंत्रालय तय करेगा कि हमारे लिए क्या अच्छा है और क्या बुरा। इन मामलों में रचनात्मकता तथा नियंत्रण के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए मध्यम मार्ग पर चलना होगा। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने एक बार कहा था, 'सरकार का अस्तित्व हमें एक दूसरे से सुरक्षा देने के लिए है। जहां सरकार इस मामले में अपनी सीमाओं से आगे बढ़ती है, वहां हमें उससे ही अपनी रक्षा करनी होती है।' मोदी सरकार का यह कदम ओटीटी प्लेटफार्मों व डिजिटल मीडिया पर नियंत्रण का प्रयास है जो अब तक उपभोक्ताओं की रुचि के अनुसार भुगतान पर सुविधायें देता था। इस प्रकार अन्य जनसंचार माध्यमों की तरह हमारी उस तक पहुंच थी। सरकार ने एक आदेश जारी कर नेटफ्लिक्स जैसे आनलाइन न्यूज़ पोर्टलों व विषयवस्तु प्रदाताओं के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा विनियमन का आदेश जारी किया है। फेसबुक, ट्विटर व इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों पर पेश खबरें तथा आडियो-विजुअल विषयवस्तु भी मंत्रालय की जांच के दायरे में आ जाएगी। इसे प्रिंट व टीवी मीडिया पर सेंसरशिप की तरह देखा जा रहा है जिस पर नियामक संस्थाओं की बजाय सीधे मंत्रालय की नजर होगी। अब तक प्रिंट मीडिया पर प्रेस कौंसिल आफ इंडिया तथा टेलीवीजन मीडिया पर न्यूज़ ब्राडकास्टर्स स्टैंडर्डस असोसियेशन-एनबीएसए जैसी नियामक संस्थाओं की नजर रहती थी। इसके अलावा अनेक वर्तमान कानून और आत्मनियंत्रण व्यवस्थायें हैं जिनके माध्यम से उद्योग विषयवस्तु पर नियंत्रण कर यह सुनिश्चित करता था कि बाल अश्लीलता या आतंकवाद जैसे संवेदनशील विषयों पर कोई सामग्री न आने पाए। लेकिन अब 'फेक न्यूज़' व भड़काऊ सामग्री पर कठोर नजर रहेगी। हालांकि, मंत्रालय ने स्वयं इंटरनेट एंड मोबाइल असोसिएशन आफ इंडिया-आईएएमएमएआई के आत्मनियंत्रण माडल को सिद्धान्त रूप से सही माना था जो ओटीटी प्लेटफार्मों की प्रतिनिधिक संस्था है। आनलाइन क्यूरेटेड कंटेंट प्रोवाइडर्स या ओसीसीपी ने दो स्तरों वाली संरचना डिजिटल क्यूरेटेड कंटेंट कंप्लेंट कौंसिल बनाने का प्रस्ताव भी किया था। ऐसे में सरकार के वर्तमान कदम को कठोर माना जा रहा है। सरकार ने दावा किया है कि उसका इरादा सद्भावनापूर्ण है, पर अनेक लोग इसे इंटरनेट पर व्याप्त लोकतंत्र पर नजर रखने तथा सरकार की आलोचना करने वाले विविधतापूर्ण दृष्टिकोणों पर लगाम लगाने की इच्छा बता रहे हैं। इससे सांस्कृतिक क्षेत्र में भारत की विविधतापूर्ण अभिव्यक्तियों पर भी लगाम लग सकती है। इस कदम का कारण संभवत: यह है कि टीवी उद्योग में आत्मनियंत्रण की व्यवस्था विफल हो गई है और सरकार ने आनलाइन न्यूज़ प्रसारणकर्ताओं तथा वीडियो स्ट्रीमिंग सेवाओं के आत्मनियंत्रण प्रस्तावों के बजाय स्वयं नजर रखने का फैसला किया है। संभवत: सरकार हमारे जीवन के सभी पक्षों को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया के विस्तार से चिन्तित है। ऐसे में यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता भी है कि इसमें विकृत प्रतिनिधित्व न हो। विनियमन से यह सुनिश्चित होना चाहिए कि आनलाइन प्लेटफार्मों पर आने वाली खबरें स्वीकार्य मानकों के अनुसार हों तथा वे फर्जी व भड़काऊ दावों में न बदल जाएं। अक्सर अनेक आनलाइन न्यूज़ साइटें या वेबसाइटें सभी प्रकार की समस्याओं के चामत्कारिक समाधान पेश करने का दावा करती हैं। कोविड-19 जैसे मामलों में ऐसा दुष्प्रचार घातक सिद्ध हो सकता है। इन साइटों द्वारा फैलाई अफवाहों से होने वाले नुकसान के मामले भी सामने आए हैं। लेकिन मंत्रालय ने पहले पूर्व-लाइसेंस जैसी व्यवस्था की आवश्यकता से इनकार किया था। उसने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया था कि आईटी कानून व भारतीय दंड संहिता स्ट्रीमिंग प्लेटफार्मों के खिलाफ शिकायतों से निपटने के लिए काफी हैं। शायद मीडिया के सभी आयामों पर नजर रखने के लिए एक समग्र व एकीकृत मंत्रालय की आवश्यकता है।




# सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता

भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता मिलनी चाहिए। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र व शांतिरक्षक बलों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला देश इसका अधिकारी है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



संयुक्त राष्ट्रसंघ के बारे में एक विचार यह भी है कि यह 'निरर्थक अस्तित्वहीन संगठन' में बदल गया है। 1999 में तत्कालीन संरा. महासचिव कोफी अन्नान ने अचानक दिल्ली की उड़ान भरी क्योंकि वे कारगिल युद्ध में 'मध्यस्थता' करना चाहते थे। उनको सौम्यतापूर्वक अटल बिहारी वाजपेयी सरकार से हस्तक्षेप न करने की सलाह दी गई और वे वापस चले गए। बताया जाता है कि इस अंतरराष्ट्रीय संस्था में 1,00,000 कर्मचारी हैं। यदि इन पर औसतन खर्च 50,000 डालर मान लिया जाए तो प्रति वर्ष लाखों लाख डालर खर्च के लिए चाहिए। संगठन के अन्य खर्च इससे अलग हैं। अमेरिका के स्वर्गीय स्तंभकार चार्ल्स क्राउथेमर ने संयुक्त राष्ट्र को 'भ्रष्ट बाहरी तत्व' बताते हुए कहा था कि उसे 'किसी अमेरिकी सहायता की आवश्यकता नहीं है।' चेकोस्लाविया के पूर्व राष्ट्रपति वाक्लाव हावेल ने न्यूयार्क टाइम्स में प्रकाशित एक लेख में इसे अत्याचारियों का एक मंच कहा था। उन्होंने कहा था कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में सूडान, जिम्बाबवे, चीन व सऊदी अरब जैसे सदस्य देशों को देख कर दु:ख होता है जहां कोई मानवाधिकार नहीं हैं।

इसके बावजूद भारत ने लगातार संरा. शांतिस्थापना इकाइयों में व्यापक योगदान देते हुए लगभग 2,00,000 शांतिरक्षक बलों को पिछले वर्षों में 44 मिशनों में भेजा है। यह अधिकांश देशों की राष्ट्रीय सशस्त्र सेनाओं से अधिक है। किसी अन्य देश के सैन्य बलों की तुलना में संरा. मिशनों में भारतीय बलों को ज्यादा नुकसान हुआ है। हमारे नीति निर्माताओं का तर्क है कि इसके पीछे कोई रणनीतिक लाभ की इच्छा न होकर 'वैश्विक आदर्श' हैं। भारत विश्व संस्था तथा अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा को मजबूत करना चाहता है। दूसरी ओर संरा. ने भारत के खिलाफ 1962 में चीन के अकारण आक्रमण की निन्दा तक नहीं की थी। विडंबना है कि उसी तानाशाह और कम्युनिस्ट चीन को सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट मिली है, जबकि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत इससे वंचित है।

संरा. ने बांग्लादेश युद्ध में भारत का समर्थन नहीं किया था जो पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे नरसंहार से पूर्वी बंगाल को राहत देने के लिए हुआ था। संरा. ने एक प्रस्ताव द्वारा जम्मू कश्मीर राज्य को अंतरराष्ट्रीय रूप से विवादित क्षेत्र घोषित कर दिया था, जबकि अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ के स्पष्ट प्रमाण थे। इस विवाद के कारण चार युद्ध हो चुके हैं तथा लगातार जिहादी घुसपैठ व आतंकी हमले हो रहे हैं। संरा. से कोई समाधान न मिलने के कारण भारत ने एकपक्षीय रूप से संविधान का विवादास्पद अनुच्छेद 370 समाप्त किया है। विश्व संस्था ने पाकिस्तान को आतंकवाद-प्रायोजक देश नहीं घोषित किया है, न ही वह उसके द्वारा नाभिकीय प्रसार पर रोक लगा सकी है। ऐसे में भारत को अपने दम पर पाकिस्तान से निपटना पड़ता है। हालांकि, इस संगठन का महत्व है तथा नेहरूवादी युग में भारत द्वारा इसे अत्यधिक महत्व मिला था।

संरा. उग्र कम्युनिस्ट तत्वों, तानाशाहों की पूरी पीढ़ी व स्वेच्छाचारियों को मंच प्रदान करता है जो स्वयं को नेता व राजनयिक की तरह पेश करते हैं। भारतीय राजनयिक कृष्ण मेनन के आक्रामक पश्चिम-विरोधी भाषणों के लिए उनको 'स्पिटिंग कैमल' कहा गया था। अमेरिकी न केवल कृष्ण मेनन के भाषणों से घृणा करते था, बल्कि भारत को अनेक पश्चिमी देशों की दुर्भावना का शिकार बनना पड़ा था। संरा. की विफलता का प्रारम्भ 1948 में ही हो गया था। तत्कालीन सोवियत संघ ने बर्लिन की घेरेबंदी की थी। अमेरिका ने इस पर सारी आवश्यक सामग्री विमानों से वहां भेजी थी। राष्ट्रपति कैनेडी ने 1961 में कहा था, 'मैं भी बर्लिनवासी हूं।'कोरिया युद्ध में कम्युनिस्ट उत्तरी भाग पूरे प्रायद्वीप पर कब्जा करना चाहता था।

संरा. ने कुछ नहीं किया। वह खामोशी से वियतनाम पर भयानक बमबारी देखता रहा, जबकि ऐसी घटना द्वितीय विश्व युद्ध में या उसके पहले नहीं हुई थी। 1956 में स्वेज नहर मुद्दे पर मिस्त्र में ब्रिटिश-फ्रेंच हमला भी संरा. की अक्षमता का एक प्रमाण है। यही स्थिति उसी साल सोवियत संघ द्वारा हंगरी में हस्तक्षेप के समय भी सामने आई। 1959 में चीन द्वारा तिब्बत पर कब्जा करने तथा 1968 में सोवियत टैंकों के चेकोस्लाविया में घुसपैठ करने या प्राग वसंत पर भी विश्व संस्था खामोश बनी रही।

नेपोलियन के बाद दुनिया के देश युद्ध से बचना चाहते थे। प्रथम विश्वयुद्ध शुरू होने पर ऐसे अंतरराष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता सामने आई जो भावी युद्ध रोक सके। दुनिया भर में व खासकर ब्रिटेन तथा अमेरिका में इसकी मांग तेज हुई। ब्रिटिश राजनीतिशास्त्री गोल्डसवर्दी लोज़ डिकिन्सन ने 1914 में 'लीग आफ नेशन्स' जैसे संगठन की अवधारणा पेश की। लार्ड ब्रायस के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय शांतिवादियों का एक समूह बनाया जिसे ब्रायस ग्रुप कहा गया और यह बाद में लीग आफ नेशन्स यूनियन बना। इसके पहले शांतिवादी विलियम रैंडल क्रेमर व फ्रेडरिक पैसी ने 1889 में इंटर-पार्लियामेंटरी यूनियन-आईपीयू का गठन किया था। यह संस्था अब भी है और दुनिया की विभिन्न निर्वाचित विधायी संस्थाओं पर ध्यान देती है। इसका लक्ष्य सरकारों द्वारा शांतिपूर्ण तरीकों से विवादों का समाधान प्रोत्साहित करना है।

देशों के शांतिपूर्ण समुदाय की अवधारणा का विचार 1795 में ही आया था। जर्मन भौतिकवादी व दार्शनिक इमैनुअल कांट ने लीग आफ नेशन्स का विचार सामने रखा था जो लगातार शांति को बढ़ावा देने के लिए काम करती। उनका विश्वास था कि प्रत्येक राज्य स्वयं को स्वतंत्र घोषित करते हुए अपने नागरिकों का सम्मान करेगा तथा विदेशी आगंतुकों का स्वागत करेगा। इससे दुनिया भर में शांतिपूर्ण समाज को बढ़ावा मिलेगा। यूरोप में अंतरराष्ट्रीय सहयोग व सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा मजबूत हुई। इसका उद्देश्य यूरोपीय देशों के बीच यथास्थिति बनाए रखते हुए युद्ध से बचना था। इसी के साथ अंतरराष्ट्रीय विधि का विकास हुआ तथा पहले जेनेवा सम्मेलन ने युद्धकाल में मानवीय सहायता की अवधारणा पेश की। इसके बाद हेग में 1899 व 1907 के सम्मेलनों ने युद्ध संचालित करने तथा अंतरराष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के नियम बनाए।

अंतरराष्ट्रीय लीग का आह्वान सबसे पहले प्रथम अमेरिकी राष्ट्रपति थियोडोर रूज़वेल्ट ने किया था। नोबेल शांति पुरस्कार स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा था, 'यदि महाशक्तियां ईमानदारी से लीग आफ पीस का गठन करती हैं तो यह महत्वपूर्ण कदम होगा।' तार्किक रूप से ऐसा विचार यूरोप से आना चाहिए था जो अनन्त युद्धों का सामना कर चुका था। लीग आफ नेशन्स का विचार अमेरिकी राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने पुन: पेश किया था। लेकिन लीग आफ नेशन्स की विश्वसनीयता इस तथ्य से कमजोर हुई कि अमेरिका इसमें कभी शामिल नहीं हुआ। सोवियत संघ इसमें बाद में शामिल हुआ, पर फिनलैंड पर हमले के बाद उसे निकाल दिया गया। इसके साथ ही जर्मनी, जापान, इटली, स्पेन व अन्य देश इससे अलग हो गए। द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने से स्पष्ट हो गया कि लीग आफनेशन्स अपने उद्देश्यों में विफल हो गया था। लीग का अस्तित्व 26 साल तक रहा और द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्रसंघ ने उसका स्थान लिया। उसे लीग द्वारा स्थापित अनेक एजेंसियां व संगठन विरासत में मिले।

लीग आफ नेशन्स ज्यादा समय नहीं रहा। लेकिन उसे इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन तथा अनेक अन्य संस्थाओं की स्थापना उसके द्वारा हुई। संदेह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र भारी मात्रा में पैसा खर्च करने के बजाय क्या कोई संस्थायें स्थापित करने में सफल होगा। समय आ गया है कि भारत तथा अन्य महाशक्तियों को सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट तथा वीटो का अधिकार मिले। यदि सुरक्षा परिषद उचित काम करती है तो ठीक, नहीं तो नई दिल्ली को ऐसे संगठन पर ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहिए जहां उसका पैसा और समय खर्च होता है तथा उचित सम्मान भी नहीं मिलता है।

# उभर रहा है नया राजनीतिक यथार्थ

"हो सकता है अमेरिका और बिहार के चुनावों में परिलक्षित ताजा युग्मकता समान प्राधिकार हासिल करे यदि वे समान संकल्प को बनाए रखते हैं।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



विश्व की नींद युग्मकताओं के एक नए युग में खुली है, जहां दिखने में दूरस्थ सितारे महत्वपूर्ण द्वामता वाली ध्रुवीय स्थितियों पर स्थापित होते हुए निकट आ गए हैं। मैं किसी ब्रह्मांडीय घटना की ओर संकेत नहीं कर रहा बल्कि अमेरिका और बिहार के चुनावों के परिणामों की बात कर रहा हूं, जहां 21वीं सदी के राजनीतिक यथार्थ के नए आयाम उभरकर आना प्रारम्भ हो गए हैं। चलिए देखते हैं कि प्रमुख राजनीतिक जोड़तोड़ के संदर्भ में बिजनेस के लिए इसका अर्थ क्या है। कहीं भी कार्य के दौर में, सायबर सुरक्षा व्हाइट हाउस में नए प्रशासन के लिए पहला पड़ाव होनी चाहिए। उम्मीद की जाती है कि जो बाइडेन प्रशासन जटिल सायबर सुरक्षा चुनौतियों से निबटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की ओर बढ़ेगा। अतीत के साथ समानता का एक जुड़ाव यह हो सकता है कि एक नई तकनीकी औपनिवेशिक पृष्ठभूमि के साथ चीन के अतिशय तकनीकी समर्थित आर्थिक आकांक्षाओं के प्रति आक्रामक रुख अपनाया जाए। एकमात्र विचलन कम्पनी दर कम्पनी दृष्टिकोण से एक व्यापक, टिकाऊ, बहुकारकीय, साझीदारी आधारित दृष्टिकोण की ओर बढ़ना हो सकता है जिससे कि चीन के आईसीटी आपूर्ति श्रंखलाओं में आवश्यकता से अधिक हिस्से को रोका जा सके।

यहीं पर आकर बिहार चुनाव का जनादेश प्रासंगिक हो जाता है। कम से कम अंतिम चरणों तक, राजनीति के केंद्र में बिहार के वरिष्ठ नेताओं की अनुपस्थिति समेत, इस चुनाव में बहुत सी चीजें पहली बार हुई हैं। इसमें एक सरल फिर भी जटिल जनादेश आया है, जहां राज्य तथा नागरिकों के प्रति बनी हुई बहुत सी धारणाएं ध्वस्त हो गईं और एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। पहली बार, वोट देने की अपील करते हुए युवा नेताओं को एक समूह नजर आया जिसने नौकरियों व रोजगार के मुद्दे को मोर्चे पर लाने का काम किया, एक ऐसे राज्य के लिए जो अपने जाति आधारित मतदान पैटर्न के लिए व्यापक रूप से जाना जाता रहा है। इसने बिहार के युवाओं को नौकरियां मुहैया कराने के स्पष्ट लक्ष्य के साथ उसे चौथी बार मुख्यमंत्री बना दिया जो हाल ही में वापस घरों की ओर श्रमिक पलायन के संकटकालीन दौर से उभरा है।

सापेक्षत: अल्पावधि में हजारों की संख्या में नौकरियां सृजित करने का सबसे आसान तरीका है आईसीटी क्षेत्र में बड़ी कम्पनियों को विनिर्माण आधार सृजित करने के लिए राजी किया जाना। इसके लिए चाहिए भविष्य में किसी भी प्रकार के जंगल राज से पूर्णत: मुक्ति का ठोस आश्वासन तथा क्षेत्र में किए जाने वाले निवेश से बदले में लाभ मिलने की गारंटी। निष्पादन से जुड़े प्रोत्साहनों के द्वारा आईसीटी उत्पादों हेतु घरेलू विनिर्माण की ओर केंद्र द्वारा जोर दिया जाने को बिहार में मूर्त रूप दिया जाना चाहिए, जिस तरह उत्तर प्रदेश में प्रतिध्वनित हुआ है। वैश्विक रूप से तथा देश के भीतर एक विविधीकृत आपूर्ति श्रंखला संजाल संप्रभु सायबर सुरक्षा के प्रमुख सरोकारों को संबांधित करता है एवं तकनीक के युग में किसी देश की आत्मनिर्भरता को बढ़ाता है।

अगला बड़ा क्षेत्र आव्रजन का है, जहां आधे से अधिक दुनिया को यदि मौका मिलता है, तो वह अमेरिका की ओर जाना चाहती है। बाइडेन प्रशासन द्वारा डोनाल्ड ट्रंप के समय की कुछ कठोर नीतियों को तिलांजलि दिए जाने की संभावना है, जिनमें धर्म तथा क्षेत्रीय पहचान के आधार पर कुछ श्रेणियों के लोगों द्वारा यात्रा पर प्रतिबंध अथवा आधुनिक स्वास्थ्यरक्षा सुविधाओं तक पहुंच शामिल हैं। गैर-आप्रवासी वीजा की अधिक मांग है जिसमें कुछ राहतें मिल सकती हैं और उसी तरह विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग एवं गणित में पीएचडी स्नातकों पर देशों की मुहर भी शामिल है। वर्तमान प्रशासन अमेरिका में प्रशिक्षित, पीएचडी डिग्री धारकों को अमेरिका की स्थायी नागरिकता देना आकर्षक बना सकता है।

इसी तरह, हर कोई बिहार के देश के अन्य हिस्सों में पलायन की कहानी जानता है, खासकर अमित्रवत बड़े शहरों की ओर। जैसा कि हाल ही में देखा गया हे, जब बड़े पैमाने पर दुर्भाग्य का खतरा होता है, तो वे प्राय: अपने कस्बों व गांवों की ओर वापस लौटते देखे जाते हैं। पलायन का यह निरंतर चलने वाला चक्र एक प्रकार की सामाजिक खीझ पैदा करता है और कुछ हद तक बिहार पर एक क्षेत्र के तौर पर कलंक लग जाता है, जिसे आजीविका के अवसर सृजित करके रोका जा सकता है। पहले दिन से ही, नीतीश कुमार सरकार को आर्थिक एवं समग्र बेहतरी मुहैया कराने की शुरुआत करनी होगी। नागरिकों के लिए दीर्घकालीन आर्थिक अवसर, स्वास्थ्यरक्षा तथा शिक्षा सुविधाओं के सृजन के द्वारा बिहार से बाहर की ओर पलायन को राका जा सकता है और इसके फलस्वरूप एक नया एवं टिकाऊ वफादार मताधार पैदा होगा।

बिहार चुनाव प्रचार पर हावी प्रमुख मुद्दों में से एक था राज्य में आधारभूत ढांचे की दशा। यह बार-बार आने वाली बाढ़ के बाद ज्यादा प्रतिध्वनित हुआ था। केंद्र सरकार को देश के भीतर सापेक्षत: कम समय में विश्व स्तरीय ढांचा सृजित करने का श्रेय जाता है। अब जबकि भाजपा बिहार की सरकार में मजबूत हिस्सेदार बन गई है, ऐसे में एक भी कच्ची सड़क, सेतु अथवा पाइप जलापूर्ति की समस्या को छोड़ा नहीं जाना चाहिए, जिससे कि राज्य के शानदार दिनों का पुनरुत्थान हो सके।

इसी तरह, अमेरिका में नई हुकूमत ने अवसंरचना में निवेशों को केंद्र में रखकर चलने की बात कही है, साथ ही साथ कार्य स्थल विकास, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल कनेक्टिविटी आदि पर जोर दिया जा रहा है। पूर्व में, उसने बहु क्षेत्रों में 2 ट्रिलियन अवसंरचना व्यय का वादा किया था। जिस चीज ने विश्व का ध्यान खींचा है वह है निर्वाचित राष्ट्रपति का स्वच्छ ऊर्जा भविष्य का निर्माण करने हेतु संभावित मात्रा में निवेश आवंटित करना। दुनिया एक स्वच्छ, स्वस्थ कल की प्रतीक्षा में है और सबसे पुराने लोकतंत्र की ओर से दिशा निर्देशों की ओर देख रही है। ऐसा प्राय: देखा गया है कि युग्मक सितारा प्रणालियां अंतत: एक बड़ा चुंबकीय क्षेत्र निर्मित करती हैं, अंतत: जिससे पारिस्थितिकीस तंत्र ऊर्जा से समृद्ध एवं परिपूर्ण हो जाता है। हो सकता है अमेरिका और बिहार के चुनावों में परिलक्षित ताजा युग्मकता समान प्राधिकार हासिल करे यदि वे समान संकल्प को बनाए रखते हैं।

## आप की बात

### आतंक का क्रूर चेहरा

**अफ्रीकी** देश मे मोजाम्बिक में 50 लोगों की गला काटकर हत्या की घटना को फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने आंतकवाद एक अंतरराष्ट्रीय खतरा बताया। यही नही महिलाओ का अपहरण कर लेना, गांवों को लूट लेने के बाद आगजनी की वारदात करना। ये सब आईएस आईएस के आतंकियों की हरकतें है। एक रिपोर्ट के अनुसार आईएस आईएस के आतंकियों ने फुटबाल के मैदान में फरमान न मानने वाले 50 लोगों को मौत की नींद सुला दिया। और तो और आतंक का खौफ़नाक मंजर तो देखिए कि आतंकियो ने उन लोगो के शरीर के टुकड़े टुकड़े कर दिए। आतंक का इतना वीभत्स स्वरूप दिल दिमाग को विचलित करता है। आखिर आतंक का इतना क्रुर चेहरा भो हो सकता है... ? यह सब सोचने पर विवश करता है। इसमें कोई दो मत नही आतंकवाद हर देश की जटिल समस्याओं में से एक है।जो सिर दर्द बनकर उभर रहा है।हर देश सुरक्षा के नाम पर करोड़ो, अरबो रुपये खर्च करता है। परन्तु इस सुरसा की भांति मुह फैलाये समस्याओं का हल नही खोज पा रहा। प्रतिवर्ष हजारो बेगुनाह लोग आतंकवाद का शिकार होते है। परन्तु समस्या अंगद के पैर की तरह अडिग है। आतंकवाद कोई सा भी हो आतंकवाद, आतंकवाद ही होता है।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### कोरोना के साये में दीवाली

**कोरोना** का संक्रमण 9 माह के बाद भी खत्म होता नजर नहीं आ रहा है। होली के बाद तमाम त्योहार घरों की चारदीवारी में ही मनाने को मजबूर जनता इस बार दीपावली की धुन में मगन तो रहेगी पर धड़ाका नहीं कर सकेगी। वैसे बिगड़ते पर्यावरण के मद्देनजर यह जरूरी है पर पटाखों के बिना इस त्योहार का मजा भी किरकिरा रहेगा। लोग भी संयम रखें और बहुत थोड़े से खर्च में अपना शौक पूरा करके त्यौहार मनाए। दीपावली पर पटाखे फोड़ने की परंपरा रामराज्य के समय से ही रही है। तब उस समय प्रचलित आतिशबाजीयों का उपयोग होता था आज जमाने का रंग अलग है। दीपावली पर पटाखे फोड़ने की एक वजह बरसात के बाद उत्पन्न हुए कीट पतंगों के नष्ट होने से भी जुड़ी है जो इनके धुंए आदि से नष्ट हो जाते हैं। इसके अलावा भी कई वजहें हैं। कोरोना से बिगड़े हालातों ने इस बार पटाखों के शौक से भी लोगों को वंचित किया है जो हालातों के मान से ठीक ही है। आज अगर धुएं से वातावरण प्रदूषित होता है तो फिर संक्रमण का डर बढ़ेगा। ऐसे में लोग इस बार दीपावली की खूब धूम मचाए पर धड़ाका नहीं करें तो ही अच्छा रहेगा।

– **अमृतलाल, मारू**, धार, मप्र


### जल संरक्षण को मजबूती

**हाल** ही में जल शक्ति मंत्रालय ने द्वितीय राष्ट्रीय जल पुरस्कारों का ऐलान किया है जिसमें उत्तर भारत में उत्तराखंड का अल्मोड़ा जिला प्रथम स्थान पर आया। जो कि एक बहुत ही अच्छी खबर है मंत्रालय ने नदी पुनरुद्धार जल योद्धा जल संरक्षण सहित अनेकों वर्ग में पुरस्कारों की घोषणा की थी। आज के समय में जल संरक्षण बहुत ही ज्यादा जरूरी है हम देखते हैं कि जिन जगहों में जल की आपूर्ति नहीं हो पाती वहां सूखा पड़ जाता है और वहां के लोगों को भी बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिससे कि उनके यातायात उनके रहन-सहन में बहुत दिक्कत है आती है। पानी आज के समय में मानव की जरूरतों को पूरा करने में सबसे ज्यादा मुख्य किरदार निभाता है ऐसे में इसका संरक्षण बहुत जरूरी है क्योंकि आज के समय में हम देखते हैं कि बिना पानी के कुछ भी मुमकिन नहीं है जैसी जगहों पर जल की आपूर्ति नहीं होती है जैसे कि दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में पानी टैंकों से जाता है जिससे कि आप पता लगता है कि बिना पानी के वहां के लोगों को क्या क्या दिक्कत आती है।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**अन्यों** के साथ सामरिक नाभिकीय शक्तियों को नियंत्रित करने की पूर्णरूपेण सुविधा का सृजन पूर्ण होने को है। इसमें सुरक्षा की गुंजाइश बहुत अधिक होगी।

– **व्लादिमीर पुतिन**
रूस के राष्ट्रपति

**यदि** हमारी पार्टी बंगलौर में सत्तासीन होती है तो हमारी पहली प्राथमिकता शहर में मोहल्ला क्लीनिकें स्थापित करना होगी।

– **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उपमुख्यमंत्री





11 राज्यों में हुए हालिया चुनावों से स्पष्ट संकेत मिलता है कि देश के 135 करोड़ लोग चट्टान की तरह पीएम नरेंद्र मोदी के पीछे खड़े हुए हैं।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री

# धूमधाम से मनी महारानी लक्ष्मीबाई जयंती

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**देश की** प्रथम महिला वीरांगना व काशी की बेटी वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई जयंती शुक्रवार प्रात: अस्सी स्थित महरानी जन्मस्थली बनाई गयी। राष्ट्रसेविका समिति की संस्था महारानी लक्ष्मीबाई सेवा न्यास के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सर्वप्रथम महारानी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर उन्हे नमन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि काशी की बेटी महारानी लक्ष्मीबाई आज भी महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। काशी की बेटी देश की आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिया था। अंग्रेस से लड़ाई में काशी की बेटी शहीद हो गयी लेकिन उन्होंने देशवासियों के दिलों में आजादी की लौ जलाने का कार्य किया था इसके बाद अंग्रेजों को देश छोड़कर भागना पड़ा। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई जिनका जन्म काशी में हुआ और अंग्रेजों से लड़ते हुए ग्वालियर में शहीद हो गयी थीं। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम वीरांगना काशी की बेटी महारानी लक्ष्मीबाई जयंती राष्ट्रसेविका समिति की संस्था महारानी लक्ष्मीबाई सेवा न्यास के तत्वावधान में महारानी की जन्मभूमि पर स्थापित महारानी की मूर्ति की मान वन्दना से सम्पन्न हुआ। जिसमें कोविड 19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए राष्ट्रसेविका समिति की वेशभूषा में महिलाओं व बालिकाओं के साथ गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सहभागिता की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व सन्त अतुलानन्द कान्वेन्ट स्कूल की छात्रा शांभवी सिंह ने किया। इसका सजिव प्रसारण सोशल मीडिया पर किया गया। काशी की बेटी की जयंती के अवसर पर न्यास की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डा. पद्मजा मेहता, डा. कल्पना, ममता बरनवाल, शशि दूबे, रीना सिंह, वैदेही सिंह, चारुशीला, सावित्री, सुनीता, कविता मालवीय के अलावा प्रतियोगिता प्रभारी न्यासी अंन्जू सिंह, नेहा दूबे, दुर्गा पाण्डेय, लीना, उमेश द्विवेदी, के साथ डा. रजनीश उपाध्याय की टीम आयोजन में शामिल रहे। कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने वालों में नगर संघ चालक राम प्यारे चौबे, न्यासी मीना चौबे, प्रान्त कार्यालय प्रमुख दीनानाथ आदि मौजूद रहे।

## एनएससी केडेट्स ने चलााय स्वच्छता जागरूकता अभियान

**वाराणसी।** बीएचयू परिसर स्थित 2यूपी ईएमई कम्पनी एनसीसी के तत्वावधान में जागरूकता अभियान के तहत वेबीनार का आयोजन किया गया। कमांडिंग ऑफिसर उपेन्द्र नाथ पाण्डेय वेबीनार का औपचारिक उद्घाटन करते हुए कहा कि स्वच्छता ही स्वथ्य जीवन का मूल है। अगर प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के उपाय स्वयं करें और सार्वजनीक स्थानों को प्रदुषण से बचाए तो बहुत सी समस्याओं का समाधान अपने आप हो जाएगा। अगर सामान्य समस्या का सामाधान हो जाय तो जटिल समस्याओं पर अनुशासन और कठोर कार्रवाईयों के जरिए जीत हासिल किया जा सकता है। वेबीनार में एनससी कैडेट सागर कुमार झा ने यूनिट के समस्त कैडेट्स को स्वच्छता अभियान के बारे में जागरूक किया तथा स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं को विस्तार पूर्वक समझाया। केडेट्स को सरकार द्वारा जारी किये गये एक्शन प्लान तथा स्वच्छता मिशन के बारे भी अवगत कराया गया।

# पौधरोपण कर दिया स्वच्छता का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**केंद्रीय पुलिस** बल 95 बटालियन एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के संयुक्त तत्वाधान में शूलटंकेश्वर गंगा नदी के तट पर स्वच्छता अभियान के तहत पौध रोपण किया गया। मंदिर में पूजन, गौ पूजन एवं पौधरोपण स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेंद्र नारायण सिंह विधायक रोहनिया विशिष्ट अतिथी नरेंद्र पाल सिंह कमांडेंट 95 बटालियन केंद्रीय पुलिस बल ने पौध रोपण किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। नरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि हमारे देश में अक्सर ऐसा होता है कि कोई भी बड़ा कार्य होता है तो हम उम्मीद करते हैं कि वह सरकार करेगी जैसे पर्यावरण संरक्षण दुर्भाग्य से कुछ लोग मानते हैं कि केवल सरकार और बड़ी कंपनियों को ही पर्यावरण संरक्षण के लिए कुछ करना चाहिए परंतु ऐसा नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति अगर अपनी अपनी जिम्मेदारी समझे तो सभी प्रकार की कचरा , गंदगी और बढ़ती आबादी के लिए स्वयं उपाय करके पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी दे। इस प्रकार ही हम परिवारों को संरक्षित कर सकते हैं और अपने आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अच्छा वातावरण उनको भविष्य के रूप में दे सकते हैं। इस अवसर पर सीआरपीएफ के जवानों के अलावा ओम प्रकाश गुप्त, नारायण सिंह, समीर पांडेय आदि उपस्थित थे।

## एमएलसी चुनाव को लेकर कांग्रेस में मचा अंदरूनी घमासान

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**सुत न** कपास जुलाहो में लट्ठम लट्ठा कुछ यही कहानी एमएलसी चुनाव को लेकर कांग्रेस में इन दिनों चल रही है। कांग्रेस पार्टी में चुनाव को लेकर आपसी खींचतान सतह पर आ गई है। कांग्रेस ने अधिकृत प्रत्याशी संजीव सिंह के पर्चा दाखिले के बाद कांग्रेस की स्थानीय इकाई ने नागेश्वर सिंह को समर्थित प्रत्याशी के तौर पर चुनाव में उतार दिया है। कांग्रेस की ओर से दो प्रत्याशियों के चुनाव मैदान में उतरने से पार्टी का अंतर कलह सतह पर आ गया है। नागेश्वर सिंह बताते हैं वे पुराने कांग्रेसी हैं। कांग्रेस सदस्य होने का दावा करते हुए नागेश्वर सिंह ने कहा कि आठ जिलों के कांग्रेस सदस्य उनके साथ हैं। जल्द ही यह बात साफहो जाएगा की कौन कांग्रेस का असली अधिकृत प्रत्याशी है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव जंत्रलेश्वर यादव ने बताया कि पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी संजीव सिंह ही इसके लिए वे सोनिया गांधी के पत्र का साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया। जंत्रलेश्वर यादव, डा. राजेश मिश्र के करीबी हैं और संजीव सिंह को पार्टी की सदस्यता दिलाने का श्रेय भी राजेश मिश्र को ही जाता है। कांग्रेस का एक खेमा संजीव सिंह के साथ है जबकि स्थानीय इकाई ने नागेश्वर सिंह को मैदान में उतारा है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष नागेश्वर सिंह के साथ है। जानकारों की माने तो आम आदमी पार्टी से नाता तोड़कर कांग्रेस का हाथ थामने वाले संजीव सिंह ने एमएलसी चुनाव में प्रत्याशी बनाने पर सहमति के बाद ही कांग्रेस से हाथ मिलाया था। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक संजीव सिंह के पार्टी में सदस्यता के दौरान ही उनको टिकट की बात कही गई थी ऐसे संजीव सिंह को बाहरी बताना ठीक नहीं है। पूर्व सांसद डा. राजेश मिश्र के करीबी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पार्टी में भीतरघाती आ गए हैं इन्हे तत्काल बाहर कर देना चाहिए।

# बेजुबानों पर त्योहार कहीं भारी न पड़ जाए

● समाजसेवी मुरली मनोहर सिंह ने सरकार के निर्णय का स्वागत किया है

सुशील कुमार मिश्र। वाराणसी

**दिवाली की** खुशियों के बीच शासन की तरफसे वायु प्रदूषण और कोरोना संक्रमण खतरों के बीच पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकिए चोरी छिपे पटाखे बिक भी रहे हैं और लोग त्योहार की खुशियां पटाखों के शोर में मनाने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। इन सबके बीच बेजुबानों की मानो शामत आ जाती है।

गलियों में पटाखों के शोर के बीच स्वछंद विचरण करने वाले पशुओं की समस्या भी बढ़ जा रही है। कहीं धमाकों के बीच भागते पशु चोटिल हो रहे हैं तो कहीं घबराहट में वह खुद को नुकसान भी पहुंचा रहे हैं। शहर में पशुओं के इलाज और उनको भोजन के साथ ही देखरेख करने वाली सोनम कुमारी ने 'पायनियर' को बताया कि पशु हमारी सभ्यता संस्कृति और सरोकारों का अहम हिस्सा रहे हैं। लिहाजा दिवाली मनाते समय यह जरूर ध्यान दें कि उससे बुजुर्ग और अस्पताल में मरीज ही नहीं बल्कि आपकी गली और मोहल्लों के साथ घर में मौजूद पालतू पशु भी प्रभावित न हों।

दिवाली के कानफोड़ू पटाखों के शोर में बेजुबानों की आवाज बनने के लिए जागरण के माध्यम से अपील किया कि लोग अपने घरों को दीपक से रोशनी करें और प्रकाश पर्व मनाएं। वायु और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों से होने वाले नुकसान को देखते हुए प्रकाश पर्व पर बेजुबानों का भी ख्याल रखने की जरूरत है। सोनम ने बताया कि पटाखों के शोर और जानवरों के पास पटाखे फोड़ने से वह परेशान होकर विपरीत व्यवहार करने के साथ अवसाद में भी लंबे समय रहते हैं। बताया कि उनकी टीम जानवरों के लिए इस दिवाली भी सक्रिय रहेगी। यदि पटाखों से कोई पशु घायल हो या भूखा हो तो उनको भोजन और इलाज की व्यवस्था उनकी टीम करेगी। समाजसेवी एवं क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के पूर्व अध्यक्ष मुरली मनोहर सिंह ने 'पायनियर' संवाददाता दीपावली के पावन पर्व पर बताया कि प्रशासन ने वाराणसी सहित 15 शहरों में पटखा न फोड़ने का निर्णय लिया हैं। दीपावली पर मनुष्य को पटाखा फोड़ने में आनंद आता है वहीं बेजुबान कुत्ता, गाय, साड़ व पक्षी को भारी दिक्कतें होती है। कभी-कभी तो लोग अपनी खुशी के लिए पटाखा फेड़ते हैं इनके फोड़ने से बेजुबान जल जाते हैं और कई तो मर जाते है। समाजसेवी मुरली मनोहर सिंह, काशी पत्रकार संघ के पीछे गोलघर में एक 'रानी' नामक एक बेजुबान कुतिया को पाल रखा है। बेजुबान को सुबह में दूध, बिस्किट एवं जलेबी खिलाते हैं तथा सायं काल 'रानी' को त्योहार के हिसाब से खाना खिलाते है। उनका कहना है कि मनुष्य किसी से मांग कर खा लेगें किन्तु बेजुबान जानवर इशारा से ही अपने मालिक से खाना मांगती है। उनका कहना है कि सरकार ने पटाखा बेचने पर प्रतिबंध कर दिया है जिसका हम स्वागत करते हैं। इससे सैकड़ों बेजुबान जानवर इस बार मरने से बच जायेगें।

## क्विक न्यूज

### दिवाली त्योहार में परिवार व दोस्तों के साथ जश्न मनाने का माहौल



**वाराणसी।** जगमग रोशनी का त्योहार दिवाली नजदीक ही है। फेस्टिव सीजन की आहट के साथ इस त्योहार में अपने परिवार और दोस्तों के साथ जश्न मनाने का काफी बेहतरीन और खुशनुमा माहौल बन गया है। इस सीजन में खुशियों को और बढ़ाने के लिए आप अपने प्रियजनों को 8 हजार रुपये से कम कीमत वाली श्रेणी में मिलने वाले बेस्ट बजट स्मार्टफोन गिफ्ट कर सकते हैं। इससे आपकी जेब पर बहुत ज्यादा बोझ भी नहीं पड़ेगा। टेक्नो स्पार्क 6 एयर ने इस वर्ष एंट्री लेवल सेग्मेंट में अपनी स्थिति को मजबूत बनाते हुए 7999 रुपये की कीमत में यह स्मार्टफोन लॉन्च किया है। अब यह स्मार्टफोन फेस्टिव सीजन में स्पेशल प्राइस पर लोगों को मिल सकता है। केवल यही नहींए उपभोक्ताओं को स्पार्क 6 एयर के साथ ब्लूटूथ ईयरपीस मुफ्त में दिया जाएगा।ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रैंड टेक्नो6 अपने एक्सपेक्ट मोर के सिद्धांत पर लगातार स्थिर रहा है। टेक्नो अपने कंज्यूमर्स को प्रीमियम फीचर्स वाले स्मार्टफोन किफायती दामों पर मुहैया करा रहा है।

### कोरोना में दीवाली पर दिख रहा उत्साह

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण काल के बाद आये राष्ट्रीय पर्व दीपावली पर लोगों में खासा उत्साह दिख रहा है। अमेजफिट भारतीय स्मार्टवॉच सेगमेंट में स्मार्टवॉच ब्रांड एच वन के लिए आईडीसी वर्ल्ड वाइड डिवाइस ट्रैकर की रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर में डायनेमिक बिप यू लांच किया। जो भारतीयों के साथ तुरंत हिट हो गया। बीआईपी यू जो कि अत्यधिक लोकप्रिय बीआईपी श्रृंखला के अतिरिक्त है। यह ऑनलाइन स्टोर पर बिक गया। यह अपने लांच के दिन तथा अमेज़न पर पहनने योग्य श्रेणी में सबसे अधिक विक्रेता बन गया। यह ऑफ़र केवल तेरह नवंबर तक रहता है। उत्पादों पर चल रहे त्यौहार दिवाली बिक्री का हिस्सा है। दोस्तों और परिवार के लिए दिवाली उपहार है।

### यंग इंडिया के आधार पर तेजी से हो विकास

**प्रयागराज।** रोजगार को लेकर और यंग इंडिया को ध्यान में रखते हुए इसे तैयार किया गया है। जिसका मोटो नेवर से नेवर है। भारत में अल्कोहल और ब्रेवरीज इंडस्ट्रीज की बात की जाए तो यह काफी तेजी से विकास कर रही है। हालांकि मेट्रो सिटी में और टियर टू सिटीज में कंजप्शन के पैटर्न में काफी अंतर है। टिल्ट एक ऐसा प्रोडक्ट है जो वाइन को बियर की तरह कैन के रूप में लाया है। मिलिनेयिल्स के लिए यह टेस्ट फ्रेंडली रॉयल और पॉकेट फ्रेंडली भी है। फ्रैटली वाइन्स के फाउंडर कपिल सिखरी ने कहा कि इसके अलग अलग वेरिएंट हैं। यूथ अपनी पसंद के हिसाब से उनमें से चूज कर सकते हैं। फ्रैटली वाइन्स अपनी लेटेस्ट प्रॉडक्ट टिल्ट भारत में लांच करने जा रही है। शराब के शौकीन के लिए यह एक शानदार प्रॉडक्ट है। इसके अलग अलग फ्लेवर अलग अलग रंगों में लांच किए गए हैं। एक ऐसा यूथ जो लिव योर ड्रीम में यकीन रखता है। लेकिन दूसरों की भावनाओं का भी सम्मान करना जानता है। समानों को लेकर तमाम प्रकार के अवसर दिए गए हैं। इसके लिए बहुत से विकल्प दिए जा रहे हैं।

# नई दिल्ली हावड़ा मुख्य मार्ग स्वचालित सिग्नलिंग की स्थापना की ओर अग्रसर

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**उत्तर मध्य** रेलवे का प्रयागराज मण्डल नई दिल्ली हावड़ा मुख्य मार्ग 751 किलोमीटर हिस्से का संचालन और रखरखाव करता है। देश के उत्तरी से पूर्वी हिस्से तक ट्रेनों के समग्र संचालन के लिए इस मार्ग पर ट्रेनों की गतिशीलता अत्यंत महत्वपूर्ण है। महत्वपूर्ण खंड में ट्रेन की हैंडलिंग की क्षमता बढ़ाने के लिए कानपुर से गाजियाबाद और बमरौली से पं दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन खण्ड पर पहले से ही स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली स्थापित है। कई महत्वपूर्ण कार्य जैसे ट्रिपलिंग चौथी लाईन का कार्य फ्लाई ओवर यार्ड रीमॉडेलिंग स्वचालित सिग्नलिंग आदि कार्य भी तेजी से किये जा रहे हैं। गाजियाबाद जंक्शन से पं दीन दयाल उपाध्याय खंड को पूर्ण रुप से स्वचालित सिग्नलिंग से लैस करने के क्रम में कानपुर फतेहपुर खंड में स्वचालित सिग्नलिंग के प्रावधान के लिए काम चल रहा है। इसी क्रम में प्रेमपुर करबिगावां खंड में 5٥27 किलोमीटर और करबिगावां औंग खंड में 6٥61 किलोमीटर के स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली का काम क्रमश: 7 और 12 नवंबर 2020 को उत्तर मध्य रेलवे की परियोजना इकाई और प्रयागराज मण्डल के संयुक्त प्रयासों से सफलतापूर्वक पूरा किया गया। कानपुर फतेहपुर खंड में यह तीसरा ब्लॉक खंड है। जहां चालू वित्तीय वर्ष में स्वचालित सिग्नलिंग चालू की गई है। कमिश्नर ऑफ़ रेलवे सेफ्टी सीआरएस से अपेक्षित संरक्षा क्लीयरेंस प्राप्त करने के बाद सम्बंधित विभागों द्वारा यह कार्य मात्र 08 दिनों के रिकॉर्ड समय में मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर कंस्ट्रक्शन उत्तर मध्य रेलवे भोलेंद्र सिंह वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर टीआरडी प्रयागराज वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर प्रयागराज वरिष्ठ मण्डल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर प्रयागराज एवं कानपुर की निगरानी में किया गया। इसी क्रम में औंग बिंदकी रोड और बिंदकी रोडकंसपुर गुगौली खंडों में स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली को दिसंबर 2020 तक और कानपुर से फतेहपुर पूरे खंड को मार्च 2021 तक चालू करने के लिए लक्षित किया गया है। इससे खंड की ट्रेन हैंडलिंग क्षमता में काफी वृद्धि होगी। महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं टेलिकाम इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे अरुण कुमार मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज मोहित चंद्रा और पूरी टीम को कोविड 19 संकट के बावजूद महत्वपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त करने के लिये बधाई दी है।

## गुणवत्ता और स्वच्छता का होगा विशेष ध्यान

**प्रयागराज।** जैसे संस्कृति से भरपूर देश में मिठाई किसी भी विशेष अवसर या त्यौहार पर खुशी जाहिर करने का एक महत्वपूर्ण जरिया है।मीठा भारतीय परंपराओं में गहराई से बसा हुआ है और भारतीय मिठाई बाजार में बड़े पैमाने पर हलवाईयों द्वारा बनी हुई मिठाइयों का प्रभुत्व है। हालाँकि कोविड महामारी ने विशेष रूप से खाद्य पदार्थों के मामले में विश्वसनीय ब्रांडों से पैकेज्ड उत्पादों के प्रति कस्टमर्स की रुचि बढ़ाई है। आवश्यकता को समझते हुए ज्ञान डेयरी ने विश्वास से भरा टैगलाइन के साथ अपने विवेकी उपभोक्ता के लिए भारतीय मिठाई की एक नई रेंज अंदाज़ को इंट्रोड्यूस कराती है। गुणवत्ता और स्वच्छता से भरे प्रोडक्ट्स के आश्वासन के साथ साथ भारतीय मिठाइयों के कॉम्बिनेशन की एक रेंज प्रस्तुत कर रहा है। जिसमें प्रसिद्ध पेड़ा का संयोजन एक बेहद आकर्षित गिफ्ट बॉक्स में आता है। इस लांच के साथ घर में पारंपरिक मिठाइयों को उनके महत्व के साथ वापस लाने के लिए है। जो हमारे लोगों के साथ मजबूत ब्रांड कनेक्शन का निर्माण करती है। स्वास्थ्य और स्वच्छता के उच्चतम मानकों के अनुसार इसकी ताजगी और सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया जाता है।

## पुरुष, महिलाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध

**प्रयागराज।** इन दिनों दीवाली को लेकर चौतरफा उत्साह का माहौल है। लोग धनतेरस के चलते खरीदारी करने में जूटे हैं। दैनिक उपयोग के लिए एक आदर्श स्मार्टफोन बनाती है। मेक इन इंडिया के लिए वीवो की प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए विवो वी बीस का निर्माण ग्रेटर नोएडा स्थित प्लांट में किया जाएगा। जो कि लगभग दस हजार पुरुषों और महिलाओं को रोजगार देता है। हमारी कोशिश है कि भारत में बिकने वाला हर वीवो स्मार्टफोन भारतीयों द्वारा ही बनाया गया हो। वीवो ने आज अपने कैमरा फोकस्ड वी सीरीज पोर्टफोलियो के लेटेस्ट स्मार्टफोन वी बीस एसई के एक नए रंग एक्वामरीन ग्रीन में उपलब्ध होने की घोषणा की। यह नया रंग समुद्र से प्रेरित है। जो गहरे समुद्र के रंग की तरह बीच में हरा और किनारों पर नीला है। एक्वामरीन ग्रीन कलर वैरिएंट दस नवंबर से वीवो इंडिया ई स्टोर प्रमुख ई कॉमर्स वेबसाइटों और पूरे भारत में सभी मेनलाइन रिटेल पार्टनर्स स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। इसके चलते तमाम तैयारियां की जा रही हैं। वहीं दीपावली को लेकर हर प्रकार से लोग खरीदारी की जा रही है।

# डीएम ने मिशन शक्ति अभियान के शुभारंभ पर जनपद स्तरीय समिति गठित करने के दिए निर्देश

● महिलाओं एवं बालिकाओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा

संवाददाता। उन्नाव



**प्रदेश में** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षाए सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिये शारदीय नवरात्रि से लेकर बासंतिक नवरात्र तक मिशन शक्ति अभियान के रूप में विभिन्न विभागों द्वारा अन्तर्विभागीय समन्वय द्वारा संचालित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में जनपद में 162.बांगरमऊ विधानसभाग उपनिर्वाचन के कारण लागू आदर्श आचार संहिता के समाप्त होने पर विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार द्वारा मिशन शक्ति अभियान का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मिशन शक्ति अभियान के सफल एवं सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी द्वारा जनपद स्तर पर समिति का गठन किये जाने एवं समस्त विभागों को मिशन शक्ति अभियान की कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित कार्ययोजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जानेए विभिन्न विभागों में आपसी समन्वय स्थापित किये जाने एवं प्रत्येक विभाग में नोडल अधिकारी नामित किये जाने हेतु निर्देशित दिया गया। साथ ही जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनु यादव द्वारा अवगत कराया गया कि मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत माह नवम्बर में षि्मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा तथा सपोर्ट थीम पर विस्तृत कार्यक्रम आयोजित कर जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा तथा सपोर्ट प्रदान किया जाना है। जिसके अनुक्रम में डा0 विकास दीक्षित मनोचिकित्सकए एंव अन्य विशेषज्ञ परामर्शदाताओं द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के शक्ति योद्धाओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा तथा सपोर्ट थीम पर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा षि्मशन शक्तिषि् की प्रगति की समीक्षा हेतु प्रत्येक सप्ताह बैठक आहूत किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डा0 राजेश कुमार प्रजापतिए क्षेत्राधिकारी ;नगरद्धए डी0सी0 एन0आर0एल0एम0ए मुख्य पशु चिकित्साधिकारीए जिला पंचायत राज अधिकारीए जिला विद्यालय निरीक्षकए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारीए सहायक श्रमायुक्तए जिला कार्यक्रम अधिकारीए जिला युवा कल्याण अधिकारीए अपर मुख्य चिकित्साधिकारीए उपायुक्त उद्योग एवं उद्यमिता विकास केन्द्रए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारीए उपनिदेशक कृषिए जिला प्रोबेशन अधिकारीए समस्त बाल विकास परियोजनाधिकारीए महिला शक्ति केन्द्र एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## पत्रकार के शव मिलने का मामला

# परिजनों ने हत्या का आरोप लगा दी तहरीर महिला दरोगा और सिपाही पर लगाया आरोप

संवाददाता। उन्नाव

### दोनों मोबाइल मिले थे टूटे

**पत्रकार** के दोनो मोबाइल घटनास्थल पर टूटे मिले थे। जो पूरे मामले को संदिग्ध बना रहे है। पुलिस ने घटनास्थल पर टूटे मिले पत्रकार के मोबाइल को कब्जे में ले रखा है। मोबाइल के टूटे मिलना परिजनों के बीच चर्चा का विषय था।

**लखनऊ से** प्रकाशित हिंदी दैनिक के पत्रकार का शव रेलवेट्रैक पर बीती शाम मिलने के बाद से ही मामले के संदिग्ध होने की चर्चाएं थी। देर रात पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने खुलासा करते हुवे पुलिस विभाग की एक महिला दरोगा के साथ ही विभाग के ही एक सिपाही व एक अन्य अज्ञात को नामजद करते हुवे प्राथमिकी दर्ज कराई है। मृतक पत्रकार की माँ की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी में हत्या का आरोप लगाते हुवे शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने की बात कही गई है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर गौरव त्रिपाठी ने बताया मृत पत्रकार सूरज पाण्डेय 22 का शव रेलवे ट्रैक पर सदर कोतवाली इलाके में शराब मील के पास मिला था। जिसका पोस्टमार्टम कराया गया था। पोस्?टमार्टम रिपोर्ट में एंटीमार्टम एंजारी मिली है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। जिसमें एक महिला दरोगा सुनीता चौरसिया व सिपाही अमर सिंह पर षड्यंत्र के तहत हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने की बात कही गयी है। परिजनों की तहरीर के आधार पर दोनों ज्ञात और 1 अज्ञात के विरुद्ध 302ए 120 बी 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है। जांच के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

वहीं मृतक पत्रकार की मां लक्ष्मी पाण्डेय ने पुलिस को दी तहरीर में एसआई सुनीता चौरसिया के संबंध में बताया कि वह मृत पत्रकार बेटे की मित्र थी और उनका घर आना जाना था। उनका आरोप है विभाग का एक सिपाही अमर सिंह जो पूर्व में दरोगा का जीप चालक था ने 11 नवंबर को बेटे सूरज को फोन करके सुनीता चौरसिया का नाम लेकर बुरा भला कहा और देख लेने की धमकी भी दी थी।

तहरीर में उनका आरोप है 12 नवंबर को सुबह 9 बजे बेटे सूरज को फोन कर किसी ने बुलाया था। इसके बाद उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने रेलवे लाइन किनारे शव मिलने की जानकारी दी थी। शिकायत के अनुसारए सूरज के घर से निकलने के बाद उसका मोबाइल भी स्विच ऑफहो गया था।

# ओवैसी की पार्टी बंगाल में चुनाव लड़े, भाजपा को कोई फर्क नहीं

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)



**भाजपा** के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने शुक्रवार को दावा किया कि असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के मैदान में उतरने या इससे दूर रहने से भाजपा की जीत की संभावनाओं पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पश्चिम बंगाल में अगले साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है जहां विपक्षी भाजपा के सामने ममता बनर्जी की अगुवाई वाली सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का गढ़ भेदने की चुनौती है। विजयवर्गीय ने यहां संवाददाताओं से कहा, ओवैसी (की पार्टी) पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में उतरें या नहीं उतरें, लेकिन हमें विश्वास है कि वहां दो तिहाई बहुमत से हमारी सरकार बनेगी। कांग्रेस नेताओं द्वारा ओवैसी की पार्टी को भाजपा की बी-टीम और वोटकटवा कहे जाने पर उन्होंने कहा, कांग्रेस नेताओं द्वारा अपनी चुनावी असफलताओं को किसी दूसरे व्यक्ति के सिर पर थोपना उचित नहीं है। उन्हें इतनी-सी बात समझ नहीं आ रही है कि उनकी लुटिया इसलिए डूब रही है क्योंकि उनके नेता राहुल गांधी राजनीतिक तौर पर सक्षम नहीं हैं।

हाल के बिहार विधानसभा चुनावों में पांच सीटें जीतने के बाद ओवैसी की पार्टी ने पश्चिम बंगाल में चुनावी किस्मत आजमाने का मन बनाया है। राजनीतिक गलियारों में कयास लगाए जा रहे हैं कि एआईएमआईएम के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में उतरने पर अल्पसंख्यकों पर तृणमूल कांग्रेस की पकड़ कमजोर हो सकती है।

बिहार चुनावों में वाम दलों के प्रदर्शन में सुधार से पड़ोसी पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों में उन्हें फायदा मिलने के कयास को विजयवर्गीय ने खारिज किया। भाजपा महासचिव ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में नए नेतृत्व के अभाव के कारण वाम दलों के लिए अपनी खोई जमीन हासिल करना बेहद मुश्किल है। उन्होंने अपनी बात में जोड़ा, पश्चिम बंगाल में वाम दलों के प्रति युवाओं में कोई आकर्षण भी नहीं है।



अगरतला में दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर बीएसएफ जवानों के साथ मोमबत्ती जलाते बांग्लादेश बार्डर सुरक्षा के जवान।

## तृणमूल और गुरुंग के जीजेएम ने मेरे काफिले पर हमले की साजिश रची: दिलीप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में अपने काफिले पर पथराव के एक दिन बाद शुक्रवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) के बिमल गुरुंग धड़े के सदस्यों ने उन पर हमले की साजिश रची थी। घोष ने संवाददाताओं से कहा कि पर्वततीय क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटों को देखते हुए तृणमूल ने अब उन ताकतों से हाथ मिला लिया है जिन्हें उसने कभी राष्ट्र विरोधी करार दिया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि ममता बनर्जी नीत पार्टी पर्वतीय और दोआर क्षेत्रों में पैसे बांट रही है ताकि वहां उसके प्रभाव और आधार में वृद्धि हो सके।

घोष ने कहा, यह सभी पूर्व नियोजित (काफिले पर हमला) था। तृणमूल नेतृत्व को इसकी जानकारी थी और पुलिस ने इसे रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। भाजपा नेतृत्व ने तृणमूल कांग्रेस पर पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में आतंक फैलाने का भी आरोप लगाया। घोष ने जोर दिया, हमारे कार्यकर्ता भयभीत नहीं हैं ... हम डरे हुए नहीं हैं। हम सड़कों पर उतरते रहेंगे। लोग हमारे साथ हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि वे स्वतंत्र रूप से मतदान कर सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा के कई राष्ट्रीय नेताओं ने इस घटना के बाद उनका हालचाल पूछा। इस घटना में उनका वाहन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया टिप्पणी मौत के खेल से मत नहीं मिल सकता का जिक्र करते हुए प्रदेश भाजपा प्रमुख ने कहा, माननीय प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी के एक दिन बाद पुर्व मेदिनीपुर में हमारे एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई और मेरे काफिले पर हमला किया गया। ए अच्छे संकेत नहीं हैं। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार को अलीपुरद्वार जिले के जयगांव इलाके में घोष के काफिले पर पथराव किया गया था और काले झंडे दिखाए गए थे।

## पश्चिम बंगाल के आसनसोल में एक व्यक्ति ने चार लोगों की पीट-पीटकर हत्या की

**भाषा।** आसनसोल

**पश्चिम बंगाल** के पश्चिम बर्दवान जिले में शराब की एक दुकान पर एक व्यक्ति ने चार लोगों की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है, जो संभवत: मानसिक रूप से अस्थिर है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़ितों में से तीन लोग आसनसोल के शिवपुर इलाके में शराब की एक दुकान के भीतर सो रहे थे, तभी मध्यरात्रि में आरोपी ने डंडे से अचानक उन पर हमला कर दिया। वह उन पर ताबड़तोड़ वार करता रहा। अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों की चीखें सुनकर कुछ स्थानीय लोग वहां पर पहुंचे। कुछ लोगों ने नजदीक के पुलिस थाने को घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाहर आकर आरोपी ने वहां पहुंचे एक और व्यक्ति पर हमला कर दिया। बाद में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। अधिकारी ने बताया कि चारों को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## ओवैसी की पार्टी की मौजूदगी से तृणमूल की अल्पसंख्यकों पर पकड़ हो सकती है कमजोर

**भाषा।** कोलकाता

**असदुद्दीन** ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मैदान में उतरने पर तृणमूल कांग्रेस की अल्पसंख्यकों पर पकड़ कमजोर हो सकती है। बिहार विधानसभा चुनाव में पांच सीटे जीतने के बाद पार्टी ने बंगाल में किस्मत आजमाने का मन बनाया है। राज्य में 2011 में वाम मोर्चे को हराने के बाद से ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी को ही अल्पसंख्यक मतों का फायदा मिला है। एआईएमआईएम के इस फैसले पर पार्टी का कहना है कि ओवैसी का मुसलमानों पर प्रभाव हिंदी और उर्दू भाषी समुदायों तक सीमित है, जो राज्य में मुस्लिम मतदाताओं का सिर्फ छह प्रतिशत है। पश्चिम बंगाल में 30 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं। कश्मीर के बाद सबसे अधिक मुस्लिम मतदाता बंगाल में ही हैं।

अल्पसंख्यक, विशेषकर मुसलमान, 294 सदस्ईय विधानसभा में लगभग 100-110 सीटों पर एक निर्णायक कारक हैं, जो 2019 तक, अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ तृणमूल के लिए हमेशा फायदेमंद रहे है। इनमें से अधिकांश ने पार्टी के पक्ष में मतदान किया है, जो भगवा दल के विरोध में हमेशा उनके लिए विश्वसनीय रहे हैं। वरिष्ठ मुस्लिम नेताओं का कहना है कि एआईएमआईएम के यहां चुनाव लड़ने से समीकरण यकीनन बदल सकता है।

मिशन पश्चिम बंगाल के लिए तेलंगाना स्थित पार्टी की विस्तृत योजना के बारे में बात करते हुए, इसके राष्ट्रीय प्रवक्ता असीम वकार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पार्टी ने राज्य में 23 जिलों में से 22 में अपनी इकाईयां स्थापित की हैं। वकार ने कहा, हम बंगाल में विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। हम रणनीति तैयार कर रहे हैं। हमने राज्य के 23 जिलों में से 22 में अपनी मौजूदगी दर्ज करा ली है। हमें लगता है कि एक राजनीतिक पार्टी के तौर पर हम राज्य में मजबूत पकड़ बना सकते हैं।

एआईएमआईएम ने पिछले साल नवम्बर में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ रैली में ममता बनर्जी पर परोक्ष रूप से निशाना साधने के बाद से ही दोनों पार्टियों के बीच जंग शुरू हो गई थी, जो अब चुनावी मैदान तक पहुंच गई है।

## क्विक न्यूज

### राजग को ओवैसी की आरती उतारनी चाहिए, जिनकी वजह से उनकी सरकार बनने जा रही : तारिक अनवर

**पटना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर ने शुक्रवार को कहा कि राजग को असदुद्दीन ओवैसी की आरती उतारनी चाहिए जिनकी वजह से एक बार फिर बिहार मे उनकी सरकार बनने जा रही है। तारिक अनवर ने ट्वीट किया कि हिन्दू कट्टरपंथी हों या मुस्लिम कट्टरपंथी, कांग्रेस की जंग दोनों से जारी रहेगी, क्योंकि ए दोनो एक-दूसरे के पूरक है। राजग को ओवैसी की आरती उतारनी चाहिए जिनकी वजह से एक बार फिर बिहार में उनकी सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कटिहार संसदीय क्षेत्र के परिणाम काफ़ी हद तक संतोष जनक रहे। छह विधानसभा सीट में तीन महागठबंधन को प्राप्त हुई,जिनमे दो कांग्रेस और एक (भाकपा) माले को मिली। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से तीन विधान सभा क्षेत्रों मे हमारे उम्मीदवार मामूली मतो से पीछे रह गए। एआईएमआईएम की ज़मानतें सभी विधान सभा क्षेत्रों में जब्त हुईं। गौरतलब है कि कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में 19 सीटों पर जीत हासिल हुई जबकि साल 2015 के चुनाव में उसे 27 सीटों प्राप्त हुई थी। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 74 सीट मिली जबकि जदयू को 43 सीटों पर जीत हासिल हुई।

### बिहार शराब प्रतिबंध नीति में हो संशोधन:भाजपा सांसद

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव में राजग की जीत के कुछ दिन बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया कि बिहार में शराब पाबंदी की नीति को बदला जाए क्योंकि इससे राजस्व को नुकसान हो रहा है और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। झारखंड से लोकसभा सदस्य दुबे ने बिहार विधानसभा चुनाव में राजग को स्पष्ट बहुमत मिलने के दो दिन बाद यह बयान दिया है। उन्होंने ट्वीट किया, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अनुरोध करता हूं कि राज्य की शराब प्रतिबंध की नीति मे कुछ संशोधन करें। जिन्हे शराब बेचनी ही है या पीनी है वे अन्य राज्यों के रास्ते ऐसा कर लेते है। इससे राज्य को राजस्व का नुकसान होता है, होटल उद्योग प्रभावित होता है और पुलिस तथा राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार बढ़ा है। नीतीश कुमार ने नवंबर 2015 मे राज्य मे शराब की बिक्री और सेवन पर रोक लगाने की घोषणा की थी।

### उत्तराखंड: भाजपा नेता लाखी राम पार्टी से निलंबित

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मंत्री लाखी राम जोशी को कथित रूप से मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को लेकर पीएम को पत्र लिखने पर शुक्रवार को भाजपा से निलंबित कर दिया गया। प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र भसीन ने यहां बताया कि जोशी द्वारा लिखे गए एक पत्र के संबंध में उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्वाई करते हुए उन्हे पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। जोशी को इस संबंध मे एक नोटिस देकर सात दिन मे उत्तर देने के लिए भी कहा गया है। उत्तर न मिलने अथवा उनका जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर उन्हें पार्टी से निकाला भी जा सकता है। प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने कहा कि पार्टी मे अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण विषयो मे से एक है और किसी भी कार्यकर्ता को अनुशासनहीनता के मामले मे कोई रियायत नही दी जा सकती चाहे वह कितना भी बड़ा क्यो न हो। यदि किसी के मन में कोई बात है तो वह सीधा उनसे कह सकता है और वह उसे उचित स्तर पर ले जाएंगे लेकिन अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति मे स्वीकार नही की जा सकती।

### मंत्रिमंडल में विस्तार या फेरबदल का निर्णय भाजपा आलाकमान से बातचीत के बाद लिया जाएगा: एदियुरप्पा

**बेंगलुरु** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने शुक्रवार को कहा कि मंत्रिमंडल मे विस्तार या फेरबदल का फैसला भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ चर्चा के बाद लिया जाएगा। संकेत दिया कि बिहार मे सरकार बनने के बाद ही आलाकमान के साथ उनकी बैठक की संभावना है। एदियुरप्पा ने कहा, मै (केंद्रीय नेतृत्व) से संपर्क करूंगा..। मुझे दिल्ली जाना है, हालात ऐसे है कि बिहार के मुख्यमंत्री के चुनाव के बाद ही मै उनसे मिल पाऊंगा। एदियुरप्पा ने संवाददाताओ से कहा कि मै स्थिति को देखते हुए वहां जाऊंगा। मंत्रिमंडल विस्तार या फेरबदल की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होने कहा कि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि दिल्ली में आलाकमान क्या कहता है। एदियुरप्पा ने 10 नवंबर को दो विधानसभा सीटो पर उपचुनाव मे पार्टी की जीत के बाद मंत्रिमंडल मे फेरबदल के संकेत दिए थे जिसके बाद राज्य मे सत्तारूढ़ भाजपा खेमे के भीतर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई है।

### पत्रकार के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद करने से इनकार

**शिलांग।** मेघालय उच्च न्यायालय ने प्रदेश में आदिवासी एवं गैर आदिवासी समुदायो के बीच कथित रूप से सांप्रदायिक तनाव भड़काने वाली प्रदेश की वरिष्ठ पत्रकार पैट्रिशिया मुखीम की फेसबुक पोस्ट के खिलाफ पुलिस मे दर्ज शिकायत रद्द करने से मना कर दिया है। पद्मश्री से सम्मानित एवं शिलांग टाइम्स समाचार पत्र की संपादक मुखीम की ओर से दायर याचिका का निपटारा करते हुए न्यायमूर्ति डब्ल्यू दिएंगदोह ने कहा कि इस मामले की जांच के लिए जांच एजेंसी को छूट दी जानी चाहिए ताकि कानून की उचित प्रक्रिया के अनुसार वह अपने निष्कर्ष पर पहुंचे।



विजयवाड़ा में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी व उनकी पत्नी वाईएस भारती राज्यपाल विश्वभूषण हरीचन्द्रन व उनकी पत्नी को दीपावली की बधाई देते हुए।

## नीतीश काम करते तो उन्हें छल नहीं करना पड़ता: राजद

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि अगर वे काम करते, तो उन्हें छल नहीं करना पड़ता और भाजपा को अपनी बैसाखी भी नहीं बनाना पड़ता। विपक्षी राजद ने ट्वीट किया, नीतीश जी बार बार दोहराते हैं कि हम सिर्फ़ काम करते हैं। और पूरे बिहार के नागरिक यह सोच सोच कर परेशान होते हैं कि नीतीश जी कौन सा काम करते हैं? कहाँ और कब काम करते हैं? नीतीश कुमार पर तंज करते हुए राजद ने कहा अगर वे काम करते तो जीतने के लिए छल क्यों करना पड़ता?, भाजपा को अपनी बैसाखी क्यों बनाना पड़ता और चुनाव में वह नकारे क्यों जाते ? गौरतलब है कि एक दिन पहले ही राजद नेता तेजस्वी यादव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि जनता का फैसला महागठबंधन के पक्ष में है, वहीं चुनाव आयोग का नतीजा राजग के पक्ष में गया है।

उन्होंने कहा था कि नीतीश कुमार तीसरे नंबर पर आ गए हैं, और बिहार के लोगों ने जो जनादेश दिया वह बदलाव का जनादेश है। बिहार विधानसभा चुनाव में बेहद रोमांचक मुकाबले मे नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले राजग ने 243 सीटों में से 125 सीटों पर कब्जा कर बहुमत का जादुई आंकड़ा हासिल कर लिया जबकि महागठबंधन के खाते में 110 सीटें आई।भाजपा की 74 और जदयू की 43 सीटों के अलावा सत्तारूढ़ गठबंधन के साझीदारों में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा को चार और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) को चार सीटें मिलीं। वहीं, विपक्षी महागठबंधन में राजद को 75, कांग्रेस को 19, भाकपा माले को 12 और भाकपा एवं माकपा को दो-दो सीटों पर जीत मिली। चुनाव में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू को 43 सीटों पर जीत मिली जबकि साल 2015 के चुनाव में जदयू को 71 सीटों पर जीत हासिल हुई थी।

### शिवसेना ने शव सेना वाली टिप्पणी पर

## अमृता फडणवीस की आलोचना की

**मुंबई।** शिवसेना ने भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस की शव सेना संबंधी टिप्पणी के लिए शुक्रवार को आलोचना की और कहा कि उन्हें यह समझना चाहिए कि वर्णमाला का हर अक्षर महत्वपूर्ण होता है।अमृता फडणवीस ने बृहस्पतिवार को उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना पर हाल में संपन्न बिहार विधानसभा चुनावों में उसके खराब प्रदर्शन को लेकर कटाक्ष किया और उसे शव सेना कहा था। महाराष्ट्र में एमवीए सरकार का नेतृत्व करने वाली शिवसेना ने अमृता फडणवीस पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें अपने खुद के नाम में शामिल अक्षरों के महत्व को समझना चाहिए। शिवसेना प्रवक्ता नीलम गोरे, जो विधान परिषद में उप सभापति भी हैं, ने एक बयान में कहा, अपने नाम से अ अक्षर को मृत अवस्था में मत ले जाइए। अपने नाम अमृता में अ के महत्व को समझिए। उन्होंने कहा, दिवाली के शुभ अवसर के दौरान अपने दिमाग में बुरे विचार मत लाइए। गोरे ने कहा, आपको शिवसेना के नाम को गलत ढंग से कहने से कोई लाभ नहीं होगा।

गौरतलब है कि अमृता फडणवीस ने ट्वीट किया था, वास्तव में चल क्या रहा है? शव सेना ने बिहार में अपनी ही सहयोगी (कांग्रेस) को खत्म कर डाला। उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे महाराष्ट्र को कहां ले जा रहे हैं, लेकिन बिहार को सही जगह पर लाने के लिए धन्यवाद। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बिहार में भाजपा के चुनाव प्रभारी थे, जहाँ उनकी पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है।शिवसेना ने बिहार में कुछ सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन वह अपना खाता भी खोलने में नाकाम रही और उसके अधिकतर उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई।

## भूमि विवाद : राउत ने भाजपा पर निशाना साधा,कहा-25 साल विपक्ष में रहेगी पार्टी

**मुंबई।** शिवसेना ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे एवं दिवंगत अन्वय नाइक के परिवारों के बीच जमीन के सौदे का आरोप अलीबाग के इंटीरियर डिजाइनर के आत्महत्या मामले की जांच की दिशा बदलने का प्रयास है। महाराष्ट्र की सत्तारूढ़ पार्टी शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने भाजपा पर निशाना साधा और पार्टी के पूर्व सांसद किरीट सोमैया की उनके दावे को लेकर आलोचना की। सोमैया ने बुधवार को दोनों परिवारों के बीच जमीन के सौदे का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी।

प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल पर हमला करते हुए राउत ने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि महाराष्ट्र में भाजपा लगातार 25 सालों तक सत्ता से बाहर रहे। बातचीत में राउत आपा खो बैठे और उन्होंने भाजपा को सेठजी की पार्टी तथा सोमैया को व्यापारी करार दिया। राउत ने कहा, सेठजी की पार्टी के प्रवक्ता उस मराठी महिला के बारे में बोलने के लिए तैयार नहीं हैं जो विधवा हो गई। (उनका इशारा इंटीरियर डिजाइनर अन्वय नाइक की पत्नी की तरफ था।)


उन्होंने शिवसेना के पूर्व सहयोगी दल पर हमला तेज करते हुए कहा, वह और उनकी बेटी न्याय की गुहार लगा रही हैं और जब हम उन्हें न्याय दिलाना सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं तो ए लोग आत्महत्या की जांच की दिशा मोड़ने के लिए आरोप लगा रहे हैं। यह एक गंभीर मसला है। राज्य सभा सदस्य ने दावा किया कि 2014 में दोनों परिवारों के बीच कानूनी तौर पर भूमि का सौदा हुआ था। राउत ने कहा, एक मराठी व्यक्ति ने सौदा किया है तो उन्हें (सोमैया) कोई समस्या है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिवसेना की अगुवाई वाली एमवीए सरकार अपना कार्यकाल (2024 तक) पूरा करेगी। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि महाराष्ट्र में भाजपा 25 साल तक सत्ता से बाहर बैठे। हमारा रूख नाइक के परिवार को न्याय दिलाना तथा आत्महत्या के लिए उकसाने वालों को कानून सम्मत सजा दिलाना है।

शिवसेना नेता ने टीवी पत्रकार अर्नब गोस्वामी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि सेठजी की पार्टी आरोपी को बचाना चाहती है। गोस्वामी एवं दो अन्य के खिलाफ नाइक एवं उनकी मां को कथित रूप से आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है। राउत ने कहा, वह (सोमैया) जिन 21 भूमि सौदों के बारे में बातचीत कर रहे हैं वह क्या है। उनमें से पांच भी दिखाईए। केवल एक सौदा हुआ था और वह भी पूरी तरह कानूनी तरीके से। प्रवर्तन निदेशालय से जांच कराने की मांग के बारे में पूछे जाने पर राउत ने हमला बोलते हुए कहा कि केवल प्रवर्तन निदेशालय ही क्यों.....सीबीआई भी है।




कोलकाता में बच्चों ने दीपावली और काली पूजा की पूर्व संध्या पर पटाखों के उपयोग पर पोस्टरों के साथ जागरूकता रैली निकाली।

# निमोनिया, डायरिया से बच्चों को बचाने में भारत की उपलब्धियों को नुकसान पहुंचा रही है कोविड



**भाषा। नई दिल्ली**

**वार्षिक** निमोनिया और डायरिया प्रगति रिपोर्ट के ताजा संस्करण के अनुसार भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चों को टीकाकरण कर निमोनिया और डायरिया से बचाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, लेकिन कोविड-19 महामारी से इस दिशा में अर्जित उपलब्धियों को नुकसान पहुंचने का खतरा है।

जॉन्स हॉपकिन्स ब्लूमबर्ग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में इंटरनेशनल वैक्सीन एक्सेस सेंटर (आईवीएसी) की रिपोर्ट के अनुसार पूरी दुनिया में जहां बच्चों में बीमारी की रोकथाम और उनके इलाज संबंधी सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, वहीं भारत ने इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है और बच्चों को डायरिया और निमोनिया की रोकथाम के टीके सुनिश्चित किए हैं।

रिपोर्ट में ताजा उपलब्ध आंकड़ों से दस संकेतकों का विश्लेषण कर इस प्रगति को आंका गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में अधिक आबादी होने की वजह से पांच साल से कम उम्र के बच्चों की निमोनिया और डायरिया से मृत्यु का जोखिम अन्य किसी देश से अधिक है। हर साल भारत में निमोनिया और डायरिया से पांच साल से कम उम्र के करीब 2,33,240 बच्चों की मृत्यु हो जाती है और यह आंकड़ा लगभग 640 बच्चे प्रतिदिन है।

इसमें कहा गया है कि भारत में रोटावायरस टीके का दायरा 18 प्रतिशत बढ़ गया। 2018 में यह 35 प्रतिशत था जो 2019 में 53 प्रतिशत हो गया। बयान के अनुसार भारत में डायरिया के इलाज का कवरेज सबसे कम है और केवल 51 प्रतिशत बच्चों को ओआरएस घोल मिला वहीं केवल 20 प्रतिशत बच्चों को जिंक मिला।

## जांच में कोई कोताही न बरती जाए

**भाषा। मुंबई**

**● जनवरी-फरवरी में दूसरी लहर आने की आशंकाः महाराष्ट्र सरकार**

**अगले** साल जनवरी-फरवरी में कोरोना वायसरस महामारी की दूसरी लहर आने की आशंका जताते हुए महाराष्ट्र सरकार ने अधिकारियों से कहा है कि जांच में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए।

राज्य सरकार के स्वास्थ्य सेवा निदेशालय से 11 नवंबर को जारी एक सर्कुलर में कहा गया है कि अगले साल जनवरीफरवरी में महामारी की दूसरी लहर आने की आशंका है। इसमें कहा गया है कि यूरोप में जो हो रहा है उसके आधार पर दूसरी लहर की आशंका जताई जा रही है। सर्कुलर में कहा गया है कि अक्टूबर से महाराष्ट्र में कोविड19 के मामलों में कमी देखी गई है। इसमें कहा गया है कि वायरस की दूसरी लहर से कई देश प्रभावित हुए हैं खास तौर से यूरोप में। सर्कुलर के अनुसार कोरोना वायरस की जांच में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए और सभी प्रयोगशालाएं भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के दिशा निर्देशों के अनुरूप काम करेंगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, प्रत्एक दस लाख लोगों पर 140 जांच होनी चाहिए। सरकार की ओर से जारी इस दस्तावेज में कहा गया है कि सभी जिलों में एवं नगर निगम के दायरे में कोविड-19 जांच के लिए प्रयोगशालाएं होनी चाहिए।

इसमें कहा गया है कि यह समय की मांग है कि हम कोविड19 के मरीजों एवं जिन लोगों को सांस लेने में समस्या है, उनके स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए पटाखा मुक्त दीपावली मनाएं। सर्कुलर में लोगों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें एवं तनाव न लें। महाराष्ट्र में 12 नवंबर तक कोरोना वायरस संक्रमण के 17,36,329 मामले सामने आ चुके हैं और 45,682 की मौत हो चुकी है।

## भारत में कोविड-19 के 44,879 नए मामले

**भाषा। नई दिल्ली**

**भारत** में एक दिन में कोविड-19 के 44,879 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर शुक्रवार को 87.28 लाख हो गए। वहीं 81,15,580 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 92.97 प्रतिशत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 24 घंटे में 547 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,28,668 हो गई।

वहीं अभी तक कोविड-19 के कुल 87,28,795 मामले सामने आए हैं। देश में कोविड-19 से मृत्यु दर 1.47 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार देश में अभी 4,84,547 लोगों का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 5.55 प्रतिशत है।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार 12 नवम्बर तक कुल 12,31,01,739 नमूनों की कोविड-19 की जांच की गई, जिनमें से 11,39,230 नमूनों का परीक्षण अकेले बृहस्पतिवार को किया गया।



भोपाल में शुक्रवार को दिवाली त्योहार की पूर्व संध्या पर सजावटी सामान बेचती महिला दुकानदार

## सेना प्रमुख जनरल नरवणे ने तवाघाट सेक्टर का हवाई सर्वेक्षण किया

**भाषा। पिथौरागढ़**

**सेना** प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने शुक्रवार को उत्तराखंड में भारतचीन सीमा के निकट तवाघाट सेक्टर में भारत की सीमा चौकियों का हवाई सर्वेक्षण किया। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि सेना प्रमुख ने पिथौरागढ़ से बरेली एयरबेस के लिए रवाना होने से पहले सुबह करीब नौ बजे यह हवाई सर्वेक्षण किया। जनरल नरवणे ने उत्तराखंड में सीमा चौकियों का हवाई सर्वेक्षण चमोली जिले में भारतचीन सीमा के निकट स्थित भारत के आखिरी गांव माणा से बुधवार को शुरू किया था। सूत्रों ने बताया कि सेना प्रमुख ने चमोली जिले में बृहस्पतिवार को रिमखिम, नीती और लपताल सीमा चौकियों का हवाई सर्वेक्षण किया था।

## त्रिपुरा के राहत शिविरों में रह रहे ब्रू लोगों ने स्थाई आवास व एसटी प्रमाणपत्र की मांग की

**भाषा। अगरतला**

**● ब्रू समुदाय के हजारों लोग उत्तर त्रिपुरा जिले के दो उपमंडलों में स्थित राहत शिविरों में 1997 से रह रहे हैं**

**उत्तर** त्रिपुरा जिले के राहत शिविरों में 1997 से रह रहे ब्रू समुदाय ने त्रिपुरा में उनके पुनर्वास की प्रक्रिया के दौरान स्थाई आवासीय और अनुसूचित जनजाति के प्रमाण पत्रों की मांग की है। एक अधिकारी ने बताया कि त्रिपुरा सरकार पड़ोसी मिजोरम से विस्थापित हुए 33,000 ब्रू लोगों की पुनर्वास की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर चुकी है।

ब्रू समुदाय के हजारों लोग उत्तर त्रिपुरा जिले के दो उपमंडलों में स्थित राहत शिविरों में 1997 से रह रहे हैं। वे जातीय संघर्ष की वजह से मिजोरम से भागकर त्रिपुरा आ गए थे। ब्रू समुदाय के प्रतिनिधियों, केंद्र सरकार, त्रिपुरा एवं मिजोरम सरकार के बीच इस साल 16 जनवरी को एक समझौता हुआ था। इसके तहत राहत शिविरों को खाली करने से इनकार करने वाले और मिजोरम वापस जाने से मना करने वाले ब्रू समुदाय के लोगों को करीब 23 साल राज्य में रहने के बाद त्रिपुरा में स्थाई रूप से बसने की इजाजत दे दी थी।

मिजोरम ब्रू विस्थापित लोग मंच (एमबीडीपीएफ) के महासचिव ब्रूनो मशा ने इस हफ्ते त्रिपुरा के मुख्य सचिव मनोज कुमार को लिखी चिट्ठी में ब्रू समुदाय के लोगों के लिए अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र और स्थाई आवासीय प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की। इस बीच, उत्तर त्रिपुरा जिले के कंचनपुर उपमंडल की ज्वाइंट मूवमेंट कमेटी (जीएमसी) ने उपमंडल में छह हजार ब्रू परिवारों को बसाने के सरकार के फैसले के खिलाफ बेमियादी प्रदर्शन करने का निर्णय किया है। जेएमसी में नागरिक सुरक्षा मंच और उपमंडल की मिजो कन्वेंशन शामिल हैं।

उसने सिलसिलेवार प्रदर्शन करके मांग की है कि ब्रू समुदाय को त्रिपुरा के सभी आठ जिलों में बसाया जाए। समिति के प्रमुख डॉ जेड पचुउ ने पत्रकारों से कहा कि उनकी उत्तर त्रिपुरा के जिलाधिकारी से मुलाकात हुई थी और उन्हें आश्वस्त किया गया था कि अधिकतम 1500 परिवारों को ही यहां बसाया जाएगा, लेकिन वे अब 6000 परिवारों को बसाने की कोशिश कर रहे हैं।

## वायु गुणवत्ता पर एनजीटी के निर्देश को लागू करने में कोई चूक न हो

**भाषा। नई दिल्ली**

**वायु** गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शुक्रवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और संबंधित राज्यों को निर्देश दिया है कि मौजूदा वायु गुणवत्ता स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के दिशानिर्देशों को लागू करने में कोई चूक न हो। आयोग ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों, समितियों और अन्य जमीनी स्तर के पदाधिकारियों से कहा है कि वे यह सुनिश्चित करें कि एनजीटी के दिशानिर्देशों को लागू करने में कोई चूक न होने पाए। आयोग ने कहा, एनजीटी की ओर से नौ नवंबर को जारी आदेश का पालन करते हुए और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता की चिंताजनक स्थिति और स्वास्थ्य पर इसके प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए आयोग ने सीपीसीबी, संबंधित राज्य सरकारों और प्रशासनों को निर्देश दिया है कि वे एनजीटी के दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करें और किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त न करें। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नौ नवंबर मध्यरात्रि से लेकर 30 नवंबर मध्यरात्रि तक पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर पूर्णतया रोक लगाते हुए कहा था कि पटाखे खुशियां मनाने के लिए फोड़े जाते हैं न कि मृत्यु और बीमारी का उत्सव मनाने के लिए।

## पंजाब के मुख्यमंत्री ने लोगों से दिवाली पर कोविड-19 सुरक्षा उपायों का ध्यान रखने को कहा

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने शुक्रवार को लोगों से अपील की कि वे दिवाली और बंदी छोड़ दिवस त्योहारों को पर्यावरण हितैषी उपायों और कोविड-19 दिशा-निर्देशों पर अमल के साथ मनाए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार सिंह ने लोगों को त्योहारों पर बधाई देते हुए उनसे घरों में परिवार के साथ रहते हुए कोविड-19 दिशा-निर्देशों पर अमल के साथ जश्न मनाने का आग्रह किया।

## लोग निर्धनों के लिए आशा और समृद्धि का दीप बनें : राष्ट्रपति

**भाषा। नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को लोगों से कहा कि वे निर्धन, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों के जीवन में खुशियां बांटते हुए आशा एवं समृद्धि का दीप बनने का संकल्प लें। राष्ट्रपति ने दिवाली के मौके पर सभी देशवासियों और विदेशों में बसे भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा, विभिन्न पंथों और धर्मों के लोगों द्वारा मनाया जाने वाला यह पर्व देश के लोगों की एकता, सद्भावना और भाई-चारे को मजबूत करता है। यह पर्व हमें मानवता की सेवा की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करता है। राष्ट्रपति ने कहा, आइए, इस मौके पर हम संकल्प लें कि हम समाज के निर्धन, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों के जीवन में खुशियां बांटते हुए आशा एवं समृद्धि का दीप बनें। दीपावली स्वच्छता का भी उत्सव है इसलिए हम प्रदूषण से मुक्त, पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ दिवाली मनाकर प्रकृति का भी सम्मान करें। उन्होंने कहा, मेरी कामना है कि खुशियों और प्रकाश का यह महापर्व, देश के हर घर में सुख, शांति और समृद्धि का संचार करे।

# पेज 1 का शेष

### राजाराम की...

अयोध्या की विकास परियोजनाओं के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार ने खजाना खोल दिया है। अयोध्या आने वाली रेलवे लाइन का दोहरीकरण के साथ भविष्य की जरूरतों के अनुसार रेलवे स्टेशन का सुंदरीकरण और विस्तारीकरण का काम जल्द आरंभ होगा। अयोध्या से सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 330 से एयरपोर्ट तक 18.75 करोड़ रुपए की लागत से चार लेन की सड़क को संवारा जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अयोध्या धाम से बाईपास के लिए सोहावल से विक्रमजोत तक का प्रस्ताव बना रहा है। करीब 1500 करोड़ रुपए की लागत से रायबरेली से अयोध्या तक चार लेन की सड़क के चौड़ीकरण का कार्य भी शीघ्र शुरू होगा। पिछले दिनों पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि अयोध्या को पर्यटन के लिहाज से वैश्विक सिटी बनाने के लिए उसी के अनुरूप कंसलटेंट का चयन करें। अयोध्या में करीब 242 लाख रुपए की लागत से दशरथ महल, सत्संग भवन, यात्री सहायता केंद्र और रैनबसेरा का निर्माण कार्य चल रहा है। फिलहाल अयोध्या में 524 लाख रुपए की लगात से ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, 197 लाख रुपए की लागत से पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर छाजन, दिगंबर अखाड़ा में 288 लाख रुपए की लागत से मल्टीपरपज हाल का निर्माण होना है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सीवरेज और पेयजल के लिए होने वाले काम अलग से हैं। रेल लाइन का दोहरीकरण, रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण और सुंदरीकरण भी हो रहा। सड़कों के चौड़ीकरण के कुछ प्रस्ताव राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पास है।

### प्रधानमंत्री मोदी...

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों द्वारा भगवान श्री राम लला के भव्य मंदिर का शिलान्यास संपन्न हुआ और भव्य मंदिर निर्माण प्रारंभ हो गया है। वैश्विक महामारी कोरोना में यह चौथा दीपोत्सव और शिलान्यास के बाद पहला दीपोत्सव बड़े ही भव्यता के साथ मनाया जा रहा है इसकी भव्यता और विस्तार और होता अगर यह वैश्विक महामारी कोरोना ना होता। 2017 में जब हमने दीपोत्सव मनाने का निर्णय लिया तो मंत्रिमंडल खुश था लेकिन अधिकारियों के मन में संशय था। 2019 में यह दीपोत्सव राष्ट्रीय नहीं वैश्विक बन गया और 2020 कोविड.19 में भी कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। 2021 में 7 लाख 51000 दिन जलाने के लिए हमने राम पैड़ी का विस्तार कर दिया है जिसमें लाखों लोग एक साथ स्नान कर सकते है। यह वही राम पैड़ी है जो 2017 के पहले बदबूदार पानी के लिए विख्यात थ आज अविरल और अनवरत बह रही है। श्री योगी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या को दुनिया का सबसे खूबसूरत शहर बनाना चाहते हैं जिसके लिए मैं आशीर्वाद मांगने आया हूं। राम काज में कोई विघ्न बाधा नहीं आती है और उनके कार्य में किसी के साथ कोई अन्याय नहीं होगा।अयोध्या को विश्व के साथ जोड़ने का काम किया जा रहा है जिसके लिए अंतर्राष्ट्रीय श्री राम एयरपोर्ट का काम चल रहा है जिससे कोरिया नेपाल से सीधी उड़ानें अयोध्या के लिए आएंगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा वह दिन दूर नहीं जब अयोध्या देश दुनिया में सबसे अलौकिक वैदिक रामायण कालीन के रूप में विकसित होगा इसके लिए हमें अयोध्या वासियों का समर्थन चाहिए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा बहुत जल आयोध्या में आधुनिक सुविधाओं से लैस एक मेडिकल कॉलेज प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा 2014 से हमेशा दलित शोषित पीड़ित वंचित और सभी 135 करोड़ भारतीयों के लिए एक बेटे के रूप में हमारे प्रधानमंत्री जी कार्य कर रहे हैं जिससे देश की जनता उनको निरंतर आशीर्वाद दे रही है। श्री योगी ने कहा अयोध्या के विकास का खाका संतो को तैयार करना होगा उनको अपना सुझाव देना होगा जिससे कि अयोध्या को और विकसित किया जा सके। बहुत जल्द अयोध्या में मां कौशल्या के नाम से मां का और बच्चों के रहने के लिए एक सदन का निर्माण किया जाएगा।अयोध्या को अयोध्या के अनुरूप वैदिक रामायण कालीन के रूप में विकसित करने की योजना है। 14 कोसी परिक्रमा हो पंचकोसी परिक्रमा हो 84 कोसी परिक्रमा हो और राम जानकी मार्ग का विकास ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जहां जहा भगवान श्रीराम गए हैं वहां वहां अयोध्या का विकास किया जाएगा। चौथे दीपोत्सव में महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि भगवान श्री राम भारतीय संस्कृति के आधार हैं राम से अलग करके संस्कृति को नहीं देखा जा सकता और जब हम अपनी संस्कृति का विकास करेंगे तभी देश का विकास होगा। दीपोत्सव को देश.दनिया देखा जा रहा है और भगवान श्री राम के मंदिर शिलान्यास के बाद पूरी दुनिया से लोग अयोध्या आना चाह रहे हैं। लगभग 3 बजे योगी आदित्यनाथ अपने उड़न खटोले से राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ अयोध्या पहुंचे वहां से उन्होंने सीधे रामलला का दर्शन पूजन कर रामलला की अगवानी के लिए राम कथा पार्क पहुंचे। राम कथा पार्क में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अयोध्या के संतो के साथ भगवान का राज्याभिषेक किया और वैचुअल दीपोत्सव बेबसाइड का शुभारंभ किए जिससे देश ही नहीं विदेश में रहने वाला कोई भी व्यक्ति रामलला के समक्ष वर्चुअल रूप से दीप प्रज्जवलित कर सकता है। इस अवसर पर डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय और डाक विभाग द्वारा दीपोत्सव पर एक डाक टिकट का अनावरण किया गया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सहित मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य और अयोध्या के गणमान्य साधु सत उपस्थित रहे। राम राज्याभिषेक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मां सरयू की आरती की 5 लाख 51 हजार विश्व रिकॉर्ड के लिए पहली ही की दीप जला कर के शुभारंभ किया।

### सेना की....

के बालाकोट में एक महिला की मौत हो गई। हास्पिटल प्रबंधन में जान गंवाने वालों की पहचान फारूका बेगम, पत्नी बशीर अहमद, नादिर हुसैन पुत्र पीर हुसैन तथा ताहिर जलालुद्दीन के रूप में की। ये सभी उरी के बालाकोट के रहने वाले थे। जम्मू क्षेत्र में पुंछ के साजियान इलाके में भी संघर्ष विराम उल्लंघन की घटना में पोर्टरों समेत सात नागरिक जख्मी हो गए। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट-कर्नल देविंदर आनंद ने कहा ' दोपहर करीब 1.45 पर पाकिस्तानी ने संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए छोटे हथियारों और मोर्टारों एलओसी के पास स्थिति पुंछ साजियान में फायरिंग सुरू कर दी। भारतीय सेना ने भी मुंहतोड़ कार्रवाई की। रक्षा प्रवक्ता कर्नल राजेश कालिया ने दावा किया शुक्रवार को केरन सेक्टर में एलओसी के पास सीज फायर का उल्लंघन कर घुसपैठ कराने की कोशिश को भारतीय सेना द्वारा विफल करने के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ गया था। उन्होंने कहा कि आज उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एलओसी के पास केरन सेक्टर मे अग्रिम चौकियों के पास सेना ने कुछ संदिग्ध मूवमेंट देखी। संदिग्ध घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया गया। एक हफ्ते के भीतर घुसपैठ की यह दूसरी कोशिश थी। इससे पहले 7-8 नवंबर की दरमियानी रात को माछिल सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया था। इसमें तीन आतंकवादी मारे गए थे। ऑपरेशन के दौरान एक कैप्टन और एक बीएसएफ जवान समेत सेना के तीन जवान शहीद हो गए थे।

### बिहार में...

से पहले पूरा किया जाना है। कैबिनेट की सिफारिशों को राज्यपाल को सौंपा जाएगा और इसके बाद नई सरकार के गठन के लिए आगे कदम उठाया जाएगा। गौरतलब है कि भाजपा इस चुनाव में 74 सीट जीत कर राजग में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर आई है जबकि जदयू को 43 सीटें प्राप्त हुई है हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने कुमार को अगला मुख्यमंत्री बनाने पर जोर दिया है। बिहार विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही नीतीश कुमार को सत्तारूढ़ राजग की ओर से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया गया था। नीतीश कुमार ने यह नहीं बताया कि उनके आवास पर बैठक में क्या तय हुआ। हालांकि जानकार सूत्र बताते हैं कि नए मंत्रिमंडल में प्रत्एक घटक के प्रतिनिधित्व और नए विधानसभा अध्यक्ष के मुद्दे पर चर्चा हुई। बहरहाल, ऐसी अटकले तेज हैं कि उपमुख्यमंत्री पद के लिए भाजपा की ओर से अति पिछड़े वर्ग से किसी नाम को आगे बढ़ाया जा सकता है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी के स्थान पर किसी को लाया जाएगा या उत्तर प्रदेश की तरह से दो उप मुख्यमंत्री का प्रयोग दोहराया जाएगा।

### नीतीश कुमार...

अनुसार, बिहार मंत्रिपरिषद के निर्णय के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अनुशंसा पर राज्यपाल ने भारत के संविधान प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधानसभा को आज विघटित कर दिया है। इसमें कहा गया है कि, राज्यपाल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके मंत्रिपरिषद के त्यागपत्र को स्वीकृति प्रदान करते हुए अगली मंत्रिपरिषद के गठन तक उन्हें और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों को अपने अपने पद पर बने रहने का अनुरोध किया है। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में निवर्तमान कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें राज्य विधानसभा भंग करने की सिफारिश की गई। राजभवन सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से मुलाकात की और उन्हें इस्तीफा सौंपा। इससे पहले राज्य कैबिनेट की बैठक में नीतीश कुमार ने सभी मंत्रियों को धन्यवाद दिया। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मंत्रियों के कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। हाल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनाव में राजग को बहुमत प्राप्त हुआ है और समझा जाता है कि राजग औपचारिक रूप से नई सरकार के गठन का दावा करेगा। बहरहाल, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की संयुक्त बैठक रविवार को होगी जहां नीतीश कुमार को गठबंधन का नेता चुना जाएगा। इस आशय का निर्णय राजग के चार घटक दलों भाजपा, जदयू, हम, वीआईपी की अनौचारिक बैठक में हुआ। यह बैठक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर हुई। बैठक के बाद जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने संवाददाताओं से कहा, रविवार 15 नवंबर को साढ़े बारह बजे बैठक शुरू होगी और इसमें आगे निर्णय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शाम को कैबिनेट की बैठक में विधानसभा भंग करने के बारे में निर्णय किया जाएगा जिसका कार्यकाल 29 नवंबर को समाप्त हो रहा है। कुमार ने कहा, इन औपचारिकताओं को नई सरकार के गठन से पहले पूरा किया जाना है। कैबिनेट की सिफारिशों को राज्यपाल को सौंपा जाएगा और इसके बाद नई सरकार के गठन के लिए आगे कदम उठाया जाएगा। गौरतलब है कि भाजपा इस चुनाव में 74 सीट जीत कर राजग में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर आई है जबकि जदयू को 43 सीटें प्राप्त हुई है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने कुमार को अगला मुख्यमंत्री बनाने पर जोर दिया है। बिहार विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही नीतीश कुमार को सत्तारूढ़ राजग की ओर से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया गया था। नीतीश कुमार ने यह नहीं बताया कि उनके आवास पर बैठक में क्या तय हुआ। बहरबाल जानकार सूत्र बताते हैं कि नए मंत्रिमंडल में प्रत्एक घटक के प्रतिनिधित्व और नए विधानसभा अध्यक्ष के मुद्दे पर चर्चा हुई। इस बीच, ऐसी अटकलें हैं कि उपमुख्यमंत्री पद के लिए भाजपा की ओर से अति पिछड़े वर्ग से किसी नाम को आगे बढ़ाया जा सकता है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी के स्थान पर किस को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा या उत्तर प्रदेश की तरह से दो उप मुख्यमंत्री का प्रयोग दोहराया जा सकता है। भाजपा की ओर से उपमुख्यमंत्री पद के लिए आरएसएस में जुड़े नेता कामेश्वर चौपाल का नाम चर्चा में है। चौपाल दलित समुदाय से आते हैं और वे 1990 में अयोध्या में राम जन्मभूमि में आधारशिला रखने के लिए चर्चित रहे हैं। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में राजग को 125 सीटें प्राप्त हुई है जो बहुमत के आंकड़े से तीन सीट अधिक है। इस बीच चकाई से निर्दलीय विधायक सुमित सिंह ने आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की और उन्हें अपना समर्थन दिया। सिंह के पिता नरेंद्र सिंह राज्य के पूर्व मंत्री रहे हैं और जमुई जिले के प्रभावशाली राजपूत नेता माने जाते हैं।

### सीमा पर...

फीसदी से ज्यादा ऊर्जा की आपूर्ति समुद्र के इसी रास्ते से होती है और यहां पर भारत की स्थिति बेहद मजबूत है। इसके अलावा चार क्वाड देशों का मालाबार युद्धाभ्यास अगले हफ्ते अंदमान और निकोबार समुद्र के पास हो सकता है। पहला चरण 3 से 6 नवंबर तक विशाखापट्नम में हुआ था। इसमें भारत, अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान की नौसेना ने जटिल ड्रिल में भाग लिया था। अगले चरण में भारत विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य को तैनात करेगा जबकि अमेरिका परमाणु चालित विमानवाहक पोत निमित्ज को तैनात करेगा। चीन ने मालाबार युद्धाभ्यास में आस्ट्रेलिया के भाग लेने पर एतराज जताया था और दावा किया था कि यह गठबंधन का सैन्यीकरण करेगा तथा इसका प्रभाव भारत-प्रशांत क्षेत्र में पड़ेगा। इसी पृष्ठभूमि में नौसेना प्रमुख ने पोर्ट ब्लेयर की यात्रा के दौरान ऑपरेशन तैयारियों की समीक्षा की। यह पर सेना के तीनों अंगों सेना, नौसेना और भारतीय वायुसेना की कमान है। नौसेना ने कहा सिंह ने आईएनएस बाज का निरीक्षण किया, नौसेना एयर स्टेशन ग्रेट निकोबार आईलैंड के कैंपबेल में स्थित है। दिवाली पर उनका दौरा जवानों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए था। तीन अंगों के कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे उन्हें ऑपरेशनल तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

### दिसंबर तक...

मंजूरी ले सकती है। वैक्सीन निर्माता ने 1600 वालंटियरों को ऑक्सफोर्ड-आस्ट्राजेनका के कोरोना वैक्सीन कोवीशील्ड की खुराक दी है और अगले 28 दिन वे निगरानी में रहेंगे। पूनावाला ने कहा कि शुरु की डोज भारत को मिलेगी। अगले साल की शुरुआत में पूरी मंजूरी मिलने के बाद 50-50 के आधार पर दक्षिण एशियाई देशों और कोवाक्स को उपलब्ध कराया जाएगा, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा समर्थित संगठन है। वह गरीब देशों के लिए यह टीका खरीदेगी। सीरम ने पांच डेवलपर्स से गठबंधन किया है और पिछले दो महीने में आस्ट्रा जेनेका की चार लाख खुराक तैयार की है। पूनावाला ने कहा कि हम थोड़े चिंतित थे क्योंकि यह बड़ा जोखिम था। लेकिन आस्ट्रा जेनेका-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी तथा नोवाक्स के टीके बेहतर लग रहे हैं।

### डब्ल्यूएचओ भारत....

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जयपुर और जामनगर के दो आयुर्वेद संस्थानों को वीडियो कॉन्फ्रेंस से देश को समर्पित किया। गुजरात के जामनगर स्थित आयुर्वेद अध्यापन एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए) और जयपुर का राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) देश में आयुर्वेद के प्रमुख संस्थान हैं। आयुष मंत्रालय के अनुसार आईटीआरए, जामनगर को संसद में कानून पारित करके राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा दिया गया है, वहीं जयपुर स्थित आयुर्वेद संस्थान को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी संस्थान का दर्जा दिया है। गेब्रेसस ने एक वीडियो संदेश में कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हम भारत में डब्ल्यूएचओ का एक वैश्विक परंपरागत औषधि केंद्र खोलने के लिए सहमत हो गए हैं ताकि परंपरागत और पूरक दवाओं के अनुसंधान, प्रशिक्षण और जागरुकता को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा, यह नया केंद्र डब्ल्यूएचओ की पारम्परिक चिकित्सा रणनीति 2014-2023 को क्रियान्वित करने के डब्ल्यूएचओ के प्रयासों में मदद करेगा। इस रणनीति का उद्देश्य स्वस्थ और सुरक्षित विश्व के लिए देशों को नीतियां बनाने और उसमें पारम्परिक चिकित्सा की भूमिका को मजबूती देना है।

## वेस्टइंडीज टीम में सभी नेगेटिव, क्वीन्सटाउन में खेलेगी अभ्यास मैच

**क्राइस्टचर्च।** वेस्टइंडीज की पूरी क्रिकेट टीम का कोविड-19 के लिए गए तीसरे और अंतिम परीक्षण मे परिणाम नेगेटिव आया है और अब टीम न्यूजीलैड ए के खिलाफ पहले अभ्यास मैच के लिए क्वीन्सटाउन रवाना होगी। कैरेबियाई टीम टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट शृंखला के लिए 30 अक्टूबर को यहां पहुंचने के बाद से ही पृथक्वास पर थी। पहले दो दौर के परीक्षणों मे उसके सभी खिलाड़ी नेगेटिव आए थे। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने बयान मे कहा, वेस्टइंडीज टीम के सभी सदस्यो का न्यूजीलैड दौरे के 12वें दिन कोविड-19 के लिए तीसरा और अंतिम परीक्षण कराया गया है जिसमे सभी के परिणाम नेगेटिव आए है।

## एनटीपीसी ने कोयले की राख से निर्माण कार्य में काम आने वाले रोड़ी तैयार की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने शुक्रवार को कहा कि उसने कोयला राख (फ्लाई ऐश) से निर्माण कार्य मे काम आने वाले रोड़ी (गिट्टी) तैयार की है। कंपनी ने एक बयान मे कहा, एनटीपीसी लिमिटेड ने फ्लाई ऐश से जियो-पॉलीमर एग्रीगेट (रोड़ी) को सफलतापूर्वक विकसित किया है। प्राकृतिक रोड़ी के स्थान पर इसका उपयोग किया जाएगा, जिससे पर्यावरण पर होने वाले प्रभाव को कम करने मे मदद मिलेगी।

## स्कॉटलैंड, हंगरी, स्लोवाकिया, नॉर्थ मेसिडोनिया ने यूरो के लिए क्वालीफाई किया

**लंदन।** स्कॉटलैंड ने मैच के 90वें मिनट मे बराबरी का गोल खाने के बाद पेनल्टी शूटआउट मे सर्बिया को 5-4 से हराकर यूरो 2020 फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इस जीत के साथ टीम ने 22 साल के लंबे अंतराल (1998 विश्व कप के बाद) के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट मे जगह पक्की की है। स्कॉटलैंड ने मैच के 52वें मिनट मे रेयान क्रिस्टी के गोल से बढ़त बना लिया था लेकिन 90वें मिनट में लुका जोविच के गोल से सर्बिया ने स्कोर1-1 कर दिया। दोनो टीमें अतिरिक्त समय मे भी गोल करने मे नाकाम रही इसके बाद मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। स्कॉटलैंड के अलावा हंगरी, स्लोवाकिया और नॉर्थ मेसिडोनिया ने भी प्लेऑफ मुकाबले मे जीत दर्ज कर यूरो 2020 मे जगह बनाने मे सफल रहे।

## नस्लवादी छींटाकशी का शिकार हुआ : अजीम

**लंदन।** यार्कशर के पूर्व आफ स्पिनर अजीम रफीक ने काउंटी क्रिकेट खेलने के दौरान नस्लवादी छीटाकशी के आरोप मामले की जांच के दौरान भी दोहराए। कानूनी फर्म स्क्वायर पेटन बॉग्स रफीक के आरोपों की जांच कर रही है। पाकिस्तानी मूल के रफीक ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो को बताया कि कि एशियाई होने के कारण उन्हें किस तरह के ताने सुनने पड़ते थे।

# कोहली के अवकाश से भारत प्रभावित होगा : लैंगर



**संवाददता।** मेलबर्न

आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने विराट कोहली के पितृत्व अवकाश लेने के फैसले की प्रशंसा की है लेकिन उन्होंने कहा कि इससे बोर्डर-गावस्कर ट्राफी के लिए होने वाली टेस्ट शृंखला के दौरान भारतीय टीम पर प्रभाव पड़ेगा। कोहली एडीलेड में पहले टेस्ट मैच के बाद स्वदेश लौट जाएंगे क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें पितृत्व अवकाश की अनुमति दे दी है। कोहली जनवरी के शुरू में अपने पहले बच्चे के जन्म के समय अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ रहना चाहते हैं। लैंगर ने कहा कि वह कोहली के क्रिकेट पर परिवार को प्राथमिकता देने के विचार का सम्मान करते हैं। लैंगर ने शुक्रवार को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए पत्रकारों से कहा, मैंने अपनी जिंदगी में अब तक जितने खिलाड़ियों को देखा है उनमें विराट कोहली संभवत: सर्वश्रेष्ठ हैं और इसके कई कारण हैं। मैं केवल उनकी बल्लेबाजी के कारण ही ऐसा नहीं मानता हूं बल्कि इसमें उनकी ऊर्जा, खेल के प्रति जुनून और उनका क्षेत्ररक्षण भी शामिल है। वह जो भी करता है उसमें जिस तरह से अपनी ऊर्जा झोंक देता है वह अविश्वसनीय है और मैं उसका बहुत सम्मान करता है। जिस तरह से उन्होंने यह फैसला (बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौटना) किया उसका भी मैं बहुत सम्मान करता हूं। वह भी हमारी तरह इंसान है। अगर मुझे अपने किसी खिलाड़ी को सलाह देनी हो तो मैं हमेशा यही कहूंगा कि अपने पहले बच्चे के जन्म के समय जरूर उपस्थित रहें। यह आपका सबसे अच्छा काम होगा। कोहली मेलबर्न (26 से 30 दिसंबर) में बाक्सिंग डे टेस्ट, सिडनी (सात से 11 जनवरी) में नए साल पर होने वाले टेस्ट और ब्रिस्बेन (15 से 19 जनवरी) में होने वाले अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। लैंगर ने कहा कि कोहली की अनुपस्थिति निश्चित तौर पर भारत को प्रभावित करेगी लेकिन इससे आस्ट्रेलियाई टीम को ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए। निश्चित तौर पर इसका (कोहली की अनुपस्थिति) प्रभाव पड़ेगा लेकिन हम यह भी जानते हैं कि भारत ने पिछली बार (2018-19) में हमें हराया था। उनकी टीम बहुत अच्छी है।

### कोहली की अनुपस्थिति निराशाजनक, पर भारत तब भी मजबूत : लियोन

**मेलबर्न।** अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि विराट कोहली की आगामी टेस्ट श्रंखला के आखिरी तीन मैचो मे अनुपस्थिति निराशाजनक है लेकिन इससे आस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर ट्राफी जीतने का दावेदार नही बन जाएगा क्योकि भारतीय टीम मे कई सुपरस्टार है। भारतीय कप्तान कोहली एडीलेड मे पहले टेस्ट मैच के बाद स्वदेश लौट जाएंगे क्योकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हे पितृत्व अवकाश की अनुमति दे दी है। कोहली जनवरी के शुरू मे अपने पहले बच्चे के जन्म के समय अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ रहना चाहते है। टेस्ट विशेषज्ञ लियोन ने कहा कि यह निश्चित तौर पर निराशाजनक है कि उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजो मे से एक कोहली को आउट करने के सीमित अवसर मिलेगे। यह शृंख,ला के लिए निराशाजनक है। आप विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियो के खिलाफ खेलना चाहते हो। मेरा मानना है कि वह स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के साथ अभी विश्व का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। यह निराशाजनक है लेकिन तब भी उनके पास सुपरस्टार है। लियोन ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा, उनकी टीम मे (चेतेश्वर) पुजारा, अजिंक्य (रहाणे) जैसे शीर्ष बल्लेबाज और कुछ अच्छे युवा खिलाड़ी है। यह हमारे लिए तब भी बहुत बड़ी चुनौती होगी। विराट नही खेल रहे है इसका मतलब यह नही है कि हमारा ट्राफी जीतना सुनिश्चित हो गया है। हमे तब भी कड़ी मेहनत करनी होगी। भारत को आस्ट्रेलिया दौरे में तीन वनडे, इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय और चार टेस्ट मैच खेलने है। दौरे की शुरुआत 27 नवंबर को वनडे शृंखला से होगी। टेस्ट शृंखला 17 दिसंबर से एडीलेड मे शुरू होगी। कोहली मेलबर्न (26 से 30 दिसंबर) मे बाक्सिंग डे टेस्ट, सिडनी (सात से 11 जनवरी) मे नए साल पर होने वाले टेस्ट और ब्रिस्बेन (15 से 19 जनवरी) मे होने वाले अंतिम टेस्ट मैच मे नही खेल पाएंगे।

# लैंगर ने जो बर्न्स को सलामी बल्लेबाज के रूप में बनाए रखने के संकेत दिए

**संवाददाता।** मेलबर्न



आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने संकेत दिए हैं कि युवा बल्लेबाज विल पुकोवस्की की शानदार फार्म के बावजूद भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की शृंखला के पहले मैच में डेविड वार्नर के सलामी जोड़ीदार के रूप में जो बर्न्स को बरकरार रखा जा सकता है। बर्न्स ने पिछली गर्मियों में आस्ट्रेलिया की तरफ से 32 की औसत से रन बनाए और उनका शैफील्ड शील्ड सत्र के शुरू में प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा जिसमें उन्होंने 11.40 की औसत से 57 रन बनाए। दूसरी तरफ 22 वर्षीय पुकोवस्की ने लगातार दो दोहरे शतक जमाए। उन्होंने पश्चिम आस्ट्रेलिया के खिलाफ 202 रन और दक्षिण आस्ट्रेलिया के खिलाफ 255 रन बनाए। लैंगर ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, विल पुकोवस्की वह सब कुछ कर रहा है जिससे उसका पहले टेस्ट में खेलना संभव है लेकिन हमें इस बारे में विचार करना होगा। पिछली बार जब हमने टेस्ट क्रिकेट खेली थी तो हमें जो बर्न्स और डेविड वार्नर की जोड़ी पसंद थी। उनके बीच वास्तव में बहुत अच्छा तालमेल है और इस आधार पर मैं कहूंगा कि इसे बनाए रखना होगा। बर्न्स और वार्नर ने सलामी जोड़ी के रूप में 50.56 की औसत से 1365 रन बनाए हैं। आस्ट्रेलिया को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। आज हम जिस स्थिति में हैं हमें वहां तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों को भी हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की लंबे समय से सफलता का यह महत्वपूर्ण कारण रहा है। हम ऐसे दौर से गुजरे हैं जहां हमने कई खिलाड़ियों को अंदर-बाहर किया और मेरा मानना है कि हमें अपने खिलाड़ियों का पक्ष लेना चाहिए। यह बदल सकता है लेकिन यह बेहद मजबूत धारणा है जिस पर कायम रहा जा सकता है। भारत चार टेस्ट मैचों की शुरुआत 17 दिसंबर को एडीलेड में होने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच से करेगा तथा लैंगर ने कहा कि आस्ट्रेलिया के पहले तीन दिवसीय अभ्यास मैच के बाद सलामी जोड़ी की स्थिति अधिक स्पष्ट हो जाएगी। यह हमेशा अच्छा होता है जबकि आपको पता हो कि टेस्ट मैच में कौन खिलाड़ी खेल रहा होता है। चीजें बदल सकती हैं लेकिन आस्ट्रेलिया ए टीम के पहले मैच के बाद स्थिति अधिक स्पष्ट हो जाएगी कि पहले टेस्ट मैच में कौन पारी की शुरुआत करने जा रहा है। भारत का आस्ट्रेलिया दौरा तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से शुरू होगा जिसके बाद टेस्ट शृंखला खेली जाएगी।

# चोटिल नेमार ब्राजील के विश्व कप क्वालीफायर से बाहर

**भाषा।** साओ पाउलो

नेमार चोटिल होने के कारण ब्राजील के अगले सप्ताह उरूग्वे के खिलाफ होने वाले विश्व कप क्वालीफायर मैच में नहीं खेल पाएंगे। पेरिस सेंट जर्मेन की तरफ से चैंपियन्स लीग मैच में खेलते हुए नेमार की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। ब्राजील फुटबाल परिसंघ ने गुरुवार को पुष्टि की कि नेमार मंगलवार को मोंटवीडियो में होने वाले दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाईंग मैच में नहीं खेल पाएंगे। पेरिस सेंट जर्मेन के कोच थॉमस टचेल ने पिछले सप्ताह कहा था कि नेमार का ब्राजील की तरफ से खेलना असंभव है क्योंकि वह चोट से उबर रहे हैं लेकिन ब्राजील के कोच टिटे ने कहा कि इस स्ट्राइकर को टीम से जुड़ना चाहिए।




### कप्तान मैग्वायर ने दागा गोल, इंग्लैंड ने आयरलैंड को हराया

**लंदन।** इंग्लैंड ने हैरी मैग्वायर, जादोना सांचो और डोमिनिक क्लेवर्ट लेविन के गोल की मदद से आयरलैंड को मैत्री फुटबॉल मैच में 3-0 से शिकस्त दी। वेम्बले स्टेडियम में दर्शकों के बिना खेले गए इस मैच में बोरुसिया डोर्टमंड की तरफ से खेलने वाले 17 वर्षीय मिडफील्डर जूड बेलिंगम ने दूसरे हाफ में स्थानापन्न के रूप में उतरकर इंग्लैंड की तरफ से पदार्पण भी किया। हैरी केन को विश्राम देने के कारण मैग्वायर ने यूनान में एक कानूनी मामले में फंसने और टीम से बाहर किए जाने के बाद पहली बार इंग्लैंड की कप्तानी की।

### पराग्वे ने अर्जेंटीना को ड्रा पर रोका

**साओ पाउलो।** लियोनेल मेस्सी का एक गोल अमान्य घोषित कर दिया गया जबकि दूसरी बार गोलकीपर ने बेहतरीन तरीके से उनका शॉट बचाया जिससे अर्जेंटीना को दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाईंग फुटबॉल मैच मे पराग्वे से1-1 से ड्रा खेलना पड़ा। लॉ बोम्बोनेरा स्टेडियम मे खेले गए मैच के बाद अर्जेंटीना तीन मैचो मे सात अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है लेकिन ब्राजील नौवें स्थान पर काबिज वेनेजुएला के खिलाफ जीत दर्ज करने पर उससे आगे पहुंच सकता है। ब्राजील के अभी छह अंक है। पराग्वे पांच अंको के साथ चौथे स्थान पर है। अर्जेंटीना का क्वालीफाईंग में चौथा मैच मंगलवार को होगा। गुरुवार को पहले मैच मे दसवें स्थान पर काबिज बोलिविया को अंतिम क्षणो मे पेनल्टी गंवाने का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे इक्वेडर ने उसे 3-2 से हराया। इक्वेडर तीन मैचो मे छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। शीर्ष चार मे रहने वाली टीमो को कतर मे 2022 मे होने वाले विश्व कप में स्वतः जगह मिल जाएगी जबकि पांचवे स्थान की टीम अंतर महाद्वीपीय प्लेऑफ मे खेलेगी। पराग्वे ने फिर से अर्जेंटीना को परेशानी मे डाला। उसने एंजेल रोमेरा के 21वें मिनट मे पेनल्टी पर किए गए गोल से बढ़त बनाई। अर्जेंटीना ने 41वें मिनट मे निकोलस गोंजालेज के गोल की मदद से बराबरी की। मेस्सी ने 57वें मिनट मे अर्जेंटीना को बढ़त दिला दी थी लेकिन वीडियो समीक्षा मे पाया गया कि इससे 27 सेकेंड पहले फाउल किया गया था जबकि गेंद अर्जेंटीना के पाले मे ही थी। मेस्सी इसके 14 मिनट बाद फिर से गोल करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन पराग्वे के गोलकीपर एंटनी सिल्वा ने बेहतरीन बचाव करके मैच को ड्रा करवा दिया।

## जैक सॉक को हराकर प्रजनेश कारी चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में



**भाषा।** कारी (अमेरिका)

भारतीय डेविस कप खिलाड़ी प्रजनेश गुणेश्वरन एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट अटलांटिक टायर चैम्पियपशिप के अंतिम-16 के रोमांचक मुकाबले में जैक सॉक को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

चौथी वरीयता प्राप्त गुणेश्वरन ने अमेरिका के पूर्व शीर्ष 10 के खिलाड़ी को लगभग तीन घंटे तक चले मुकाबले में 6-7, 6-2, 7-6 से हराया। भारतीय खिलाड़ी ने 2017 में विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर रहे सॉक (मौजूदा रैंकिंग 253) का तीन बार सर्विस तोड़ी जबकि उन्होंने एक बार अपना सर्विस गंवाई। विश्व रैंकिंग में 146वें स्थान पर काबिज प्रजनेश को सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए ब्राजील के क्वालीफायर खिलाड़ी थॉमस बेल्लुसी की चुनौती से पार पाना होगा। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन पहले ही टूर्नामेंट एकल और युगल वर्ग से बाहर हो गए हैं।

# प्रतिभा की कमी नहीं, आईपीएल विस्तार के लिए तैयार : द्रविड़

**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) देश में उपलब्ध प्रतिभाओं की संख्या और गुणवत्ता से समझौता किए बिना अधिक टीमों के मामले में विस्तार के लिए तैयार है। ऐसी चर्चा है कि 2021 के आईपीएल में आठ की जगह नौ टीमें होंगी और जिसे 2023 तक 10 टीमों का टूर्नामेंट किया जा सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की भी यह दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के निदेशक द्रविड के इस विचार का राजस्थान रॉयल्स के सह-मालिक मनोज बडाले ने भी समर्थन करते हुए कहा 2021 में नौ-टीमों के साथ आईपीएल का आयोजन निश्चित रूप से संभव है। अगर आप प्रतिभा के दृष्टिकोण से देखे तो मुझे लगता है कि आईपीएल विस्तार के लिए तैयार है। बहुत सारे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जिन्हें खेलने का मौका नहीं मिल पा रहा है। अगर और अधिक टीमें हों तो सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को समायोजित किया जा सकता है और इससे इसके स्तर में कोई कमी नहीं आएगी। द्रविड़ ने बडाले की किताब ए न्यू इनिंग्स के आभासी लॉन्च के दौरान कहा, मेरा मानना है कि हम तैयार है क्योंकि प्रतिभा के मामले में बहुत सारे नए नाम और चेहरे उभर कर आए है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर साइमन ह्यूज के साथ इस किताब के सह-लेखक बडाले ने आईपीएल के हितधारक के तौर पर टूर्नामेंट के विस्तार के विचार का स्वागत किया। बीसीसीआई को निर्णय लेने की आवश्यकता है और वे इस मामले में आगे कैसे बढ़ना है वे इस पर फैसला करेंगे। 2021 में नौ-टीम लीग बनाना निश्चित रूप से संभव है, लेकिन इसके लिए आपको दोपहर में ज्यादा मैच खेलने होंगे और प्रतियोगिता के स्तर को बनाए रखना होगा। द्रविड ने कहा कि आईपीएल के कारण हरियाणा के राहुल तेवतिया जैसे खिलाड़ी दुनिया को अपनी प्रतिभा दिखा पाए। इससे पहले, आप रणजी ट्रॉफी के लिए चयन पर अपने राज्य संघ पर निर्भर थे। हरियाणा जैसे राज्य में युजवेंद्र चहल, अमित मिश्रा और जयंत यादव जैसे शानदार स्पिनरों के सामने तेवतिया को सीमित अवसर मिलता। ऐसे में अब आप अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सिर्फ राज्य संघ तक सीमित नहीं है। आईपीएल खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेले बिना इसका अनुभव प्रदान करता है। कोच के रूप में हम युवा खिलाड़ियों को उनकी यात्रा में मदद कर सकते हैं लेकिन इसके लिए उन्हें अनुभव की जरूरत होती है। आप देवदत्त पडिक्कल को देखें जो विराट कोहली के साथ बल्लेबाजी कर रहा है या एबी डिविलियर्स से सीख सकता है। यह दशक (2011-2020) सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारत के लिए शानदार रहा है जिसमें आईपीएल ने काफी योगदान दिया है।

सफेद गेंद की क्रिकेट में भारतीय टीम



## कर नियम में राहत से मकान बेचने में मिलेगी मदद, संकट का सामना कर रही कंपनियां घटा सकती है कीमतें

**नई दिल्ली।** जमीन जायदाद के विकास से जुड़े उद्योग ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार के रीयल्टी क्षेत्र को आयकर राहत दिए जाने के कदम का स्वागत करते हुए कहा कि इससे नकदी संकट का सामना कर रही कंपनियां बिना बिके मकानों को निकालने के लिए कीमतें कम कर सकती हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पूरे उद्योग में मकान के दाम कम होने की संभावना कम है क्योंकि कंपनियां पहले से बहुत कम लाभ पर काम कर रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला



सीतारमण ने बृहस्पतिवार को इस मामले में कुछ रियायत की घोषणा की है। सरकार ने आयकर नियमों में ढील देते हुए 2 करोड़ रुपए मूल्य तक की आवासीय इकाइयों की प्राथमिक अथवा पहली बार बिक्री सर्कल दर से 20 प्रतिशत तक कम दाम पर करने की अनुमति दी है। आवासीय रीयल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए स्टाम्प शुल्क सर्किल दर मूल्य से 20 प्रतिशत कम पर यह बिक्री हो सकेगी वर्तमान में यह अंतर 10 प्रतिशत तक रखने की ही अनुमति है। सरकार द्वारा दी गई नई छूट जून 2021 तक लागू रहेगी। इसका मकसद बिल्डरों को बिना बिके मकानों को निकालने में मदद करना है। ऐसे खाली पड़े मकानों की संख्या 7-8 शहरों में करीब सात लाख है।

## कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पीएम कुसुम योजना का दायरा बढ़ा

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के मकसद से प्रधानमंत्री-कुसुम योजना का दायरा बढ़ा दिया है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार मंत्रालय ने पहले साल के दौरान इसके क्रियान्वयन से सीख लेते हुए दिशानिर्देश में संशोधन किया है। इसके तहत, अब बंजर, परती और कृषि भूमि के अलावा सौर बिजली संयंत्र किसानों के चारागाह और दलदली जमीन पर भी लगाए जा सकते हैं। मंत्रालय ने बयान में कहा कि छोटे किसानों की मदद के लिए 500 किलोवाट से छोटे आकार की सौर परियोजनाओं को राज्य मंजूरी दे सकते हैं। यह मंजूरी तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता पर निर्भर करेगी। इसके अनुसार चुने गए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक अनुबंध आबंटन पत्र मिलने की तारीख से 12 महीने के भीतर सौर बिजली संयंत्र चालू करेंगे। अगर सौर ऊर्जा उत्पादक का बिजली उत्पादन निर्धारित न्यूनतम क्षमता उपयोग कारक से कम होता है,उस पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।

## बाजारों में दिखी त्यौहारों की उमंग, खरीदारी में बढ चढकर भाग ले रहे उपभोक्ता: डेलायट सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** डेलॉयट के एक सर्वेक्षण के अनुसार भारतीय उपभोक्ता त्योहारी मौसम के रंग में रंगता दिखाई दिया है। उपभोक्ता खरीद के लिए अब बाहर निकल रहे हैं। डेलॉयट द्वारा 18 देशों में वैश्विक स्तर पर उपभोक्ताओं के रुख को लेकर 90 दिन का विश्लेषण किया गया है। डेलॉयट ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय उपभोक्ताओं में त्योहारी मौसम के दौरान खरीदारी को लेकर अधिक ललक दिखाई दे रही है।

# सेंसेक्स ने संवत वर्ष-76 का 11 प्रतिशत बढ़त के साथ किया समापन

## बैंक शेयरों में रही तेजी

**भाषा।** मुंबई









वैश्विक बाजारों की घट-बढ़ के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बैंकिंग व वित्तीय शेयरों में सुधार रहा। इससे एक दिन की गिरावट के बाद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार पुन: बढ़त दर्ज करने में कामयाब रहे। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजार ने संवत वर्ष 2076 का समापन वृद्धि के साथ किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 85.81 अंक यानी 0.20 प्रतिशत मजबूत होकर 43,443 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह एएनएसई का निफ्टी भी 29.15 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 12,719.95 अंक पर पहुंच गया। दोनों ही सूचकांक में हिंदू कैलेंडर संवत वर्ष 2076 का समापन अच्छी-खासी बढ़त के साथ हुआ। पूरे वर्ष के दौरान सेंसेक्स 4,384.94 अंक यानी 11.22 प्रतिशत और निफ्टी में।,136.05 अंक यानी 9.80 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। संवत 2077 की शुरुआत के मौके पर शनिवार को दीपावली के दिन शाम को एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार होगा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व सर्वाधिक 3.32 प्रतिशत ऊंचा रहा। इसके अलावा टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी बढ़त में रहे।

दूसरी ओर एलएंडटी, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टीसीएस के शेयर 2.04 प्रतिशत तक की गिरावट में रहे। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स।,549.94 अंक यानी 3.69 प्रतिशत और निफ्टी 456.40 अंक यानी 3.72 प्रतिशत ऊंचा रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कोविड-19 के टीके के विकास, अमेरिकी चुनाव परिणाम और विदेशी निवेश जैसी सकारात्मक खबरों द्वारा संचालित सप्ताह के दौरान बाजार ने अपनी गति को बनाए रखा है। इसके अलावा कंपनियों के बेहतर तिमाही परिणाम और आत्मनिर्भर भारत 3.0 ने भी बाजार को मजबूत किया। रिलायंस सिक्योरिटीज के संस्थागत व्यवसाय के प्रमुख ने कहा, वित्तीय क्षेत्र के चुनिंदा शेयरों में सुधार रहा। इससे घरेलू शेयर बाजार शुरुआती नुकसान से उबरने में कामयाब रहे। एफएमसीजी को छोड़ शेष सभी समूहों के सूचकांक बढ़त में रहे। धातु और दवा कंपनियों के शेयरों में ठीक ठाक तेजी देखी गई। हालांकि यूरोप और अमेरिका में कोरोना वायरस महामारी के मामले बढ़ने से निवेशकों में चिंता रही।

### डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे बढ़कर 74.62 रुपए प्रति डॉलर पर हुआ बंद

**मुंबई।** आयातकों और बैंकों की डॉलर मांग बढ़ने से भारतीय मुद्रा पर निरंतर दबाव बना रहा जिससे अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया लगभग अपरिवर्तित रुख के साथ 74.62 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे शुरुआती कारोबार के दौरान रुपया डॉलर के मुकाबले 74.63 पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया ऊंचे मे 74.47 और नीचे मे 74.71 के छूने के बाद अंत मे महज दो पैसे बढ़कर 74.62 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया 74.64 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विश्व की छह प्रमुख मुद्राओ के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला सूचकांक 0.15 प्रतिशत गिरकर 92.82 अंक रहा।

# सोना 241 रुपए चढ़ा, चांदी 161 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** दीवाली और धनतेरस के मौके पर त्योहारी मांग बढ़ने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 241 रुपए बढ़कर 50,425 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले बृहस्पतिवार को सोना 50,184 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी की कीमत भी 161 रुपए की तेजी के साथ 62,542 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पहले बृहस्पतिवार को चांदी 62,381 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। दीवाली से पहले धनतेरस के मौके पर सोने और चांदी सहित अन्य बहुमूल्य वस्तुओं की खरीद को शुभ माना जाता है। वैश्विक बाजार में, सोना तेजी के साथ।,880 डॉलर प्रति औंस हो गया तथा चांदी 24.32 डॉलर प्रति औंस पर अपरिवर्तित रही। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष (जिंस शोध) नवनीत दमानी ने कहा, कोविड-19 के संभावित टीके को लेकर लोगों की उम्मीदों को वैश्विक स्तर पर इस महामारी की बढ़ती संख्या से कुछ झटका लगा और आर्थिक प्रभावों को लेकर चिंताओं के बढ़ने से सोने की कीमतों में स्थिरता दिखाई दी। बाजार में बहुत अधिक डर है क्योंकि अमेरिका के कई राज्यों में कोरोनोवायरस के मामले दोगुने हो गए हैं जिसकी वजह से बहुमूल्य धातुओं की लिवाली बढ गई।

## विदेशीमुद्रा भंडार 7.78 अरब डॉलर बढ़कर 568.494 अरब डॉलर के नए रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह नवंबर को समाप्त सप्ताह में 7.779 अरब डॉलर की जोरदार वृद्धि के साथ 568.494 अरब डालर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह बताया गया। इससे पिछले 30 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 560.715 अरब डॉलर रहा था।

समीक्षावधि में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ने की अहम वजह विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) का बढ़ना है। ए परिसंपत्तियां कुल विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा होती है।

# जेपी सीमेन्ट ने लगाई ऊंची छलांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

उत्तर प्रदेश में जेपी सीमेन्ट अपनी श्रेष्ठतम् क्वालिटी बेहतरीन वितरण प्रणाली एवं अद्भुत ग्राहक सेवा के बल पर जर्बदस्त तरीके से अपनी बिक्री बढ़ाने में कामयाब हुई है। विगत कुछ महीनों में जेपी सीमेन्ट कई नये सीमेन्ट प्लान्ट से उत्पादन शुरू करके उत्तर प्रदेश के बाजारों में तेजी से जर्बदस्त पैठ बना रही है। उत्तर प्रदेश में स्थित प्रयागराज, चुर्क और चुनार स्थित सीमेन्ट प्लान्टों में उच्च स्तर की क्लिंकर को ग्राइंड करके अर्न्तराष्ट्रीय मानकों पर विश्वस्तरीय क्वालिटी की सीमेन्ट का उत्पादन हो रहा है।जेपी सीमेन्ट के सीनियर वाइस प्रेसीडेन्ट एसकेपी. गुप्त ने बताया कि जेपी सीमेन्ट ने सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी एवं सर्वश्रेष्ठ ग्राहक सेवा को अपनी बिक्री व्यवस्था का मूलमंत्र बनाया है, और उत्तर प्रदेश के बाजारों में श्रेष्ठतम् सीमेन्ट प्रदान करने के लिए जेपी सीमेन्ट, मास्टर बिल्डर, बुलन्द एवं बुनियाद ब्राण्ड के द्वारा लगातार आपूर्ति के लिए कटिबद्ध है।सभी ने जेपी सीमेन्ट की लगातार बढ़ती लोकप्रियता का श्रेय जेपी सीमेन्ट की सर्वोच्च क्वालिटी को दिया। सीमेन्ट की क्वालिटी अच्छी होने के साथ ही सीमेन्ट प्रयोग करने की वैज्ञानिक विधि और सही तरीका भी ज्ञात होना चाहिए तभी मजबूत घर का निर्माण हो सकता है। इसी कारण जेपी सीमेन्ट अपने प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान से राजमिस्त्री, सीमेन्ट कारीगरों, ठेकेदारों एवं इंजीनियरों को व्यापक स्तर पर लगातार प्रशिक्षित कर रही है, ताकि निर्माण के दौरान की जाने वाली सामान्य भूल एवं गलतियों से बचा जा सके।

## पतंजलि आयुर्वेद का शुद्ध लाभ 2019-20 में 21.56 प्रतिशत बढा

**नई दिल्ली।** हरिद्वार स्थित पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2019-20 मे 21.56 प्रतिशत बढ़कर 424.72 करोड़ रुपए रहा। कारोबारी जानकारी देने वाले मंच टॉफ्लर ने यह जानकारी दी। टॉफ्लर के मुताबिक कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2018-19 मे 349.37 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। टॉफ्लर ने आगे बताया कि 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्त वर्ष मे पतंजलि आयुर्वेद की परिचालन आय 9,022.71 करोड़ रुपए , जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8,522.68 करोड़ रुपए के मुकाबले 5.86 प्रतिशत अधिक है।


## देश में ईंधन की मांग में फरवरी के बाद पहली बार सालाना आधार पर वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश मे ईंधन की मांग मे अक्टूबर मे फरवरी के बाद पहली बार सालाना आधार पर वृद्धि दर्ज की गई है। त्योहारो से पहले डीजल की मांग बढ़ने से खपत कोविड-19 पूर्व स्तर पर आ गई। पेट्रोलियम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ के अस्थाई आंकड़े के अनुसार पेट्रोलियम उत्पादो की कुल मांग अक्टूबर महीने मे 2.5 प्रतिशत बढ़कर 1.777 करोड़ टन रही जो एक साल पहले 1.734 करोड़ टन थी। पेट्रोल की मांग सितंबर मे ही कोविड पूर्व स्तर पर पहुंच गई थी।

## फ्यूचर रिटेल को दूसरी तिमाही में 692 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा

**नई दिल्ली।** फ्यूचर रिटेल लि. को सितंबर मे समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही मे 692.36 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। कोविड-19 महामारी की वजह से पैदा हुई अड़चनो के कारण कंपनी को भारी घाटा उठाना पड़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही मे कंपनी ने 165.08 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई को भेजी सूचना मे कंपनी ने यह जानकारी दी।

# चुनाव में धांधली का आरोप लोकतंत्र पर प्रहार: ओबामा



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी** के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चुनाव प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाया जाना, आगामी बाइडन प्रशासन और लोकतंत्र को अवैध ठहराने का एक और प्रयास है।

ओबामा ने सीबीएस न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मुझे इस बात का ज्यादा डर है कि अन्य रिपब्लिकन अधिकारी, जो बेहतर जानकारी रखते हैं, वह भी इसमें साथ हैं और उन्हें नाराज नहीं कर रहे हैं।

राष्ट्रपति पद के लिए तीन नवंबर को हुए चुनाव के बाद दिए गए अपने पहले साक्षात्कार में ओबामा ने कहा, यह न केवल आगामी बाइडन प्रशासन बल्कि लोकतंत्र की वैधता खत्म करने का एक और प्रयास है। यह खतरनाक रास्ता है।

डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बाइडन को 290 इलेक्टोरल कालेज वोट मिले और रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप को 217 मत प्राप्त हुए।

ट्रंप द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में धांधली के आरोपों पर ओबामा ने कहा, ए (आरोप) राजनीति से प्रेरित प्रतीत होते हैं। एक प्रकार से इसलिए भी क्योंकि राष्ट्रपति (ट्रंप) को हारना पसंद नहीं है और वह पराजय स्वीकार नहीं करते। अमेरिका में मुख्यधारा के मीडिया और अधिकारियों ने कहा है कि उन्हें चुनाव में धांधली का कोई सबूत नहीं मिला।

अमेरिकी चुनाव अधिकारियों ने कर दिए

# ट्रंप के धोखाधड़ी के दावे खारिज

- एजेंसी ने कहा कि धोखाधड़ी के नहीं मिले हैं सबूत
- डोनाल्ड ट्रंप ने अभी तक नहीं स्वीकार की है अपनी हार



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के चुनाव सुरक्षा अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव में धोखाधड़ी के दावों को खारिज करते हुए कहा कि इसके कोई सबूत नहीं है और 2020 राष्ट्रपति चुनाव अमेरिका के इतिहास के सबसे सुरक्षित चुनाव थे।

रिपब्लिकन राष्ट्रपति ट्रंप लगातार चुनावी धोखाधड़ी के निराधार दावे कर रहे हैं और उन्होंने अभी तक अपनी हार स्वीकार नहीं की है। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की दो समितियां, जिन्होंने अमेरिकी मतदान प्रणाली की सुरक्षा के लिए काम किया था, उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा, मतदान प्रणाली के माध्यम से किसी तरह की गड़बड़ी करने, मतों के बदले जाने या किसी भी तरह की छेड़छाड़ के कोई सबूत नहीं है।

संघीय चुनाव की रक्षा के प्रयासों की अगुवाई करने वाली समितियों के सदस्यों ने कहा, राज्यों में कड़ी टक्कर होने पर , कई बार मतों की दोबारा गिनती की जाती है। 2020 राष्ट्रपति चुनाव में जहां भी कांटे की टक्कर थी, वहां हरेक मत के दस्तावेज मौजूद है, जिससे आवश्यकता होने पर दोबारा उनकी गिनती की जा सके।

बयान में कहा, यह सुरक्षा और लचीलेपन का एक अतिरिक्त लाभ है। यह प्रक्रिया किसी भी गलती या त्रुटियों की पहचान कर उसमें सुधार का मौका देती है। मतदान प्रणाली के माध्यम से किसी तरह की गड़बड़ी करने, मतों के बदले जाने या किसी भी तरह की छेड़छाड़ के कोई सबूत नहीं है। उसने कहा, तीन नवम्बर को हुए चुनाव अमेरिकी इतिहास के सबसे सुरक्षित चुनाव थे। इस बयान पर हस्ताक्षर करने वाले अन्य लोगों में राज्य स्तर पर चुनाव करवाने वाले अधिकारी, मतदान उपकरणों के विक्रेता भी शामिल हैं। अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव हुए थे, जिसमें कई प्रमुख मीडिया घराने डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन को विजेता घोषित कर चुके हैं।

# चुनाव सत्यापन की प्रक्रिया सुस्त करने की ट्रंप के अभियान दल की कोशिश

- लगाई कानूनी चुनौतियों की झड़ी

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा और अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अभियान दल ने राज्यों में वोटों के सत्यापन की प्रक्रिया सुस्त करने के लिए कानूनी चुनौतियों की झड़ी लगा दी है लेकिन इससे जो बाइडन की जीत के पलटे जाने की कोई गुंजाइश नहीं है।

ट्रंप चुनाव में धोखाधड़ी का लगातार आरोप लगा रहे हैं, लेकिन इस संबंध में अभी तक उन्होंने कोई सबूत पेश नहीं किया हैं।

वहीं, संघीय चुनाव की रक्षा के प्रयासों की अगुवाई करने वाली साइबर सुरक्षा एवं अवसंरचना सुरक्षा एजेंसी ने बृहस्पतिवार को कहा, मतदान प्रणाली के माध्यम से किसी तरह की गड़बड़ी करने, मतों के बदले जाने या किसी भी तरह की छेड़छाड़ के कोई संकेत नहीं है। उसने कहा, तीन नवम्बर को हुए चुनाव अमेरिकी इतिहास के सबसे सुरक्षित चुनाव थे।

अमेरिका में किसी भी राष्ट्रीय चुनाव से जुड़े किसी भी मुद्दे को निपटाने की आखिरी तारीख आठ दिसम्बर है। राष्ट्रपति चुनाव के सभी परिणाम और इससे जुड़ी सभी कानूनी कार्वाई का इसी तारीख तक पूरी होना जरूरी है।

ट्रंप के प्रचार अभियान के जनरल काउंसिल मैट मोर्गन ने बृहस्पतिवार शाम कहा कि वह इस प्रक्रिया को रोकने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी कानूनी रणनीति अंतिम सत्यापन से पहले हमारे किसी भी मुद्दे पर समाधान लाने के लिए आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा, आप एक बार में समूचा सेब नहीं खा सकते।

# बाइडन की जीत के बावजूद यूरोप और पश्चिम एशिया की यात्रा पर जाएंगे पोम्पिओ

- सात देशों की यात्रा का मकसद ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाना है



एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपनी हार को स्वीकार करने से इनकार करने के बाद विदेश मंत्री पोम्पिओ शुक्रवार को यूरोप और पश्चिम एशिया की यात्रा पर रवाना हो रहे है, जबकि इन देशों के नेता पूर्व उपराष्ट्रपति बाइडन को राष्ट्रपति चुनाव में जीत की बधाई दे चुके हैं।

सात देशों की इस यात्रा का लक्ष्य निवर्तमान ट्रंप प्रशासन की प्रथामिकताओं को आगे बढ़ाना है, खास तौर पर इसमें चीन विरोधी और ईरान संबंधी नीति शामिल हैँ। वहीं इसमें वेस्ट बैंक में इजरायली बस्तियों में जाना भी शामिल है, जहां पहले के विदेश मंत्री जाने से बचते रहे हैं। लेकिन मौजूदा विदेश नीतियों से जुड़े मुद्दे वैश्विक राजनीति में फिलहाल अभूतपूर्व मौके की वजह से गौण हैं। ज्यादातर देशों ने अमेरिका के चुनाव परिणाम को स्वीकार कर लिया है लेकिन अमेरिका के विदेश मंत्री समेत राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी ने अभी बाइडन की जीत को स्वीकार नहीं किया है।

पोम्पियो की यह यात्रा उनके उस बयान के कुछ दिनों बाद हो रही है जिसमें उन्होंने सत्ता हस्तांतरण से जुड़े एक सवाल पर प्रश्न खड़े करते हुए कहा था, ट्रंप प्रशासन के दूसरे कार्यकाल के लिए सुचारू रूप से हस्तांतरण होगा।

उन्होंने गंभीर लहजे में कहा था कि दुनिया को आश्वस्त रहना चाहिए कि 20 जून के बाद कार्यालय संभालने वाले राष्ट्रपति के साथ विदेश मंत्रालय का काम क्रियाशील और सफल रहेगा लेकिन इन टिप्पणियों और रुढ़िवादी मीडिया के साथ बाद में साक्षात्कारों में यह नहीं स्वीकार किया गया कि उस समय तो बाइडन राष्ट्रपति होंगे।

पोम्पियो फ्रांस, तुर्की, जॉर्जिया, इजरायल, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और सऊदी अरब की यात्रा पर जा रहे हैं। इनमें से सभी देशों के नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर बाइडन को जीत की बधाई दी है।

# बाइडन कोविड समन्वयक नियुक्त करेंगे: रॉन क्लैन

एपी। वाशिंगटन

**व्हाइट** हाउस के भावी चीफ ऑफ स्टाफ रॉन क्लैन ने कहा कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन के वैश्विक महामारी से निपटने के कार्यों के प्रबंधन के लिए एक कोविड समन्वयक नियुक्त करेंगे।एमएसएनबीसी पर बृहस्पतिवार रात क्लैन ने कहा कि वह (कोविड समन्वयक) सीधा राष्ट्रपति से सम्पर्क करेंगे और दैनिक रूप से उन्हें वैश्विक महामारी से जुड़ी अद्यतन जानकारी देंगे।

उनका एक दल भी होगा, जो कि टीका वितरण के काम का समन्वय करेगा, आपूर्ति में व्यवधान को दूर करेगा और जांच की सुविधा को और बेहतर बनाएगा। पूर्व राष्ट्रपति बराब ओबामा के कार्यकाल में क्लैन ने 2014 में इबोला कार्वाई में समन्वयक की भूमिका निभाई थी।



कराची में जमात-ए-इस्लामी के समर्थक फ्रांस के राष्ट्रपति का पुतला फूंकते हुए



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री लंदन में संसद की ओर जाते हुए

# बढ़ा रहा कोरोना का कहर, ट्रंप नहीं ले रहे दिलचस्पी

- विशेषज्ञों को इस बात की चिंता है कि महामारी को लेकर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाने और अंतिम दो महीनों में बाइडेन के दल के साथ समन्वय बैठाने के प्रति अरुचि से वायरस संबंधी हालात खराब हो रहे हैं

एपी। वाशिंगटन

**चुनाव** में हार से व्याकुल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोरोना वायरस के खिलाफ छिड़ी जंग से खुद को ऐसे समय अलग कर लिया है जब पूरे अमेरिका में यह महामारी बहुत ही तेजी से पैर फैला रही है।

ट्रंप इस बात से नाखुश हैं कि कोविड-19 के टीके के विकास में प्रगति की घोषणा चुनाव वाले दिन के बाद की गई। राष्ट्रपति के सहयोगियों का कहना है कि ट्रंप बढ़ते संकट में बहुत ही कम दिलचस्पी ले रहे हैं वह भी तब जबकि नए मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और देश के कई हिस्सों में अस्पतालों में गहन चिकत्सा इकाईयां क्षमता के मुताबिक लगभग भर चुकी हैं। लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञों को इस बात की चिंता है कि महामारी को लेकर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाने और राष्ट्रपति कार्यकाल के अंतिम दो महीनों में जो बाइडेन के दल के साथ समन्वय बैठाने के प्रति उनकी अरुचि से वायरस संबंधी हालात और बदतर ही होंगे और इससे अगले वर्ष टीके के वितरण की राष्ट्र की क्षमता भी प्रभावित होगी।

व्हाइट हाउस की कोरोना वायरस कार्यबल की चुनाव के बाद पहली बैठक सोमवार को हुई। इसमें अधिकारियों ने संक्रमण के बढ़ते मामलों, फाइजर कंपनी द्वारा विकसित किए जा रहे टीके के बारे में बात की। इस बैठक में ट्रंप ने हिस्सा नहीं लिया। पिछले एक हफ्ते से भी अधिक समय से अमेरिका में संक्रमण के प्रतिदिन 1,00,000 से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं।

## चीन ने अंततः बाइडन व हैरिस को उनकी जीत पर बधाई दी

**बीजिंग।** चीन ने अपनी शुरुआती झिझक दूर करते हुए अंतत: जो बाइडन और कमला हैरिस को उनकी जीत पर शुक्रवार को बधाई दी और कहा कि वह अमेरिकी लोगों की पसंद का सम्मान करता है। बाइडन अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में विजई हुए हैं। हैरिस उप राष्ट्रपति चुनी गई हैं।चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने यहां संवाददाताओं से कहा,"हम अमेरिकी चुनाव पर अमेरिका के अंदर और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की प्रतिक्रियाओं पर नजर रख रहे हैं। उनसे जिक्र किया गया था कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और विश्व के कई नेताओं ने 77 वर्षीय बाइडन को बधाई दी है।वांग ने कहा, हम अमेरिकी लोगों की पसंद का सम्मान करते हैं और बाइडन तथा हैरिस को बधाई देते हैं और हम समझते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के परिणाम अमेरिकी कानूनों और प्रक्रियाओं के तहत निर्धारित किए जाएंगे"। चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवार मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हार मानने से इनकार किए जाने के बाद चीन ने डेमोक्रेट प्रत्याशी बाइडन को बधाई नहीं दी थी। वांग ने नौ नवंबर को बाइडन को उनकी जीत पर बधाई देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि अमेरिकी चुनाव के परिणाम देश के कानूनों और प्रक्रियाओं द्वारा निर्धारित होने चाहिए।

# कोविड-19: श्वसन तंत्र के जरिए प्रोटीन देना मरीजों के स्वस्थ होने में मददगार

- नए अध्ययन में हुआ खुलासा, नई उपचार रणनीति बनाने में सहायक

भाषा। लंदन

**अस्पताल** में भर्ती कोविड-19 के मरीज जिन्हें श्वसन तंत्र के माध्यम से प्रोटीन दिया गया, उन्हें संक्रमण के गंभीर लक्षण होने की कम आशंका देखी गई। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है। यह अध्ययन बीमारी के खिलाफ नई उपचार रणनीति में सहायक हो सकता है।

ब्रिटेन के नौ अस्पतालों में कराए गए क्लीनिकल परीक्षण और लांसेट रेस्पिरेटरी मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित इसके परिणामों के अनुसार प्रोटीन इंटरफेरोन बीटा- 1ए की खुराक श्वसन तंत्र के माध्यम से मरीज को देने पर कोविड-19 के उस पर पड़ने वाले रोग संबंधी नुकसानों को कम किया जा सकता है।साउथहैम्पटन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों समेत इस अध्ययन में शामिल अन्य वैज्ञानिकों का कहना है कि इस अध्ययन का निष्कर्ष यह साबित करता है कि अस्पतालों में भर्ती मरीजों के रोग से उबरने में यह उपचार लाभदायक हो सकता है। हालांकि वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बारे में अभी और अध्ययन करने की आवश्यकता है।उन्होंने बताया कि प्रोटीन इंटरफेरोन बीटा वायरस संक्रमणों के प्रति शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रतिक्रिया देने में मददगार होता है।पहले के अध्ययनों में सामने आया था कि नोवेल कोरोना वायरस इंटरफेरोन बीटा के स्राव को दबा देता है। नैदानिक परीक्षणों में भी यह पता चला कि कोविड-19 के मरीजों में इस प्रोटीन की सक्रियता घट जाती है।नए अध्ययन में इंफरफेरोन बीटा का सूत्रण एसएनजी001 श्वसन तंत्र के जरिए सीधे फेफड़ों तक पहुंचाया गया तथा इसे कोविड-19 के मरीजों के लिए प्रभावी एवं सुरक्षित पाया गया।इन मरीजों की तुलना उन मरीजों से की गई जिनका उपचार प्लासेबो पद्धति से किया गया। इस अध्ययन में 101 मरीजों को शामिल किया गया जिनमें से 98 का उपचार किया गया। इनमें से 48 को एसएनजी001 दिया गया जबकि 50 का इलाज प्लासेबो पद्धति से किया गया।परीक्षण की शुरुआत में 66 मरीजों को ऑक्सीजन देने की जरूरत थी।अध्ययन के मुताबिक जिन मरीजों को एसएनजी001 दिया गया उनकी नैदानिक स्थिति 15 या 16 दिन के भीतर बेहतर होने की संभावना दो गुनी पाई गई।जबकि प्लासेबो पद्धति से जिन 50 मरीजों का उपचार किया जा रहा था उनमें से 11 की हालत गंभीर हो गई अथवा मृत्यु हो गई। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस अध्ययन में नमूने का आकार कम था अत: इन निष्कर्षों को व्यापक आबादी पर लागू नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर अध्ययन करने की अभी आवश्यकता है।

# ब्रिटेन में एक दिन में रिकॉर्ड नए मामले

**लंदन।** ब्रिटेन में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के एक दिन के भीतर रिकॉर्ड 33,470 नए मामले सामने आए हैं और संक्रमितों की कुल संख्या करीब 13 लाख तक पहुंच गई है। देश में इस संक्रमण से अब तक 50,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।संक्रमण के नए मामले बुधवार को सामने आए कुल मामलों से 10,520 ज्यादा है। इंग्लैंड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के मेडिकल निदेशक प्रोफेसर स्टीफन पोविस ने बताया कि सात दिन का संक्रमित मामलों का औसत 23,668 है और राष्ट्रीय स्तर पर महामारी के प्रकोप का पता लगाने के लिए यह एक सटीक तरीका है।लोक स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि मौजूदा आंकड़ों की तुलना महामारी की पहली लहर से नहीं की जा सकती है क्योंकि बसंत के मौसम में जांच क्षमता इसकी अपेक्षा कम थी।सरकार के अनुसार बुधवार को कोविड-19 से 595 लोगों की मौत हुई थी, जबकि इससे एक दिन पहले 532 लोगों की मौत हुई थी। बृहस्पतिवार के आंकड़े अब तक जारी नहीं किए गए हैं।



रूस के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी की गई फुटेज में दिखाया गया है कि आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच शांति समझौते के बाद विवादित स्थल पर तैनात रूसी सेना

# ‘हाथी के पीछा करने पर मेरी तो जान ही सूख गई थी’

**प्रस्तुतकर्ता स्टीव बैकशैल अपने शो डेड्ली 60 सीरीज़ 4 की शूटिंग के क्रम में विश्व के सबसे खतरनाक और क्रूर पशु की खोज में खतरनाक जंगली हाथियों से आमना-सामना होने के अपने अनुभवों को साझा कर रहे हैं इस विशेष बातचीत में। प्रस्तुत है टीम पायनियर की एक रिपोर्ट-**





**अपने** शो डेड्ली 60, सीरीज़ 4 के क्रम में खोजी स्टीव बैकशैल कई ऐसे घातक पशुओं के सामने ही आ गए थे। गैबन के जंगलों में उनका सामना वहां के हाथियों से हो गया। इसके अलावा बाली में वो दुर्लभ सनफिश से भी टकराए। दक्षिण अफ्रीका के एक और जीवट वाले पशु सर्वल से भी मिले। इस सीरीज़ में ये भी बताया गया है कि इन दुर्लभ पशुओं में से कई के अस्तित्व पर संकट के बाद पहले से ही मंडरा रहे हैं। इस संकट से इन्हें बचाने के लिए वन्यजीव संरक्षणकर्ता बहुत दिनों से सक्रिय हैं। अपने सटीक फोटोग्राफी और तथ्यपूर्ण जानकारी के कारण आप इस सीरीज़ के माध्यम से आप दुनिया के कुछ सर्वाधिक भयानक पशुओं के और निकट अनुभव करेंगे। प्रस्तुत हैं सीरीज़ के बारे में उनसे बातचीत के अंश-

**❐ क्या आपको अपने शो डेड्ली 60 की शूटिंग के दौरान किसी पशु के साथ दिल थाम लेने वाला अनुभव हुआ था?**

वैसे देखा जाए तो ऐसे कई अनुभव हैं। एक बार तो हाथियों के झुंड के सरदार द्वारा हमारा पीछा भी किया गया। हमारी तो जान ही सूख गई थी। भारत में भी एक बंगाल टाइगर ने हमें अपना जलवा दिखाया था जब हम उसे कवर कर रहे थे। लेकिन जगल के सबसे भयंकर पशुओं से आमना सामना होने के बाद भी मैं विश्वासपूर्वक ये कह सकता हूं कि हमें जगली जानवरों की बजाय आपस में ही एक दूसरे से सर्वाधिक खतरा है।

**❐ क्या आप इस शो की कुछ विशेष बातों के बारे में हमें बताना चाहेंगे?**

जी हां, ऐसी कई बातें सामने आई थीं। हमनें इसी दौरान आधे मीटर की दूरी से गेट हैमर्ड शार्क को देखा। हमनें ऑस्ट्रेलिया की एक परित्यक्त स्वर्णखदान में वैंपायर-एस्क घोस्ट चमगादड़ों को भी देखा। लेकिन एक खराब बात ये हुई कि मैं यलोफिन टुना मछली की नकल उतारने के चक्कर में अपने स्विमिंग वस्त्र वहीं भूल आया।

**❐ क्या आपने ऐसे जीव भी देखे जो उतने आकर्षक नहीं लगते थे?**

हमनें गोमंटॉन्ग, बॉर्नियो स्थित गुफा में मांसभक्षी कॉकरोच देखे और विषैले सेंटीपीड भी देखे। वे बहुत सुंदर दिखाई दे रहे थे। वे गुफा की धरती को जो पक्षियों तथा चमगादड़ों के मल से ढका विश्व का सबसे बड़ा ढेर है, को बहुत भयानक रूप दे देते हैं। भयावह होने के बावजूद मुझे ये बहुत आकर्षक लगा जबकि कई लोगों के लिए ये डरावना अनुभव भी हो सकता है।

**❐ आपने अपनी इस सूची में करोड़ों ऐसे जीवों में से केवल 60 जीवों को ही स्थान दिया है। क्या सूची में शामिल करने के लिए आपने पशुओं को लेकर कोई मापदंड स्थापित किया था?**

हमनें इसमें उन्हीं पशुओं को चुना है जो अपने कार्य या गतिविधि में सर्वश्रेष्ठ हैं। चींटी से लेकर हाथी तक हमनें इसमें हर प्रकार के पशुओं तथा जीवों को चुना है। ये सूची मैंने ही बनाई है और ये पूरी तरह से पशु पर ही निर्भर था। हमारे डेडली 60 के जानवरों में से कई को तो हम खोजने ही निकले थे। दूसरे पशुओं को हमनें अपने विगत वन्यजीव टूअर के दौरान खोजा था और उन्हें तो इसमें शामिल करना ही था। जितना समय हमें मिला था उतने में हम किसी विस्तृत सूची को तैयार नहीं कर सकते थे। ये सही है कि अभी कई ऐसे पशु उपलब्ध हैं जो इस सूची में शामिल किये जाने का अधिकार रखते हैं।

**❐ एक चढ़ाई के दौरान आपने तो अपनी रीढ़ की हड्डी ही तोड़ ली थी। क्या इससे चढ़ाई के दौरान आपका आत्मविश्वास किसी प्रकार से कम हुआ?**

चढ़ाई कभी भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं हो सकती लेकिन सीरीज़ के दौरान हम जो चढ़ाई करते हैं वो कड़ी निगरानी के अंतर्गत की जाती है। वैसे मैं अपने रिक्त समय में सामान्य चढ़ाई का अभ्यास किया करता हूं। काम पर रहते हुए मैं कभी दुर्घटना का शिकार नहीं हो सकता क्योंकि मैं तब उतना सघन प्रयास कर ही नहीं रहा होता जितना मैं दुर्घटना के समय कर रहा था। लेकिन ये कहने के बाद मैं इतना तो कह ही सकता हूं कि मैं भाग्यशाली हूं कि मैं आज भी जीवित हूं लेकिन गिरने के बाद मेरे आत्मविश्वास में काफी कमी आई है जिसकी भरपाई संभवत: निकट भविष्य में नहीं हो सकती। लेकिन में चढ़ाई तो पहले ही प्रारंभ कर चुका हूं।





**❐ आप दुनिया भर में भ्रमण करते हुए टीवी और लेखन में कॅरियर बना चुके हैं। ये वही काम है जिसे आप वैसे भी करना चाहते थे। क्या आप सदा से ही एडवेंचर क्षेत्र में ही कॅरियर बनान चाहते थे?**

बचपन में मैंने इसके बारे में सोचा तक नहीं था। मैं अफ्रीकन सफारी पार्क में रेंजर और खोजी तथा इसके पश्चात लेखक बनना चाहता था। उन दिनों ये सब असंभव कॅरियर विकल्प माने जाते थे। मुझे आज भी अपने स्कूल के कॅरियर टीचर का मुखड़ा याद है जिन्होंने मुझे फायरमैन बनने का सुझाव दिया था। लेकिन अब मैंने उससे भी अच्छा एक कॅरियर तलाश लिया है और अब मैं अपने उस कॅरियर टीचर से पुन: मिलने की इच्छा रखता हूं।

(ये शो 16 नवंबर को सोनी बीबीसी अर्थ पर सायं 9 बजे प्रीमियर होगा)

---

## Hi5 ‘समाज नकारात्मकता के प्रति अधिक आकर्षित होता है’

**कनिष्क वर्मा फिल्म ‘फुटफेयरी’ के निर्देशक हैं जो एंड पिक्चर्स चैनल पर उपलब्ध हैं। पायनियर संवाददाता मुस्बा हाशमी के साथ एक बातचीत में उन्होंने फिल्म तथा इसके एंड पिक्चर्स पर रिलीज़ किये जाने के संबंध में अपने विचार सामने रखे। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश-**

फिल्म फुटफेयरी एक सीरियल किलर पर आधारित है जो वेस्टर्न रेलवे लाइन के किनारे जाने वाली लड़कियों की हत्या करता है। वो चतुर हत्यारा है जो किसी भी प्रकार का पदचिन्ह या उंगलियों का निशान आदि नहीं छोड़ता। यही कारण है कि पुलिस के लिए उसे तलाश करना एक चुनौती बन जाता है। ये उसका पीछा किये जाने की कहानी है।

**■ टीवी पर आपने इसे रिलीज़ करने का निर्णय क्यों किया?**

ये तो निर्माता ही तय करता है। हमें लगा कि ये निर्णय उचित साबित होगा। बहुत सालों बाद किसी फिल्म को टीवी पर रिलीज़ किया जा रहा है। फिल्म में आपको हर प्रकार का मिश्रण मिलेगा और इसे एंडपिक्चर्स ऑरिजिनल की तरह रिलीज़ किया जाना मेरे अनुसार उचित है।

**■ सेट पर क्या फिल्म से जुड़ी कोई स्मृतियां हैं। यदि हां तो कुछ बताइये...**

ये किसी ब्लास्ट जैसा लगता है। मुझे याद है कि कई बार हम पर बजट और समय का दबाव नहीं रहता था। ये बिलकुल सही चलने वाली मशीन जैसा अनुभव था और सबकुछ सही जा रहा था। सभी अभिनेताओं ने अच्छा प्रदर्शन दिया और निर्देशक के रूप में इससे मुझे बहुत मदद मिली। पहले ये फिल्म 34 दिन में बनाई जानी थी लेकिन हमनें इसे 30 दिनों में पूरा किया। पूरी प्रक्रिया मस्ती भरी थी। सबसे हंसीदार ये लगा कि मैं एक रेलवे स्टेशन पर था और एक पूरी भरी ट्रेन मेरे नियंत्रण में थी।

**■ अपराध से जुड़ी थ्रिलर फिल्में लोकप्रिय जॉनर में गिनी जाती हैं। वे इतनी लोकप्रिय क्यों होती हैं?**

रहस्य और अपराध थ्रिलर फिल्में दशकों से लोकप्रिय रही हैं। समाज के तौर पर हम मानव व्यवहार के नकारात्मक पक्ष के बारे में अधिक जानना चाहते हैं। हम ऐसा कुछ अपने साथ अनुभव नहीं करना चाहते लेकिन देखना जरूर चाहते हैं। यही बात गैंग्स्टर कहानी वाली फिल्मों के साथ भी होता है। हम बुरे पक्ष से अधिक आकर्षित होते हैं लेकिन हम तभी तक इसे देखकर प्रसन्न हो सकते हैं जब तक हम इसे दूर से देखते हैं।

**■ आगे आपकी क्या योजना है?**

मैं ऐक्सेल और अमेजॉन के लिए ‘इंसाइड एज’ के सीज़न 3 की शूटिंग कर रहा था। वर्तमान मे ये पोस्ट प्रोडक्शन चरण में है और शीघ्र ही रिलीज़ की जा सकती है। मैं एक और शो विकसित कर रहा हूं जो वायाकॉम के लिए है और ये बुरारी हत्याकांड पर आधारित है। एक फीचर फिल्म भी है जिसके बारे में अभी मैं आपको नहीं बता सकता।

## इम्तियाज ने दी आसिफ को श्रद्धांजलि



निर्देशक इम्तियाज़ अली का कहना है कि ‘आसिफ अद्भुत अभिनेता था। उसकी मृत्यु से हमें गहरा सदमा लगा है। ये हमारे लिए एक नुकसान जैसा है। जब हम जब वी मेअ, बना रहे थे तो मुझे किसी बुद्धिमान तथा स्मार्ट अभिनेता की आवश्यकता थी। मैं उसमें दो गुण देखना चाहता था। वो थे - कामुकता और मसखरापन। उस फिल्म के बाद मैं उसके साथ कोई काम नहीं कर पाया। मुझे उसके जाने का दु:ख है।

## प्रतीक गांधी अब रावण लीला में नजर आएंगे



**मुंबई।** वेब सीरिज स्कैम 1992 - द हर्षद मेहता स्टोरी के लिए दर्शकों से प्रशंसा पा चुके अभिनेता प्रतीक गांधी अब रावण लीला में नजर आएंगे। हार्दिक गज्जर द्वारा निर्देशित और श्रेयस अनिल लॉलेकर की पटकथा पर बनी फिल्म को मजबूत विषय-वस्तु वाली और मनोरंजनपरक बताया जा रहा है। इसका निर्माण पेन स्टूडियोज कर रही है। पेन स्टूडियोज कहानी , हेलीकॉप्टर एला , नमस्ते इंग्लैंड और द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुकी है। पेन स्टूडियोज के जयंतिलाल गाडा ने बताया कि टीम इस फिल्म पर दर्शकों की प्रतिक्रिया के प्रति आशान्वित है। वहीं गज्जर ने कहा कि उन्होंने कुछ नया करने की कोशिश की है और उन्हें उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। फिल्म-निर्माताओं की योजना इस फिल्म को इसी साल रिलीज करने की है।

## इस दिवाली एण्ड टीवी के कलाकारों के साथ खुशियों का एक दीया जलाओ



**प्रयागराज।** इस दिवाली एण्डटीवी के कलाकार, जैसे भाबीजी घर पर हैं की अंगूरी भाबी (शुभांगी अत्रे) और मनमोहन तिवारी (रोहिता), षुड़िया हमारी सभी पे भारी की गुड़िया , संतोषी माँ सुनाएं व्रत कथाएं की संतोषी माँ (ग्रेसी सिंह) हप्पू की उलटन पलटन् के दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) अपने लिये कड़ी मेहनत कर रहे विभिन्न लोगों के साथ उत्सव मनाने के लिये साथ आये हैं। इसके पीछे उनका विचार है खुशियों का एक दीया जलाओ। शुभांगी अत्रे ने कहा- दिवाली का गिफ्ट और बोनस ऐसी चीजें हैं, जिनका हमारे घर में काम करने वाले सारे लोग पूरे साल इंतजार करते हैं! पहले, मैं उनके काम के लिये उनकी सराहना के तौर पर कैश और एक छोटा लेकिन उपयोगी गिफ्ट देती थी और त्यौहारों के मौसम को उनके लिये जगमगा देती थी। इस साल, मैंने इन लोगों को ऑनलाइन खरीदारी करवाने का फैसला किया है। वे भी इस बात से बहुत रोमांचित हैं। तो आप भी इसी तरह ष्खुशियों का एक दीया जलाओष् किसी अपने के चेहरे पे मुस्कुराहट लाओ।ष् योगेश त्रिपाठी ने कहा, ष्इस साल दिवाली थोड़ी अलग रहेगी। हम मिठाइयों और खास स्नैक्स के साथ देवी लक्ष्मी का स्वागत करने के लिये अपने घर को तैयार करेंगे। जैसे दीये उम्मीद और खुशियाँ फैलाते हैं, उसी तरह इस दिवाली, आओ जलायें खुशियों का एक दीयाष् जो रोशन करे किसी की जिन्दगी का अंधेरा। आइये, हम हमारी जिन्दगी को ज्यादा सुविधाजनक बनाने के लिये चौबीसों घंटे काम कर रहे लोगों के जीवन में आनंद और उम्मीद भरें। हम अपनी हाउस हेल्प और उसके परिवार को खास भोज देना चाह रहे हैं, जिसे मैं और मेरा परिवार पकाएगाए ताकि हम उनके प्रति आभार और प्रशंसा व्यक्त कर सकें।ष् सारिका बहरोलिया ने कहा, ष्इस साल उत्सव सीमित और घर के अंदर ही या वर्चुअल होगा।

चूंकि मैं अपने घर से दूर हूँ, तो मेरी ऑन.सेट फैमिली के साथ रोशनी का त्यौहार मनाना चाहती हूँ और मेरे मेक.अप, कॉस्ट्यूम स्टाफ और खासतौर से पूरे सपोर्ट स्टाफ को गिफ्ट और मिठाइयाँ देना चाहती हूँ। मैं उनके लिये कुछ ज्यादा खास करना चाहती थी। चूंकि खाना और मिठाइयाँ मुझे बहुत खुश कर देते हैं, मैं उनके साथ भी वही खुशी बांटना चाहती हूँ। इस बार, आप ऐसे ही किसी की जिन्दगी में ष्खुशियों का एक दीया जलायेंष् और ढेर सारी खुशियाँ फैलायें। ग्रेसी सिंह ने कहा, दिवाली मेरे लिये एक बहुत खास पारिवारिक मामला है। मैं अपने घर को दीये, फानूस और फूलों से सजाना पसंद करती हूँ। इससे सकारात्मकता और खुशी आती है।

दिवाली की पूजा के बिना उत्सव अधूरा है। मैं पटाखे जलाने से बचती हूँ और इसके बजाए किसी की जिन्दगी को रोशन करने की कोशिश करती हूँ। इस सालए हम वंचितों के लिये काम करने वाले एक एनजीओ को सपोर्ट करना चाहते हैं और उनके लिये त्यौहारों के गुडीज खरीदना चाहते हैं, जिससे उनके जीवन में खुशियों का एक दीया जगमगाएगा।ष् रोहिताश्व गौर ने कहा, ष्मुझे मिठाइयाँ सबसे ज्यादा पसंद हैं और त्यौहारों के दौरान मैं उन पर टूट पड़ता हूँ। गुझिया, मठरी, चकली, खोया पेड़ा, खीर और बेसन के लड्डू मेरे फेवरेट हैं। इस साल दोस्तों और परिवार के साथ ज्यादा वर्चुअल विजिट्स और सेलीब्रेशंस होंगे।

हालांकि इसे ज्यादा खास बनाने के लिये हमने छोटे लोकल वेंडर्स को सपोर्ट करने का फैसला किया है हम उनसे दीये और दूसरी सजावटी चीजें लेंगे लेकिन सजावट खुद करेंगे। अपने हाउस हेल्प सिक्योरिटी मेंटेनेंस सपोर्ट स्टाफ को बोनस देने के अलावा, हम उन्हें घर की बनी मिठाइयाँ और स्नैक्स भी बांटना चाहते हैं। ये दिवाली है कुछ खास तो खुशियों का एक दीया जलाए अपनों के साथ।



## शेमारू टीवी के साथ करें सुख समृद्धि और सौभाग्य का स्वागत

**प्रयागराज** मनोरंजन की दुनिया में चमकते सितारे की तरह उदित होने वाले शेमारू टीवी ने कुछ ही समय में दर्शकों के दिलों में अपनी एक ख़ास जगह बना ली है, त्योहारों की रौनक के साथ ही खुशियां आपके चौखट पर भी दस्तक दे रही हैं, खुशियों की फुलझड़ियां और प्यार की मिठास लेकर आया है रौशनी का त्यौहारण् दिवाली की रौशनी से आपके जीवन को और भी जगमगाने के लिए शेमारू टीवी लेकर आ रहा है बहुत कुछ नया और धमाकेदारण्दर्शकों की भारी डिमांड को देखते हुए शेमारू टीवी लेकर आया है श्महाएपिसोडश् के रूप में मनोरंजन का महा खज़ानाए जहां श्महा शुक्रवारश् और श्महा मंगलवारश् जैसे महाएपिसोड्स की भी शुरुआत की गई है।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए अमिताभ का सराहनीय योगदान

**सुपरस्टार** अमिताभ बच्चन मानते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य संकट का सामना करना महत्वपूर्ण है। उनके अनुसार इस समस्या पर समुचित ध्यान दिया जाना चाहिये। अमिताभ ने बताया, ‘आजकल मदद किसी के जीवन के लिए लाइफलाइन भी साबित हो सकती है। लाइफलाइन ऐसा कोई भी व्यक्ति हो सकता है जो मानसिक रोग का ध्यान रखता हो। ये सही है कि सच्चाई तो आपके सामने आकर ही रहेगी लेकिन इसका सामना करने के लिए तैयार रहना जरूरी है। आगे बताते हुए अमिताभ ने कहा, ‘मानसिक स्वास्थ्य जैसे भयावह संकट पर हमें समुचित ध्यान देना ही होगा। ये उन लोगों के लिए और भी सौभाग्य की बात होगी जो हमारी मदद चाहते हैं।

# बहुत मुश्किल है ग्रीन पटाखों की डगर

## ● आठ से दस बजे तक जलेंगे ग्रीन पटाखे

संवाददाता। सीतापुर

**प्रकाश उत्सव** पर अगर पटाखे न जलाए जाएं तो दीवाली अधूरी ही लगती है। बच्चे तो दीवाली के करीब आते ही पटाखे जलाने लग जाते हैं, लेकिन जिस तरह वायु प्रदूषण बढ़ रहा है और हवा जहरीली होती जा रही है। बढ़ते प्रदूषण पर रोकथाम को सुप्रीम कोर्ट ने भी साफकर दिया है कि दिल्ली, एनसीआर में केवल ग्रीन पटाखे ही बिकेंगे और लोग दीवाली पर इसका ही प्रयोग करेंगे। सीतापुर में भी ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल होगा। जिला प्रशासन ने ग्रीन पटाखों के प्रयोग की शाम को आठ से दस बजे तक यानी सिर्फ दो घंटे इजाजत दी है, हालांकि ग्रीन पटाखों व दीवाली की यह डगर काफी कठिन है, क्योंकि, ये बाजार में अवेलेबल ही नहीं हैं और न ही पटाखा विक्रेताओं को जानकारी है। मार्केट में ग्रीन पटाखे उपलब्ध न होने से इस साल ग्रीन पटाखों का प्रयोग हो पाएगा, ये कह पाना थोड़ा मुश्किल है। तो चलिए जानते हैं कि क्या हैं ग्रीन पटाखे और कैसे काम करते हैं। ग्रीन पटाखों को भारत में पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान ने ईजाद किया। ग्रीन पटाखे यूं तो पारंपरिक पटाखों जैसे ही होते हैं, लेकिन इनके जलने पर प्रदूषण अपेक्षाकृत कम होता है। ये जलने पर पानी के अणु पैदा करते हैं, जिससे पटाखों द्वारा उत्पन्न प्रदूषण नियंत्रित होता है। साथ ही यह धूल को सोखने की क्षमता रखते हैं। इसके अतिरिक्त इनसे निकलने वाली आवाज व धुआं भी काफी कम होता है। हानिकारक गैसें भी कम निकलने के साथ प्रदूषण भी 50 प्रतिशत तक कम होगा।

● **ग्रीन पटाखों की खासियत**-ग्रीन पटाखे भले ही देखने, जलने व आवाज में सामान्य पटाखों जैसे दिखाई देते हों लेकिन यह कम धुआं पैदा करते हैं, साथ ही इनसे निकलने वाली गैस भी अपेक्षाकृत कम हानिकारक होती हैं। हालांकि ग्रीन पटाखों से भी प्रदूषण होता है लेकिन यह परंपरागत पटाखों से कम होता है। ग्रीन पटाखे कई प्रकार के हैं।

● **वाटर रिलीजर क्रैकर**-इस तरह के ग्रीन पटाखों की खासियत यह है कि जब इसे जलाया जाता है तो जलने के बाद इसमें पानी के कण पैदा होते हैं। पानी के कारण पटाखों से निकलने वाला प्रदूषण कम होता है। पटाखों के जलने के बाद पैदा होने वाले पानी के अणु में सल्फर और नाइट्रोजन के कण घुल जाते हैं।

● **सफल क्रैकर**-इस तरह के क्रैकर को बनाने में एल्युमीनियम की मात्रा का इस्तेमाल सामान्य पटाखों की अपेक्षा काफी कम होता है। यहां तक कि 50 से 60 फीसदी तक एल्युमीनियम कम इस्तेमाल होने पर इसे सेफ मिनिमल एल्युमीनियम कहा गया है। इस तरह प्रदूषण को नियंत्रित करने में यह पटाखे काफी कारगर साबित होंगे।

● **स्टार क्रैकर**-अपने नाम की तरह ही इस तरह के पटाखे वास्तव में किसी स्टार से कम नहीं हैं। स्टार क्रैकर अर्थात् सेफ थर्माइट क्रैकर के निर्माण में ऑक्सीडाइजिंग एजेंट का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसके कारण जब इन्हें जलाया जाता है तो उसमें से हानिकारक सल्फर और नाइट्रोजन गैस बेहद कम मात्रा में उत्पन्न होती है और वायु प्रदूषण भी करीबन पचास से साठ फीसद तक कम होता है।

● **अरोमा क्रैकर्स**-यह एक बेहद अलग तरह के पटाखे हैं। नीरी द्वारा निर्मित इन पटाखों की खूबी यह है कि इन्हें हानिकारक गैसों का उत्पादन तो कम होता है ही, साथ ही इन्हें जलाने पर भीनी.भीनी खुशबू भी निकलेगी।


सीतापुर-पटाखों की दुकान पर खरीददारी करते ग्राहक

## 8 से 10 बजे तक इस्तेमाल होंगे पटाखे

**अपर** जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक हरिशंकर शुक्ला कहते हैं कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए एनजीटी न्यायालय नई दिल्ली ने दिवाली पर्व पर ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल करने के आदेश दिए हैं। आदेशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि सीतापुर जनपद में केवल अनुमन्य ग्रीन श्रेणी के पटाखों का ही प्रयोग सायं 8 बजे से रात्रि 10 बजे के मध्य किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि केवल ग्रीन श्रेणी के ही पटाखे प्रयोग किये जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उक्त निर्देशों के अनुपालन में सभी संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित दिए जा चुके हैं।

# अलाय-बलाय की रही धूम


सीतापुर-अलाय-बलाय खरीदते लोग

संवाददाता। सीतापुर

**ज्योति** पर्व यानी दीपावली से पहले घरों से लेकर बाजार तक हर कोई तैयारियों में मशगूल है। त्योहारी सीजन पर कोई घर की साज-सज्जा कर रहा है तो कोई बाजार में गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां, पूजन-सामग्री समेत अन्य सामानों की खरीदारी में जुटा है। इन सब खरीदारी के बीच शुक्रवार को शहर की बाजारों में लोग अलाय-बलाय खरीदते नजर आए हैं। दिवाली के दिन घरों की बाधाओं को दूर करने से जलती हुई अलाय-बलाय निकालते हैं।

मान्यता के मुताबिक दिवाली पर एक और परंपरा अलाय-बलाय की है। शाम को तारा देखकर घरों से जलती हुई अलाय-बलाय निकालती जाती है। वैज्ञानिक नजरिए से यह प्रथा अहम है। सन की जलती हुई टहनियां जीवाणुओं को नष्ट करती है। सन की टहनियों को बेचने के लिए दूर- दराज से किसान आए थे। शुक्रवार को इस परंपरा का निर्वहन करने को शहर की बाजारों में लोग अलाय-बलाय की खरीदारी करते दिखे।

# मिट्टी की जगह पीओपी की मूर्तियों ने बनाई जगह

## ● महंगी होने से मिट्टी के गणेश-लक्ष्मी गायब

संवाददाता। सीतापुर

**माटी कला** को निखारने को योगी सरकार ने तमाम योजनाएं चला रखी है। इनके जरिए माटी कारोबार से जुड़े पुश्तैनी लोगों को आत्म निर्भर बनाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं, मगर वो सफल नहीं हो रही है, क्योंकि कारीगरों को मिटटी मिल नहीं रहे है। अगर उन्हें मिलती भी है तो महंगी। ऐसे में वो अपने हुनर दिखाएं भी तो कैसे ? शायद यही वजह है कि त्योहारी सीजन पर मिट्टी के गणेश-लक्ष्मी के बाजार के गायब है। इनकी जगह पीओपी, प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों ने ले ली है। कहते हैं कि मिट्टी की मूर्तियां एक तो महंगी है तो दूसरे फिनिशिंग नहीं होती, इसलिए लोग इन्हें ज्यादा पसंद नहीं करते हैं। वो भी सस्ती दरों में। साथ ही खूबसूरत डिजाइन में भी। त्योहारी सीजन पर गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों के कारोबार का आई इंडिया ने जाना हाल, तो उनका दुख सामने आ गया। शिवम प्रजापति कहते हैं कि सरकार आत्म निर्भर बनाने की बात तो करती है, लेकिन माटी कला से जुड़े लोगों की तकलीफें पर तनिक भी गौर नहीं फरमाती हैं। एक तो मिट्टी मिल नहीं रही है, अगर मिलती भी है तो बहुत ही महंगी। इसलिए मिट्टी के गणेश-लक्ष्मी और दीया बनाना छोड़ दिया है। पीओपी, प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों को खरीद लाते हैं और यहां आकर बेच रहे हैं। कारीगर सुरेश कुमार का कहना है कि उनके पूर्वज माटी कला के परंपरागत धंधे से जुड़े थे, लेकिन वो अपने पूर्वजों के धंधे को आगे बढ़ा नहीं पा रहे हैं, क्योंकि उन्हें मिट्टी नहीं मिल रही है, इसलिए उन्होंने मिट्टी के गणेश-लक्ष्मी को बनाना छोड़ दिया और अब पीओपी व प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित मूर्तियों को खरीद कर बेच रहे हैं। कारीगर शिव कुमार प्रजापति कहते हैं कि मिट्टी की जगह पर पीओपी, प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित मूर्तियों ने स्थान ले लिया है। इन मूर्तियां में फिनिशिंग होती और ये सस्ती भी होती हैं। जबकि मिट्टी की मूर्तियां काफी महंगी होती है, उनका खर्चा भी नहीं निकलता है। मूर्तियों की फिनिशिंग न होने से लोग इन्हें लेना भी पसंद नहीं करते हैं।



## क्विक न्यूज

### एंटी रोमियो ने पकड़े शोहदे

**सीतापुर।** त्योहार की गहमागहमी के बीच एंटीरोमियो टीम का अभियान जारी रहा। अलग-अलग थाना की टीम ने 4 षोहदों को पकड़कर मुकदमा दर्ज किया। मानपुर पुलिस ने बिसेंडी के सियाराम, शहर पुलिस ने तामसेनगंज के आकाश, सकरन पुलिस ने घनपुरिया के छोटू को और संदना पुलिस ने अनोगी के सीताराम को शोहदई करते हुए धरदबोचा। इसके अलावा 18 से अधिक मनचलों को हिदायत भी दी गई।

### पकड़ी गई अवैध शराब

**सीतापुर।** अवैध शराब कारोबारियों पर पुलिस ने शुक्रवार को शिकंजे की चूड़ियां टाइट की। अलग-अलग थाना पुलिस ने 40 लीटर कच्ची शराब के साथ 4 आरोपियों को गिरतार किया। लहरपुर पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ अहमापुरवा के राकेश, इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ रामपुर नयागांव के जयकरन, इतनी ही षराब के साथ महोली पुलिस ने अढ़ौरा के ज्ञानी और तालगांव पुलिस ने देवकली के विनोद को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर आबकारी अधिनिय के तहत कार्यवाही की गई है।

### कोरोना के निकले 12 मरीज

**सीतापुर।** जिले में कोरोना का अप एण्ड डाउन जारी है। पिछले 24 घंटे में 12 कोरोना मरीजों की पहचान की गई है। शहर के गुरुनानक कॉलोनी व आई हॉस्पिटल में एक -एक केस मिला है। गोंदलामऊ में 3, मछरेहटा के हरपालपुर में दो और सिधौली के छठामील व पिसावां में एक-एक केस की पहचान की गई है। तीन मरीज अन्य स्थानों के हैं। अब सीतापुर में कोरोना मरीजों की संख्या 4,458 हो गई है। अब तक 66 की मौत हो गई है।

### समाजवादी लोहिया वाहिनी ने बांटे दीये

**रेउसा सीतापुर।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने दीवाली पर 'हर घर रोशन, हर मन प्रसन्न' कार्यक्रम का आयोजन करके लोगों के बीच पहुंचने का काम किया। सीतापुर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने मिठाई, दिया, मोमबत्ती आदि बाँटकर लोगों को बधाई दी। निर्वतमान जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद ने अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी है। कार्यक्रम को मो. शेर, राम स्वरूप, मून्ना, मो. शफीक, रंजीत कश्यप, मो. आफताब, मान सिंह यादव, अमित वर्मा, लल्लन सिंह आदि ने सफल बनाया।

# लालबाग पार्क में दीप जला शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## ● अन्नपूर्णा सेवा संस्थान के कार्यक्रम में लोगों ने दीप व मोमबत्तियां जलाईं

संवाददाता। सीतापुर

**ज्योति पर्व** की पूर्व संध्या पर अन्नपूर्णा सेवा संस्थान परिवार की ओर से शहर के लालबाग पार्क में आयोजित ''आओ कदम से कदम मिलाएं, शहीदों की याद में एक दीप जलाएं कार्यक्रम में लोगों ने दीप व कैंडल जलाए और शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में आयोजक संस्थान अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने लालबाग पार्क के इतिहास बताते हुए कहा कि सन 1942 में महात्मा गांधी द्वारा ''करो या मरो'', ''अंग्रेजों भारत छोड़ो'' का नारा दिया गया। इसी का अनुसरण करते हुए देश भर से लोगों ने आवाज उठाने के साथ-साथ प्राणों की आहूति भी दी। यहां सीतापुर वासियों में से क्रांतिकारी जब हाथ में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता के जयकारे और अंग्रेजों भारत छोड़ो नारा लगा रहे थे, तब यहां अंधाधुंध गोलियां चलीं तथा सैकड़ों की तादात में लोग घायल हुए थे। शहीद होने वालों की संख्या में 15 लोग थे, जिनके मात्र आठ स्तंभ यहां स्थापित है। जिन घरों के चिराग बुझ गए हैं। इस अवसर पर शैलेन्द्री तिवारी, मंजर यासीन, यासीन इब्ने उमर, विकास सेठ, आदर्श गुप्ता, अभय श्रीवास्तव, नितिन रस्तोगी, प्रगति बाजपेयी, नवीन द्विवेदी, वीरू वर्मा, आदर्श श्रीवास्तव, विजय ''कण्ठ'', केपी मिश्रा, शिवप्रताप सिंह चौहान, प्रदीप वर्मा, इन्द्रदेव सिंह, मो. सलीम, अमरेश बाजपेयी, राजकुमार, विन्देश्वरी पाल, रामदास वैश्य, जावेद अहमद, जीएल गांधी, हरीश गौड़, अमित वर्मा, सूरज, शिवम शुक्ला, सौरभ मिश्रा, रिजवान, अरुण गौतम, कौशल शुक्ला, नीरज, अतुल, इकरार, सेवक, मंगल, दानिश आदि उपस्थित रहे।


सीतापुर-दीपों से जगमग हुआ शहीद पार्क


सीतापुर-शहीदों को श्रद्धांजलि देते अन्नपूर्णा सेवा संस्थान अध्यक्ष अनिल द्विवेदी व अन्य

# डीएम-एसपी ने दी आवाम को बधाई


विषाल भारद्वाज


आरपी सिंह

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी विशाल** भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने दीपावली के अवसर पर सभी जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए स्वास्थ्य एंव खुशहाली के लिए मंगल कामना की है, इस दौरान उन्होंने आवाम से यह अपील की है कि सभी कोविड को ध्यान में रखते हुए खुद को सुरक्षित रखकर परम्परागत एवं हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाएं। एनजीटी एवं षासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें व कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए सोषल डिस्टेसिंग व मास्क भी अपनाएं।

# देश के प्रथम प्रधानमंत्री का मनाया गया जन्मदिन


सीतापुर-पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेस पदाधिकारी

संवाददाता। सीतापुर

## ● कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर किया नमन

**देश के** प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा। जयंती की पूर्व संध्या पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय कार्यकर्ताओंने नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनको नमन किया और देश के लिए किए गए उनके कार्यों को याद किया। इस दौरान 2 मिनट मौन रहकर महिला जिला अध्यक्ष मिथिलेश वैश्य के पति के निधन पर शोक भी व्यक्त किया गया। इस मौके पर पीसीसी सदस्य सुरेश गुप्त, जिला उपाध्यक्ष राज किशोर सिंह, शिशिर बाजपेई, अल्पना सिंह, चोक्ष विभु अवस्थी, गोमती राजवंशी, डॉ एम अली, राजीव शर्मा, प्रमोद सिंह, अमित मिश्र, सोमेश सिंह, जेपी शुक्ला, राकेश मिश्र, अभिलाष सिंह, गिरीश दीक्षित, रामपाल यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## दिवाली पर हर कोई घर पहुंचने को बेताब....

# रोडवेज बसें भी तैयार, मुसाफिरों के आने का इंतजार

संवाददाता। सीतापुर

**चौदह नवंबर** को दीपावली है। त्योहारी सीजन में हर किसी को घर पहुंचने की जल्दी है। गैर राज्यों में नौकरी कर रहे लोग घर पहुंचाने के लिए रेल और सड़क मार्ग का सहारा ले रहे हैं। मुसाफिर घरों तक पहुंचाने के लिए रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेनों चला रखी हैं तो परिवहन महकमे द्वारा विभिन्न रूटों पर रोडवेज बसें भी दौड़ाई जा रही हैं। लेकिन अभी तक न तो ट्रेनों और न ही बसों में मुसाफिरों की भीड़ है, हालांकि रेल और रोडवेज दोनों ने यात्रियों की भीड़ से निपटने को पहले से ही पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं, जिससे कि यात्रियों को गतंव्य स्थलों पर पहुंचने में दिक्कतें न उठानी पड़ें। आई इंडिया की टीम ने त्योहारी सीजन पर रोडवेज और रेल सेवाओं का जायजा लिया, तो वहां पर सन्नाटा पसरा पाया। आइए, जानते हैं कि आई इंडिया से बातचीत में रोडवेज और रेलवे के जिम्मेदार क्या बोले-



**त्योहार पर्व पर रोडवेज ने किए अच्छे इंतजाम:** राज्य सड़क परिवहन निगम के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी मोहम्मद आरिफ सिददीकी कहते हैं कि त्योहार पर्व पर परिवहन विभाग ने रोडवेज बसों के इंतजाम किए हैं। त्योहार पर लोगों को घर पहुंचाने के लिए रोडवेज बसें चलाई जा रही है। उनका कहना है कि जिस रूट के पैंसेजर अधिक होंगी, उस मार्ग पर बस चलाकर यात्रियों को घर पहुंचाया जा रहा है। घ्सीतापुर डिपो में 150 बसें चल रही हैं। भैया दूज पर महिलाओं के निशुल्क सफर का अभी तक कोई आदेश नहीं आया है। अगर आदेश आता है तो महिलाओं को निशुल्क सफर की सुविधा दी जाएगी।

**त्यौहार पर चलेगी स्पेशल ट्रेनेः** सीतापुर जंक्शन स्टेशन के अधीक्षक एके शुक्ला का कहना है कि त्योहार पर्व पर यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इनके जरिए लोगों को गतंव्य स्थलों तक पहुंचाया जा रहा है। सीतापुर रूट पर फिलहाल नौ जोड़ी ट्रेनों का संचालन है। आनंद विहार- सहरसा, दिल्ली-समस्तीपुर, दिल्ली-छपरा, अमृतसर- दरभंगा, नई जलपाई गुडी- अमृतसर आदि ट्रेनें चल रही हैं। सभी ट्रेनें त्योहार पर यात्रियों को लाने- ले जाने का कार्य किया जा रहा है।

# आबकारी अधिकारी ने शराब की दुकानों पर की छापेमारी

● दी चेतावनी-ओवर रेटिंग व मिक्सिंग करने वाले दुकानदारों पर होगी कार्रवाई

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**डीएम और** उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार लखनऊ से प्राप्त दिशा निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में दीपावली पर्व के दृष्टिगत पूरे जिले में आबकारी महकमे को अलर्ट कर दिया गया है। शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत शुक्रवार को जिले भर में बड़े पैमाने पर छापेमारी की गई। जिससे पूरे जिले में हड़कंप मच गया। आज प्रवर्तन एवं छापेमारी अभियान की कमान स्वयं जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने संभाली। जिला मुख्यालय के सबसे बड़े माडल शाप बरखेरवा, देशी मदिरा दुकान पिपरिया बाईपास सहित अन्य देशी, विदेशी एवं बियर शराब की दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर स्टाफ सहित सहित अन्य अभिलेखों एवं पंजिकाओं का गहनता से पड़ताल की। उन्होंने कहा कि ओवर रेटिंग करने पर शराब दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दीपावली पर्व के दौरान पूरे आबकारी महकमे द्वारा उनके निर्देशन में बड़े पैमाने पर संदिग्ध स्थलों एवं मुखबिर की सूचना सहित उपलब्ध फीडबैक के आधार पर बड़े पैमाने पर छापेमारी एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में बराबर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है एवं कच्ची शराब को बरामद करते हुए लहन को भी बड़ी मात्रा में मौके पर ही नष्ट कराया जा रहा है। इसी के साथ ही आबकारी महकमे द्वारा गठित टीमों ग्राम लालहनपुर थाना नीमगांव में दबिश दी गई। दबिश में कुल 134 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद की गई। 2900 किग्रा लहन बरामद कर मौके पर नष्ट कर दिया गया।

## पटाखा कारोबारियों पर दिखा कोरोना का असर

**पलिया कलां-खीरी।** कोविड-19 के दौरान ठप हुए व्यापार के चलते पटाखा कारोबारियों के कारोबार पर भी छोटी दीपावली के अवसर पर बुरा असर देखने को मिला। पिछले साल की अपेक्षा इस बार आधे से कम व्यापारियों ने पटाखे की दुकानें लगाई। सरकार की गाइड लाइनों का पालन करते हुए मात्र 29 दुकानदारों ने सोशल डिस्टेंसिंग व सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम के साथ मां विंध्यवासिनी पार्क में दुकानें लगाई। पटाखा बाजार की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण सीओ व कोतवाल में पुलिस बल के साथ किया। पहली बार छोटी दीपावली के अवसर पर पटाखों की दुकानों पर सन्नाटा पसरा रहा। हर साल की तरह इस बार भी बाईपास रोड के किनारे स्थित मैदान में पटाखा बाजार लगाया गया। पटाखा बाजार पर कोविड-19 का असर भी देखने को मिला। पिछले वर्षों में जहां छोटी दीपावली पर पटाखा बाजार में खरीदारों का रेला चलता था। वहीं इस बार पटाखों की दुकानें सुनी पड़ी रहीं। 50 से अधिक लगने वाली दुकानों की संख्या आधी से कमा पहुंची। शुक्रवार को पटाखा बाजार का सीओ व कोतवाल भानु प्रताप सिंह ने पुलिस बल के साथ निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अग्निशमन अधिकारी वाहन के साथ डटे रहे। कोविड-19 के मद्देनजर पटाखा व्यापारियों को राहत देते हुए भूस्वामी ने सभी को निशुल्क दो दिनों के लिए व्यापार करने देने की घोषणा की। इस दौरान भाजपा नेता श्याम आनंद ने भी मौके पर पहुंचकर पटाखा व्यापारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 की परिस्थितियों को देखते हुए शासन प्रशासन आपके साथ है। सभी सरकार की गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण करें। वहीं गुरुवार को धनतेरस के अवसर पर भी बाजारों में पिछले वर्षो की अपेक्षा इस बार रौनक कम दिखी। एसडीएम डाण् अमरेश व तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने भी पटाखा बाजार में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पटाखा कारोबारियों से सरकार की गाइडलाइन के नियम का पालन के साथ सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## क्विक न्यूज

### गरीब व निर्धन परिवारों में बांटा गिफ्ट पैक



**पलियाकलां-खीरी।** दीपावली पर्व के अवसर पर पलिया रोटरी क्लब के सदस्यों ने बेघर व गरीबों के बीच पहुंचकर उन्हें गिफ्ट पैक के रूप में दीपावली का उपहार दिया। रोटरी क्लब द्वारा वितरित किए गए गिफ्ट में मिठाई, बिस्किट, टाफी, खील खिलौने व मोमबत्ती आदि शामिल थीं। जानकारी देते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष गगन मिश्रा ने बताया कि दीपावली पर्व के अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्यों ने प्रोजेक्ट एक छोटी सी मुस्कान के तहत सड़क किनारे रह रहे झुग्गी झोपड़ी वालों, रिक्शा चालकों को व गरीब बच्चों को दिवाली किट का वितरण किया। उन्होंने बताया कि किट में दिवाली के शुभ अवसर पर मिठाई के डिब्बे, बिस्किट, टाफी, खील, मीठे खिलौने, मोमबत्ती और बच्चों वास्ते नए कपड़े इत्यादि शामिल थे। बताया कि बच्चों के लिए नये कपड़े नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी ओम प्रकाश बंसल द्वारा उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में रोटरी क्लब पलिया के अध्यक्ष गगन मिश्रा, महामंत्री दिनेश गर्ग, पूर्व अध्यक्ष अंकुर गोयल, प्रशांत बरनवाल व शेखर गर्ग आदि मौजूद रहे।

### सांसद ने किया टीन शेड व चबूतरे का लोकार्पण



**निघासन-खीरी।** सांसद ने तहसील परिसर में वादकारियों के बैठने के लिए बनाए गए टीन शेड व चबूतरे का लोकार्पण किया है। अधिवक्ताओं की मांग पर वादकारियों के बैठने के लिए सांसद निधि से बनाए गए टीन शेड व चबूतरे का लोकार्पण शुक्रवार को खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी किया है। तत्पश्चात अधिवक्ता संघ भवन में अधिवक्ताओं के साथ एक बैठक भी की। इसमें अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मेजर सिंह ने उनका माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। वहीं मंत्री रवि गुप्ता ने सिगांही नगर पंचायत चैयरमैन उत्तम मिश्रा का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके अलावा सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, कोतवाल डीके सिंह आदि का भी राहुल गुप्ता, प्रदीप कश्यप व राजू गिरि सहित अन्य वकीलों ने भी माल्यार्पण कर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए खीरी सांसद ने सरकार की नीतियों सहित कार्यों का बखान किया। इसके अलावा अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी सभा को संबोधित किया। सभा का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध कुमार पांडे ने किया। सभा समापन ने सांसद ने कोतवाली में बनी महिला हेल्प डेस्क व कप्यूटर कक्ष सहित कोतवाली का निरीक्षण कर कोतवाल डीके सिंह की सराहना की। इस दौरान अधिवक्ता संघ के संरक्षक डीके सिंह, रामकृष्ण चतुर्वेदी, वीरेंद्र रुहेला, राजेंद्र रुहेला, रवि श्रीवास्तव, उमाकांत जायसवाल व अमन अवस्थी आदि अन्य वकील सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आग से जलकर अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करसवां में गुरूवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से लगभग 55 वर्षीय अधेड़ चपेट में आ गया। जिसकी मौके पर जलकर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार करसवां गांव निवासी मान बहादुर का पुत्र देशराज कल शाम अपने कमरे में था। तभी संदिग्ध अवस्था में आग लग गयी। जिसकी चपेट में वह आ गया शोर-शराबा सुनकर पास-पड़ोस के लोगों ने मौके पर पहुंच आग बुझायी तब तक देर हो चुकी थी। वृद्ध की घटनास्थल पर ही जलकर मौत हो गयी।

### 36 पर शांति भंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में आतंक व अशांति फैलाने वाले तीन दर्जन लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बिन्दकी कोतवाली प्रभारी ने पांच, जहानाबाद तीन, कल्यानपुर सात, चांदपुर तेरह, हथगाम तीन, सदर कोतवाली प्रभारी दो तथा मलवां थानाध्यक्ष ने तीन लोगों पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत शुक्रवार की सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो लोगों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक इजहार अहमद अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर इंदल पुत्र विश्वनाथ निवासी रारी बुजुर्ग व रामकरन पुत्र गंगाराम को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से दस-दस लीटर कच्ची शराब बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।

### गांजा के साथ एक को दबोचा

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत शुक्रवार की सुबह गश्त के दौरान दतौली चौकी इंचार्ज ने अवैध गांजा व तमंचा के साथ युवक को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार दतौली चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार सिंह आज सुबह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर कोर्राकनक मोड़ के पास से सीताराम अग्निहोत्री पुत्र श्रवण कुमार अग्निहोत्री निवासी सौंरा थाना मलवां को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से एक किलो गांजा, एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद करते हुए उसके विरूद्ध कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

### डीएम-एसपी की दीपावली की बधाई

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी संजीव सिंह एवं पुलिस कप्तान प्रशात वर्मा ने दीपावली का त्योहार शांतिपूर्वक एवं कोरोना से संबन्धित नियमों का पालन करते हुए मनाने की अपील की है। द्वय अधिकारियों ने जारी अपील में कहा है कि त्यौहार मनाते समय हमें आपसी भाईचारे और नियमों का विशेष ख्याल रखना चाहिए। दृष्टिगत दीपावली के पर्व पर पटाखे न छोड़े एवं इस हेतु अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। जनपद में कोविड-19 कोरोना के संक्रमण के दृष्टिगत संक्रमण से स्वयं के साथ-साथ आस-पास के लोगों को भी बचाने के लिए दो गज की दूरी बनाये रखें एवं मास्क का प्रयोग अवश्य करें।

### बुखार से एक और मौत

**जहानाबाद, फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमपुर टांडा निवासी गंगाराम निषाद प्रधान का पुत्र गुलाब निषाद कई दिनों से बुखार से पीड़ित था जिसका कानपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उसकी मृत्यु हो गई मृत्यु की खबर घर में पहुंचते ही कोहराम मच गया। मौत की सूचना पर कारागार राज्य मंत्री प्रतिनिधि कैलाश शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आरिफसेठ, प्रधान संतोष यादव, प्रधान शानदार नकवी, महेंद्र वर्मा आदि ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी व ढांढस बनाया।

## धोखाधड़ी करने वाले सेवा केंद्र के संचालक गिरफ्तार

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**आनन्द** गिरि पुत्र बंशी गिरि निवासी कफारा थाना धौरहरा ने सूचना दी कि उनका बचत खाता गांव के बाजार में स्थित बैंक ऑफ बडौदा मे संचालित है। वह अपना लेन-देन कभी-कभी ग्राहक सेवा केंद्र कफारा से भी करते हैं जिसका संचालन सर्वेश, अंकित, चंद्रप्रकाश व अमरीश करते हैं। 24 अक्टूबर को उपरोक्त खाते से 10000 रुपये अवैध रुप से धोखाधड़ी कर निकाल लिए गए हैं। सूचना पर थाना धौरहरा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में प्रकाश में आया कि ग्राहक सेवा केंद्र कफारा के उपरोक्त संचालक बैंक ऑफ बडौदा के विभिन्न खाताधारकों के खाते से धोखाधड़ी व जालसाजी करके इलेक्ट्रानिक उपकरणों की सहायता से धनराशि निकालते हैं। शुक्रवार की शाम करीब 6:40 बजे अभियुक्तगण उपरोक्त को मय इलेक्ट्रानिक उपकरण, मोबाइल व रुपयों सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार किए गए युवक अंकित पुत्र नरेंद्र वर्मा निवासी सेमरी, सर्वेश पुत्र ज्वाला प्रसाद वर्मा निवासी महादेव व चंद्रप्रकाश पुत्र राम बड़ई निवासी सेमरी थाना धौरहरा खीरी हैं। इनके पास से एक लैपटॉप, एक इम्प्रेशन डिवाईस, एक लीड, एक रजिस्टर, एक मोबाइल व 10625 रुपये नगद बरामद हुए हैं।

## पौधरोप कर दिया हरियाली का संदेश

**फतेहपुर।** धरती का धन हरियाली है और हमारे कर्तव्य है तेरस तेरा तुझको अर्पण यह है धनतेरस प्रधान कर्म में धनतेरस व दीपपर्व पर पौधारोपण कर मनाने का संकल्प लेता उद्योग व्यापार मण्डल व संस्कार टीम ने देश के समस्त राष्ट नागरिकों के हित मे पर्यावरण को गति प्रदान करने की दिशा में आज दिनांक 13 नवम्बर को शिव मंदिर शान्तिनगर में पौधारोपण किया। व्यापार मण्डल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने सन्देश में कहा पौधारोपण करके आप भी दूसरों के जीवन मे हरियाली ला सकते है समस्त परिवार अपने व अपने परिवार के सदस्यों के नाम का एक पौध अवश्य लगाएं। संस्कार टीम के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य राजेन्द्र साहू ने कहा धरती का गहना पौधा है, इसे सदैव हराभरा रखना हम सभी की जिम्मेदारी है राष्ट्रहित के संकल्प को पूर्ण करने में हमारी पूर्ण हिस्सेदारी होनी चाहिये।

## बच्चों को मिठाई एवं फल वितरित किए

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द एवं नगर आयुक्त संतोष शर्मा जिला प्रोबेशन अधिकारी वरूण राठौर एवं आदर्श विकलांग कल्याण संस्थान के मुख्य संरक्षक हरीशरण बाजपेई प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुबोध शुक्ला ने पूर्व की भॉति बाल सुधार गृह में बच्चों के साथ काफी समय व्यतीत किया एवं सभी बच्चों का हाल जाना कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री एस0 आनन्द ने अपने हाथों से बच्चों को मिठाई एवं फ्ल वितरित किए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द ने सभी बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली के अवसर पर आदर्श विकलांग कल्याण समिति द्वारा किया गया कार्य सराहयनीय है। उन्होने कहा कि जनपद के लोगो को ऐसे कार्यक्रम में आगे बढकर आना चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढता हैं।

### हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**बिंदकी फतेहपुर।** अचानक सामने मवेशी आ जाने से बाइक सवार युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घर युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उधर जानकारी मिलने पर परिजन और शुभचिंतक भी अस्पताल पहुंचे। थाना कल्याणपुर क्षेत्र के अंतर्गत अलीपुर मोड़ के समीप चौड़गरा से बिंदकी की ओर आ रहे युवक आशीष गोस्वामी उम्र 27 वर्ष पुत्र मदन मोहन निवासी लंका रोड केवटरा बिंदकी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ लग गई सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची। घायल युवक को लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। काफी देर चले उपचार के बाद हालत में सुधार नहीं हुआ तो चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## महिलाओं व छात्राओं को सिखाया गया मास्क व मिट्टी के दीपक बनाना

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

**मिशन** शक्ति के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय परिसर एक हुनर शिविर का का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी ने किया। हुनर शिविर में महिलाओं तथा छात्राओं को मास्क बनाना मिट्टी के दीपक बनाना के अलावा रंगोली बनाना भी सिखाया गया। मलवा ब्लाक क्षेत्र के पहररवा पुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में मिशन शक्ति के अंतर्गत एक हुनर शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ फीता काटकर खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मिशन सख्त के अंतर्गत हुनर शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें महिलाओं छात्राओं तथा पूर्व छात्राओं को मास्क बनाना मिट्टी के दीपक बनाना रंगोली बनाना सैनिटाइजर बनाना सहित कई चीजों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापिका नीलम सिंह भदोरिया की मेहनत का परिणाम है कि इस तरह के हुनर शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वही इस मौके पर प्रधानाध्यापक नीलम सिंह भदोरिया ने कहा कि कई गांव की महिलाएं छात्राएं तथा पूर्व छात्राएं भी इस शिविर में भाग ले रही हैं। निश्चित रूप से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

### जनपद में 27 और कोरोना संक्रमित मिले

**फतेहपुर।** जनपद में आज फिर कोरोना के संक्रमितो की संख्या में इजाफा होने से इस वैश्विक महामारी ने जनपद में अपना शिकंजा और कस लिया है। आज 27 और कोरोना संक्रमित मिलने से जहाँ लोगों में दहशत बढ़ी है। शासन के आंकड़े के तहत आज पॉजीटिव पाए गए लोगों में कई फतेहपुर शहर क्षेत्र के हैं। इस तरह जनपद में कुल ऐक्टिव केस 156 हो गये हैं। राहत की बात यह है कि इस दौरान 2665 मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं। वहीं कुल कोरोना संक्रमितों की संख्या 3147 है।

## गरीबों के साथ मनाई सपा जिला अध्यक्ष ने दिवाली

● गरीबों को बांटे दीपक और मिठाई

संवाददाता। शाहजहांपुर



**दीपावली पर** गरीबो के घर भी रोशनी से जगमगाये इसी सोच के साथ सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन तनवीर खां गरीब जरूरतमंद लोगों को दीपक और मिष्ठान वितरित किये। इस मौके पर लोगो ने सपा जिलाध्यक्ष का धन्यवाद देकर अपनी खुशी का इजहार किया।

छोटी दीपावली के अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने गरीब बस्तियों में पहुंचकर दीपक, मोमबत्ती और मिष्ठान का वितरण किया। त्यौहार पर गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने की अपनी रवायत को पूरा किया। बदले में गरीबों ने उन्हें मुंह भर भर कर दुआएं और आशीर्वाद दिया। इसके अलावा उन्होंने टाउन हॉल के पास त्रिमूर्ति कवि चौरहा पर भी लोगो के बीच दीपक, मिष्ठान का वितरण किया। उन्होंने कहा कि दीपावली रोशनी के साथ खुशियों का त्योहार है, ऐसे में किसी भी गरीब के घर अंधेरा नही रहना चाहिए।

हर घर रोशन हो इसीलिए जरूरतमंद लोगों की मदद करते रहना चाहिए। इस मौके पर आरिफ खान, शाहनवाज, सोनू यादव, रवि पांडे, आसिफ कुरेशी, विवेक प्रजापति, इस्तेखार, मोव तालिब खान, सलीम इदरीसी, रमेश राठौर आदि मौजूद रहे।

## घर के अंदर काम कर रही महिला को सर्प ने डसा

**बिंदकी फतेहपुर।** घर के अंदर काम कर रही महिला को अचानक सर्प ने डस लिया। महिला की हालत बिगड़ी तो परिजनों में हड़कंप मच गया परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रतवा खेड़ा गांव में सोनी देवी उम्र 22 वर्ष पत्नी शिवप्रसाद अपने घर के अंदर साफसफाई कर रही थी तभी अचानक महिला को सर्प ने डस लिया। आनन-फानन में महिला को निजी वाहन से लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने काफी देर चले उपचार के बाद हालत में सुधार होता ना देख महिला को प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि महिला घर की साफसफाई और लिपाई पुताई कर रही थी, तभी सर्प ने डस लिया जिसके चलते हालत बिगड़ी तो इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## कम्युनिटी एडवाइजरी बोर्ड का गठन पी-एमपीएसई की दी विस्तृत जानकारी

संवाददाता। फतेहपुर




**एड्स नियंत्रण** सोसाइटी द्वारा सहायतित एवं जनकल्याण महासमिति द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना के सुदृढ़ संचालन हेतु प्रोग्रामेटिक मैपिक पापुलेशन साइज इस्टीमेशन की गतिविधि को सही रूप में क्रियान्वयन करने हेतु जिला क्षयरोग अधिकारी की अध्यक्षता में कम्युनिटी एडवाइजरी बोर्ड का गठन किया गया जिसमे पीओ टीएसयू डा. आदित्य पाण्डेय द्वारा पी-एमपीएसई की विस्तृत जानकारी दी गयी। नाको भारत सरकार द्वारा एचआरजी की अनुमानित संख्या के गणना हेतु जिले का चयन किया गया है। जिसमे संस्था जन कल्याण महासमिति द्वारा संचालित शहरी क्षेत्र के हाटस्पाट व ग्रामीण क्षेत्र सहित जिले के समस्त ब्लाक स्तर के हाटस्पटाट चिन्हित कर टीआई पियर एजुकेटर तथा ओआरडब्लू के पीएमपीएसई मैपिंग का प्रशिक्षण देकर उनके सहयोग से किया जायेगा। पीएमपीएसई की गतिविधि प्रोग्राम के लोगों के माध्यम से किया जायेगा।

कैब के सदस्यों के कार्य एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। कैब की मुख्यत: तीन बैठकें आयोजित की जायेगी। जिसमे पहली बैठक आज सम्पन्न करायी गयी है। जिसमे प्लानिंग ओरियंन्टेशन कार्य की जिम्मेदारी सहयोग आदि पर चर्चा की गयी। बैठक के अन्त में कार्यक्रम अधिकारी टीएसयू-यूपीएसएसीएस द्वारा सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर टीआई के पीएम ओपी तिवारी, काउंन्सलर शगुफ्ता वसीम, डीटीओ केके श्रीवास्तव, डा. अब्दुल्लाह, आईसीटीसी काउंन्सलर अतुल जायसवाल, पीपीटीसीटी काउंन्सलर नीतू यादव, आईसीटीसी काउंन्सलर खागा श्वेता, एसटीआई काउंन्सलर हुसैनगंज रंजना, एसटीआई काउंन्सलर शीलू गुप्ता, अंकाउनटेन्ट आशीष श्रीवास्तव, ओआरडब्लू विनीत मिश्रा, गुल्नाज खान, अशरफ खान एवं विवेक शुक्ल बैठक में मेडिकल तथा समुदाय से प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कैब बैठक के उपरान्त डीटीओ द्वारा पूर्णरूप से सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## घरेलू विवाद के चलते महिला को जेठ ने पीटा

संवाददाता। बिंदकी फतेहपुर

**घरेलू विवाद** के चलते महिला को जेठ ने पीटकर जख्मी कर दिया पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बहरौली के पुरवा गांव में घरेलू विवाद के चलते निशा देवी उम्र 20 वर्ष पत्नी सोनू को उसके जेठ जसवंत आदि लोगों ने पीटकर जख्मी कर दिया पीड़ित महिला ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है पीड़ित महिला निशा देवी ने बताया कि घरेलू बटवारा के चलते आए दिन उसके जेठ तथा अन्य लोग मारपीट करते हैं कई बार पुलिस से शिकायत की गई पुलिस ने समझाया बुझाया भी लेकिन वह लोग बार-बार मारपीट करते हैं जिसके चलते एक बार फिर मारपीट किया इसी की शिकायत उसने पुलिस से की है।

## बांके बिहारी मंदिर में हुई रंगोली प्रतियोगिता सम्मानित किए गए प्रतिभागी

संवाददाता। फतेहपुर



**बांके बिहारी** मंदिर में आदर्श व्यापार मंडल द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला अधिकारी संजीव सिंह ने भाग लिया। वहीं उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद झा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को 1100, 500 व ?251 की राशि व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगोली बनाकर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील मिश्रा, मनीषा गुप्ता, नमिता सिंह, उमा गुप्ता, आचार्य दुर्गादत्त शास्त्री, सुनीता गर्ग सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पतंजलि विद्या मंदिर, संयुक्त महिला समिति, सखी मानव सेवा समिति ने भी रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें ओम सिंह, अनोखी सिंह, स्नेहा, श्रेयांशी, कशिश, अंशिका, ईशांत सिंह, प्रियांशी यादव, मंजू रानी, निधि यादव, गोल्डी मौर्या शालनी ने प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं उत्साहवर्धन हेतु सभी को शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन आदर्श व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने किया।

# रास्ते को लेकर हुए बवाल में पथराव व फायरिंग इटावा बरेली हाईवे हुआ जाम

**संवाददाता।** बसरेहर इटावा











**बसरेहर** थाना क्षेत्र के ग्राम अमृतपुरा में 10 दिन से चल रहे रास्ते के विवाद को लेकर शुक्रवार की शाम करीबन 5 बजे दोनों पक्षों के सैकड़ों लोगों ने मिलकर एक दूसरे के ऊपर ईट पत्थर फेंकना शुरू कर दिया और देखते ही देखते फायरिंग भी होने लगी। मामला इतना गंभीर हो गया कि इटावा बरेली हाइवे तक एक घंटे तक जाम बना रहाए आम राहगीरों ने घटनास्थल से 200 मीटर दूर से ही वापस लौटना मुनासिब समझा एघटना में करीबन 15 से अधिक लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी जैसे ही आला अधिकारियों को हुई तो मौके पर थाना बसरेहर चौबिया वैदपुरा सैफई और ऊसराहार से पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा । घटना की गंभीरता को समझते हुए सदर एसडीएम सिद्धार्थएसदर तहसीलदार एन रामएसैफई क्षेत्र अधिकारी आलोक प्रसाद भरथना क्षेत्राधिकारी चंद्रपाल सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों और पुलिस के पहुंचने पर भी बवाल शांत होने का नाम नहीं ले रहा था जहां एक तरफ गांव के सैकड़ों लोग से तो वहीं दूसरे पक्ष के कुछ लोग छत पर खड़े होकर पथराव कर रहे थे ।घटना में घायल हुए कौशल किशोर पुत्र शुखवासी लालएनिर्मल देवी पत्नी राजकुमारएमनोज पुत्र रामप्रकाश निवासी अमृतपुरएजगदीस पुत्र सोनेलाल निवासी झम्मनपुर आदि करीब एक दर्जन लोग आंशिक रूप से घायल हो गए। गांव की तरफ से हुए घायलों ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि रास्ते में दुकानों का निर्माण होने के बाद मामला प्रशासन तक जा पहुंचा था और प्रशासन ने दुकानों का कार्य रुकवा कर यथास्थिति कायम रखने के आदेश दिए थे जब तक कोई निर्णय लिया जाए लेकिन आज वहां पर दुकानों पर लेंटर डालने का कार्य शुरू होने वाला था जिसको रोकने जब हम लोग वहां पहुंचे तो उन्होंने पथराव कर दिया जिसमें कई गांव वाले घायल हो गए वहीं दूसरे पक्ष का कहना था कि किसी भी तरीके का कोई भी निर्माण कार्य नहीं हो रहा था सैकड़ों की तादाद में झुंड बनकर गांव वालों ने आकर दुकानों में लगी शटरिंग और दीवारों को तोड़ने का प्रयास किया जिसकी जब शिकायत हमने पुलिस को की तो उन लोगों ने हम लोगों के ऊपर एक पत्थर फेंकना शुरू कर दिया और फायरिंग भी की ।पथराव में गाड़ियां हुई चकनाचूर तथा इस कदर हो रहा था कि उसकी चपेट में एक अल्टो कार टूट कर चकनाचूर हो गई तो वही तीन मोटरसाइकिल पूरी तरीके से ईंट पत्थर मार.मार कर दोस्त कर दी गई मौके पर पहुंचे प्रशासन तो पथराव करने वाले सैकड़ों की तादाद में युवक नदी की तरफ भाग खड़े हुए। एक महीने पूर्व हुए इसी रास्ते के बवाल में 50 लोगों के खिलाफ 107ए116 की कार्रवाई हो चुकी थी। बसरेहर थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र पाठक ने बताया कि राष्ट्रीय को लेकर विवाद चल रहा था जिसने 50 लोगों के खिलाफ 107 116 की कार्रवाई की गई थी अब मामला यहां तक आ पहुंचा है कि शिनाख्त कर और लोगों के नाम जोड़े जाएंगे और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कीमामले की जानकारी देते हुए सदर एसडीएम सिद्धार्थ ने बताया कि रास्ते को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा था जिसमें आज एक पक्ष के सैकड़ों लोगों ने बेवजह मामले को तूल दिया और मामला पथराव तक जा पहुंचा वही जब उनसे फायरिंग की बात की गई तो उन्होंने फायरिंग की बात को नकारते हुए कहा कि फायरिंग की बात गलत है मामला सिर्फ पथराव का है उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्षों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई की जाएगी वही 18 नवंबर को दोनों पक्षों को बैठाकर जगह की पैमाइश कर रास्ते का निराकरण किया जाएगा।

# मानसिक बीमार महिला को पुलिस ने परिजनों से मिलवाया



**संवाददाता।** जसवंतनगर

**गाजीपुर** के गांव से आई मानसिक कमजोर महिला को थाना पुलिस ने उसके परिजनों को सौंपा

थाना प्रभारी रमेश सिंह ने बताया है कि बुधवार की देर शाम गस्त के दौरान उपनिरीक्षक सुदेश कुमार को ग्राम भिखन में मिली महिला की मानसिक स्थित ठीक नही थी। बड़ी मुश्किल से उसने अपना नाम नीरा देवी पत्नी राम बचन सिंह निवासी ग्राम शेरपुर कला थाना भावरपुर ग्राम जनपद गाजीपुर बताया। इस आधार पर सम्बंधित थाना में महिला की बरामदगी की सूचना दी। पुलिस द्वारा महिला के पति को सूचना दी गई। शुक्रवार को महिला का पति राम बचन राम पुत्र सुदर्शन राम थाना पहुंचा। उसने पुलिस को बताया कि उसकी 30 वर्षीय पत्नी नीरा देवी गत 9 नवंबर को घर से निकली थी। उसकी मानसिक स्थित ठीक नही होने से भटककर यहा तक पहुंची हैं। पिछले चार दिनों से पत्नी की तलाश में जुटे थे। जसवंतनगर कोतवाली परिषर पर पति के साथ महिला का डेढ़ माह का पुत्र को देख कर पत्नी फूट फूट कर रो पड़ीए इतना ही नही दोनो का प्यार देखकर मौजूद प्रभारी निरीक्षक सहित सभी की आंखों मे खुशी देखी गई। थाना पुलिस ने जरूर करवाई पूरी कर महिला को उसके पति के सुपुर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक के महिला को नगदी व दीपावली की अन्य खाद्य सामग्री देकर विदा किया म फ्लिहाल महिला के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने भी राहत की सांस ली है। महिला के परिजनों सहित थाना पुलिस के इस कार्य की काफी सराहना की।

# खील-खिलौने की जमकर हो रही खरीदारी, बाजारों की रौनक बढ़ी

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**दीपावली के पर्व पर गणेश-लक्ष्मी का पूजन लइया, खील से ही किया जाता है। पूजा में मिठाई के तौर पर शक्कर के बने खिलौने और गट्टा आदि रखे जाते हैं। इन वस्तुओं के बिना पूजा अधूरी रहती है। इस परंपरा को लेकर लोग दीपावली के त्योहार पर खील-खिलौना हर हाल में खरीदते हैं।**

**दीपावली** पूजन में खील-खिलौनों बिन सब सूना है, इसलिए जैसे-जैसे दीपावली नजदीक आ रही है, इसके बाजार में भी चहल-पहल दिखने लगी है। बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले लोग भी पूजा का सामान खरीदने पहुंचने लगे हैं। दीपावली का त्योहार शुक्रवार को है। जिसको लेकर बाजार सजा हुआ है। इस समय बाजार की रौनक ही कुछ अलग है। हर दुकान पर भीड़ भाड़ बढ़ गई है। लइया, गट्टा, खील, खिलौना की दुकानों पर लोग खरीदारी कर रहे हैं। खील और खिलौने लोग अधिक खरीद रहे हैं। इसके साथ ही मिश्री की बिक्री भी हो रही है। खील-खिलौनों की बिक्री तो खूब है लेकिन मंहगाई के चलते लोगों नें मात्रा कम कर दी है।

दीपावली के पर्व पर गणेश-लक्ष्मी का पूजन लइया, खील से ही किया जाता है। पूजा में मिठाई के तौर पर शक्कर के बने खिलौने और गट्टा आदि रखे जाते हैं। इन वस्तुओं के बिना पूजा अधूरी रहती है। इस परंपरा को लेकर लोग दीपावली के त्योहार पर खील-खिलौना हर हाल में खरीदते हैं। त्योहार के कई दिन पहले से लइया गट्टा के विक्रेता अपना माल मंगाकर रख लेते हैं। इस समय लइया, खील की दुकानों पर जबरदस्त भीड़ हो रही है। लोग उत्साह के साथ पर्व पर प्रयुक्त होने सामग्री लइया, गट्टा, खील, शक्कर से बने खिलौने, बताशे, इलाइची दाना आदि खरीद रहे हैं। लक्ष्मी जी का भोग लगाने के लिए मिश्री की बिक्री भी हो रही है। बाजार में गजब की रौनक हो गई है। खरीदारों के उत्साह में किसी तरह की कमी नहीं है।

# दीपावली पर अराजक तत्वों पर नजर रखेंगे तीन जोनल व 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**डीएम ने एसडीएम सदर अनिल कुमार को नगर क्षेत्र, सुनील कुमार कायमगंज को एसडीएम सुनील कुमार यादव को कायमगंज, एसडीएम अमृतपुर बिजेंद्र कुमार को अमृतपुर क्षेत्र का सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया है। इसके साथ ही समस्त थाना क्षेत्रों में एक नोडल अधिकारी बनाया गया है।**

**जिलाधिकारी** मानवेन्द्र सिंह नें दीपावाली आदि त्योहारों को लेकर सख्त आदेश जारी किये है। उन्होंने सभी विभागों को अपनी-अपनी जिम्मेदारी को निष्ठा के साथ पालन करने और अराजक तत्वों पर सख्ती करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही जिले भर में नजर रखेनें के लिए 3 सेक्टर और 13 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है।

14 नवंबर को दीपावली के त्योहार को लेकर डीएम नें जारी आदेश में कहा है कि कहीं भी विवाद होंने पर उसे तत्काल निस्तारण कराएं। एआरएम रोडबेज को आदेश दिये की पर्याप्त बसों की व्यवस्था आवागमन के लिए बेहतर करें। संबेदशील स्थानों पर पुलिस की गस्त तेज किया। अराजक तत्वों के खिलाफ गुंडा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट के खिलाफ कार्यवाही की जाये। पटाखा निर्माताओं और भंडारण करने वालों की नियमित तलाशी की जाये। जुआ-सट्टा खेलने वालों पर भी रहे कड़ी नजर। रखनें, अस्पताल और धार्मिक स्थल, शिक्षण संस्थान के 100 मीटर दूरी पर ही पटाखा बिक्री की जाए।

डीएम नें एसडीएम सदर अनिल कुमार को नगर क्षेत्र, सुनील कुमार कायमगंज को एसडीएम सुनील कुमार यादव को कायमगंज, एसडीएम अमृतपुर बिजेंद्र कुमार को अमृतपुर क्षेत्र का सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया है। इसके साथ ही समस्त थाना क्षेत्रों में एक नोडल अधिकारी बनाया गया है। कुल 13 नोडल अधिकारी नामित किये हैं। नगर मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौर्य को फ्तेहगढ़, फर्रुखाबाद, मऊदरवाजा के शहरी क्षेत्र में भ्रमणशील रहने के निर्देश हैं। डीएम नें पुलिस अधीक्षक को आदेश किया है

## दुराचार की नीयत से खेत में खींचने का महिला ने लगाया आरोप

**कायमगंज फर्रुखाबाद** । कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव भटासा निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर दुराचार की नियत से खेत में जबरिया खींचने का प्रयास करने का आरोप लगाया है । महिला का आरोप है कि वह दिन के लगभग 3. 00 बजे अपने घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर स्थित एक गन्ने के खेत में शौच क्रिया के लिए गई थी । शौच क्रिया करने के बाद जब वह घर की ओर वापस लौट रही थी। उसी समय गांव के ही रतन पुत्र रामसेवक व सनोज पुत्र सुरेंद्र ने उसे बुरी नियत से पकड़ कर गन्ने के ही खेत में खींचने का प्रयास किया । मेरे चीखने चिल्लाने तथा शोर मचाने पर गांव के बहुत से लोग एकत्र हो गए । जिन्हें देखते ही दोनों आरोपी मौके से भाग गए । तहरीर देकर महिला ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# 48 घण्टे के भीतर हत्यारोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

- **एसओ विद्यासागर सिंह के अवकाश के दौरान मंगलवार को हुयी थी हत्या**
- **अवकाश से वापसी के 36 घण्टे के भीतर हत्यारोपी को भेजा जेल**

**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात



**प्रभारी निरीक्षक** के अवकाश के दौरान हुयी विवाहिता महिला की धारदार हत्या के मामले में पुलिस ने एसएचओ की वापसी के 36 घण्टे के भीतर हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मृदुभाषी, सामॅजस्य के धनी एसएचओ की कार्यशैली पर स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

आपको बताते चले कि ममता देवी निवासिनी छोटापुरवा की हत्या उसके शराबी पति सॅजय यादव ने धारदार हथियार से मॅगलवार को घर के अन्दर ही कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर सिंह उस समय अवकाश पर थे वुधवार को वापसी पर उन्होंने हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिये थाना स्तर पर टीम गठित कर सॅभावित स्थानों पर दबिश देना शुरू किया। गुरूवार को एसएचओ के नेतृत्व में पुलिस बल के हत्थे हत्यारोपी सॅजय यादव हाथ चढ गया। आरोपी को गिरफ्तार कर आला कत्ल में प्रयुक्त हुयी कुल्हाडी बरामद कर उसे न्यायालय में हाजिर करने के बाद जेल भेजा गया। रूरा थानाध्यक्ष विद्यासागर सिंह के नेतृत्व में छेडखानी व पास्को एक्ट के वॉछित देवेश को भी पुलिस बल ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष विद्यासागर सिंह ने बताया कि हत्यारोपी व पाक्सो एक्ट के आरोपी से पूॅछतॉछ के बाद माननीय न्यायालय में हाजिर करने के बाद जेल भेजा गया है।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने जनपदवासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं

**कानपुर देहात** जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्रए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने दीपावली के अवसर पर सभी जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं भेंट कर स्वास्थ्य एवं खुशहाली के लिये की मंगल कामना। उन्होंने सभी जनपदवासियों से अपील की है कि वर्तमान में कोरोना के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए अपने को सुरक्षित रखकर परम्परागत एवं हर्षोंल्लास के साथ मनायें दीपावली का त्यौहार। जिलाधिकारीए पुलिस अधीक्षकए मुख्य विकास अधिकारी ने अपने बधाई संदेश में सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जनपदवासियों से यह भी आवाहन किया है कि वर्तमान में अभी कोरोना का खतरा टला नहीं है। अत: सभी जनपद के नागरिकगण घर से बाहर निकलने पर बाजारों में सामान खरीदते वक्त एवं सार्वजनिक स्थानों मास्क अथवा गमछे का प्रयोग आवश्यक रूप से करें, जिससे सभी नागरिक कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षित रहे। सभी जनपदवासियों से यह भी आवाहन किया है कि सभी जनपदवासी कोविड.19 को दृष्टिगत रखते हुए अपने को सुरक्षित रखकर दीपावली के पर्व को परम्परागत ढंग एवं हर्षोंल्लास के साथ मनायें।

# जमीनी विवाद में हुआ झगड़ा महिला सहित आठ लोग घायल









**संवाददाता।** कायमगंज फर्रुखाबाद

**थाना** व कस्बा कंपिल से सटे गांव राई पुर चिनहट पुर निवासी राजपाल पुत्र बाबूराम तथा मुन्नालाल पुत्र नंदराम का पिछले 10 वर्षों से एक खेत को लेकर विवाद चला आ रहा था। मुन्ना लाल ने बताया कि ने बताया कि इस खेत पर लगातार राजपाल अवैध कब्जा किए रहे। जिस की पैमाइश कल ही ही पैमाइश कल ही ही तारीख 12 नवंबर दिन गुरुवार को पुलिस की मौजूदगी में लेखपाल आदर्श तथा निखिल मिश्रा ने करके आपसी सहमति से खेत को कब्जा मुक्त करा दिया था। किंतु आज फिर इसी मामले को लेकर विवाद की नौबत आ गई और दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। चले लाठी-डंडों से एक महिला सहित आठ लोग घायल हो गए ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में कोविड.19 के दृष्टिगत हुई बैठक हुई




**संवाददाता।** कानपुर देहात

**कोविड.19** महामारी के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय मे बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने एल.1 व एल 2 कोविड हास्पिटल की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सर्विलांस टीमों को निर्देशित किया कि ज्यादा से ज्यादा सैम्पलिंगध्आरटीपीसीआर को बढ़ाया जाय तथा सर्विलांस टीमों द्वारा जॉच कराकर जल्द से जल्द उपचार कराया जाय। डिटेक्ट करने एवं कोविड.19 टेस्टिंग बढ़ाने व सैम्पलिंग को अभियान के रूप में अधिक से अधिक जन मानस के लिये किया जायए जिससे कोविड.19 के लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया जा सके और कोविड.19 संक्रमण को बढ़ने से रोका जा सके। इस मौके पर अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा एमुख्य चिकित्सा अधिकारी सहितए सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# माहौल भयमुक्त होने से धर्म नगरी में बढ़ी पर्यटकों की संख्या

## ● दुर्दांत डकैतों के खात्मे के बाद बुंदेलखंड के पाठा में जगी पर्यटन विकास की आस

संवाददाता। चित्रकूट

**कई दशकों** तक सीमावर्ती इलाकों में आतंक का साम्राज्य कायम रखने वाले दुर्दांत डकैतों के खात्मे के बाद अब उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच बसे बुंदेलखंड के पाठा क्षेत्र में पर्यटन विकास की खासी आस जगी है। शबरी प्रतात,राघव प्रताप एवं धारकुंडी आश्रम तक योगी सरकार द्वारा दोहरी सडकों का निर्माण किये जाने एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाने के बाद पर्यटकों की संख्या में भारी इजाफ़ा हुआ है। विंध्य पर्वत श्रृंखला के मध्य उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित बुंदेलखंड के चित्रकूट जिले का पाठा क्षेत्र करीब पांच दशकों तक दुदुआ, ठोकिया, रागिया, बलखडिया एवं बबली कोल आदि दुर्दांत डकैतों के आतंक का शिकार रहीं है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश पुलिस एवं एसटीएफ के अथक प्रयासों की बदौलत पाठा के बीहड से दुर्दांत डकैतों का सफाया हो सका है।

पाठा के बीहड़ों के जानकार आलोक द्विवेदी का कहना है कि चित्रकूट का पाठा(मानिकपुर) क्षेत्र पिछले पांच दशकों से दस्यु गैंगों के खौफ़का शिकार है। डकैतों की चहल कदमी के कारण आजादी के कई दशक बीत जाने के बाद भी पाठा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का अपेक्षित विकास नही हो सका है। धार्मिक,पौराणिक और पर्यटन की दृष्टि से तमाम महत्वपूर्ण स्थल होने के बावजूद दुर्दांत डकैतों की दहशत के चलते पर्यटक एवं स्थानीय लोग उन स्थलों तक नहीं पहुंच पाते थे। उन्होने कहा कि चित्रकूट में डकैतों की तुलना रक्तबीज नाम के उस राक्षस की तरह की जाती है जो अपनी रक्त के बून्द से पुन: जीवित हो जाता था। ठीक उसी तरह ये दस्यु गैंग भी हैं जो एक गैंग के खात्मे के बाद बीहड़ में दूसरे गैंग के रूप में दस्तक दे देते हैं। बीहड़ में रहने वाले गैंग उन जंगलों को अपना सबसे मुफीद ठिकाना बनाते हैं जहां खाकी का भी पहुंचना खासा मुश्किल होता है। डकैतों के लिए बेधक और झलमल आदि जंगल ऐसे ही दुर्गम और सुरक्षित स्थान हैं।

वहीं डकैतों से लोहा लेने वाले करवरिया परिवार के हरिओम करवरिया का कहना है कि चित्रकूट के बीहड़ में स्थित झलमल, बेधक, हनुमान चौक, बरदहाई नदी, टिकरिया, डोडामाफ़ी के जंगल वो स्थान हैं जहां पानी की किल्लत कभी नही होती। पहाड़ों और घाटियों से निकलते जल स्रोत गैंग की प्यास बुझाने के लिए काफ़ी होते हैं। गैंग पानी की तलाश में इन इलाकों में आता-जाता रहता है लेकिन सटीक मुखबिर तंत्र की बदौलत दस्यु गैंग खाकी के पहुंचने से पहले ही बीहड़ में विलीन हो जाता है। वहीं पिछले वर्ष साढे पांच लाख के कुख्यात ईनामी डकैत बबली गैंग एवं दो लाख के ईनामी बदमाश लवलेश कोल के गैंगवार में मारे जाने के बाद पाठा क्षेत्र से डकैतों के आतंक का साम्राज्य पूरी तरह से खत्म हो चुका है।

बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल का कहना है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट को पूरी तरह से दस्यु समस्या से निजात दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। दुर्दांत डकैतों के खात्मे के बाद से पाठा क्षेत्र में विकास की आस जगी है। धार्मिक और पौराणिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण पाठा क्षेत्र में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं है। सरकार द्वारा शबरी प्रताप,राघव प्रताप एवं धारकुंडी आश्रम आदि तक दोहरी सडकों का निर्माण कराये जाने से पर्यटकों की संख्या में अपेक्षा से कई गुना अधिक वृद्धि हुई है। इसके अलावा रामायण सर्किट आदि योजनाओं के माध्यम से धर्म नगरी के सभी प्रमुख स्थलों को पर्यटन विकास से जोडने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के चहुमुखी विकास को संकल्पित जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय का कहना है कि चित्रकूट का विकास शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि आज चित्रकूट पूरी तरह से भयमुक्त हो चुका है। सभी धार्मिक, पौराणिक, आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों को विकसित कर पर्यटन विकास से जोडा जा रहा है। एयरपोर्ट का निर्माण पूरा होते ही चित्रकूट हवाई सेवा से जुड जायेगा जिससे विदेशी पर्यटकों का आवागमन बढने से पर्यटन एक रोजगार का प्रमुख जरिया बन जायेगा। वहीं पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल का कहना है कि चित्रकूट जिला अब पूरी तरह से दस्यु के आतंक से मुक्त हो चुका है। सभी पर्यटन स्थलो पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है।

# दो माह से एंटी रेबीज का इंजेक्शन गायब, रोजाना हो रहीं दुर्घटनाएं

**राठ( हमीरपुर )।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले दो माह से एंटी रेबीज इंजेक्शन गायब हैं। इसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएचसी में प्रतिदिन सैकड़ों लोग एंटी रेबीज इंजेक्शन के लिए पहुंचते हैं। लेकिन सीएचसी रेबीज इंजेक्शन न होने पर लोग मायूस होकर लौट जाते है। लोग बाहर मेडिकल स्टोरों से मंहगे दामों पर रेबीज के इंजेक्शन लेने के लिये मजबूर हैं। सीएचसी में एंटी रेबीज इंजेक्शन की किल्लत झेलते हुए लोगों को 2 माह हो गये। लेकिन अभी भी स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। अस्पताल में तीन दिन के लिए इंजेक्शन आता है तो 10 दिन तक इंजेक्शन नदारद रहता है। ऐसे में कुत्ता, सियार और बिल्ली काटने पर अस्पताल में पहुंचने वाले लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। सीएचसी में रेबीज के इंजेक्शन न होने पर लोग बाहर के मेडिकल स्टोरों से इंजेक्शन लेकर लगवाना पड़ता है। इधर कुत्तो सियारों के काटने की घटनाएं ज्यादा हो रही है। मंहगे इंजेक्शन आने के कारण ज्यादातर लोग इंजेक्शन नही लगवाते है। मगर स्वास्थ्य विभाग इस ओर लापरवाह बना हुआ है। इंजेक्शन इस संबंध सीएचसी के अधीक्षक डा.जयप्रकाश साहू ने बताया कि सीएमओ को रेबीज इंजेक्शन की डिमांड भेजी गई है। रेबीज इंजेक्शन आने पर लोगों लगाये जायेंगे।

### क्या बोले सीएमओ डॉ. आरके सचान

सीएचसी राठ में रैबीज इंजेक्शन खत्म होने के मामले में सीएमओ डा आरके सचान का कहना है कि इजेक्शन अब कारपोरेशन भिजवाता है इसकी डिमांड कर ली गयी है जैसे ही वहां से इंजेक्शन प्राप्त होते है सबसे पहले राठ सीएचसी ही इंजेक्शन भिजवाये जायेगे। डा. सचान ने कहा कि राठ सीएचसी जिला मुख्यालय से काफी दूर है इसलिये वहा पर इंजेक्शन होना बहुत ही आवश्यक है। इसके लिये प्रयास जारी है। पत्र भी लिखा जा चुका है।

# हार-जीत की बाजी लगाते दो स्थानों से 22 जुआरी गिरफ्तार

संवाददाता। जालौन (उरई)

**जुआ के** खिलाफ चल रहे अभियान के तहत पुलिस ने ग्राम खर्रा व सिकरीराजा में छापामारी की। जुआ खेल रहे 22 लोगों को पकड़ लिया है जिनके पास 56 हजार 380 रुपए बरामद हुए हैं। कोतवाली पुलिस ने कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा के नेतृत्व में मुकबिर की सूचना पर ग्राम खर्रा में सार्वजनिक स्थल पर चल रहे हारजीत के खेल पर छापेमारी की। हारजीत की बाजी लगा रहे नन्हे, परमात्मा, विजय, विजय, पप्पू, छत्रपाल, प्रमोद कुमार, मानवेंद्र, संजीव, महेन्द्र निवासीगण खर्रा, चन्द्रपाल मिनोरा कालपी, स्वतंत्र कुमार राजेन्द्र नगर उरई, रामकिशोर आटा को पकड़ लिया जिनके पास से मालफड़ 32 हजार रुपए तथा जामा तलाशी में 8320 रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस टीम ने ग्राम सिकरीराजा में सार्वजनिक स्थल पर चल रहे हार-जीत के खेल पर पुलिस छापामारी की तथा जुआ खेल रहे छोटे लाल, पल्लू खां, गामा खां, दीपक, सोहराब, योगेन्द्र, मुकेश, महबूब, मदनमोहन, ईशाक निवासीगण खर्रा को पकड़ लिया है जिनके पास से मालफड़ 12 हजार 500 रुपए तथा जामा तलाशी में 3560 रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गए 22 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# 13 जुआरी धरे, पचास हजार रुपए बरामद

**राठ ( हमीरपुर )।** राठ कस्वे में पुलिस ने तेरह जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से पचास हजार 635 रुपये बरामद किये है। वही जुआरियों का पुलिस ने रोड शो भी कराया है। पुलिस ने बताया कि बीती रात्रि करीब 11 बजे थाने के एसआई शरदचंद्र पटेल, एसआई यज्ञनारायण भार्गव ने पुलिस बल के साथ बड़ा कसोड़ा फरसौलिया मोहल्ले में चल रहे जुए के फड़ पर छापामारा। पुलिस ने जुआ खेल रहे, खालिक, अकरम, मुस्तीक, साहिद, राजेश, शंकरलाल, नसुरूदीन उर्फ छोटे निवासीगण फरसौलियाना, चांदबाबू, फरीद निवासीगण बड़ी जुलहेटी, नफीस निवासी मुगलपुरा, राजू नाई निवासी पठनऊ, रहमत अली उर्फ बबलू निवासी खुशीपुरा और राहुल सोनी निवासी बुधौलियाना को धर दबोचा। बताया कि दो जुआरी शाहिद पुत्र मुस्तफा निवासी बड़ी जुलहेटी और रिजवान निवासी फरसौलियाना भागने में सफल रहे। पुलिस ने जुए के फड़ से 50635 रुपये बरामद किये है।

# मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना

## ● बीडीओ ने महिला प्रधानों, सचिवों स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व स्टाफ को दिलाई शपथ



कार्यक्रम को संबोधित करते बीडीओ अतिरंजन सिंह

**कदौरा ( जालौन )।** महिलाओं व बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को ब्लाक परिसर सभागार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता बीडीओ अतिरंजन सिंह व संचालन प्रधान बागी अर्चना तिवारी ने किया। बीडीओ अतिरंजन सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वो बगैर किसी भय चिंता के बाजार विद्यालय आदि जा सके और रोजमर्रा के कार्य कर सके। उन्होंने कहा कि गांव गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि महिलाएं जागरूक हो इसके लिए स्वयं सहायता समूहों को भी निर्देशित किया गया है। ग्राम प्रधान बागी अर्चना तिवारी ने कहा कि महिलाएं भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है चाहे व्यापार हो नौकरी या किसानी राज्य सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम से महिलाएं और भी सशक्त व आत्मनिर्भर बनेगी कार्यक्रम के उपरांत बीडीओ अतिरंजन सिंह ने गुब्बारे उड़ा कर दीप जलाए व मौजूद महिलाओं एंव स्टाफ को नारी सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस मौके पर अवर अभियंता मनरेगा अमित मिश्रा, अरविंद पाल, रहमत खान, अनुरुद्ध सिंह यादव, रजनी पाल, सपना सिंह, वन्दना गुप्ता सहित सचिव व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रही।

## क्विक न्यूज

### लापरवाही के चलते प्रसूता की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** ग्राम इंगहोटा में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते एक प्रसूता की मौत हो गयी। मृतका के परिजनों ने गांव की आशा बहू पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा उसके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। थाना सुमेरपुर के ग्राम इंगोहटा निवासी संख्या पत्नी रवि गर्भवती थी। गुरुवार की देर रात प्रसव पीड़ा होने के बाद आशाबहू की गैर मौजूदगी में गांव की एक दाई की मौजूदगी में संख्या ने एक पुत्री को जन्म दिया। लेकिन प्रसव होने के बाद उसकी लगातार हालत बिगड़ते देख शुक्रवार की सुबह जब उसके परिजन उसे एंबुलेंस में लेकर मौदहा सरकारी अस्पताल जा रहे थे। तभी रास्ते में संख्या की मौत हो गयी। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। जिसके चलते उन्हें गांव की एक दाई की मौजूदगी में प्रसव संपन्न कराना मजबूरी था। मौदहा पुलिस ने मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते एक नन्हीं सी जान अपने मां का एक बूंद दूध भी नहीं पा सकी। गांव की महिलाएं आशा बहू व स्वास्थ्य विभाग को कोस रही हैं संख्या का विवाह दो वर्ष पूर्व हुआ था यह उसका पहला बच्चा था।

### जुआ खेलने से मना किया तो पीट कर जख्मी कर दिया

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के कुसौलीपुरवा गांव निवासी महिला ने घर के पास जुआ खेल रहे लोगों को मना करने पर गाली गलौज करने व पति के साथ मारपीट कर मरणासन्न कर देने की शिकायत पुलिस से की है। क्षेत्र के कुसौलीपुरवा गांव निवासी रानी पत्नी राकेश कुमार ने बताया कि बीती शाम गांव के लोग मेरे मकान के पास जुआ खेल रहे थे तथा शराब पीकर भद्दी भद्दी गालियां दे रहे थे जब मेरे पति ने उनको मना किया तो वह गाली देने लगे तब पति ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दी इस बात की जानकारी होते ही देवेंद्र योगेंद्र बल्लू पुत्रगण राजेंद्र व इनके पिता राजेन्द्र ने मिलकर कुल्हाड़ी व लाठी से जानलेवा हमला कर मारा पीटा जिससे वह बेहोश हो गए 112 पुलिस ने बेहोशी की हालत में कुरारा लाए वहां से जिला अस्पताल भेजा वहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर किया गया है जहां इलाज चल रहा है इसके बाद चारों ने जेठ रामसेवक को मारा पीटा तथा धमकी देकर कहा कि अगर कानूनी कार्रवाई की तो अंजाम बुरा होगा पीड़ित महिला ने थाने में चारों के खिलाफमारपीट किए जाने की तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### शादी का झांसा देकर महीनो बनाये शारीरिक संबंध

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के एक युवक ने एक बालिका को शादी का झांसा देकर उसके साथ महीनों शारीरिक संबंध स्थापित किये। युवती ने युवक से शादी करने का दबाव बनाया तो युवक ने शादी करने से इंकार करते हुए बालिका को मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। नगर की एक बालिका ने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि नगर के मराठी पुरा निवासी राहुल धुरिया पुत्र विनोद कुमार ने उसके साथ शादी करने का झांसा देकर उसे बहला फुसला शारीरिक संबंध स्थापित कर लिये। कई महीने तक यह क्रम चलने के बाद जब बालिका ने राहुल से शादी करने का दबाव बनाया। तो राहुल ने उससे शादी करने को साफइंकार कर उसके साथ गाली गलौज कर उसे मारपीट जान से मारने की धमकी तक दे डाली। कोतवाली पुलिस ने आरोपी राहुल के खिलाफघटना की जांच पड़ताल शुरू कर आरोपी युवक की तलाश तेज कर दी है।

### लोहे की राड मारकर घायल किया

**मौदहा (हमीरपुर)।** ग्राम टोला माफमें बीती शाम खेत में पानी लगाने को लेकर दबंग ने लोहे की रॉड से हमला कर एक युवक को लहूलुहान कर दिया। सिसोलर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। गांव के रामकिशोर निषाद ने पुलिस को बताया कि उसका भाई कल्लू गुरुवार की शाम अपने खेत में पानी लगा रहा था। तभी पड़ोसी परशुराम पुत्र मोतीलाल ने पानी लगाने को लेकर कल्लू के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। कल्लू द्वारा विरोध करने पर परशुराम ने लोहे के रॉड से उस पर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल कल्लू के भाई रामकिशोर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बाइक से गिरकर नौ लोग घायल

**राठ (हमीरपुर)।** चिकासी थाना क्षेत्र हरदुआ गांव निवासी रोशन गांव के मुकेश के साथ गांव से बाइक से राठ आ रहा था। तभी राठ-उरई मार्ग सामने से आ रहे मझगवां थाना क्षेत्र के गिरवर गांव निवासी वीरसिंह की बाइक से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गये। एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया। खेड़ा निवासी लक्ष्मी पत्नी विनोद, जरिया थाना क्षेत्र के पहरा गांव निवासी रामकुमार औंता गांव निवासी सतीश, नृपत, मझगवां थाना क्षेत्र लिधौरा महेंद्र, रामलीलाल मैदान राजेश पुत्र रामस्वरूप बाइक से गिरकर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। डा. ने बताया कि घायलों को मामूली चोटें आईं है।

### किसानों की समस्याओं को लेकर तारीखें निश्चित

**कुरारा (हमीरपुर)।** भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर प्रत्येक माह की 9 तारीख को ब्लॉक स्तर पर तहसील स्तर पर 15 तारीख को व जिला स्तर पर प्रत्येक माह की 21 तारीख को पंचायत होगी इन में किसानों की समस्या को लेकर पंचायत व व बैठक धरना प्रदर्शन किया जाएगा इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी गई है।

### कार्तिक पूर्णिमा तक साप्ताहिक बंदी के दिन खुलेंगे बाजार

**उरई (जालौन)।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी आरके चतुर्वेदी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि अपर मुख्य सचिव श्रम के द्वारा लिये गये निर्णयानुसार प्रदेश के समस्त जनपदों में कोविड-19 के महासंकट के दौरान लॉकडाउन के चलते उत्पन्न हुई आर्थिक मंदी को देखते हुये त्यौहारी सीजन में धनतेरस से कार्तिक पूर्णिमा तक साप्ताहिक बंदी से छूट प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः जनपद में भी इस दौरान साप्ताहिक बंदी के दिन भी बाजार खुले रहेंगे।

### एक सप्ताह से व्यक्ति लापता, परिजन परेशान

**उरई (जालौन)।** डकोर थाना के अंतर्गत कुसमिलिया निवासी भागीरथ पुत्र स्व. गबडू 55 वर्ष एक सप्ताह से लापता हैं। लापता व्यक्ति के पुत्र अजीत कुमार ने डकोर थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 6 तारीख को पिता घर से खेत के लिये निकले थे। जब तेर रात तक बापस नही लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। रिश्तेदारों व शहर के बस स्टैंड रेलवे स्टेशन सभी जगह पता किया जब कही पता नही चला तो गुरुवार को डकोर कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

### चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को मिठाई देकर कार्यों की प्रशंसा की

**राठ(हमीरपुर)।** हर वर्ग के लोगों को चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने में चिकित्सकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने मिठाई के डिब्बे भेंटकर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। चिकित्सक डा.आलोक कुमार, डा.भरत राजपूत, डा.प्रभात शर्मा व 102, 108 एंबुलेंस प्रभारी कपिल ने बताया की उनके साथ मरीजों की तीमारदारी से लेकर स्वास्थ्य केंद्र की साफसफाई की व्यवस्था संभालने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के साथ ज्यादातर लोग उपेक्षा का व्यवहार ही करते हैं।

# निरीक्षक, उप निरीक्षक सहित कई सिपाहियों के कार्यक्षेत्र बदले

**उरई ( जालौन )।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस नोट में एक निरीक्षक, 10 उप निरीक्षकों सहित कई सिपाहियों का स्थानांतरित किया गया है। निरीक्षक, उप निरीक्षकों, मुख्य आरक्षी, आरक्षी, आरक्षी चालकों को जनपदीय पुलिस स्थापना बोर्ड में लिये गये निर्णय के अनुसार स्थानांतरित किये जाने का निर्णय गया है जिसमें निरीक्षक अरुण कुमार सिंह को पुलिस लाइन से अपराध शाखा, उप निरीक्षक सत्यनारायण त्रिपाठी जालौन को पुलिस कार्यालय आईटीआई सैल उरई, उप निरीक्षक अनिल कुममार को गोहन थाना से उरई, उप निरीक्षक सुदीश कुमार को प्रभारी चौकी खेड़ा कोंच से यातायात, उप निरीक्षक गणेश प्रसाद मिश्रा थाना एट से पुलिस लाइन किया गया स्थानांतरण निरस्त, उप निरीक्षक हुकुम सिंह न्यायालय सुरक्षा को थाना कुठौंद, उप निरीक्षक सत्येंद्र कुमार को कुठौंद थाने से न्यायालय सुरक्षा, उप निरीक्षक लक्ष्मी प्रसाद पाण्डेय एट थाना से थाना कदौरा, उप निरीक्षक संजय सिंह को थाना कदौरा से थाना एट के साथ ही मुख्य आरक्षी सुरेंद्र सिंह का पुलिस लाइन से थाना जालौन किया गया स्थानांतरण निरस्त, आरक्षी हरिनाथ यादव पुलिस लाइन से थाना चुर्खी, अनुज कुमार रामपुरा से थाना चुर्खी, धर्मपाल पुलिस लाइन से थाना चुर्खी, राजकुमार पुलिस लाइन से थाना चुर्खी, विमलेंद्र पुलिस लाइन से जीडी कार्यालय, सोनू ठाकुर पुलिस लाइन से जीडी कार्यालय, लोकेश यादव थाना रेढ़र से पुलिस लाइन, जगदीश शर्मा थाना कदौरा से कोतवाली जालौन, दिवाकर सिंह जालौन कोतवाली से थाना कदौरा, चालक रवि कुमार थाना एट से पुलिस लाइन, चालक धर्मेन्द्र कुमार को पुलिस लाइन से थाना कदौरा, मनोज सोनकर को पुलिस लाइन से सर्विलांस सेल के साथ ही महिला आरक्षी सुषमा राजपूत को पुलिस लाइन से कोतवाली माधौगढ़ स्थानांतरित किया गया है।

# आर्यावर्त बैंक में सर्वर न आने से लोगों की दीपावली हुई फीकी



आर्याबर्त बैंक के बाहर पसरा सन्नाटा।

**रामपुरा( जालौन )।** पावन त्यौहार दीपावली के चलते हुए लोगों ने खरीदारी के लिए बैंकों से पैसे निकालने के लिए दिन भर खड़े रहे लेकिन बैंकों की सरवर ना आने की वजह से लोगों के चेहरे मायूस दिखे देखा जाए तो जनपद जालौन के रामपुरा में आर्यावार्ता बैंक पर ग्रामीणों की भीड़ लगी रही लेकिन सरवर ना आने की वजह से लोगों ने पैसे नहीं निकाल पाए। जबकि पावन त्यौहार दीपावली को लेकर लोगों को खरीदारी के लिए पैसे की जरूरत थी जिसमें आज बैंकों के सरबर न आने की वजह से लोगों ने परेशानी का सामना उठाया एवं दीपावली के पावन त्यौहार पर आज बैंकों को खोला गया था इसके बाद 2 दिन के अवकाश होने हैं जिसकी वजह लोगों को भारी परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार की बात की जाये तो यह त्यौहार दीपावली को लेकर ग्रामीण खुश तो थे और सुबह से बैंक के बाहर लाइन लगाए हुए खड़े थे लेकिन शाम तक खाली हाथ ही खड़े रहे और बैंक से घर के लिए खाली हाथ ही रवाना हुए बैंकों की सरबर ना आने की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा वही दीपावली के त्यौहार पर लोगो के जेबों में पैसे ना होने के कारण और बैंक से ना निकलने के कारण चेहरे पर मायूशी दिखी।

# धन्वंतरि जयंती पर लगाया गया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

संवाददाता। जालौन (उरई)

**गुरुवार** को धन्वंतरि जयंती के मौके पर आयुर्वेद चिकित्सालय की ओर से प्राईमरी पाठशाला गणेशजी में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 113 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी गई। ऋषि धन्वंतरि की जयंती के मौके पर लोगों को आयुर्वेदिक चिकित्सा से जोड़ने के लिए प्राइमरी पाठशाला गणेशजी में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आयुर्वेद चिकित्सालय की ओर से आयोजित शिविर में धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया तथा लोगों के स्वास्थ्य के लिए दिये गये योगदान की चर्चा की गई। चिकित्साधिकारी डा. अमर सिंह, डा. पूजा राजपूत के निर्देशन में आयोजित शिविर में खांसी, जुखाम, एलर्जी, शुगर, रक्तचाप, सांस आदि रोगों के 113 लोगों का परीक्षण कर उन्हें दवा दी गई। इस मौके पर सभासद सोमिल याज्ञिक के नेतृत्व में स्कूल परिसर में औषधीय पौधारोपण किया गया जिसमें तुलसी, पीपल, नीम के पौधे रोपे गये। इस शिविर में स्टाफ नर्स नेहा सिंह, प्रियंका, वार्ड बॉय राहुल पाठक, योग शिक्षक अरविंद कुशवाहा, सहायक विवेक सिंह ने सहयोग किया।

# पारिवारिक विवाद में एकराय होकर युवक से की मारपीट

**जालौन ( जालौन )।** पारिवारिक विवाद को लेकर पत्नी सहित रिश्तेदारों ने घर में घुसकर युवक के साथ मारपीट की। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका परिवार के रिश्तेदारों के साथ विवाद चल रहा है। जिसमें रिश्तदारों का साथ उसकी पत्नी रंजना देती है। पत्नी आए दिन विवाद खड़ा कर देती है। जिसके चलते वह परेशान है। पीड़ित का आरोप है कि औरेखी निवासी उसके रिश्तेदार दिलीप कुमार व उनका पुत्र पंकज उनके घर आए और पत्नी को लेकर विवाद करने लगे। विवाद के दौरान उन्होंने गाली, गलौज शुरू कर दी। जब उसने गाली देने से मना किया तो पत्नी सहित उक्त दोनों ने घर में घुसकर लाठी, डंडों से मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। इतना ही नहीं उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# बिरासनी कबूतरा डेरा से सौ लीटर शराब सहित एक गिरफ्तार



कच्ची शराब सहित गिरफ्तार युवक।

**एट ( जालौन )।** एट थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिरासनी कबूतरा डेरा पर छापामार कार्रवाई को अंजाम देकर बेंचने के लिये उतारी गयी 100 लीटर कच्ची शराब बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं एक मोटर साइकिल भी बरामद की। मिली जानकारी के अनुसार एट थाने के उप निरीक्षक लाल बहादुर सिंह, उप निरीक्षक अभिषेक सिंह, सिपाही रजनेश, राहुल व रामचंद्र को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल नंबर एमएच 14 एचपी 1418 से दो प्लास्टिक की पिपियों में कच्ची शराब लेकर जा रहा है। उक्त सूचना के बाद पुलिस टीम मौके की ओर रवाना हुई और जैसे ही बाइक चालक दिखा उसे पकड़कर जबकि दोनों पिपियों को देखा गया उनमें से कच्ची शराब 100 लीटर बरामद की। पकड़े गये युवक का नाम भरत बरार पुत्र रमेश निवासी ग्राम बिरासनी थाना एट बताया जा रहा है।

# गोलक में रखे लाखों रुपए चोरों ने किए पार

**मौदहा ( हमीरपुर )।** गोपी ट्रैक्टर्स के शोरूम से दिन दहाड़े गोलक में रखें लाखों रुपए अज्ञात चोरों ने पार कर दिये। फर्म के प्रबंधक ने इस घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। नगर के तहसील मार्ग पर स्वराज ट्रैक्टर का शोरूम गोपी ट्रैक्टर के नाम से स्थित है। शुक्रवार की दोपहर दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने शोरूम की गोलक में रखें 24 हजार रुपये पार कर दिये। इसकी जानकारी होते ही गोपी ट्रैक्टर्स के प्रबंधक अनिल पाराशर ने आसपास के लोगों से रुपयों के बारे में कुछ जानकारी न होते देख उसने इस घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाल चोरों की सुराग रस्सी करने मैं जुट गई है। बताते चलें कि नगर में इसी तरह कई प्रतिष्ठानों से कई बार अज्ञात चोर गोलक में रखें रुपए पार कर चुके हैं ।जिसमें मंडी के आढ़तियों के अलावा एक बिल्डिंग मटेरियल वाला भी इन चोरों का शिकार हो चुका है। नगर में इस तरह की घटनाये थमने का नाम नहीं ले रही हैं कोतवाली पुलिस इन चोरों के सामने असहाय नजर आ रही है।

## जिले में बैंकिंग व्यवस्था ध्वस्त

# बैंकों में दलालों का बोलबाला, लोग परेशान

## ● कोरोना का हौवा बताकर पीड़ित को आठ माह से नही मिलने दिया जाता एजीएम से, ज्यादातर ग्राहक बैंक से बंद करा रहे हैं खाते

**हमीरपुर।** जिले के इंडियन बैंक सिर्फ दलालों के भरोसे चल रहे है। कोरोना का हौवा बताकर कर्मी पीड़ित को एजीएम( सहायक महाप्रबंधक) से नही मिलने देतेहै अब तो ग्राहकों का पूरा विश्वास इस बैंक से उठता जा रहा है। ज्यादातर लोग इस बैंक से अपने खाते समाप्त कर दूसरे बैंक में खुलवा रहे है।

जानकारी के मुताबिक जिले में ज्यादातर बैंक दलालों के माध्यम से संचालित हो रहे पहले तो स्टेट बैंक का दलाली के मामले में सबसे टाप में था मगर अब तो इंडियन बैंक दलालीमें सबसे अव्वल स्थान प्राप्त कर चुका है। ग्राहको ने बताया कि जैसे ही कोई ग्राहक बैंक के अन्दर प्रवेश करता है वैसे ही दलाल उससे काम पूछने के बाद कोने मे ले जाकर लेनदेन की बात करते है। चाहे ऋण की बात तो हो या खाते खुलवाने का मामला हो बैंक में सभी काम दलालो के माध्यम से ही होता है।यही नही यदि किसी ग्राहक ने इस मामले का विरोध किया तो दलाल उसके साथ अभद्रता करते है इस मामले की शिकायत जब ग्राहक एजीएम दफ्तर जाते है तो वहा पर बैठे सुरक्षा कर्मी कोरोना का हवाला देकर एजीएम से मिलाने से साफइंकार कर देते है चौकाने वाली बात तो यह है कि करीब आठ महीने से एजीएम रणन्जय सिंह किसी जनता व पीड़ित व्यक्ति से नही मिले है जिससे इंडियन बैंक के प्रबंधक बेनकेल हो गये है। एलीडीएम ने तो जनता से मिलने से साफ इंकार कर देते है यही कारण है कि जिले में बैंकिंग व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

इस मामले में कई मर्तवा जिलाधिकारी बैंकर्स को चेतावनी दे चुके है मगर उसका कोई असर नही हो रहा है। जिले में उद्योग ओडीओपी की स्थिति शून्य होने का एक ही कारण है कि इंडियन बैंक कोई सहयोग नही कर रहा है। इस मामले में जब इंडियन बैंक के एजीएम रणन्जय सिंह से बात की गयी तो उनका कहना था कि दलालों की बात न करिये और कोई बात हो तो बताइये। ग्रामीणों का कहना है कि वे इंडियन बैंक से खाते हटवा कर दूसरी बैंक में खुलवा रहे है। कर्मचारियों के अभद्रता व उच्चाधिकारियों के असहयोग के चलते लोग लोग इंडियन बैंक से त्रस्त आ गये है भाकियू के जिला अध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत का कहना है कि इंडियन बैंक किसानों का सबसे ज्यादा उत्पीडन कर रहा है शीघ्र ही बैंक का घेराव किया जायेगा और केंद्रीय वित्त मंत्री से लिखित शिकायत की जायेगी।

# खरीददारी करने गई महिला का दो वर्षीय बेटा हुआ गुम, पुलिस ने खोजा

**जालौन ( जालौन )।** बाजार में खरीददारी कर रही महिला का दो वर्षीय पुत्र अचानक कहीं गुम हो गया। काफी तलाशने के बाद भी पता न चलने पर पुलिस को सूचना दी। चौकी पुलिस ने लगभग 2 घंटे की मशक्कत के बाद खोए हुए पुत्र को ढूंढकर उसके परिजनों को सौंप दिया। जिसके महिला के चेहरे पर खुशी लौट आई। नगर क्षेत्र के मोहल्ला बालमभट्ट निवासी नफीसा बेगम अपने दो वर्षीय पुत्र असरा के साथ बाजार में कुछ सामान की खरीददारी करने के लिए आई थी। बाजार में धनतेरस के चलते भीड़ भाड़ थी। बैठगंज में स्थित एक दुकान से खरीददारी करते समय उन्होंने अपने पुत्र असरा को गोद से उतार दिया और वह खरीददारी में व्यस्त हो गई। इसी दौरान उनका पुत्र अचानक खेलते हुए कहीं चला गया। खरीददारी कर चुकने के बाद जब उन्होंने पुत्र को देखा तो वह कहीं नहीं दिखा। पुत्र को गायब देखकर महिला के होश उड़ गए और वह बदवहास होकर पुत्र को खेजने लगी। लेकिन पुत्र का कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद बाजार में मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना देने के लिए कहा। झंडा चौराहे पर ड्यूटी कर रहे चौकी प्रभारी जब इसका पता चला तो वह तुरंत हमराहियों के साथ बच्चे की तलाश में जुट गए। लगभग दो घंटे की मेहनत के बाद पुलिस ने आसिफको पत्थर वाली गली में खोज लिया। उसे महिला कांस्टेबल को सौंपकर चौकी प्रभारी ने बच्चे के परिजनों को बुलाया और आसिफको उसे सौंप दिया।

# डीएम ने महिलाओं को बांटा ड्राई राशन

संवाददाता। सुलतानपुर

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता द्वारा आज ग्राम पंचायत नरही अन्तर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र नरही विकास खण्ड कुड़वार में आंगनबाड़ी केन्द्रों के लाभार्थियों, गर्भवती, धात्री, महिलाओं, किशोरी बालिकाओं, 06 माह से 03 वर्ष व 03 वर्ष से 06 वर्ष तक बच्चों व अति कुपोषित बच्चों को स्वयं अपने हाथों से अनुपूरक पोषाहार योजना के नवीन विकेन्द्रीकृत व्यवस्था-ड्राई राशन का वितरण किया गया।

जिलाधिकारी ने योजना के सफल संचालन हेतु बाल विकास विभाग, ग्रामीण अजीविका मिशन एवं आपूर्ति विभाग को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को निर्देशित किया कि यथाशीघ्र कोटेदार से राशन का उठान करते हुए सभी केन्द्रों के लाभार्थियों को अविलम्ब वितरित कर दिया जाय। जिलाधिकारी द्वारा ड्राई राशन के वितरण की नवीन व्यवस्था पर विस्तार से इसके महत्व एवं सरकार की इस योजना पर जानकारी देते हुए योजना की सराहना की गयी। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को दिये जाने वाले ड्राई राशन के लिये एस0एच0जी0 द्वारा तैयार किये गये बैग में गेहूँ, चावल एवं दाल के लिये तीन अलग-अलग कम्पार्टमेन्ट की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स की भी जिलाधिकारी ने सराहना की। तत्पश्चात बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र नरही तथा केन्द्र पर उपलब्ध संसाधनों का निरीक्षण किया एवं बच्चों के लिये उपलब्ध कराये गये टेबलध्कुर्सीध्फर्नीचर पर संतोष व्यक्त किया। बगल में ही नवीन निर्मित सामुदायिक शौंचालय का भी जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया एवं शौंचालय के अन्दर लगाये गये नल, पानी, फर्श, दरवाजे आदि की सघन जॉच की गयी। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्था आदि पर ग्राम प्रधान को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी उपस्थित ग्रामवासियों व लाभार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं भेंट की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह, खण्ड विकास अधिकारी कुड़वार अंजील सरोज, बाल विकास परियोजना अधिकारी कुड़वार अजीत कुमार, ग्राम प्रधान चन्द्रावती चौरसिया, स्वयं सहायता समूह जय माता दी की अध्यक्षा जानकी सहित समूह की अन्य सदस्य महिलायें तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री ज्योत्सना सिंह आदि उपस्थित रहे।



फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते डीएम रवीश गुप्ता पायनियर

# डीएम-एसपी ने दीपावली की दी बधाई

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक शिव हरी मीना ने दीपावली के अवसर पर सभी जनपदवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी जनपदवासियों से अपील की है कि वर्तमान में कोरोना के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए अपने को सुरक्षित रखकर परम्परागत एवं हर्षोल्लास के साथ मनायें दीपावली का त्यौहार। जिलाधिकारी श्री गुप्ता व पुलिस अधीक्षक श्री मीना ने अपने बधाई संदेश में सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जनपदवासियों से यह भी आवाहन किया है कि वर्तमान में अभी कोरोना का खतरा टला नही है। सभी लोग घर से बाहर निकलने पर बाजारों में सामान खरीदते वक्त एवं सार्वजनिक स्थानों मास्क अथवा गमछे का प्रयोग आवश्यक रूप से करें, जिससे सभी नागरिक कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षित रहे।

# 25 हजार का इनामी अमन मद्धेशिया गिरफ्तार



संवाददाता। श्रावस्ती

**पुलिस** अधीक्षक अरबिन्द कुमार मौर्य ने जनपद में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबे व क्षेत्राधिकारी भिनगा हौसिला प्रसाद के नेतृत्व में थाना मल्हीपुर प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने मु0अ0सं0 288.2019 धारा 8 . 20 . 29 एन0डी0पी0एस0 एक्ट का वाँछित व 25000६. रुपये का पुरुस्कार घोसित अभियुक्त अमन मद्धेशिया पुत्र प्रदीप मद्धेशिया निवासी लाइन बाजार वार्ड सं0 13 लोहिया नगर कस्बा सलेमपुर थाना को0 सलेमपुर जनपद देवरिया को मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को बदला चौराहा स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त अमन को 17 नवम्बर 2019 को थाना मल्हीपुर क्षेत्र में हुई 87 किलो ग्राम गांजा की बरामदगी में वांछित चल रहा था। थाना मल्हीपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी का लगातार प्रयास किया जा रहे थे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक ने 25000 का पुरस्कार घोषित कर दिया था।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस

संवाददाता। रायबरेली



**राजकीय** आयुर्वेद चिकित्सालय, 25 शैय्या नगर, के तत्वाधान में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री प्रेम प्रकाश उपाध्याय के द्वारा भगवान धन्वंतरि का पूजन एवं माल्यार्पण किआ गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ अरुण कुमार कुरील द्वारा स्मृति चिन्ह तथा पुष्प गुच्छ देकर अपर जिलाधिकारी का स्वागत किया गया। श्री मिलिंद कुमार द्विवेदी एवं मंदीप सिंह को सराहनीय कार्य हेतु अपर जिलाधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।चिकित्सालय प्रभारी डॉ संजय सिंह ,योग एंड वेलनेस सेंटर के प्रभारी डॉ रवि प्रताप सिंह ने एवं डॉ शकांक द्वेवेदी ने धन्वन्तरि दिवस पर प्रकाश डाला। इस राष्ट्रीय दिवस के शुभ अवसर पर डॉ अर्चना, डॉ अनुज, सोफिया शाहीन, पुष्पा श्रीवास्तव, निधि मौर्या, शशांक, राजकुमार , राम शरण सिंह, के सी शर्मा , कमलेश शर्मा, रमेश गौतम, रत्नेश मौर्य, राम साद, नवल किशोर वाजपेयी ( भारत विकास परिषद के अध्यक्ष), राम मिलन, शिव शंकर, रोहित आदि का योगदान रहा।अपर जिलाधिकारी महोदय ने कोविड 19 में आयुर्वेद की भूमिका की सहरना की तथा आयुष विभाग की प्रगति में योगदान की भूमिका को उल्लेखनीय बताया। भगवान धन्वंतरि एवं चरक आयुर्वेद की आधारशिला हैं जो मानवता के कल्याण के लिए सुख के लिए सदैव प्रत्यनशील रहे। उनका त्याग सेवा चिकित्सा पूजनीय तथा स्मरणीय है।

## कर्मयोगी अधिवक्ता थे विश्वनाथ शरण सिंह : ओ.पी. यादव

**रायबरेली।** सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पूर्व डीजीसी (फौ0) ओ.पी. यादव ने वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वनाथ शरण सिंह के निधन पर श्रद्धाँजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे एक कर्मयोगी अधिवक्ता थे। उनका जन्म बैसवारा के सब्जी गाँव में हुआ था। वर्तमान में इन्दिरा नगर में रहते थे, लगभग 5 दशक तक वह विधि व्यवसाय से जुड़े रहे। अपने सरल एवं मृदुभाषी स्वभाव के कारण वे सबके प्रिय थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गयी। दीवानी कचेहरी परिसर में उनके निधन पर एक शोक सभा की गयी। शोक सभा में सतीश कुमार मिश्र, दिनेश कुमार यादव, आर.पी. सिंह, पी.एल. पाल, शशि कुमार यादव, जय सिंह, हेमंत कुशवाहा, गंगा प्रसाद यादव, अशोक मिश्रा पूर्व प्रधान, डी.एन.पाल, रामशरन वर्मा, राजेन्द्र बहादुर सिंह, आर.के. श्रीवास्तव, अरूण कुमार साहू, सौरभ, रणजीत, रामफेर आदि लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शिक्षिका के निधन पर एसजेएस में शोक सभा का आयोजन

संवाददाता। रायबरेली



**एसजेएस** की शिक्षिका सुप्रिया घोष के असमय निधन पर आज स्कूल प्रांगण में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए संस्थान के जन सम्पर्क अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि लंबे समय से एसजेएस में अपनी सेवाएं दे रही सुप्रिया घोष का विगत दिनों निधन हो गया था। बीती 19 अक्टूबर को उनका एक्सिडेंट हो गया था उसके बाद उनका इलाज एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा था। लेकिन बीती 9 नवंबर को उनका इलाज के दौरान निधन हो गया। 60 वर्षीय स्वर्गीय सुप्रिया घोष के पति श्री एस के घोष एसजेएस में अपनी सेवाएं दे चुके है। उनकी एक पुत्री एक निजी स्कूल में शिक्षिका है। दिवंगत शिक्षिका के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन श्री रमेश बहादुर सिंह ने कहा कि उन्होंने एसजेएस को एक लंबा वक्त दिया था।उनके निधन से जो क्षति हुई है वो पूरी नही हो सकती है।उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय से उनको एक जुड़ाव था यही वजह थी कि बीमार होते हुए भी स्कूल आती रही।

## क्विक न्यूज

### डीएम व एसपी ने दी दीपावली की शुभकामनाएं

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी टीके शिबु एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्या ने प्रकाश पर्व दीपावली पर जनपद वासियों को बधाई दी तथा शान्ति एंव शौहार्द के साथ दीपावली मनाने की अपील भी की है। उन्होने कहा कि ग्रन्थों के अनुसार इस दिन भगवान राम लक्ष्मण और माता जानकी 14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटे थे और उनके आने की खुशी में नगरवासियों ने घर घर घी के दीये जलाए थे।तभी से दीपावली त्योहार की शुरुआत हुई। लक्ष्मी पूजा के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा भी मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने इन्द्र को पराजित भेट किया था। दीपावली के दिन प्रत्येक घर दीपों की पंक्तियों से शोभायमान रहता है। दीपों मोमबत्तियों और बिजली की रोशनी से घर का हर कोना प्रकाशित हो उठता है। इसलिए दीपावली रोशनी का पर्व भी कहा जाता है।

### रैन बसेरों की व्यवस्था के लिए डीएम ने नामित किये अधिकारी

**श्रावस्ती।** मुख्य सचिव उप्र शासन के द्वारा रैन बसेरों के सबन्ध में जारी किए निर्देष के क्रम में जिलाधिकारी टी के शिबु ने सत प्रतिशत अनुपालन सुनिष्चित कराये जाने हेतु निम्नलिखित अधिकारियों को नामित किया है क्रमशः तहसील नामित मजिस्ट्रेट . क्षेत्राधिकारी पुलिस 1. तहसील भिनगा उपजिलाधिकारी भिनगा क्षेत्राधिकारी भिनगा 2. तहसील जमुनहा उपजिलाधिकारी जमुनहा क्षेत्राधिकारी जमुनहा 3. तहसील इकौना उपजिलाधिकारी इकौना क्षेत्राधिकारी इकौना उपरोक्त के अतिरिक्त समस्त अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद नगर पंचायत भिनगाा. इकौना को निर्देषित किया जाता है कि अपने.अपने क्षेत्रों में तत्काल रैन बसेरा स्थापित करायें तथा अलाव जलाने का प्रबन्ध सुनिष्चित करें। उपरोक्त मजिस्ट्रेट पुलिसक्षेत्राधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उक्त शासनादेश में दिये गये निर्देशों का सत.प्रतिषत अनुपालन सुनिष्चित कराते हुए संयुक्त आख्या भी आपदा कार्यालय को प्रतिदिन उपलब्ध करायेंगे। 11 महत्वपूर्णबिन्दुओं का शत.प्रतिषत अनुपालन सुनिष्चित कराते हुए राहत कार्यो के क्रियान्वयन सम्बन्धी सूचना व कम्बल वितरण अलाव जलाना एवं संचालित रैन बसेरों की व्यवस्था सुनिष्चित किये जाने की स्थिति तथा विवरण राहत आयुक्त केबेबसाइड पर उपलब्ध करायी जाये।

### होमगार्ड को कार चालक ने मारी टक्कर, घायल

**ऊंचाहार,रायबरेली।** ऊंचाहार नगर के बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक के समीप लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर लगे बैरिक में कार को हाथ देने के दौरान कार ने होमगार्ड के जवान झब्बूलाल 59 वर्ष निवासी पट्टी रहस कैथवल को टक्कर मारकर प्रयागराज की ओर फरार हो गया। घायल युवक कोतवाली में ही होमगार्ड पद पर तैनात है। जिनको प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में भर्ती किया गया है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में वार्ड ब्वाय शकील अहमद 52 वर्ष अपनी बाइक से थे जो ऊंचाहार नगर के रेलवे क्रासिंग के निकट बाइक फिसलने से घायल हो गए जिनको प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया।

### पीएचसी प्रहलादपुर में चिकित्सक रहते हैं नदारद, मरीज परेशान

**ऊंचाहार,रायबरेली।** ऊंचाहार ब्लाक के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कंदरावा में चिकित्सक के न आने पर फार्मासिष्ट के सहारे चिकित्सका कार्य महज चल रहा है। जिसमे मरीजों को परेशनियो का सामना उठाना पड़ रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने डीएम व सीएमओ एवं मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर चिकित्सक को नियमित बैठकर मरीजों को देखने की गुहार लगाई है। जिसमें ग्रामीणों मे अरविंद कुमार,मनोज,रमेश,बब्लू आदि ने अधिकारी व मुख्यमंत्री के साथ-साथ बीजेपी नेता पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार तिवारी को भी प्रतिलिपि भेजा है।जिसमें पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने कहा कि जनता को असुविधा नहीं होने पायेगी। जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री से इसके लिए बातचीत करके समस्या का समाधान हर हाल में करवाया जाएगा।

### बीओबी शाखा प्रबंधक ने रोपा पौधा

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** नंदौली पारा गनापुर में स्थिति आटा फ्लोर मिल प्लांट परिसर में शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बडौदा इसौली द्वारा पौध रोपित किया गया। प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत लाभान्वित बल्दीराय तहसील क्षेत्र में स्थित प्रगतिशील किसान जमील अहमद की आटा फ्लोर मिल प्लांट परिसर में साखा प्रबंधक आरके यादव पर पहुंच कर प्लांट का निरीक्षण किया। अधूरे निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। छोटी इलायची पौधा रोपित कर शुद्ध जलवायु, पर्यावरण सुन्दता का संदेश दिया। इस मौके पर सत्यदेव पांडेय, जुनैद अहमद खान, तौकीर खान, इंजमामुल हसन आदि मौजूद रहे।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**गोंडा।** जनपद न्यायाधीश संजय शंकर पाण्डेय के निर्देशानुसार दिनांक-12 नवम्बर को वृद्ध आश्रम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन प्रभारी सचिव/सिविल जज (सी0डि0) रविशंकर गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें प्रभारी सचिव द्वारा वृद्ध आश्रम, गोण्डा में प्रवास कर रहे वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार बावत विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने शिविर में बताया कि वृद्धजनों को यदि संतान भरण पोषण से मना करे, तो भरण पोषण का दावा किया जा सकता है तथा घरेलू हिंसा से भी संरक्षण मिलेगा। परित्यक्त वृद्धों के लिए प्रत्येक जिलों में कम से कम एक वृद्ध आश्रम सरकार द्वारा बनवाया गया है। जो वृद्ध समय रहते अपने उत्तराधिकार या रिश्तेदार को उपहार स्वरूप या फिर उनका हक मानते हुए अपनी सम्पत्ति उन्हें अन्तरित कर देते हैं परन्तु तत्पश्चात भरण-पोषण एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यकताओं की प्राप्ति नही होती है, तो अधिकरण में अपील कर अपनी सम्पत्ति वापस प्राप्त कर सकते हैं और स्थानान्तरण रद्द करवा सकते हैं। इस अवसर पर वृद्ध आश्रम के प्रभारी प्रबन्धक जितेन्द्र विक्रम सिंह, सेवाकर्ता ओंकार, शुभम, प्रेमशंकर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोण्डा के लिपिक मुकेश कुमार वर्मा, पी0एल0वी0 प्रभूनाथ व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ट्रैफिक नियमों के पालन से कम होंगी सड़क दुर्घटनाएं

**सुलतानपुर।** यातायात नियमों व सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए ट्रैफिक पुलिस यातायात माह नम्बर में लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। इसके साथ ही युवाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक पेश कर लोगों को जागरूक किया। यातायात प्रभारी ने कहा कि यातायात नियमों के पालन से काफी हद तक सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। सामजिक संस्था जमुना जनकल्याण संस्थान व शिल्पी कटपुतली कला केंद्र लखनऊ से आएं हुए कलाकारों ने बस स्टेशन परिसर में नुक्कड़ नाटक पेश किया। कलाकारों द्वारा बताया गया कि स्कूटर अथवा मोटरसाइकल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें तथा अपने वाहनों के वैध कागजात साथ में रखें। नशे कि हालत में वाहन ना चलाएं। मोड़ वा चौराहे पर गाड़ी की गति धीमी रखें। इस दौरान संस्था सदस्यों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के जानकारियों से जुड़े पर्चे भी बांटे गए।

# व्यक्ति के भीतर संस्कार पैदा करती है रामकथा: बजरंगदास

● नौ दिवसीय संगीतमय रामकथा का समापन

संवाददाता। कादीपुर, सुलतानपुर

**कस्बे** के जूनियर हाईस्कूल मैदान में पिछले अठारह वर्ष से लगातार होने वाली नौ दिवसीय संगीतमय रामकथा का भव्य समापन हुआ। समापन अवसर पर बोलते हुए बाबा बजरंगदास ने कहा कि रामकथा व्यक्ति के भीतर संस्कार पैदा करती है। अच्छे संस्कारों से चरित्र निर्माण होता है। चरित्रवान व्यक्ति ही राष्ट्र निर्माण में सहायक होता है। रामकथा व्यक्ति की उन्नति के साथ साथ राष्ट्रीय उन्नति में भी सहायक है। इससे पूर्व बाल व्यास सम्पूर्णानंद ने प्रवचन करते हुए कहा कि स्वर्ग जाने के लिए नहीं बल्कि स्वर्ग को धरती पर लाने के लिए कथा श्रवण करना चाहिए। प्रभु से संसार को मांगने वाला अधम व ईश्वर को मांगने वाला श्रेष्ठ होता है। उन्होंने बताया कि अवध क्षेत्र का अपना एक अलग आध्यात्मिक महत्व है क्योंकि अयोध्या नगरी राम जी को बैकुंठ से भी प्यारी है। संचालन आशुकवि मथुरा प्रसाद सिंह'जटायु' ने किया। कोविड काल में सकुशल कथा सम्पन कराने हेतु बाबा बजरंगदास ने व्यास पीठ से संयोजक सुरेन्द्र प्रताप सिंह को माला पहनाकर सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए रामकथा आयोजन समिति के सदस्य ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह 'रवि' ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी कथा सम्पन कराने हेतु सभी लोगों का सराहनीय सहयोग रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सुशील कुमार पाण्डेय'साहित्येन्दु' ने रामकथा विषयक अपने कई ग्रंथ प्रवचनकर्ता बाबा बजरंगदास को समर्पित किया। समापन समारोह में एडवोकेट गिरीश तिवारी, धीरेन्द्र सिंह सुपर, आनंद जायसवाल, रामू मोदनवाल, कौशल सिंह व सुरजीत सिंह समेत अनेक प्रमुख लोग मौजूद रहे।



रामकथा सुनाते बाबा बजरंगदास

# जाम से निजात के लिए पयागीपुर चौराहे पर लगेगा ट्रैफिक सिग्नल

● शासन से मंजूरी मिलने पर जल्द शुरू होगा काम

**सुलतानपुर।** पयागीपुर चौराहे पर लगने वाले भीषण जाम से मुक्ति दिलाने की कोशिश शुरू कर दी गई है। योजना के तहत चौराहे पर अत्याधुनिक ट्रैफिक सिग्नल लगाया जाएगा। इसके लिए यातायात पुलिस की तरफ से प्रस्ताव तैयार किया गया है। सिग्नल लग जाने से शहर आने वाले वाहन चालकों के साथ ही अयोध्या-प्रयागराज व वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर गुजरने वाली गाड़ियां जाम में नहीं फंसेंगी। शहर से दक्षिण तीन किमी दूर स्थित पयागीपुर चौराहा दो हाईवे को जोड़ने का काम करता है। बस स्टेशन से निकलने वाली बसों, ट्रकों, टैंपो व अन्य प्राइवेट वाहनों के आवागमन की वजह से यहां हमेशा भीड़भाड़ रहती है। पास से ही गुजरे अयोध्या-प्रयागराज रेलखंड की क्रासिंग होने के चलते रेलवे का फाटक भी अक्सर बंद रहता है। जिससे ट्रेनों के गुजरने तक वाहनों को इंतजार करना पड़ता है और जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। जाम के झाम को खत्म करने के लिए पयागीपुर चौराहे के ऊपर से लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। आसपास की कालोनियों व मुहल्लों तक पहुंचने के लिए कई सर्विस लेन भी बनाई गई हैं। फ्लाईओवर के बनने के बाद भी यहां जाम की समस्या खत्म न होने की आशंका जिम्मेदारों द्वारा जताई जा रही है। यातायात प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि सुगम यातायात के लिए अत्याधुनिक ट्रैफिक सिग्नल लगाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। शासन से मंजूरी मिलने पर इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। चौराहे पर पुलिसकर्मियों की संख्या को भी बढ़ाने की योजना पर काम चल रहा है।

# मार्ग चौड़ीकरण के लिए 01 करोड़ 87 लाख 36 हजार रुपए निर्गत

**गोंडा।** उ0प्र0 शासन द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अन्तर्गत तहसील/ब्लाक मुख्यालय को 02 लेन मार्गों से जोड़े जाने हेतु मार्गों के निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु चालू कार्यों के मद में जनपद फतेहपुर, गोरखपुर, बाराबंकी, गोण्डा व हरदोई के लिये रू0 9 करोड़ 99 लाख 21 की धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन परियोजनाओं की कुल लागत रू0 81 करोड़ 13 लाख 44 हजार है और अब तक रू0 40 करोड़ 63 लाख 89 हजार की धनराशि का आवंटन किया जा चुका है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उ0प्र0 शासन लोक निर्माण अनुभाग-11 द्वारा जारी किया गया है। जारी शासनादेश में जनपद गोण्डा में विकास खण्ड हलधरमऊ को जोड़ने हेतु कटरा बाजार चौरी मार्ग (लम्बाई 8.6 किमी0) के चौड़ीकरण हेतु रू0 1 करोड़ 87 लाख 36 हजार, फतेहपुर में खागा-किशुनपुर मार्ग के खागा-विजयीपुर भाग (ब्लाक मुख्यालय विजयीपुर तक) के चौड़ीकरण हेतु रू0 1 करोड़ 41 हजार, तथा जहानाबाद-अमौली चांदपुर जाफरगंज मार्ग के चौड़ीकरण (लम्बाई 10.8 कि0मी0) के लिये रू0 98 लाख 48 हजार, जनपद गोरखपुर में उरूवा ब्लाक को दो लेन मार्ग से जोड़ने हेतु बांसगांव-माल्हनपुर-दशवतपुर पुरूवा के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु रू0 1 करोड़ 76 लाख 76 हजार, जनपद बाराबंकी में मोहम्मदपुर-सिद्धौर-कैसरगंज मार्ग के (कुल लम्बाई 8.40 किमी0) चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु रू0 1 करोड़ 65 लाख 80 हजार, तथा जनपद हरदोई में शाहाबाद-पाली-सैदपुर मार्ग से भरखनी ब्लाक ऑफिस तक के मार्ग (लम्बाई 10.30 किमी0) के चौड़ीकरणध्सुदृढ़ीकरण हेतु रू0 2 करोड़ 70 लाख 40 हजार की धनराशि उ0प्र0 शासन द्वारा अवमुक्त की गयी है। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जारी शासनादेश में दिये गये दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें।

# झांकी व रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने बिखेरी प्रतिभा

● राम मिलन सालिकराम ज्ञानोदय इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मना दीप पर्व

संवाददाता। बल्दीराय, सुल्तानपुर

**क्षेत्र में** संचालित राम मिलन सालिकराम ज्ञानोदय इंटर कॉलेज बल्दीराय में दीप पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें कक्षा नौ से बारह तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक कक्षा के छात्र-छात्राओं ने रंगोली अल्पना बनाकर अपने कक्षाओं को साज सज्जा युक्त किया। इस मौके पर माँ लक्ष्मी की सुंदर झांकी भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई। झांकी व रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा बारह प्रथम, कक्षा दस द्वितीय वहीं झांकी में कक्षा ग्यारह तो रंगोली में कक्षा नौ तृतीय स्थान पर रहा। निर्णय मंडल में आनन्द अग्रहरि, मथुरा प्रसाद यादव, व राम देव सामिल रहे। इस मौके पर शिक्षक राम कुमार मौर्य, राम राज शर्मा, ओम प्रकाश तिवारी, शिक्षिकाओं में शालू, नेहा यादव, प्रमिला शर्मा, रुखसार, रचना कौशल, सरोज यादव, रोशन जहां सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बालिकाओं में शिवानी पांडेय, स्नेहा यादव, शालिनी सिंह, साक्षी यादव, शालिनी तिवारी, स्वाति सिंह, शिवानी सिंह, रिंकी अग्रहरि, अंजली तिवारी, सृष्टि, शिवानी व बालकों में रितिक मिश्र, सुमित जायसवाल, सौरभ पाल, अभिषेक अग्रहरि, अनिल कनौजिया, लवकुश गुप्ता, आदर्श शर्मा, प्रशांत शर्मा, रजनीश शुभम ने मुख्य भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य कर्म राज शर्मा तुकांत ने झांकियों की आरती उतार कर पूजन अर्चन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की व सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सावधानी पूर्वक त्योहार मनाने की अपील किया।



रंगोली बनाती छात्राएं पायनियर

## कोचिंग जा रहे छात्र को रोडवेज बस ने रौंदा, मौत

**सुलतानपुर।** बेकाबू रोडवेज बस ने कोचिंग जा रहे छात्र को रौंद दिया। दुर्घटना में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक बस लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला कुड़वार कस्बे के मुराईन टोला से जुड़ा है। कुड़वार थाना क्षेत्र के खरकपुर भदहरा निवासी राम अवध यादव का बेटा कुलदीप यादव (19) थाना क्षेत्र के पूरे लखपत लाल मजरे ग्रंट कुड़वार में अपने नाना राम मिलन यादव के यहां रहकर पढ़ाई करता था। वह बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र था। कुलदीप शुक्रवार सुबह लगभग आठ बजे कोचिंग के लिए निकला था। वह कस्बे के मुराईन टोला के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उसे रौंद दिया। दुर्घटना में सिर में आई गंभीर चोटों के कारण घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। बेटे की मौत से पूरे घर में मातम छाया हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन की तैयारी पूरी

## डयूटी में लगाये गये अधिकारियों को निर्देश जारीः एडीएम

संवाददाता। संतकबीरनगर

**गोरखपुर**–फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र को सम्पन्न कराने भारत निर्वाचन आयोग गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र को सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या मित्तल ने बृहस्पतिवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारी की रूपरेखा के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक के बारे में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि नाम वापसी हेतु आगामी 17, नवम्बर, मतदान आगामी एक, दिसम्बर, पूर्वाहन आठ बजे से सांय 5 बजे तक तथा मतगणना आगामी सात दिसम्बर उन्होने कहा कि बैठक में उपस्थित नोडल, सहायक अधिकारियों को मतदान कार्मिक, सेटक्ट, जोनल मजिस्ट्रेट, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, एमसीएमसी, मतदान केन्द्रो पर वीडियोग्राफी, कैमरा, परिवहन व्यवस्था, कानून एवं शांति व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन सामग्री, मतपत्र, प्रेक्षक व्यवस्था, निर्वाचन नामावली, वोटिंग कम्पार्टमेन्ट, शिकायत प्रकोष्ठ, कन्ट्रोल रूम, प्रिन्ट मीडिया, वेलफेयर, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, टेण्ट फर्नीचर, यात्रा–भत्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व कोविड–19, मानचित्र, पेयजल व साफ –सफाई व्यवस्था से संबंधित चर्चा की गयी। मतदान कार्मिक के संबंध में नोडल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि मतदान कार्मिक की सूची प्राप्तकर कार्मिक जोनल, सेक्टर, माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति



कर ली जाये।

उन्होने कहा कि निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से संबंधित वरिष्ठ कोषाधिकारी को व्यय से संबंधित कार्यवाही करने हेतु एमसीएमसी के संबंध में समस्त सहायक नोडल अधिकारी को निर्देश दिये गये थे कि उम्मीदवारों द्वारा पोस्टर, बैनर प्रिन्ट मीडिया में विज्ञापनों से संबंधित से संबंधित निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि कानून एवं शान्ति व्यवस्था के संबंध में निव्राचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलो पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये गये। आचार संहिता के अनुपालन हेतु सहायक नोडल अधिकारी को शिकायतो के गुणवत्ता परक निस्तारण एवं जनपद शान्ति व्यवस्था रखे जाने एवं आचार संहिता से उल्लंघन करने पर आयोग के निर्देशानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये।

उन्होने कहा कि प्रेक्षक व्यवस्था के संबंध में सहायक नोडल अधिकारी को प्रेक्षक के आगमन पर प्रेक्षक के निर्देशानुसार कार्रवाई करेंगे। निर्वाचक नामावली, वोटिंग कम्पार्टमेन्ट की तैयारी के संबंध में नोडल अधिाकारी, सहायक नोडल अधिकारी द्वारा मतदाता सूची तैयार करना। मतदेय स्थलों पर वोटिंग कम्पार्टमेन्ट, रैम्प, बिजली आदि की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये गये है। शिकायत प्रकोष्ठ, कन्ट्रोल रूम के संबंध में अवगत कराया गया है कि सहायक नोडल अधिकारी द्वारा शिकायत का निपटारा तत्काल करायेगें और उसकी सूचना आयोग को भेजेगें।

उन्होने कहा कि प्रिन्ट इलेक्ट्रानिक मीडिया के संबंध में नोडल/सहायक नोडल अधिकारी को समाचार पत्रों में प्रकाशित निर्वाचन संबंधी सूचना एकत्र कर आयोग को भेजा जाना। दिव्यांग जन मतदाताओं के संबंध में नोडल /सहायक अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि दिव्यांग मतदाताओ को पोलिंग बूथ पर पहुॅचाना एवं व्हील चेयर की व्यवस्था करना। टेन्ट, फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था के संबंध में समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि मतदेय स्थलों पर टेन्ट फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था की समुचित प्रबन्ध की व्यवस्था करें।

## शर्तों के साथ तीन दिन बिकेंगे पटाखे

**संतकबीरनगर।** लगातार पटाखा व्यवसायी लाइसेन्स प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील रहे, लेकिन शुक्रवार तक प्रशासन द्वारा लाइसेन्स नही मिलने के बाद मायूस होकर खलीलाबाद सदर विधायक जय चौबे से भेंट कर अपनी पीड़ा को व्यापारियों ने रखा।

व्यापारियों की समस्याओ को सुनते हुए सदर विधायक जय चौबे ने प्रशासन से वार्ता कर पटाखा व्यवसायियों का लाइसेन्स जारी किये जाने को कहा। इसके बाद देर शाम प्रशासन ने शर्तो के साथ आगामी 3 दिनो तक 13, 14 व 15 नवम्बर को पटाखा बेचने के लिए लाइसेन्स निर्गत किया है।

प्रशासन ने स्थल निर्धारित किया है तथा व्यापारियो को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया है। जनपद में खलीलाबाद में जूनियर हाईस्कूल मेंहदावल में कुबेर नाथ मंदिर में खुले मैदान पोखरे के पास स्थान निर्धारित किया गया है।

# योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराएं श्रमिक

## श्रमिकों से बोर्ड कल्याण के सचिव ने किया संवाद

संवाददाता। संतकबीरनगर

**उत्तर** प्रदेश के सभी सीएससी केन्द्रों के माध्यम से उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के सचिव अरविंद चौहान ने उत्तर प्रदेश के सभी श्रमिकों को फेसबुक लाइव के द्वारा संबोधित किया। जिसमें सचिव ने श्रमिकों हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए सभी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया।

सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिकों हेतु काफी सारी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसका जानकारी ना होने के अभाव में इसका लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया है कि श्रमिकों हेतु कुछ विशेष योजनाएं जैसे गर्भवती महिला श्रमिक हेतु अनुदान, श्रमिकों के मेधावी छात्रों हेतु प्रोत्साहन अनुदान, श्रमिकों के बच्चों विवाह हेतु अनुदान श्रमिकों की मृत्यु अथवा चिकित्सकीय अनुदान, आदि बहुत सी योजनाएं श्रमिकों के कल्याण हेतु कार्यरत है। साथ ही साथ बताया गया कि श्रमिकों के बच्चों हेतु आवासीय विद्यालय चलाए जा रहे हैं जहाँ श्रमिकों के बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकते है। श्रमिकों के कौशल विकास के लिए भी योजनाएं कार्यरत हैं।

जिससे श्रमिक अपनी आय में वृद्धि कर सकते है। जनपद के सीएससी जिला प्रबंधक बलवंत सिंह ने बताया कि जिले में कुल 300 सीएससी केन्द्रों पर इस कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया जिसमे ज्यादा से ज्यादा संख्या में श्रमिक मौजूद हुए और उन्हें इस योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु श्रमिक पंजीकरण करने की सलाह दी गई।

# गौर और सदर के 20 ग्राम पंचायत अधिकारियों पर गिरेगी गाज

## सामुदायिक शौचालयों के निर्माण में लापरवाही बरतने का मामला

## निलंबन से पहले दी गई नोटिस

संवाददाता। बस्ती

**सामुदायिक** शौचालयों के निर्माण में लापरवाही बरतना गौर और सदर ब्लॉक के 20 ग्राम पंचायत अधिकारियों को भारी पड़ने वाला है। विभागीय अनुषासनिक कार्रवाई का खतरा हो गया है। डीपीआरओ विनय सिंह ने इन सभी को निलंबित करने से पहले स्पष्टीकरण जारी किया है। जबाव देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया, उसके बाद एक पक्षीय कार्रवाई करने को चेताया गया है। यह कार्रवाई जिला समन्यवक स्वच्छ भारत मिषन राजा षेर सिंह और विष्णुदेव तिवारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर की जा रही है। दोनों जिला समन्यवक के बारे में कहा जाता है कि इनकी सजगता और पारदर्शी जांच के कारण शौचालय का करोड़ों रुपये का नुकसान होते बच गया। आज तक इन दोनों ने जितनी भी जांच की, सब में कमियां मिली, और बड़ी कार्रवाई हुई।

कई दोषियों के खिलाफ एफआईआर तक दर्ज हुए। जिन ग्राम पंचायत अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया, उनमें गौर ब्लॉक के श्याम प्रकाश भारती, कृष्णानंद शाह, कौशल किशोर पांडेय, कौशनेंद्र पाल, शिवशंकर यादव, प्रशांत पांडेय, राकेश कुमार, सुधीर सिंह, अवधेश कुमार वर्मा, अर्जुन कुमार वरुण एवं अनुपम कुमार चौधरी शामिल है। इसी तरह सदर ब्लॉक की ग्राम विकास अधिकारी अनुरोध श्रीवास्तव, विनोद कुमार यादव, राकेश पांडेय, रामकेश षर्मा, जगदीश यादव, आशीष श्रीवास्तव, भारत नाथ यादव, प्रिंयका चौधरी एवं मंजूबाला त्रिपाठी का नाम शामिल है। इन सभी पर गरीब कल्याण योजना में शौचालयों का निर्माण, सामुयिक शौचालयों, ग्राम निधि–छह से निर्मित्त शौचालयों के निर्माण में लापरवाही बरतने का आरोप है।

**बहादुरपुर के तनवीर अशरफ भी चपेट में आए**

बहादुरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत धोबहट, माझाखुर्द, कलवारी एहतमाली, गौसपुर, कन्हौली, नौली, रामपुर, कोडर एवं कुसौरी के ग्राम विकास अधिकारी तनवीर अशरफ भी कार्रवाई के चपेट में आ गएं है। इन पर धन निकालने के बाद भी षौचालयों का निर्माण न कराना, ग्राम पंचायत माझाखुर्द और धोबहट में परमार्मेंस इन्सेन्टिव ग्राट मिलने के बाद भी निर्माण कार्य में घटिया ईंट का प्रयोग करना और ग्राम निधि–छह के धनराशि से निर्मित्त शौचालय की कार्यपूर्ति उपलब्ध न कराने जैसे गंभीर आरोप है।

## एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष बने दुर्गेश

**संतकबीरनगर।** पिछले दिनों एनएसयूआई के पूर्वी जोन के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्वांचल के जिलाध्यक्षों की सूची जारी की जिसमें संतकबीरनगर के छात्र नेता दुर्गेश पाठक को एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष घोषित किया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई देते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि दुर्गेश पाठक की छात्रों के बीच अच्छी पकड़ है। एचआरपीजी के पिछले चुनाव में बढ़िया वोट भी हासिल किया था। मै उनको बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष पद पर रहते हुए पार्टी के प्रति पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से काम करेंगे। बधाई देने वालों मुख्य रूप से नमन सिंह, शशिधर पांडेय, देवराज पांडेय, सत्यम मिश्रा, सुद्रम पांडेय, देवराज यादव, रवि दुबे, आकाश सैनी, अंशुमान पांडेय, संजय चौरसिया, सुनील कुमार पांडेय, अजय सिंह, विजय कुमार शुक्ला, चमन सिंह, बिट्टू सिंह, दुर्गेश सिंह, शांति देवी, महेंद्र कन्नौजिया, मो. नजीर, मोइन अंसारी आदि शामिल हैं।

# सोन के लाल वर्णमाला कार्यक्रम अनोखी पहलः योगेंद्र बहादुर

## सुरभि शोध संस्थान ने किया सफाईकर्मियों का सम्मान

संवाददाता। सोनभद्र



**घोरावल** ब्लॉक सभागार में सफाईकर्मी सम्मान कार्यक्रम में सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए जनपद के अपर जिलाधिकारी योगेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सुरभि शोध संस्थान के द्वारा जनपद में चलाया जा रहा यह कार्यक्रम एक नेक एवं अनोखी पहल है। जहां एक तरफ जनपद मे लोग सरकार के योजनाओं से लाभान्वित हो रहे है वहीं दूसरी तरफसुरभि शोध संस्थान ने जनपद के ऐसे महान मनीषियों जिन्होंने न पद चाहा न प्रतिष्ठा चाही चाहे तो सिर्फ एक चीज मां भारती का जीवन भर सेवा ऐसे लोगों के स्मृति में सोन के लाल वर्णमाला कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। वह अपने आप में एक अनोखी पहल है तथा दूसरी तरफ जनपद के गरीब असहाय मजदूर विधवा विकलांग लोगों को अंग वस्त्र देकर के उनके तन को ढकने का कार्य कर रहा है। यह एक बड़ा धर्म कार्य है इसके साथ साथ जहां सफाई कर्मी अपने आपको एक तरफ से उपेक्षित महसूस करते थे उनके सम्मान में इस प्रकार का कार्यक्रम किया जाना जनपद के सरकारी अमले को प्रोत्साहित करना जैसा बड़ा कार्य है। यह मेरे लिये बड़े सौभाग्य का विषय है कि मुझे इस योग्य समझा गया और मैं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुआ। सुरभि शोध संस्थान व सेवा समर्पण संस्थान के आलोक कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि यह भारत की भूमि है यहां व्यक्ति की नहीं उसके कर्मों की पूजा होती है एक कौवा भी राम कथा कहता है तो उसका नाम कौवा नहीं बल्कि काग भुसुंडि हो जाता है। इसलिए जनपद के सफाई कर्मी अपने आप व अपने परिवार की बिना चिंता किए तैनाती वाले गांव के हर व्यक्ति चाहे वह किसी धर्म संप्रदाय या मजहब का हो अपना मान सफाई का कार्य करते हैं।

## धनतेरस व छोटी दिवाली पर कोविड 19 का दिखा असर

बीजपुर (**सोनभद्र**)। धनतेरस व छोटी दिवाली त्योहार पर स्थानीय थानाक्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं के बाजारों व दुकानों पर कोविड–19 का असर स्पष्ट रूप से देखने को मिला। धनतेरस पर्व पर गुरुवार को बीजपुर बाजार ब एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के शॉपिंग कंप्लेक्सों में विगत वर्षों की भांति बर्तन व त्योवहार से संबंधित अन्य सामग्रियों की दुकानें तो सुबह से ही सज गईं थी लेकिन खरीददारों की संख्या पहले की तुलना में काफी कम दिखी। दोपहर तक तो दुकानदार अपने अपने बिजनिस को लेकर बहुत ही परेशान थे परंतु शाम को ग्राहकों की संख्या में बढ़ोत्तरी देख उनके माथे पर कुछ संतोष की लकीरें अवश्य देखने को मिली। यही आलम स्वर्णकारों के दुकानों पर भी देखने को मिल रही थी। लेकिन वहां भी संख्या विगत वर्षों की तुलना में बहुत ही कम देखने को मिल रही थी। छोटी दिवाली पर पर भी शुक्रवार को बाजारों में रौनक में कमी दिख रही थी।

# किसान व मजदूर समाज की आवाज थे रामलोटनः अनुप्रिया



श्रद्धांजलि अर्पित करते एमएलसी सदस्य आशीष पटेल

संवाददाता। मीरजापुर

**अपना** दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्षए पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुप्रिया पटेल ने पूर्व विधायक राम लौटन सिंह पटेल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

श्रीमती पटेल ने कहा कि इंजीनियर राम लौटन सिंह पटेल कमेरा व मजदूर समाज की आवाज थे। उनके निधन से कमेरा, किसान, मजदूर समाज ने अपना एक नेता खो दिया है। श्रीमती पटेल ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि राम लौटन सिंह पटेल का जाना जनपदवासियों के लिए अपूरणीय क्षति है।

इस अवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष इंण् रामलोटन बिंद ने भी पूर्व विधायक श्री पटेल के निधन पर दुरूख व्यक्त किया। बता दें कि राम लौटन सिंह पटेल राजगढ़ विधानसभा (वर्तमान में मड़िहान विधानसभा क्षेत्र) से विधायक रहे हैं। शुक्रवार रात्रि अचानक तबियत खराब होने से राम लौटन सिंह पटेल का निधन हो गया।

# कोविड–19 संक्रमित मरीजों की पहचान में लायी जाए तेजीः डीएम

संवाददाता। सोनभद्र

**कोविड**–19 एल–1 व एल–2 में भर्ती संक्रमित मरीजों की बेहतर देख भाल की जाय। समय से खाना–पानी व काढ़ा के साथ ही जन स्वास्थ्य सुविधाएं मुश्तैदी के साथ मुहैया करायी जाय। जहां संक्रमित मरीज पाये जा रहे हैं उसके पास–पास के अधिकाधिक लोगों के ब्लड की जॉच करायी जाय। होम क्वारंटाइन में रह रहे संक्रमित कोरोना मरीजों से वीडियो कालिंग से वार्ता करते हुए डॉक्टरों की टीम भेजकर उनका भी स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से कराने के साथ ही जॉच की संख्या बढ़ायी जाय। उक्त निर्देश जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने दियें। उन्होंने होम आईसोलेशन में रह रहे लोगों के नियमित देख भाल करने के निर्देश देते हुए कहा कि संभावित संक्रमित मरीजों की पहचान में तेजी लायी जाय। ब्लड कलेक्शन की संख्या बढ़ायी जाय। एक्टिव मरीजों को बेहतर सुविधा मुहैया करायी जाय। साफ–सफाई व सेनिटाइजेशन पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने संक्रमित मरीजों का कवरेज टाइम यानी अस्पताल में भर्ती कराने की टाइमिंग बेहतर बनाने को कहा है। जिलाधिकारी ने कहाकि बढ़ रहे ठण्ड को देखते हुए जिला अस्पताल परिसर में सुविधा युक्त तैयार बर्न यूनिट सेन्टर को रैन बसेरा का रूप दिया जाय, ताकि जिला अस्पताल व 100 बेड के मॉ–बच्चें के हास्पिटल के मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को रूकने की व्यवस्था बेहतर तरीके से मिले। उन्होंने कहा कि बर्न यूनिट भवन को रैन बसेरा के रूप में क्रियाशील किया जाय और 24 घंटे की ड्यूटी लगायी जाय। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. अमित पाल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीपी गौतम, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सलिल श्रीवास्तव, एसीएमओ डा. बीके अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी रामबाबू त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, सहायक निदेशक बचत संतलाल यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

**उत्सव देते हैं आपसी भाई चारे का पैगामः जिलाधिकारी**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम व मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अमित पाल शर्मा ने जिले में पावन पर्व दीपावली गोवर्धन पूजा व भैयादूज के पावन अवसर पर जिले के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं मुबारकबाद दी है। उन्होंने अपने मुबारकबाद में कहा है कि जिले के नागरिक जिले में अमन–चैन कायम रखने के साथ ही जिले में आपसी मेल जोल के साथ सभी धर्मों के पावन त्यौहारों को उत्साह के साथ मनाएं।

## सिंदूर टीका पर किया गया दीपोत्सव

बीजपुर (**सोनभद्र**)। अतुल्य सोनभद्र टूरिज्म ग्रुप के तत्वावधान में बुधवार की सायं सिंदूर टीका धाम में दीपावली के शुभ अवसर पर दीपोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सह प्रांत संगठन मंत्री आनंद ने द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

बताया जाता है कि प्रभु श्रीराम,लक्ष्मण व माता जानकी वनगमन के दौरान सिंदूर टिका धाम से गुजरे थे। उन लोगों ने उस दौरान यहां रुककर बिश्राम किया था। जिसके ज्वलन्त प्रमाण आज भी सिंदूर और काजल के टीके पत्थर पर बिद्यमान है।

यहा दर्शन पूजन स्थानीय जनो के अलावा दूर दराज के लोग भी आकर श्रद्धा भाव से दर्शन पूजन करते है। इसी उद्देश्य से टूरिज्म ग्रुप सोनभद्र द्वारा 5100 दिए जलाकर कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही हर्षोउल्लास पूर्ण वातावरण में किया गया।

# प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना में हो रहा खेल

## हो रही है फर्जी जियो टैगिंग, झोपड़ी रखवाकर खीचे जा रहे फोटो

संवाददाता। महराजगंज (बस्ती)

**प्रधानमंत्री** आवास प्लस योजना में अगर सुधार नहीं किया गया तो इस योजना का लाभ पाने से अनेक पात्र वंचित हो जाएगें। विकास भवन को इस योजना को पारदर्षी बनाने के लिए कोई ठोस उपाय करनी होगी। क्यों कि इस योजना को लेकर जिला काफी चर्चा में रहा है। कप्तानगंज ब्लॉक के अधिकाषं लोगों का मानना है कि जिस तरह इस योजना में खेल हो रहा है, उससे योजना को काफी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र के केसी चौधरी, नंदू, राजनरायण, विजय पाल सहित अन्य का कहना है कि कई बार ब्लॉक पर शिकायत करने के बावजूद लाभार्थियों की सूची में कोई सुधर नहीं हो रहा है। कहते हैं कि लगभग सभी ग्राम पंचायतों की सूची में गड़बड़ी है। झोपड़ी का घर दिखाकर दो मंजिला वाले का आवास दे दिया जारहा है। बीडीओ कहते हैं कि चूंकि आवास देने से पहले सत्यापन कराया जारहा है, जिसमें कर्मियां मिल रही है। कहा कि योजना में पात्र को ही आवास देने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना के मापदंड इतने कठिन है कि इसके मानक पर शायद ही कोई आ पाए। इस बात को कई सेक्रेटरी स्वीकार भी कर चुके है। लेकिन इसी के आड़ में खेल हो रहा है। जो सबल है उसे तो किसी तरह आवास मिल जा रहा है, मगर जो नहीं हैं, वह वंचित हो जा रहे है। उनका सपना टूट जा रहा है। षिकायत करें तो किससे और आवास मिले तो कैसे यह सवाल वे लाभार्थी कर रहे हैं।

# 41 निजी चिकित्सालयों का पंजीकरण निलम्बित

## कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए निर्देश बाद भी निर्धारित प्रारूप पर सूचना प्रेषित नहीं करने का मामला

संवाददाता। बस्ती

**कोविड**–19 वैक्सीनेषन के लिए चिकित्सक व स्टाफ के सम्बन्ध में सूचना प्रेषित करने के निर्देश का अनुपालन ना करना 41 निजी चिकित्सालयों को भारी पड़ा। कई बार निर्देश देने के बावजूद भी निर्धारित प्रारूप पर सूचना प्रेषित नहीं करने के चलते इनका पंजीकरण निरस्त करने की कार्रवाई की गई है। सीएमओ द्वारा तत्काल प्रभाव से पंजीकरण निलम्बित करते हुए निलम्बन अवधि में चिकित्सालय संचालन पर रोक लगाई गई है। चेतावनी दिया गया है कि निलम्बन अवधि में यदि चिकित्सालय संचालित होता मिला तो पंजीकरण निरस्त करते हुए नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सदभावना हास्पिटल, न्यू आदर्श हास्पिटल, श्रीराम मेडिकल सेंटर, प्रकाश मेडिकल सेंटर, हड्डी हास्पिटल, किरन सर्जिकल, माण्डवी ईएनटी सेंटर, मालवीय रोड, हयात हास्पिटल, संबल हास्पिटल निकट टीबी हास्पिटल, ओम मेडिकल सेंटर जयपुरवा, प्रतीक मेडिकल सेंटर ब्लाक रोड, केयर मल्टी स्पेशियल्टी हास्पिटल दक्षिण दरवाजा, न्यू अवध हास्पिटल जामडीह, सार्थक मेडिकल सेंटर रूधौली, सावित्री मल्टी स्पेशियल्टी हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर बड़ेवन मड़वानगर। एसएस मल्टी स्पेषियल्टी एण्ड मैटरनिटी सेंटर जामडीह पाण्डेय, न्यू आलोक हास्पिटल बड़ेवन चौराहा बाईपास, मून हास्पिटल एण्ड मैटरनिटी सेंटर करूआ बाबा चौक, हैप्पी हास्पिटल रोडवेज बीएसएनएल आफिस के सामने, पं. श्याम सुन्दर मेमोरियल हास्पिटल बभनान, ग्लोबल हास्पिटल रूधौली बाजार, जीवन ज्योति हास्पिटल माली टोला गांधीनगर, षर्मा हास्पिटल रामजानकी रोड छावनी बाजार, स्टार हास्पिटल पचपेड़िया, टिवंकल हास्पिटल, सूर्या आर्थोपेडिक एण्ड स्पाइनल सेंटर, साराह नर्सिंग होम, बाबा मेडिकल सेंटर, हाजरा हास्पिटल निकट जिला अस्पताल, अमृत हास्पिटल मुण्डेरवा बाजार, सकून हास्पिटल एण्ड डायलिसिस सेंटर बांसी रोड कटरा, चन्द्रा ट्रामा सेंटर निकट फल मण्डी स्टेशन रोड, संतकबीर आई हास्पिटल, अयोध्या आई हास्पिटल, लाइफ मेडिकल सेंटर परसरामपुर, अवधेष नर्सिंग होम विक्रमजोत, लाइफ केयर सेंटर संस्थान लैबुड़वा, आकाश नर्सिंग होम, ओम मातेश्वरी मेडिकल सेंटर, एकांष हास्पिटल हर्रैया, परम मेडिकल सेंटर नन्दनगर चौरी को सीएमओ की ओर से अनेको बार कोविड– 19 वैक्सीनेषन के लिए निर्धारित प्रारूप पर सूचना प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। बावजूद इसके इन निजी चिकित्सालयों द्वारा न तो निर्देशों को गंभीरता से लिया गया और न ही सूचना प्रेषित की गई। सूचना न देने के कारण उसे उच्चाधिकारियों को प्रेषित नहीं किया जा रहा है। इसे विभागीय निर्देशों की अवहेलना मानते हुए चिकित्सालयों का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने की कार्यवाही की गई है। कहा गया है कि जब तक सूचना प्रेषित नहीं की जाती है तब तक इन चिकित्सालयों का पंजीकरण निलम्बित रहेगा। सीएमओ डा. एके गुप्ता ने सभी 41 निजी चिकित्सालयों पर निर्देषों का अनुपालन न करने के लिए पंजीकरण निलम्बित करने की कार्रवाई करते हुए निलम्बन अवधि में चिकित्सालय के संचालन पर रोक लगा दी है। चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि इस अवधि में चिकित्सालय का संचालन होता मिला तो पंजीयन निरस्त करते हुए विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सेनेटाइजर लगे हाथों से पटाखा छूना हो सकता घातक

## पटाखे दागते समय बच्चों को रखें दूर

## आंखों को सबसे अधिक हो सकता है नुकसान

संवाददाता। बस्ती

**दीपावली** पर पटाखे जलाने की सदियों पुरानी परम्परा को नजरंदाज करके ही सेहतमंद और सुरक्षित रह सकते है। इसमें अभिभावकों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। इस समय वायु प्रदूषण और नमी की जद में प्रदेश के अधिकतर जिले हैं। ऐसे में पटाखे का जहरीला धुआं उड़कर ऊपर न जाकर नीचे हमारे इर्द–गिर्द ही रहकर सांसों के साथ ही फेफड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। इसलिए सांस लेने में तकलीफ पैदा करने वाले कोरोना के साथ ही अन्य कई बीमारियों से बचने के लिए भी इस बार पटाखों से दूरी बनाने में ही सभी की भलाई है। डॉ. एके कुशवाहा, नोडल नगरीय स्वास्थ्य का कहना है कि दीपावली पर चन्द सेकेण्ड के धमाकों व तेज रोशनी के लिए की जाने वाली आतिशबाजी से निकलने वाले जहरीले धुंएं में कई तरह के खतरनाक रासायनिक तत्व मौजूद होते हैं जो पर्यावरण को प्रदूषित करने के साथ ही शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके धुएं में मौजूद कैडमियम फेफड़ों में आक्सीजन की मात्रा को कम करता है।

इसके अलावा इसमें मौजूद सल्फर, कॉपर, बेरियम, लेड, अल्युमिनियम व कार्बनडाईआक्साइड आदि सीधे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं। कहते हैं कि कोरोना ने सांस की तकलीफ वालों को ज्यादा प्रभावित किया है, इसलिए पटाखे का धुआं श्वसन तंत्र को प्रभावित कर कोरोना की गिरफ्त में न ले जाने पाए, उसके लिए इस बार पटाखे से दूर रहें। कहते हैं कि पटाखों से निकलने वाला धुआं वातावरण में नमी के चलते बहुत ऊपर नहीं जा पाता है, जिससे हमारे इर्द–गिर्द रहकर सांस लेने में परेशानी, खांसी आदि की समस्या पैदा करता है। दमे के रोगियों की शिकायत भी बढ़ जाती है। धुंए के कणों के सांस मार्ग और फेफ्ड़ों में पहुँच जाने पर ब्रानकाइटिस और सीओपीडी की समस्या बढ़ सकती है। यह धुआं सबसे अधिक त्वचा को प्रभावित करता है, जिससे एलर्जी, खुजली, दाने आदि निकल सकते हैं। पटाखे की चिंगारी से त्वचा जल सकती है।

पटाखों से निकलने वाली तेज रोशनी आँखों को भी नुकसान पहुंचाती है। इससे आंखों में खुजली व दर्द हो सकता है, आंखें लाल हो सकती हैं और आंसू निकल सकते हैं। चिंगारी आंखों में जाने से आंखों की रोशनी भी जा सकती है। पटाखों का तेज धमाका कानों पर भी असर डालता है। इससे कम सुनाई पड़ना या बहरापन की भी दिक्कत पैदा हो सकती है। कोरोना काल में सेनेटाइजर लगे हाथों से पटाखे जलाना और यहां तक कि छूना भी मुसीबत में डाल सकता है क्योंकि अल्कोहल युक्त सेनेटाइजर पटाखों में मौजूद बारूदों के संपर्क में आकर धमाका कर सकता है। इसलिए इस दीपावली पटाखों से वैसे दूर रहने की पूरी कोशिश कीजिये, यदि आतिशबाजी करते ही हैं तो जरूरी सावधानी का भी ख्याल रखें। आतिशबाजी के बाद नाक, मुंह व आंख को कदापि ना छुएं और अच्छी तरह से साबुन–पानी से हाथ को धुलें।

**अस्पतालों को भी किया गया अलर्टः जिलाधिकारी**

डीएम आशुतोष निरंजन का कहना है कि दीपावली पर अस्पतालों को भी अलर्ट किया गया है। कहा गया है कि आतिशबाजी से किसी भी तरह की दुर्घटना होती है तो अस्पताल पहुंचने वालों की अच्छी तरह से देखभाल के लिए जरूरी इंतजाम पहले से कर लिए जाएं। आकस्मिक सेवाओं को भी सुचारू बनाए रखें क्योंकि हर साल दीपावली पर आतिशबाजी के कारण आग लगने की घटनाएं आम हैं, इसके अलावा सांस या अन्य तकलीफवाले लोग भी बढ़ जाते हैं।

# मुख्तार की पत्नी व पार्टनर का गोदाम, जमीन जब्त

**डीएम गाजीपुर के आदेश के अनुपालन में डीएम मऊ ने की कार्रवाई**

**थाना दक्षिण टोला अंतर्गत रैनी में अवैध रुप से निर्मित किया गया था गोदाम**

**एक करोड़ 80 लाख रुपए मिलने वाला वार्षिक कराया सरकारी खजाने में होगा जमा**



संवाददाता। मऊ

**जिला** मजिस्ट्रेट गाजीपुर के आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को जिला मजिस्ट्रेट मऊ के निर्देश पर थाना दक्षिण टोला के रैनी में मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्सा अंसारी व उसके पार्टर की अवैध रुप से निर्मित 3 करोड़ 26 लाख रुपए कीमत के एफसीआई गोदाम की जमीन को एसडीएम सदर व क्षेत्राधिकारी की देखरेख में जब्त कर लिया गया। साथ ही साथ एफसीआई गोदाम से आने वाले वार्षिक किराए 1 करोड़ 80 लाख रुपए को सरकारी खजाने में जमा कराया जाएगा। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा जब्तीकरण की हुई कार्रवाई से पूरे दिन अफरा.तफरी मचा रहा। मऊ जिले के थाना दक्षिण टोला अंतर्गत रैनी में मऊ सदर विधान सभा के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्सा अंसारी उसके पार्टनर सरजील रजा उर्फ आतिफ रजाए अनवर शहजाद (मेसर्स विकास कन्स्ट्रक्शन) द्वारा अवैध तरीके से एफसीआई गोदाम का निर्माण कराया गया था। अवैध निर्माण को लेकर शुक्रवार को अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला मजिस्ट्रेट गाजीपुर के आदेश के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट मऊ अमित सिंह बंसल के आदेश पर एसडीएम सदर व क्षेत्राधिकारी नगर भारी पुलिस बल के साथ थाना दक्षिणटोला क्षेत्रान्तर्गत रैनी में अवैध रुप से बने एफसीआई गोदाम की जमीन जिसकी कीमत 3 करोड़ 26 लाख रुपए आंका गया है के जब्तीकरण की कार्रवाई किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि जब्त की गई सम्पत्ति के क्रम में अराजी संख्या 69ए 68ए 70ए 71ए 31ए 42ए 20ए 61ए 25ए 23ए 30ए 26 में कुल 0ए98381 हेक्टेयर अनुमानित लागत 60 लाख 6 हजार 77 रुपयेए अराजी संख्या 40ए 41ए 43ए 31ए 20ए 41ए 42 में कुल 0ए2704779 हेक्टेयर 23 लाख 26 हजार 110 रुपयेए अराजी संख्या 25ए 23ए 30ए 26 में कुल 0ए407206 हेक्टेयर 35 लाख 1 हजार 972 रुपयेए अराजी संख्या 25ए 23ए 30ए 26 में कुल 0ए5582398 हेक्टेयर 48 लाख 862 रुपयेए अराजी संख्या 26ए 31ए 42ए 60ए 61ए 23 में कुल 0ए2518 हेक्टेयर 21 लाख 65 हजार 480 रुपयेए अराजी संख्या40ए 41ए 43 में कुल 0ए184314 हेक्टेयर 23 लाख 96 हजार 82 रुपयेए अराजी संख्या 61 में 0ए283099 हेक्टेयर 24 लाख 34 हजार 651 रुपयेए अराजी संख्या 37ए 38ए 42ए 43 में 0ए4768875 हेक्टेयर 41 लाख 01 हजार 233 रु,पएए अराजी संख्या 32ण् 38 में 0ए294 हेक्टेयर 25 लाख 28 हजार 400 रुपए है। अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि इस प्रकार से कुल 3ए4244052 हेक्टेयर जमीन 3 करोड़ 26 लाख रुपए की सम्पत्ति जब्त किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व में 29 अगस्त को एफसीआई गोदाम की अवैध बाउड्री वाल अनुमानित कीमत 26 लाख को भी ध्वस्त करके अतिक्रमण मुक्त कराया गया था।

## कुम्भकर्णी निद्रा से जगा नगर पालिका मुंगरा बादशाहपुर

संवाददाता। मुंगराबाद,शाहपुर

**जौनपुर।** स्थानीय नगर के सुजानगंज बाईपास तिराहे पर सड़क के बीचोबीच गयी नगर पालिका की पेयजलापूर्ति की पाइपलाइन में लगभग 15 दिनों पूर्व लीकेज हो गया था जिससे गजराजगंज मुहल्ले सहित अन्य क्षेत्रों की पेयजलापूर्ति कमजोर हो गयी थी।
लीकेज के लगभग 5.6 दिनों बाद नगर पालिका के जलकल विभाग के कर्मचारियों द्वारा सड़क पर गड्ढा बनाकर छोड़ दिया गया था जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। मुहल्लेवासियों द्वारा नगर पालिका प्रशासन से इसकी शिकायत भी की गयी लेकिन उनके कानों पर जूं तक नही रेंगी।
तमाम शिकायतों के बाद कुम्भकर्णी निद्रा से जगे नगर पालिका परिषद प्रशासन द्वारा लगभग एक पखवाड़े बाद शुक्रवार को दिन में जलकल विभाग के कर्मचारियों की टीम लगाकर सड़क के बीचोबीच टूटी पेयजल की पाइप की मरम्मत का काम कराया जा रहा है।

# वर्तमान दर पर ही उर्वरकों का क्रय करें कृषक

**उर्वरक विक्रेता उर्वरक प्रतिष्ठानों पर हर हाल में लगाये फ्लैक्स बोर्ड**

**प्रत्येक व्यक्ति का ब्यौरा रजिस्टर बनाकर करें उसमें दर्ज**

**अधिक दर पर बिक्रय करने या किसी प्रकार की लापरवाही पर दुकान संचालकों पर होगी कार्यवाही-सीडीओ**

संवाददाता। देवरिया

**मुख्य** विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जी एन ने बताया है कि रबी फसल 2020 का सीजन प्रारम्भ हो चुका है। इस समय कृषकों में फास्फेटिक एवं यूरिया की मांग ज्यादा होती है। उन्होने जनपद के सभी कृषकों को अवगत कराया है कि वर्तमान समय में डी0ए0पी0 प्रति 50 किग्रा0 बैग का दर रुपये 1200.00, एन0पी0के0 12:32:16 प्रति 50 किग्रा0 बैग का दर रुपये 1175.00 एवं एन0पी0के0 20:20:0:13 का प्रति 50 किग्रा0 बैग का दर रुपये 975.00 निर्धारित किया गया है। साथ ही यूरिया की दर प्रति 45 किग्रा0 266.50 है। जनपद में डीएपी 7563 एमटी, यूरिया 8093 एमटी, एनपीके 4591 एमटी एवं एमओपी 1745 एमटी वर्तमान में उपलब्ध है, जो माह नवंबर के लक्ष्य के सापेक्ष पर्याप्त है, माहवार रैक प्लान के अनुसार उर्वरकों की आपूर्ति होती रहेगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी कृषकों से अपेक्षा किया है कि वर्तमान दर पर ही उर्वरकों का क्रय करें। उर्वरक विक्रेता कृषकों को उनके आधार कार्ड पर जोत बही के अनुसार पीओएस मशीन से ही उर्वरकों की बिक्री करें तथा कृषकों को रसीद अवश्य उपलब्ध कराये। उर्वरक प्रतिष्ठानों पर हर हाल में फ्लैक्स बोर्ड(रेट बोर्ड) लगाये तथा उर्वरक की मात्रा व दर अवश्य अंकित करें। थोक उर्वरक विक्रेता किसी भी दशा में कम प्रचलित उर्वरकों की टैगिंग नही करेगें एवं निर्धारित दर पर ही फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरक आपूर्ति करेगें। अगर किसी बिक्रेता द्वारा अधिक दर पर या अन्य उर्वरकों को टैग करके बिक्रय किया जाता है, तो उसके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही साथ सभी फुटकर उर्वरक विक्रेता अपने प्रतिष्ठान पर उर्वरक क्रय करने हेतु आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का ब्यौरा रजिस्टर बनाकर उसमें दर्ज करेगें। रजिस्टर में कृषकों का नाम, पता, आधार नम्बर, तथा मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज करेगें। विभाग द्वारा इसका रेण्डम सत्यापन भी कराया जायेगा। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही पर दुकान संचालकों को दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्यवाही की जायेगी। उन्होने बताया है कि जनपद में उर्वरकों के समुचित वितरण व सघन निगरानी हेतु कार्मिकों की तैनाती कर दी गयी है। किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारी समितियां देवरिया को तत्काल सूचित करें।

### एमजे स्कूल को सीबीएसई से मिली मान्यता

**रामपुर, जौनपुर।** स्थानीय कस्बे के प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एमजे इंटरनेशनल स्कूल बनीडीह रामपुर को सीबीएसई से संबद्धता मिल गई। इसकी सूचना विद्यालय के प्रबंधक डाण् अरुण यादव ने दी है। साथ ही बताया कि क्षेत्र के बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करानाए उनका सर्वांगीण विकासए समाज व देश का सभ्य और सफल नागरिक बनाना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए हम अच्छे शिक्षा के साथ पार्द् सहगामी क्रियाओं का आयोजन भी विद्यालय में समय.समय पर करते रहते हैं। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए क्षेत्रवासियों व अभिभावकों के सकारात्मक सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया है।

### सभासद पति ने लाभार्थियों को दिया ड्राई राशन

**बदलापुर,जौनपुर।** स्थानीय नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 5 में शुक्रवार को आगनवाड़ी कार्यकत्री दुर्गावती बिंद एवं सहायिका गीता देवी ने सभासद पति धर्मेन्द्र बिंद द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को ड्राई राशन का वितरण किया गया। राशन पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर वार्ड की अन्य महिलाएंए पुरुष आदि की उपस्थिति रही।

### कोतवाल की दुकान में चोरों ने की सेंधमारी

**जौनपुर।** नगर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के इलाहाबाद मार्ग पर स्थित सीहीपुर रेलवे क्रासिंग के पास स्थित किराने की दुकान के पीछे से सेंध लगाकर नगदी सहित हजारों रूपये के सामानों पर हौंसलाबुलन्द चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोरी की जानकारी शुक्रवार को सुबह हुई तो थाना पुलिस से लिखित शिकायत की गयी। जानकारी के अनुसार वहीं के निवासी दिवाकर दूबे ष्कोतवालष् की रेलवे क्रासिंग के पास किराने की दुकान है। बीती रात दुकान बन्द करके वह घर चले गये कि इधर हौंसलाबुलन्द चोरों ने पीछे से सेंध लगाकर दुकान में रखे 4 हजार रूपये नगदी सहित काजूए बादामए किसमिसए छुहाड़ाए हिमगंगे तेलए आंवला तेलए साबुनए गुटखाए सुपाड़ीए देशी घी सहित अन्य कीमत सामानों पर हाथ साफकर दिया। चोरी की जानकारी शुक्रवार को सुबह हुई तो पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को अवगत कराया जिस पर पुलिसिया छानबीन शुरू हो गयी। बता दें कि इस समय क्षेत्र में चोरों का हौंसला काफी बढ़ा हुआ है जिससे चोरी आदि की घटनाएं निरन्तर हो रही हैं।

### सुन्दर कांड का हुआ आयोजन, उमड़े श्रोतागण

**मड़ियाहूंए जौनपुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत अवरैला गांव में सत्य नारायण पूजा करके संगीतमय सुंदर कांड का भव्य आयोजन किया गया। उक्त अनुष्ठान में बड़ी संख्या में पधारे भक्तों ने भजन का आनंद के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इसके पहले पाठ का शुभारंभ विश्वामित्र मिश्र व आचार्य प्रेम महाराज द्वारा मंत्रोच्चार के साथ किया गया। तत्पश्चात मानस गायक राजा रसियाए राजू निर्मलए साजन यादवए तबला वादक प्रदीप मिश्रा सहित अन्य ने मनमोहक गीतों की तर्ज पर पाठ गाकर भक्तों को भाव.विभोर कर दिया। आराध्य देवी.देवताओं की आरतीए भजन एवं प्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुआ उक्त अनुष्ठान लगभग 5 घंटे तक चला। उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व हरिकेश मिश्राए प्रोण् सन्दीप मिश्राए मुकेश मिश्राए दीपक मिश्रए हेमन्त मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर राम अचल मिश्राए प्रधान कमलाकर मिश्राए पत्रकार अखिलेश आरण् तिवारीए समाजसेवी नीलेश मिश्रए व्यवसायी ताराचंद मिश्रए राहुल शुक्लाए आनन्द मिश्र सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई गई भगवान धन्वंतरि की जयंती



जिला पंचायत में भगवान धन्वंतरि की जयंती पर चित्र पर पूजन करते चिकित्सक



संवाददाता। देवरिया

आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि की जयंती राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में जिला पंचायत परिसर में आयुर्वेद विभाग उत्तर प्रदेश तथा आरोग्य भारती के तत्वाधान में मनाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर डीके चौरसिया ने कहा की आज ही के दिन पृथ्वी पर समुद्र मंथन के समय भगवान धन्वंतरी अमृत कलश लिए अवतरित हुए थे। उन्होंने आयुर्वेद का ज्ञान पृथ्वी वासियों को दिया तथा पुराणों के अनुसार भगवान धन्वंतरि विष्णु भगवान के अवतार माने गए हैं। भगवान धन्वंतरी में हम पृथ्वी वासियों को सुखी निरोग शतायु जीवन के लिए आयुर्वेद रुपी अमूल्य निधि दी है। आज ही के दिन को शुभ मानकर भारतीय समाज नए कार्य करता है। और चिकित्सक समाज आज ही के दिन चिकित्सा सेवा का व्रत लेकर चिकित्सा सेवा करता है ।

आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉक्टर अजीत नारायण मिश्रा ने कहा कि पूरे देश में आज आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है। और इस अवसर पर लोगों को आरोग्य वाटिका लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। करो ना कॉल में आयुर्वेद और योग से काफी लोग ठीक हुए हैं और उनकी उपयोगिता जनमानस को समझ में आई है। इस अवसर पर डॉक्टर दुर्गेश सिंह, डॉक्टर योगेंद्र कुमार, डॉक्टर रूबी सिंह, डॉक्टर प्रभात राय, डॉक्टर आलोक कुमार, रमण कुमार, प्रणय कुमार, योगाचार्य यतेंद्र सागर विश्वकर्मा, शाहीन फातमा, पिंटू लाल यादव, संजय पांडे, सफीक अहमद, रितेश, श्रीनिवास दुबे आदि मौजूद रहे।

**गिफ्ट व पटाखों की बिकी तेज, रात मे निकला यम का दीपक**





दीपावली की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को भी बाजार गुलजार रहे । लोगों ने जमकर खरीदारी की । बच्चे जहां पटाखें व सजावट के समानों की खरीदारी में मशगुल रहे ,वही बडे लोगों ने लक्ष्मी -गणेश की प्रतिमा दीए व पूजन समाग्री खरीदने में जुटे रहे । वही धनतेरस का दूसरा दिन था । भीड़ का असर यह रहा कि मुख्य मार्गों पर जाम लग गया को की रात को लोगों ने अपने घरों से यम का दीपक निकाला । एसपी ने शहर के पटाखा दुकानों का निरीक्षण कर सुरक्षा का जायजा लिया । शहर से गांव तक लोग दीपावली की तैयारी में जुटे रहें । लोगों ने दीपावली की पूर्व संध्या पर ही घरों को बिजली के झालरों की सजावट पूरी कर ली । दीपावली की पूजा के लिए लोगों ने बजारों में लक्ष्मी गणेश की मूर्ति से लकर पूजन समानों की खरीदारी की वही कुछ दुकानदारों ने फूलों की भी खरीदारी की अधिकाश दुकानों में साफसफाई पूर्ण हो चुकी है । दुकान में पूजन के लिए अपने अपने पुरोहितों को सम्र्पक में है । प्रशासन ने शहर के एसएसबीएल इंटर कांलेज और ओवर ब्रिज के नीचे में पटाखों की दुकान लगाने की अनुमति दी है । सुबह से ही यह दुकाने सज गई जहां लोगों की भारी भीड़ लगी रही । चही शहर के जलकल रोड़ पर फूल मण्डी में फूलों कर दुकाने सजी थी जहां लोग खरीदारी करते देखें गए । वही दीपावली पर फूलों की भारी खरीदारी

## गोमय से बनी मूर्ति व दीये से दीपावली मनाने की प्रशासन ने की अपील

**जौनपुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उत्तर प्रदेश की गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने व प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत अभियान के संकल्प को पूरा करने के लिए इस वर्ष गौशालाओं व गो आश्रय स्थलों की गो उत्पादन यथा गोमय से बनी मूर्तियों एवं दीये से दीपावली मनाए जाने हेतु विभाग एवं आपके संपर्क में आने वाले समाज को प्रेरित किए जाने का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत इस वर्ष गोमय से बनी मूर्तियां एवं दिए से दीपावली मनाए जाने के संबंध में उत्तर प्रदेश गो.सेवा आयोग के अनुरोध एवं शासन के मंशानुसार विभाग में एवं आपके संपर्क में आने वाले समाज को दीपावली मनाए जाने हेतु प्रेरित करें।

## देशी तमंचे व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**सुइथाकला, जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में अपराधियों तथा अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सरपतहां पुलिस को तमंचे के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक सम्पूर्णानन्द रायए सरायमोहिउद्दीनपुर चौकी प्रभारी विवेक तिवारी व उपनिरीक्षक राम नारायण गिरी आरक्षी भानु प्रताप सिंहए संजय सिंहए मनीष कुमार व सोनू तृतीय के साथ पट्टीनरेन्द्रपुर बाजार में संदिग्ध व्यक्तियोंए संदिग्ध वाहन तथा वांछित अभियुक्तों की तलाश में चक्रमण कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि क्षेत्र के बसौली गांव में एक युवक असलहा दिखाकर लोगों को धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई जहां बसौली गांव स्थित साईं मन्दिर के पास युवक जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद हुआ। पकड़े गए युवक की पहचान क्षेत्र के बसौली गांव निवासी संदीप उर्फ सोनू पाण्डेय के रूप में हुई। हिरासत में लिये गए अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया।

## पुलिस व व्यापारी ने बांटा हेलमेट व मास्क

**सकलडीहा,चन्दौली।** यातायात माह के तहत एसपी के निर्देश पर पुलिस ने अनूठी पहल शुरू किया है। दिपावली के अवसर पर पुलिस और व्यापारी के संयुक्त तत्वाधान में कोरोना महामारी के तहत वाहन चालकों को जागरूक करते हुए मास्क और लड्डु खिलाकर हेलमेट पहनाते हुए सुरक्षित चलने का अपील किया। पुलिस और व्यापारी के संयुक्त पहल का वाहन चालकों ने सराहना किया है। इस दौरान दर्जनों को हेलमेट व मास्क वितरण किया गया।
पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल के निर्देश पर एक नवम्बर से यातायात माह चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कस्बा युवा व्यापारी कृष्णा सेठ और पुलिस की संयुक्त तत्वाधान में एडीशनल एसपी प्रेमचंद ने कस्बा में बगैर हेलमेट व मास्क के चल रहे चालकों को पहले लड्डु खिलायाए फिर मास्क दिया। इसके बाद हेलमेट पहनाते हुए सुरक्षित चलने व कोरोना महामारी के प्रति जागरूक किया। एडीशनल एसपी प्रेमचंद ने बताया कि जीवन अनमोल है। सुरक्षित और सावधानी जरूरी है। इस दौरान दर्जनों को हेलमेटए मास्क और लड्डु खिलाकर पुलिस ने यातायात माह के प्रति गांधी गिरी दिखाया। पुलिस और व्यापारी के संयुक्त पहल का लोगों ने सराहना किया। इस मौके पर नटराज इलेक्ट्रानिक के निदेशक कृष्णा सेठए कोतवाल वंदना सिंहए अजय सिंहए विद्या सागरए रमेश रामए विवेक जायसवालए संजय पांडेयए मुख्तानंद पांडेयए कस्बा प्रभारी भूपेश चन्द्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## डीएम व एसपी ने जनपद वासियों को प्रकाश पर्व दीपावली की दी बधाई

**देवरिया ।** जिलाधिकारी अमित किशोर एवं पुलिस अधीक्षक डा0श्रीपति मिश्र ने प्रकाश पर्व दीपावली की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामना व बधाई दिये है। जिलाधिकारी श्री किशोर ने बधाई संदेश में कहा है कि अन्धकार को दूर कर प्रकाश फैलाने वाले इस पुनीत पर्व पर हम सभी को अज्ञानता रुपी अन्धकार को दूर करने तथा प्रकाश रुपी ज्ञान को अपनाना चाहियें। उन्होने कहा है कि ज्ञान का ऐसा प्रकाश फैलाये कि अज्ञानता व अंधविश्वासो का कोई जगह न रहे। पुलिस अधीक्षक श्री मिश्र ने कहा है कि पर्व हमें शान्ति सद्भाव, प्रेम, भाईचारे का संदेश देते है। पर्वो को उनके मूल भावना के अनुरुप मनाना चाहिये। उन्होने बुराईयों से दूर रहने की अपील भी की है।

## श्री मां शारदा शक्तिपीठ में धूमधाम से मनायी गयी हनुमान जयंती

**जौनपुर।** हनुमान जयंती पर श्री माँ शारदा शक्तिपीठ ;मैहर देवीद्ध के प्रांगण में स्थित जौनपुर प्राचीनतम् हनुमान मंदिरों में से एक में प्रात:काल से हनुमान जी का श्रृंगार पूजन किया गया जिसके बाद सुन्दर काण्ड का आयोजन हुआ। संकट मोचन प्रभु श्री हनुमान जी की कृपा व संकट से मुक्ति पाने हेतु भक्तजनों का तांता लगा रहा। दर्शन.पूजन के बाद भक्तों ने महाप्रसाद भी ग्रहण किया। इस मौके पर महन्त सूर्य प्रकाश जायसवाल ने कहा कि हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नरक चतुर्दशी दीपावली से एक दिन पहले छोटी दीपावली को मनाई जाती है। इस दिन हनुमान जी की जयंती मनाए जाने की परंपरा है। वैसे तो बजरंग बली की जयन्ती की कोई सुनिश्चित तिथि के बारे में कहीं उल्लेख नहीं है। इसी वजह से श्रीराम भक्त हनुमान की जयंती साल में दो बार मनाई जाती है। पहली तिथि चैत्र मास की पूर्णिमा और दूसरी तिथि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है। हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए छोटी दीपावली का अवसर बहुत खास व शुभ माना जाता है। इस अवसर पर तमाम लोगों की उपस्थिति रही।

# चित्रांश समाज ने हमेशा देशहित के लिए कार्य किया: महेश चन्द्र

संवाददाता। जौनपुर

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों की बैठक जिला महामंत्री अमित श्रीवास्तव के आवास पर हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव व संचालन जिला महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक महेश चंद्र श्रीवास्तव क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा काशी क्षेत्र ने भगवान चित्रगुप्त के प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ करते हुए कहा कि चित्रांश समाज ने हमेशा देशहित के लिए कार्य किया है। विशिष्ट अतिथि महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डाण् मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि महासभा का विस्तार पूरे देश में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय के नेतृत्व में तेजी से हो रहा है। प्रांतीय अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज आगामी भगवान चित्रगुप्त पूजन घर घर मनाकर शोशल मीडिया के माध्यम से सबको जागरूक करने का कार्य करे। प्रान्तीय उपाध्यक्ष प्रदीप अस्थाना व जिलाध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव एवं प्रान्तीय सचिव श्रीकांत श्रीवास्तव एडवोकट ने मुख्य व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम भेंट करके स्वागत किया। इसके पहले महेश चन्द्र श्रीवास्तवए डाण् मुकेश श्रीवास्तव व अनिल श्रीवास्तव का जौनपुर आगमन पर डाक बंगला चौराहे पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर महिला शाखा की प्रान्तीय अध्यक्ष डा अंजना श्रीवास्तव, प्रान्तीय सचिव रवि श्रीवास्तव, जिला संगठन सचिव विश्व प्रकाश श्रीवास्तव पत्रकार, डानीलेश श्रीवास्तव,पंकज श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## विख्यात तबला वादक को संगीत जगत के लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**जौनपुर।** शहर के हुसेनाबाद निवासी विख्यात तबला वादक एवं टीडी इंटर कालेज के पूर्व प्राचार्य वीरेंद्र सिंह के निधनोपरांत संगीत जगत के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। पूर्व प्राचार्य के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके शिष्य उत्तर प्रदेश संगीत नाटक एकाडमी के सदस्य गोपाल मिश्र ने बताया कि विरेन्द्र सिंह तबले के प्रकांड विद्वान थे। वे दिल्ली घराने का प्रतिनिधित्व करते थे और उनके अनेक शिष्य संगीत जगत में सेवारत हैं। कुछ दिनों पूर्व तबीयत थोड़ी खराब हुई जिसके कारण बीएचयू में भर्ती किये गये जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। श्री सिंह के छोटे भाई जितेंद्र सिंह उस्ताद अमजद अली खान के शागिर्द हैं जो सितार वादन में ख्यातिलब्ध कलाकार हैं। इनके पिता मुखराम सिंह टीडी पीजी कालेज में संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष पद पर कार्यरत थे।

### जिला संचालन समिति की बैठक 17 को

**जौनपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष सोनी ने बताया कि जिलाधिकारी दिनेश सिंहध्अध्यक्ष जिला संचालन समिति की अध्यक्षता में 17 नवम्बर को सायं 5 बजे कलेक्टेउ्ट सभागार में जिला संचालन समिति की बैठक सुनिश्चित की गयी है।

## यूनियन बैंक के एटीएम से निकले 2.93 लाख रूपये के मामले में मुकदमा दर्ज

**मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के समसपुर निवासी सुरेश चन्द्र मौर्य का स्थानीय शाखा में एक बचत खाता था जिसमें सुरेश ने अपनी पुत्री की शादी के लिए खेती.बाड़ी की कमाई से एकत्रित कर 2 लाख 98 हजार 5 सौ रुपए जमा किए थे। लॉक डाउन के चलते शादी रुक गयी। इसी बीच सुरेश को पारिवारिक जरूरत के लिए रूपयों की आवश्यकता हुई तो सुरेश ने 22 सितम्बर को अपने उक्त बचत खाते से 5 हजार रुपए मुंगराबादशाहपुर के जंघई रोड स्थित यूनियन बैंक के एटीएम से जाकर निकाला। फिर जब उसे दुबारा 31 अक्टूबर को रुपयों की जरूरत पड़ी तो वह फिर अपने उक्त खाते से एटीएम द्वारा उसी एटीएम मशीन में पैसा निकालने गया जब उसने अपना एटीएम कार्ड मशीन में लगाया तो उसके खाते में महज 8 सौ 93 रुपए बचे थे। यह जानकारी होते ही सुरेश के पैरों तले जमीन खिसक गयी। सुरेश बैंक जाकर शाखा प्रबन्धक को अवगत कराया जिस पर शाखा प्रबन्धक सौमित्र मण्डल ने सुरेश का खाता चेक करके बताया कि उसके खाते से 43 बार में कुल 2 लाख 93 हजार रुपए एटीएम हैकरों द्वारा निकाल लिया गया है। भुक्तभोगी सुरेश ने अपने साथ घटी घटना के सम्बन्ध में यूनियन बैंक की स्थानीय शाखा एवं मुंगराबादशाहपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराया जिस पर कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दिया है।

# दीपावली पर भी निकली स्वच्छ भारत मिशन की हवा

संवाददाता। चंदौली

स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर न जाने कितने पैसे सरकार के खर्च हुए होंगे परंतु अगर सही मायने में देखा जाए तो समस्या जस की तस बनी हुई है।ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी सफाईकर्मियों पर लगाम लगाने में पूरी तरह फेल नजर आ रहे है।
जिसके वजह से दीपावली जैसे साफ सफाई वाले पर्व पर भी गांवों में गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है।ताजा मामला ब्लाक मुख्यालय से सटे लालपुर गांव का है जहां केवल बीच गांव में थोड़ी बहुत सफाई सफाईकर्मी द्वारा कर दी गयी है बाकी सफाई ग्रामीणों के जिम्मे छोड़ सफाईकर्मी गायब है।ऐसे में स्वच्छ भारत मिशन का सपना दिखाना मूर्ख बनाने जैसा



लग रहा है।
ऐसा भी नही है कि यह चाह लें तो निर्देशों का पूर्ण पालन न हो जाये पर इच्छा शक्ति और उपर के अधिकारियों को धोखा देने की शैली से इन्हें छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। अपनी नौकरी बचाने के लिए यही जिम्मेदार अगले वर्ष ब्लाक मुख्यालय के इर्द गिर्द के दो गांवों में साफसफाई और विकास कार्यो को चेक करने आये वरिष्ठ अधिकारियों को दिखाने के लिए रातों रात रोस्टर लगवाकर गांवों को साफ करवा दिये थे। परन्तु जिम्मेदारों की काम के प्रति शिथिलता अच्छी योजनाओं को भी बुरा बना दे रही है।

# स्वयं सहायता समूहों ने बांटे मिट्टी के दीये व मोमबत्ती

संवाददाता। अमेठी



**राष्ट्रीय** ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गरीब परिवारों को उपयोगी स्वरोजगार एवं कौशल आधारित कार्य से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर को बढावा देने एवं परिवारिक निर्धनता को कम करने का स्थाई आधार बनाने के उद्देश्य से आजीविका संवर्धन हेतु योजना अंतर्गत गठित एवं संचालित स्वयं सहायता समूहों द्वारा दीपावली त्यौहार के उपलक्ष्य में दीपक का निर्माण कर विक्रय किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अमेठी डा. अंकुर लाठर ने इसका शुभारम्भ किया। विकासखंड परिसर गौरीगंज के सामने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्टाल लगाया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने समूह की महिलाओं को उत्साहित करते हुए दीया एवं मोमबत्ती की खरीदारी भी की। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूह की 18 महिलाओं द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण में 10 दिनों का कुशल प्रशिक्षण लेने के उपरांत डिजाइनर दिया एवं मोमबत्ती का निर्माण किया गया है। डिजाइनर दिया एवं मोमबत्ती का निर्माण स्वावलम्बन एवं उद्यमशीलता को बढ़ावा देने हेतु समूह की महिलाओं का उत्साह वर्धन के लिए उप महाप्रबंधक (एचआर) भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड जगदीशपुर के द्वारा 3000 दीया, राजेश मसाला अमेठी द्वारा 2000 दियाए वृद्धा आश्रम के द्वारा 500 दिया क्रय किये जाने का प्रस्ताव भी दिया गया। जो निर्माण के उपरांत उन्हें हस्तगत कर दिया गया। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अमेठी के ग्राम पंचायत चौहानापुर, विकासखंड गौरीगंज में रहने वाले मुसहर वर्ग के परिवारों को दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाये जाने के लिए 500 दीया का वितरित किया।

# बच्चों को मिलने वाले पोषाहार में किया जा रहा है बड़ा खेल

संवाददाता। त्रिवेदीगंज (बाराबंकी)

**विकास** खंड त्रिवेदीगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैराबीरू में आंगनबाड़ी केंद्र गाजी खेड़ा में गर्भवती महिलाओं व पांच साल तक के बच्चों को अभी तक पोषाहार दिया जा रहा था लेकिन इस बार सरकार गर्भवती महिलाओं को पोषाहार की जगह पर चावल और गेहूं का वितरण करवा रही है। समूह के माध्यम से बंटने वाले पोषाहार में धांधली की जा रही है। कुपोषित बच्चों को मिलने वाला गेहूं 2.5 किग्रा व चावल 1.5 किग्रा और नान कुपोषित बच्चों को गेहूं 1.5 किग्रा व चावल एक किग्रा वितरण का प्रावधान किया गया है जबकि ग्राम पंचायत खैरा बीरू के आंगनबाड़ी केंद्र गाजी खेड़ा में समूह के कर्मचारियों के द्वारा कुपोषित बच्चों को गेहूं 1.9 किग्रा व चावल 1.4 किग्रा दिया जा रहा है लगभग 700 से 800 ग्राम कुपोषित व नान कुपोषित बच्चों को गेहूं व चावल में 300 ग्राम काम राशन का वितरण किया जा रहा है।

वहीं समूह के कर्मचारियों के द्वारा गर्भवती महिलाओं को कम राशन वितरण कर बड़े पैमाने पर राशन में घोटाला किया जा रहा है। वहीं जब पूरे मामले की शिकायत समूह के उच्चाधिकारी मिश्रा ने कहा भाई ऐसे मामले को लेकर फोन पर नहीं बात की जाती है आप हमारे ऑफिस आ जाइए बैठ कर बातचीत करते ह, लेकिन उन्होने ने मेरे सवाल का कोई जवाब नहीं दिया है।

दूसरी तरफ जब पूरे मामले की शिकायत सीडीपीओ कमलेश कुमार से की गई तो उन्होने बताया की मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है मामले को संज्ञान में लेकर जांच की जाएगी दोषी मिलने पर समूह के कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# छोटी दीपावली के दिन लोगों ने की जमकर खरीददारी

## बाजारो में रही जाम की नौबत

## शाम होते ही दूधिया रोशनी मे नहाया शहर

संवाददाता। बाराबंकी



**छोटी** दीपावली का पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने दिए जलाकर लक्ष्मी गणेश की पूजा अर्चना की एवं प्रसाद वितरीत किये । वहीं धनतेरस के दिन से शुरु हुआ खरीददारी का सिलसिला आज दूसरे दिन भी जारी रहा। बाजारों में बेतहाशा भीड़ देखी गयी तो वही सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किये गये। जिसके चलते शहर की मध्य बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया, जिससे लोग सुविधानुसार खरीददारी कर सकें। सुबह से शुरु हुआ खरीददारी का सिलसिला शाम तक जारी रहा जिसके चलते बाजारों में खरीददारो की भीड़ लगी रही कोई खिलौने खरीद रहा था कोई मिठाई और तो और चूरा भुर्की खरीददते दिखे। वहीं मोमबत्ती व मिट्टी के दिए आकर्षण के केन्द्र बिन्दु बने रहे। दीपावली की पूर्व संध्या पर सजावट से पूरा शहर जगमगा उठा शहरवासियों ने शाम होते ही अपने अपने घरों पर एवं प्रतिष्ठानों पर रोशनी की जिससे पूरा शहर जगमगा उठा घंटाघर पर झालरों की सजावट देखते ही बनती थी तो वही बेगमगंज, सत्यप्रमीनगर, लखपेड़ाबाग, विजय नगर, आजादनगर, बड़ेल आदि मोहल्लों में भी जमकर सजावट की गयी जो देखने लायक थी।

## जमीन के मुआवजे को लेकर किसानों व व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

जगदीशपुर (**अमेठी**)। विकास खण्ड के अन्तर्गत रानीगंज बाज़ार में जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिलने पर नाराज व्यापरियों व ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। जहां लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेवाजी की। वहीं लोगों ने मुआवजे के समबन्ध में अपनी मांग को लेकर रानीगंज बाज़ार मे सड़क के किनारे धरने पर बैठ गए रायबरेली से आयोध्या तक फोर. लेन का निर्माण किया जाना हैं जहां प्रशासन ने फोरलेन बनने के लिए किसानों व व्यापरियों के जमीन को अधिग्रहण करने का काम शुरू कर दिया है। वहीं भूमि अधिग्रहण को लेकर रानीगंज बाज़ार में लोगों को उचित मुआवजा न मिलने से नाराज व्यापरियों व किसानों ने कोई निष्कर्ष नहीं निकलता देख धरना प्रदर्शन किया। मुसाफिरखाना की तहसीलदार श्रद्धा सिंह ने सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर शांत करवाया।

# महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज में दीपोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न



बरेठी (**बाराबंकी**)। दीपोत्सव की पूर्व संध्या पर बरेठी स्थिति महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज में विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित अखण्ड भारत के मानचित्र को केशरिया, सफेद व हरे रंग व गुलाल से रंगरोशन करके बहुत ही आकर्षक बनाया। मुख्य अतिथि साक्षी विरासित के संयोजक परवेज अहमद, उमेश कुमार शास्त्री व विशिष्ट अतिथि डॉ. पीके सिंह ने संयुक्त रूप में श्रीराम दरबार की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर अतिथियों ने अखण्ड भारत बनाने में विशेष योगदान देने वाली विद्यालय की छात्राओं कोमल यादव, अंशु यादव, नंदनी यादव को पुरस्कार प्रदान किया गया। कायक्रम में अमित यादव, डा. शरद वर्मा, राणा प्रताप सिंह, अमित श्रीवास्तव, सत्येंद्र वर्मा, मधु कश्यप, ममता वर्मा, दिलीप यादव व दर्जनों विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में अपना योगदान दिया।

## दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। जेठवारा थाना के बाबूगंज लोनी नदी के पुल के पास शुक्रवार की शाम दो बाइकों के आमने सामने भिडन्त में युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। जेठवारा के खटवारा गांव के रामनेवाज का पुत्र संदीप कुमार (38 वर्ष) शाम करीब पौंने चार बजे बाइक से गांव के कतरनी सरोज के साथ खटवारा से बाबूगंज आ रहा था। तभी सामने से तीव्र गति से आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दी। अचानक दोनों बाइकें आमने-सामने टकरा गई। दुर्घटना मे संदीप की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि घायल कतरनी सरोज को इलाज के लिए लालगंज सीएचसी लाया गया है।

**अवैध शराब के साथ एक पकड़ा**

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को पांच लीटर अवैध शराब के साथ धर दबोचा। कोतवाली पुलिस ने संगम चौराहे पर उमापुर निवासी तुलसीराम वर्मा को दौड़ाकर पकड़ा। उसके पास से पांच लीटर अवैध शराब बरामद हुई।

# ट्रैक्टर का टायर फटने से एक की मौत, एक घायल

संवाददाता। तिलोई (**अमेठी**)

**कोतवाली** मोहनगंज अंतर्गत तिलोई इन्हौना मार्ग पर पालेसर लगे ट्रैक्टर का टायर फ्ट जाने से एक नवयुवक की मौत हो गयी व एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त थाना क्षेत्र के इन्हौना मार्ग पर रामपुर कोची के समीप धान की दरायी करके राजाफ्तेपुर की तरफ से घर आ रहे पालेसर लगे ट्रैक्टर का टायर फ्टने व पलटने से वाहन पर बैठे हुए 23 वर्षीय हारून पुत्र अकबर अली निवासी पूरे हवलदार मजरे हसनपुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत वही चालक घायल हो गया। हादसे की खबर मिलते ही आसपास बचाव के लिए सैकड़ों ग्रामीणों का मजमा लगा किसी तरह ट्रैक्टर से निकाला गया। मृतक के एक लड़का व एक लड़की है। आसपास के लोगो की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स पर लाद कर सरकारी। अस्पताल तिलोई लाया गया। जहां डियूटी पर तैनात डॉ. पंकज ने हारून को मृत घोषित कर दिया ।

**अज्ञात टैम्पो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत**

जगदीशपुर (**अमेठी**)। टैम्पो व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ सुल्तानपुर बाई पास स्थित चहेती नगर के पास बाइक सवार सीतापुर निवासी अर्जुन किसी काम से जा रहे थे कि अज्ञात टैम्पो की भिड़ंत में घायल हो गए घायल को राहगीरों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति के आनलाइन आवेदन पत्र में किया गया संशोधन

संवाददाता। प्रतापगढ़

**जिला** पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के आनलाइन आवेदन में संशोधन किया गया है।

उन्होने बताया है कि विश्वविद्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों द्वारा निर्गत किये गये विभिन्न परीक्षा परिणामों में छात्रों को अंक न देकर केवल उन्हें अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया गया है तथा कतिपय छात्रों को अंकों के साथ प्रमोट किया गया है, ऐसे छात्रों के आनलाइन आवेदन में आ रही समस्याओं के दृष्टिगत छात्रों की सुविधा हेतु छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में उपलब्ध कराये गये आप्शन के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। उन्होने बताया है कि वर्तमान में आनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिये तीन आप्शन दिये गये है जिनमें क्रमांक-1 पास, क्रमांक-2 प्रोमोटेड तथा क्रमांक-3 रिजल्ट नॉट एट डिक्लेयर्ड है।

छात्रों को आनलाइन आवेदन करने हेतु क्रमांक-2 आप्शन प्रोमोटेड को संशोधित करते हुये छात्रों को आवेदन करने हेतु आप्शन में व्यवस्था कर दी गयी है जिसमें प्रथम प्रोमोटेड विथ मार्कस और दूसरा प्रोमोटेड विदाउट मार्कस है। प्रोमोटेड विथ मार्कस वाले आप्शन के लिये छात्र को अंक भरना अनिवार्य होगा तथा प्रोमोटेड विदाउट मार्कस वाले आप्शन के लिये छात्र अंक बिना भरे आवेदन कर सकेगा। क्रमांक 1 व 3 के आप्शन यथावत रहेगें।

# बच्चों की सुरक्षा ही सबसे सच्ची सेवा: एएसपी पश्चिमी



संवाददाता। प्रतापगढ़

**पुलिस** अधीक्षक कार्यालय में द चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह के अन्तर्गत बच्चों ने अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी दिनेश कुमार द्विवेदी व क्षेत्राधिकारी सदर तनु उपाध्याय को गुलाब का फूल एवं सुरक्षा बैण्ड पहनाकर बच्चों ने अपनी सुरक्षा का वचन लिया। बैनर पर हस्ताक्षर करके बेसहारा बच्चे, बेबस बच्चे, मुसीबत में फंसे बच्चे की मदद करने का संकल्प लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी ने कहा कि बच्चों के समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निवारण किया जायेगा। बच्चों की सुरक्षा करना सबसे सच्ची श्रद्धा है।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर ने चाइल्डलाइन 1098 के कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि बच्चे हमारे देश की शान है। क्षेत्राधिकारी सदर ने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सभी को उपहार भी दिया। इस अवसर पर कृष्णकान्त राय, हकीम अंसारी, अभयराज, रीना यादव, आजाद आलाम, मुजम्मिल हुसैन आदि लोग उपस्थित रहे।

## सतत विकास व सौहार्द का प्रकाशपुंज पर्व है दीपावली: प्रमोद

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य व आउटरीच कमेटी के प्रदेश प्रभारी प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने दीपावली के पर्व पर प्रकाशपुंजों का सत्य पर्व ठहराते हुए लोगों से सतत विकास एवं सौहार्द के प्रति संकल्पबद्ध होने का आहवान किया है। शुक्रवार को मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी संयुक्त बयान में प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कहा कि यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की विजय की मजबूत प्रेरणा का शाश्वत संदेश दिया करता है। नेताद्वय ने लोगों से कहा कि दीपावली पर हमें सामूहिक रूप से सदा सत्य की राह पर चलते हुए धर्म की विजय की अनुभूति को विकास का लक्ष्य बनाना चाहिये। आदिकाल से सदैव सत्य और धर्म की विजय का भी यह प्रेरणास्पद महापर्व हमें सामाजिक समता की प्रतिबद्धता के प्रति भी जागरूक किया करता है।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मवेशी चराने गई किशोरी के साथ दुष्कर्म के प्रयास के आरोप की तहरीर दी गई है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बीती 11 नवंबर की सुबह उसकी पुत्री मवेशी चराने गई थी।

गांव के एक व्यक्ति ने बदनीयती से पुत्री को अकेला देख मुंह दबाकर दबोच लिया। आरोपी ने किशोरी के कपड़े फाडकर अश्लील हरकत की। किशोरी किसी तरह उसके चंगुल से छूटकर शोर मचाने लगी। तब आरोपी पीड़िता को मारपीट कर कहीं शिकायत करने पर जानलेवा धमकी देकर चला गया। गुरूवार की रात पीडिता के पिता ने कोतवाली मे घटना को लेकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस का कहना है घटना की जांच कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट को लेकर दोनों पक्षों ने दी तहरीर

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कोतवाली क्षेत्र के खानापटटी पूरे नेवाजी गांव के माता प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर मे आरोप लगाया है कि बीती बारह नवंबर को सुबह साढे दस बजे सफेदा के पेड काटने के विवाद को लेकर आधा दर्जन आरोपियों ने मारपीट कर जानलेवा धमकी दी। घटना मे घर की महिलाओं कलावती तथा देवकली को गंभीर रूप से चोट भी आ गई। आरोपियो ने पीडित को जातिसूचक शब्दो से गालियां देते हुए जानलेवा धमकी भी दी है। इधर विपक्षी रमेश्वर यादव ने भी पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि माता प्रसाद तथा इनके परिजनों ने पीडित तथा उसके परिवार की महिलाओं को गालीगलौज व मारपीट कर जानलेवा धमकी दी है। तहरीर मे परिवार की गनपति देवी को भी चोटे आई है। पुलिस का कहना है घटना की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सार्टसर्किट से लाखों का सामान जलकर खाक

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। सार्टसर्किट से स्पोर्टस की दुकान मे आगजनी से लाखों का कीमती सामान जलकर खाक हो गया। अगई निवासी दुर्गेश यादव ने रानीगंज कैथौला पुलिस चौकी के बगल स्पोर्टस की दुकान खोल रखी है। गुरूवार की देर शाम दुर्गेश दुकान बंद कर घर चला गया। देर रात उसकी दुकान मे सार्टसर्किट होने से आग लग गई। आस-पास के लोगों ने दुकान मे आगजनी देख शोर मचाया।

सूचना पर फायर बिग्रेड की टीम पहुंची तो किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी होने पर दुर्गेश यादव भी मौके पर पहुंचा। पीडित के मुताबिक आगजनी मे दुकान मे स्पोर्टस का लाखों का सामान जलकर राख हो गया। पीडित ने घटना की सूचना शुक्रवार को पुलिस को दी है।

# पुलिस ने ट्रक में लदे चार गोवंश को पकड़ा

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)

**कोतवाली** पुलिस ने घेराबंदी कर चार गोवंश समेत तस्करी के लिए प्रयुक्त ट्रक को पकड़ा है। बुधवार की देर रात लालगंज कोतवाली प्रभारी संजय कुमार यादव को मुखबिर ने सूचना दी कि हाइवे पर एक ट्रक पर आधा दर्जन गोवंश लादकर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। कोतवाल ने सगरा सुंदरपुर के समीप गोवंश से लदी ट्रक रोकने के लिए घेराबंदी करने के निर्देश दिये। इधर पीआरवी को भी वाहन को पकडने के लिए तैनात किया गया। लेकिन ट्रक पीआरवी को टक्कर मारते हुए तस्कर लीलापुर की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने गोवंश लादकर भाग रही ट्रक का पीछा करना शुरू कर दिया। उधर लीलापुर चौकी प्रभारी बीडी राय भी वैरियर लगाकर घेराबंदी कर चुके थे। लालगंज कोतवाली की सूचना पर नगर कोवताली के मोहनगंज चौकी पर भी बैरियर पर फोर्स तैनात हो गया। पुलिस वाहन को देख तस्करों ने ट्रक को यूटर्न लेते हुए लीलापुर की ओर फ्रि भागने का प्रयास किया। इधर आगे व पीछे पुलिस की घेराबंदी के बीच पीआरवी के बीच ट्रक फंसता देख तस्कर लीलापुर के समीप गोवंश से लदी ट्रक छोडकर अंधेरे का फायदा उठाते भाग निकले। पुलिस ने गौ तस्करों की तलाश किया लेकिन गिरफ्तारी में कामयाबी नही मिली। मामले मे उपनिरीक्षक रामानुज यादव की तहरीर पर अज्ञात आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा पशु क्रूरता अधिनियम एवं गोवंश निवारण अधिनियम समेत कई गंभीर धाराओं मे पुलिस ने गुरूवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाल संजय यादव ने बताया कि गोवंश तस्करो के बारे मे छानबीन की जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कोविड अस्पतालों में मरीजों के लिए संपूर्ण व्यवस्थाएं करें: डीएम

## समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कहा, पर्व पर विशेष सावधानी की है जरूरत

संवाददाता। ललितपुर

**कोविड**-19 की समीक्षा बैठक में विगत 24 घंटे के कोविड परिणामों पर चर्चा हुईए जिसमें बताया गया कि आज 1172 टेस्ट किये गए हैं, जिनमें आठ धनात्मक लोग संक्रमित पाए गए हैं। इनमें से दो लोग बाहर से यात्रा करके आये हैं। जनपद में कुल 80 एक्टिव केस हैं साथ ही चार मरीज डिस्चार्ज किये गए हैं। जनपद में मरीजों का रिकवरी रेट 95,91, सीएफआर 1.52 तथा धनात्मकता रेट 1.67 प्रतिशत है। यह भी बताया गया कि जनपद में प्रथम बार ऐसा केस आया है जिसमें कोई दोबारा संक्रमित हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए संदेश दिया कि दीपावली का पर्व हम सबके लिए महत्वपूर्ण पर्व हैए किन्तु कोविड के संक्रमण के दृष्टिगत हमें इस पर्व पर विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ हैए इसलिए प्रत्येक दशा में शासन की गाइडलाइन का पालन करेंए नियमित रुप से हाथ धोते रहेंए सोशल डिस्टेंसिंग ;दो गज की दूरीद्ध बनाये रखें व अनिवार्य रुप से मास्क पहनें। साथ ही आगजनी जैसी घटनाओं से भी सावधान रहे

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि 24 घण्टों में मास्क न लगाने पर 753 चालान किये गए हैं, जिनसें दो लाख 42 हजार जुर्माना वसूला गया है। कोविड अस्पतालों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी कोविड अस्पतालों में मरीजों को लाने-ले जाने के लिये एम्बुलेंस, भोजन, पेयजल व दवाओं की उपलब्धता पर्याप्त रखेंए साथ ही मरीजों को ठंड से बचाव हेतु आवश्यक तैयारियां भी दुरुस्त रखें। डोर टू डोर सर्विलांस की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिये सर्वे कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जायेए साथ ही नोडल अधिकारी सर्वे कर रहीं टीमों की निगरानी करते रहें। उन्होंने सर्दी के मौसम को देखते हुए जनपद के रैनबसेरों में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेंए साथ ही कोविड के नियमों का अनुपालन भी सुनिश्चित करें। कांटेक्ट ट्रेसिंग की समीक्षा के दौरान डॉ. अमित चतुर्वेदी ने बताया कि प्रति मरीज 25 लोगों की कॉन्टेक्स ट्रेसिंग की जा रही है। डीएम ने निर्देश दिए कि कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग में शासन के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएए इस कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डीएसओ पोर्टल की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि पोर्टल पर फीडिंग में लगातार प्रगति करें। साफ -सफाई एवं सैनिटाइजेशन की समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में मुनादी एवं वॉल पेंटिंग के माध्यम से संक्रमण से बचाव के सन्देश प्रसारित करें।

## कार की टक्कर से अधेड़ की मौत

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कार की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की दुर्घटना मे दर्दनाक मौत हो गयी। उदयपुर थाना के लखापुर निवासी श्यामबिहारी (60 वर्ष) शुक्रवार की दोपहर ध्रुव कुमार (32 वर्ष) के साथ बाइक से घर से लालगंज आ रहा था। लखनऊ वाराणसी हाइवे पर खजुरी गावं के समीप अचानक एक अनियंत्रित कार ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे श्यामबिहारी व ध्रुव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी ले आयी। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल श्यामबिहारी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना में प्रयुक्त कार को कब्जे में ले लिया और मृतक के शव का उसे पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक के भाई राधेश्याम की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया।

# लंबित शिकायतों का निस्तारण हो: डीएम

## जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जन समस्याएं

संवाददाता। बाराबंकी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर शुक्रवार को सभागार में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफ-सफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान दें। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोशल डिस्टेंसिंग का का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष लगभग 27 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें नाली विवाद, भूमि पर अवैध कब्जे, वसीयत, भूमि की पैमाइश, शौचालय, राशन आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाएए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।